


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 44 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) वैशाख शु.14 2082 रविवार, 11 मई-2025

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 16+32 मूल्य : 8 रुपये

## ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए 5 आतंकवादी

नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाते हुए पाकिस्तान औ पीओके में 9 आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया था। जिसके बाद से भारत-पाकिस्तान के बीच सीमा पर तनाव बढ़ गया है। वहीं, अब भारत सरकार ने बताया है कि ऑपरेशन सिंदूर में उन्होंने 5 आतंकवादियों को मार गिराया है। सरकार ने उन आतंकियों के नाम भी सार्वजनिक किए हैं। सरकारी सूत्रों ने बताया कि जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) प्रमुख मसूद अजहर के साले हाफिज मोहम्मद जमील और मोहम्मद यूसुफ अजहर उन पांच आतंकवादियों में शामिल थे, जिन्हें भारतीय सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में नौ आतंकी स्थलों को निशाना बनाकर नष्ट कर दिया।

*सीजफायर के बाद रक्षा मंत्रालय की प्रेस कॉन्फ्रेंस*

# हमारी सेनाएं पूरी तरह तैयार : आर्मी ऑफिसर

*> फिर हमला किया तो मुंहतोड़ जवाब देंगे > 12 मई को फिर होगी बात*




नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)। भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर के ऐलान के बाद रक्षा मंत्रालय की प्रेस कॉन्फ्रेंस जारी है। कमोडोर रघु आर नायर- जैसा कि विदेश सचिव ने कहा कि हम सभी मिलिट्री ऑपरेशन रोकने की सहमति पर पहुंच गए हैं। पिछले कुछ दिनों की घटनाओं के बारे में हमने आपको जानकारी दे दी है। कर्नल कुरैशी-अब मैं आपको पाकिस्तान की मिस इन्फर्मेशन कैंपेन के बारे में जानकारी दूंगी। पहला उसने अपने जेएफ 17 से हमारे एस-400 और ब्रह्मोस मिसाइल बेस को नुकसान पहुंचाया, ये बिल्कुल गलत है। उसका कहना है कि हमारी एयरफील्ड सिरसा, जम्मू, पठानकोट और भुज में हमला किया है, ये गलत है। भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर हो गया है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने शनिवार शाम 6 बजे बताया, सीजफायर शाम 5 बजे से लागू होगा। उन्होंने कहा, अब दोनों देश जमीन, आकाश और समुद्र से एक-दूसरे पर हमला नहीं करेंगे। भारत-पाकिस्तान के डीजीएमओ 12 मई को दोपहर 12 बजे बातचीत करेंगे।

उन्होंने बताया, रात यूएसए की मध्यस्थता में चली लंबी बातचीत के बाद मुझे बताते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान तुरंत और पूरी तरह हमले रोकने के लिए तैयार हो गए हैं। मैं दोनों देशों को कॉमनसेंस, समझदारी से भरा फैसला लेने के लिए बधाई देता हूं।

**अमेरिकी विदेश मंत्री और उप-राष्ट्रपति ने मोदी से बातचीत की**

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और मैं खुद पिछले 48 घंटों से भारत-पाकिस्तान के अफसरों के अलावा पीएम नरेंद्र मोदी, पीएम शहबाज शरीफ, विदेश मंत्री एस जयशंकर, आर्मी चीफ आसिम मुनीर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल से बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि पाकिस्तान और भारत की सरकार तुरंत सीजफायर के लिए राजी हो गई हैं। दोनों देश निष्पक्ष मंच पर विवादों का निपटारा करने के लिए बातचीत को तैयार हो गए हैं। हम मोदी और शहबाज शरीफ तारीफ करते हैं कि उन्होंने बुद्धिमत्ता से शांति का रास्ता चुना। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा, पाकिस्तान और भारत ने तत्काल प्रभाव से युद्ध विराम पर सहमति जताई है। पाकिस्तान ने हमेशा अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता से समझौता किए बिना क्षेत्र में शांति और सुरक्षा के लिए प्रयास किया है।

### 'मीडिया चैनल्स हवाई हमले का सायरन इस्तेमाल न करें'

नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)। भारत पाकिस्तान संघर्ष के बीच केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी मीडिया चैनल्स को अपने कार्यक्रमों में सिविल डिफेंस हवाई हमले के सायरन का इस्तेमाल करने से बचने की सलाह दी है। गृह मंत्रालय के तहत डायरेक्ट्रेट जनरल, सिविल डिफेंस, फायर सर्विस और होम गाड्र्स ने यह एडवाइजरी जारी की है। एडवाइजरी में कहा गया है कि सिविल डिफेंस एक्ट, 1968 की धारा 3(1) के तहत सभी मीडिया चैनल्स से ये अपील की जाती है कि सिविल डिफेंस एयर रेड सायरन के इस्तेमाल से बचें और सिर्फ लोगों को जागरूक करने के लिए ही इसका इस्तेमाल करें। सायरन का रुटीन इस्तेमाल, आम नागरिकों में इसकी संवेदनशीलता को कम कर सकता है और लोग असल सायरन की आवाज को मीडिया चैनल्स के सायरन की आवाज मानकर गलतफहमी के शिकार हो सकते हैं। गौरतलब है कि इन दिनों भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष चरम पर है।

### ऐसे चूर-चूर हुए पाकिस्तान के नापाक इरादे

नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)। भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार शाम को संघर्ष विराम हो गया है। भारतीय सेना की ओर से दिए जा रहे मुंहतोड़ जवाब के चलते बैकफुट आए पाकिस्तान की पहल पर भारत संघर्ष विराम के लिए राजी हुआ है। दोनों देशों के बीच हुए संघर्ष विराम की पुष्टि विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने की है। विदेश सचिव की यह संक्षिप्त घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के यह कहने के तुरंत बाद आई है। ट्रंप ने ट्रुथ पर लिखा था कि भारत और पाकिस्तान अमेरिका की मध्यस्थता में वार्ता के बाद 'पूर्ण और तत्काल' युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं। संघर्ष विराम की पुष्टि करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पर लिखा कि भारत और पाकिस्तान के बीच आज गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनी है। भारत ने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के खिलाफ लगातार दृढ़ और अडिग रुख अपनाया है। वह ऐसा करना जारी रखेगा। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ पर लिखा कि, डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया ट्रुथ पर लिखा कि रात में अमेरिका की मध्यस्थता में हुई लंबी बातचीत के बाद मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल संघर्षविराम पर सहमत हो गए हैं। मैं दोनों देशों को कॉमनसेंस, समझदारी से भरा फैसला लेने के लिए बधाई देता हूं! इस महत्वपूर्ण विषय पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद!

## सरकार का सख्त संदेश

# भविष्य में किसी भी आतंकवादी कृत्य को 'युद्ध की कार्रवाई' मानेगा भारत



नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान के साथ लगातार बढ़ रहे तनाव के बीच भारत सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया है कि देश में भविष्य में किसी भी आतंकवादी कृत्य को भारत के खिलाफ युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा। सरकारी सूत्र ने बताया कि भारत सरकार ने निर्णय लिया है कि भावी आतंकी वारदातों को युद्ध छेड़ने का प्रयास मानते हुए उसी के अनुसार जवाब दिया जाएगा।

**भारत में आतंकवादी हमले की हिमाकत कर रहा पड़ोसी**

बता दें कि विगत 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी वारदात के बाद आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद करने के लिए भारतीय सेना ने बीते सात मई को पाकिस्तानी कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) और पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक कार्रवाई की। ऑपरेशन सिंदूर के तहत इस कार्रवाई के बाद तिलमिलाया पाकिस्तान लगातार भारत को उकसाने के प्रयास कर रहा है। आतंकवादियों के खिलाफ भारत की सीमित और नियंत्रित कार्रवाई को पड़ोसी देश ने 'एक्ट ऑफ वॉर' बताया। बीते तीन-चार दिन से पाकिस्तान ड्रोन और मिसाइलों से भारत की सीमाओं को अशांत करने की हिमाकत कर रहा है। ऐसी हरकतों का मुंहतोड़ जवाब देते हुए भारत ने अब तक संयम दिखाया है।

**पाकिस्तानी धरती पर आतंकवाद को संरक्षण के खिलाफ भारत ने दिए सख्त संदेश :**

हालांकि, दहशतगर्दों का पनाहगाह मुल्क-पाकिस्तान जिस तरह भारत के नागरिकों को निशाना बनाने के प्रयास कर रहा है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने इससे सख्ती से निपटने के स्पष्ट संकेत दे दिए हैं। आतंकी वारदात को युद्ध की कार्रवाई मानने के बाद देश की सेना दहशतगर्दों को और सख्त जवाब दे सकेगी।

## हवाई अड्डों का सुरक्षा घेरा मजबूत

### कार्गो-बैगेज स्क्रीनिंग के लिए सीआईएसएफ का अधिकार क्षेत्र बढ़ाया

नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद देश के हवाई अड्डों की सुरक्षा व्यवस्था को और ज्यादा मजबूत किया जा रहा है। नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) ने कार्गो और बैगेज स्क्रीनिंग के लिए सीआईएसएफ का अधिकार क्षेत्र बढ़ा दिया है। भारतीय नागरिक हवाई अड्डों पर सुरक्षा को बढ़ावा देने के एक महत्वपूर्ण निर्णय में, नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) के महानिदेशक ने 9 मई, को एक आधिकारिक ज्ञापन (ओएम) जारी किया है। इसमें कहा गया है कि कार्गो संचालन और इन-लाइन होल्ड बैगेज स्क्रीनिंग सिस्टम (आईएलएचबीएसएस) को अतिरिक्त सुरक्षा कवर प्रदान करने के लिए विमानन सुरक्षा समूह (एएसजी) के रूप में सीआईएसएफ की भूमिका को अस्थायी रूप से बढ़ाया गया है।

सीआईएसएफ के मुताबिक, 9 मई से 18 मई तक नई प्रभावी रहेगी। यह व्यवस्था पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले और उसके बाद देश के सुरक्षा परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए लागू की गई है। बीसीएएस की तरफ से कहा गया है कि सभी नागरिक हवाई अड्डों पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सीआईएसएफ के अधिकार क्षेत्र में वृद्धि आवश्यक है। बीसीएएस के निर्देशों पर सीआईएसएफ ने तुरंत प्रतिक्रिया दी है। सीआईएसएफ का कहना है कि कार्गो तथा बैगेज संचालन पर कड़ी निगरानी रहेगी।

# ऑपरेशन सिंदूर में मसूद अजहर का साला ढेर

### आईसी-814 अपहरण का मुख्य आरोपी था यूसुफ अजहर

नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)। भारतीय सेना ने सात मई को 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी ठिकानों पर बड़ा हमला किया। इस ऑपरेशन में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया और कई बड़े आतंकवादी मारे गए। सबसे अहम बात यह रही कि इस हमले में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के चीफ मसूद अजहर का साला मो. यूसुफ अजहर मारा गया।

मो. यूसुफ अजहर न सिर्फ मसूद अजहर का रिश्तेदार था, बल्कि जैश-ए-मोहम्मद का बड़ा ऑपरेशनल कमांडर भी था। वह आतंकियों को हथियार चलाने की ट्रेनिंग देता था और जम्मू-कश्मीर में कई बड़े आतंकी हमलों में शामिल रहा। सबसे कुख्यात उसकी भूमिका 1999 में हुई इंडियन एयरलाइंस की फ्लाइट आईसी-814 के अपहरण में रही, जिसे काठमांडू से दिल्ली आते वक्त हाईजैक कर लिया गया था। उस घटना में भारत को मजबूरी में तीन बड़े आतंकियों को रिहा करना पड़ा था- जिनमें मसूद अजहर और ब्रिटिश-पाकिस्तानी आतंकी उमर शेख भी शामिल थे। यूसुफ अजहर पर इंटरपोल ने रेड कॉर्नर नोटिस जारी कर रखा था। 2002 में अमेरिकी पत्रकार डेनियल पर्ल की हत्या के मामले में भी अप्रत्यक्ष रूप से यूसुफ अजहर का नाम जुड़ा हुआ था। डेनियल पर्ल के पिता जुडिया पर्ल ने इस ऑपरेशन के बाद कहा कि यूसुफ का संगठन जैश-ए-मोहम्मद उस समय डेनियल के अपहरण के लिए जिम्मेदार उमर शेख की रिहाई में अहम भूमिका में था।

### भारत ने छह जगहों पर पाक की कमर तोड़ी

नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)। 'ऑपरेशन सिंदूर' से बौखलाए पाकिस्तान की कायरना हरकतों को लेकर विदेश मंत्रालय ने शनिवार को सुबह 10:30 और 11 बजे के बीच एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने एक बार फिर पाकिस्तान की नापाक हरकतों का पर्दाफाश किया। इस दौरान विक्रम मिस्री ने कहा, पिछले दो-तीन प्रेस ब्रीफिंग में बताया गया है कि पाकिस्तान की हरकतें तनाव को बढ़ाने का काम कर रही हैं। पाकिस्तान हमें उकसाने का काम कर रहा है। आज सुबह दोबारा पाकिस्तान ने उकसाने वाला और तनाव बढ़ाने वाली हरकतें कीं, हम उसका पूरे संयम के साथ उचित जवाब दे रहे हैं। इस दौरान कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया, पाकिस्तानी सेना ने पश्चिमी सीमाओं पर लगातार आक्रमक गतिविधियां जारी रखी हैं।

# सिंधु जलसंधि पर नहीं बदलेगा भारत का फैसला

### ✻ सीजफायर के बाद भी पाकिस्तान की मुश्किल कम नहीं होगी



नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)। भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर गोलीबारी भले ही थम गई हो, लेकिन पाकिस्तान के लिए राहत की कोई गुंजाइश नहीं दिख रही। भारत ने एक बार फिर अपनी कूटनीतिक ताकत का लोहा मनवाते हुए सिंधु जल समझौते पर किसी भी तरह का फैसला लेने से साफ इनकार कर दिया है। यानी, पाकिस्तान की उम्मीदों पर पानी फिर गया और सिंधु जल संधि फिलहाल स्थगित ही रहेगी पाकिस्तान, जो पहले ही आर्थिक और राजनीतिक संकट से जूझ रहा है, अब पानी के मोर्चे पर भी भारत की कड़ी नीति का सामना करेगा। सिंधु नदी का पानी पाकिस्तान की कृषि और अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, लेकिन भारत ने साफ कर दिया कि जब तक पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आता, उसे किसी राहत की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। जानकारों का मानना है कि यह फैसला पाकिस्तान के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं।

**पाकिस्तान की पहल, भारत की शर्तें**

विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने खुलासा किया कि सीजफायर का प्रस्ताव पाकिस्तान की ओर से आया था, लेकिन भारत ने इसे अपनी शर्तों पर लागू करवाया। सूत्रों ने दो टूक कहा, 'यह कोई आपसी समझौता नहीं, बल्कि भारत की दृढ़ता का नतीजा है। सीजफायर हमारी शर्तों पर हुआ, और सिंधु जल संधि पर कोई बातचीत नहीं होगी।' यह साफ है कि भारत ने पाकिस्तान को कूटनीति के मैदान में चारों खाने चित कर दिया।

**भारत का सख्त रुख**

यह खबर पाकिस्तान के लिए एक और चेतावनी है कि भारत अब नरमी बरतने के मूड में नहीं है। चाहे सीमा पर शांति का सवाल हो या पानी का मुद्दा, भारत अपनी शर्तों पर ही खेल खेलेगा। अब सवाल यह है कि इस कूटनीतिक चोट से पाकिस्तान कैसे उबरता है, या फिर उसकी मुश्किलें और गहराती हैं। भारत का यह रुख न सिर्फ पाकिस्तान, बल्कि पूरी दुनिया को संदेश देता है कि भारत अपनी संप्रभुता और हितों से कोई समझौता नहीं करेगा।

### विपक्ष का साथ नहीं चाहिए क्या कांग्रेस ने सरकार से पूछा सवाल

नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस ने आतंकवाद से निपटने में पूर्व की संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार और मोदी सरकार के बीच तुलना किए जाने वाले एक वीडियो को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा और सवाल किया कि क्या अब विपक्ष के साथ की जरूरत नहीं है और एकजुटता का संदेश नहीं देना है? भाजपा ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत की गई सैन्य कार्रवाई की पृष्ठभूमि में अपने एक्स हैंडल पर एक वीडियो जारी किया। सत्तारूढ़ पार्टी ने वीडियो में इस बात का उल्लेख किया है कि आतंकी हमलों के बाद कांग्रेस की अगुवाई वाली गठबंधन सरकार ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की और पाकिस्तान के साथ शांति वार्ता की, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई कर रही है। बीजेपी ने वीडियो के साथ यह पोस्ट किया है कि दुश्मनों के लिए संदेश जोरदार और स्पष्ट है कि हमसे मत टकराना। गठबंधन शासन की निष्क्रियता के विपरीत, अब नए भारत में व्यर्थ शांति वार्ता के लिए धैर्य नहीं है।




# इस साल चार दिन पहले केरल में दस्तक दे सकता है मानसून

**सामान्य से ज्यादा बारिश होने का अनुमान**

नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)। मौसम विभाग ने शनिवार को बताया कि दक्षिण पश्चिमी मानसून 27 मई को केरल पहुंच सकता है। आमतौर पर मानसून 1 जून तक केरल पहुंचता है, लेकिन इस बार इसके जल्दी केरल पहुंचने की उम्मीद है। अगर मानसून 27 मई तक केरल में दस्तक दे देता है तो यह साल 2009 के बाद से सबसे जल्दी मानसून का आगमन होगा। साल 2009 में मानसून ने केरल में 23 मई को दस्तक दे दी थी।

**सामान्य से ज्यादा बारिश होने का अनुमान :**

बीते साल मानसून ने केरल में 30 मई को दस्तक दी थी। वहीं साल 2023 में 8 जून को, 2022 में 29 मई को, 2021 में 3 जून को और साल 2020 में 1 जून को मानसून केरल पहुंचा था। आमतौर पर दक्षिण पश्चिम मानसून एक जून को केरल पहुंचकर 8 जुलाई तक पूरे भारत को कवर कर लेता है। 17 सितंबर से मानसून भारत के उत्तर पश्चिमी इलाकों से पीछे हटना शुरू हो जाता है और 15 अक्टूबर तक पूरी तरह से विदा हो जाता है। मौसम विभाग ने अपने अप्रैल महीने के अनुमान में साल 2025 में सामान्य से ज्यादा बारिश होने की उम्मीद जताई है। इससे अल-नीनो के असर को नकारा जा रहा है, क्योंकि अल नीनो के असर से सामान्य से कम बारिश होती है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव एम रविचंद्रन ने बताया कि भारत में इस साल चार महीने के मानसून के मौसम में सामान्य से ज्यादा बारिश होने की उम्मीद है। इस दौरान 105 प्रतिशत बारिश हो सकती है, जो औसत बारिश 87 सेंटीमीटर से ज्यादा है।

मौसम विभाग ने साफ किया कि केरल में मानसून के जल्दी या देर से आने का मतलब देश में ज्यादा या कम बारिश होना नहीं है। इसमें कई अन्य फैक्टर शामिल होते हैं। हाल में मौसम विभाग ने बताया था कि इस साल दक्षिणी अंडमान सागर, बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों और निकोबार द्वीपसमूह में मानसून 13 मई को ही आगे बढ़ सकता है। आमतौर पर ऐसा 20 मई के आसपास होता है, लेकिन इस बार एक हफ्ते पहले ही ऐसा हो रहा है। निकोबार द्वीप समूह से केरल पहुंचने में मानसून को सामान्य तौर पर 10 दिन का समय लगता है।

**देश की अर्थव्यवस्था के लिए मानसून बेहद अहम**

मौसम विभाग के अनुसार, 96 प्रतिशत से लेकर 104 प्रतिशत की बारिश को सामान्य माना जाता है। 90 प्रतिशत से कम बारिश को कमी माना जाता है और 90 से 95 प्रतिशत के बीच बारिश को सामान्य से कम माना जाता है। भारत के कृषि क्षेत्र के लिए मानसून बेहद अहम है। देश में कृषि पर 42 प्रतिशत आबादी की आजीविका निर्भर है और यह क्षेत्र देश के विकास में 18 प्रतिशत का योगदान देता है। साथ ही मानसूनी बारिश देश के जलाशयों को भरने और बिजली उत्पादन के लिहाज से भी अहम है।

### थरूर भड़के, कहा तनाव के बीच तुच्छ सियासत न करें

नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)। भाजपा ने एक वीडियो संदेश जारी कर भारत में बीते कुछ वर्षों में हुई आतंकवादी घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि अब नया भारत शांति वार्ता नहीं करता। पार्टी के इस वीडियो संदेश पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश के साथ तनावपूर्ण संबंधों के इस दौर में सत्ताधारी दल को तुच्छ सियासत नहीं करनी चाहिए।

**बीजेपी बोली-दुश्मनों के लिए संदेश जोरदार और स्पष्ट :**

दरअसल, भाजपा ने एक वीडियो पोस्ट कर एक्स पर लिखा, दुश्मनों के लिए संदेश जोरदार और स्पष्ट है। हम शांति चाहते हैं! यूपीए शासन की निष्क्रियता के विपरीत, नए भारत के पास व्यर्थ शांति वार्ता के लिए कोई धैर्य नहीं है। इसके जवाब में कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने पोस्ट किया, ऐसे समय में जब पूरा देश भारतीयों के रूप में एकजुट है, हमें राजनीतिक रूप से विभाजित करने का यह तुच्छ प्रयास निंदनीय है।

**सीबीआई का साइबर क्राइम पर अटैक**

# राज्यों में 42 ठिकानों पर छापेमारी, 5 गिरफ्तार

नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अंतर्राष्ट्रीय संगठित साइबर अपराध और डिजिटल अरेस्ट के मामलों पर शिकंजा कसते हुए 'ऑपरेशन चक्र-वी' के तहत एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। सीबीआई ने इस ऑपरेशन के तहत 8 राज्यों में 42 अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी की और साइबर अपराध में इस्तेमाल होने वाले अनाधिकृत सिम कार्ड की बिक्री में शामिल 5 लोगों को गिरफ्तार किया है।

यह कार्रवाई साइबर अपराध और डिजिटल गिरफ्तारी के मामलों को रोकने के लिए चल रहे प्रयासों का हिस्सा है। सीबीआई ने विभिन्न टेलीकॉम ऑपरेटरों के पॉइंट ऑफ सेल (पीओएस) एजेंटों के परिसरों पर छापेमारी की। आरोप है कि ये एजेंट साइबर अपराधियों और टेलीकॉम सेवा प्रदाताओं के अज्ञात अधिकारियों के साथ मिलकर सिम कार्ड जारी करने में शामिल थे, जिनका इस्तेमाल बाद में डिजिटल गिरफ्तारी, धोखाधड़ी, फर्जी विज्ञापन, निवेश धोखाधड़ी और यूपीआई धोखाधड़ी जैसी अवैध गतिविधियों में किया गया।

सीबीआई ने विशेष रूप से टेलीकॉम ऑपरेटरों के विभिन्न पीओएस एजेंटों द्वारा जारी किए गए अनाधिकृत सिम कार्ड की बिक्री और दुरूपयोग को रोकने के लिए समन्वित प्रयास किए। इसके तहत असम, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, कर्नाटक और तमिलनाडु सहित 8 राज्यों में 38 पीओएस एजेंटों के ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया गया। इन छापों के दौरान, सीबीआई ने मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, केवाईसी दस्तावेजों की प्रतियां जैसे कई आपत्तिजनक दस्तावेज और लेख जब्त किए हैं। इसके अलावा, अनाधिकृत सिम कार्ड के वितरण में शामिल मध्यस्थों सहित व्यक्तियों की पहचान की गई है और अपराध की आय से अर्जित चल संपत्ति को भी जब्त किया गया है।

# दुश्मन ने युद्ध नीति ताक पर रखी फिर भी हर क्षेत्र में मिली मात

## रक्षा विशेषज्ञों ने गिनाईं खामियां



नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)। भारत के सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की हर कोशिश नाकाम होने के बाद पाकिस्तान अपनी युद्ध नीति से लेकर रणनीति तक सभी सवालों के घेरे में है। वहीं, भारत की रक्षा क्षमता और सधी सामरिक श्रेष्ठता फिर सुर्खियों में आ गई है। रक्षा विशेषज्ञों और पूर्व वायुसेना अधिकारियों ने पाकिस्तान की कमजोर युद्ध रणनीति की खामियां गिनाते हुए भारत की उम्दा रक्षा प्रणाली की तारीफ की। सेवानिवृत्त एयर वाइस मार्शल सूर्यकांत चिंतामन चाफेकर और रक्षा विशेषज्ञ संजय कुलकर्णी ने कहा कि पाकिस्तान की चालबाजियों का मुकाबला करने में भारत की रक्षा प्रणालियां मारक और असरदार हैं। ब्यूरो

**हमारी क्षमता का अंदाजा न लगा सका**

जवाबी कार्रवाई करते समय भारत में बड़े पैमाने पर ड्रोन हमले कर सैन्य ठिकानों और शहरों को निशाना बनाना पाकिस्तान की पारंपरिक युद्ध नीति से भटकने का उदाहरण है। पाकिस्तान ने पहलगाम में आतंकी हमला कर शुरुआत की और हमने आतंकी ठिकानों पर हमला कर जवाब दिया। ऐसे में पाकिस्तान की ओर से जवाबी कार्रवाई अपेक्षित थी, लेकिन उसने हमारी सैन्य और नागरिक संरचनाओं पर हमला कर युद्ध नीति को ताक पर रख दिया और यह रणनीति युद्ध नीति के पूरी तरह से खिलाफ थी।

**अभेद्य ढाल एस-400 व यूएएस ग्रिड**

पाकिस्तान की समझ की कमी को लेकर चाफेकर ने कहा कि भारत के पास एस-400 वायु रक्षा प्रणाली और मानव रहित हवाई प्रणाली (यूएएस) ग्रिड देश को अभेद्य बनाती है। यह बेहद दूर से भी बड़े पैमाने पर खतरे को भांप सकती हैं। यूएएस ग्रिड छोटे से छोटे लक्ष्य मसलन बैलिस्टिक मिसाइल, मध्यम- निम्न-स्तरीय मिसाइलों, लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टर, ड्रोन सब कुछ दूर से पकड़ लेती है और पाकिस्तान को शायद इसकी उम्मीद भी नहीं थी कि हमारे पास यह सब है।

**साइबर, ड्रोन व मिसाइल सब नाकाम**

पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ जंग छेड़ने की हर मुमकिन कोशिश की है। उसने अपने पास मौजूद हर बेहतरीन असलहे और प्रणाली का इस्तेमाल कर भारत को घेरने की कोशिश की, फिर चाहे वह साइबर हमला हो, ड्रोन हो या मिसाइल...लेकिन हर बार उसके हाथ नाकामी ही आई।

**संदेश साफ...एकता, ताकत और जवाबदेही**

पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में सेना ने ऑपरेशन सिंदूर कर पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ढांचों को निशाना बनाया था। जवाब में पाकिस्तान ने ड्रोन कार्रवाई की, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर तो दुश्मन देश के खिलाफ भारत की शुरुआती कार्रवाई भर है। पाकिस्तान ने भारतीय सुरक्षा बलों की क्षमता और हमारी एकजुटता देख ली है। अगर वे लड़ना चाहते हैं, तो भारत मुंहतोड़ करारा जवाब देगा।

## तनाव के चलते अमृतसर और फिरोजपुर में रेड अलर्ट

### ड्रोन अटैक के साए में जागते रहे लोग, 3 घायल

अमृतसर, 10 मई (एजेंसियां)। पंजाब के सीमावर्ती जिलों फिरोजपुर, अमृतसर, पठानकोट और तरनतारन में कई ड्रोन देखे जाने और विस्फोट होने की खबरें हैं। जालंधर और होशियारपुर में लोगों ने विस्फोट जैसी आवाजें सुनने की बात कही है। फिरोजपुर में आवासीय क्षेत्रों में कम से कम तीन ड्रोन्स के मलबे गिरने की खबरें हैं जिसकी वजह से कई घर क्षतिग्रस्त हो गए और तीन व्यक्ति झुलस गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर है। शनिवार सुबह अमृतसर में रेड अलर्ट जारी किया गया। सभी निवासियों से अनुरोध किया गया है कि वे अपनी इमारतों के अंदर ही रहें और आत्म सुरक्षा उपाय करें। पाकिस्तानी हमलों के संभावनाओं के चलते फिरोजपुर में भी डिप्टी कमिश्नर दीपशिखा शर्मा ने लोगों से घरों के अंदर रहने की अपील की है। उन्होंने आज सुबह कहा, "सायरन बजने वाले हैं।

**फिरोजपुर में भी अलर्ट**

फिरोजपुर में भी डिप्टी कमिश्नर दीपशिखा शर्मा ने लोगों से घरों के अंदर रहने की अपील की है। उन्होंने आज सुबह कहा कि सायरन बजने वाले हैं। कृपया प्रशासन की हरी झंडी का इंतजार करें। राज्य ने अधिकांश जिलों में ब्लैकआउट लागू करना जारी रखा, प्रशासन ने शाम 7 बजे से 8 बजे के बीच बाजार और रेस्तरां बंद कर दिए। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने अपने मंत्रियों को सीमावर्ती जिलों में डेरा डालने का निर्देश दिया तथा सरकारी कर्मचारियों को भी अपनी-अपनी तैनाती स्थल पर ही तैनात रहने के निर्देश दिए गए हैं। फिरोजपुर में एक ड्रोन स्थानीय व्यापारी शिवम ग्रोवर के घर पर गिरा। उनके पड़ोसी अमृतपाल सिंह ने कहा कि सौभाग्य से, ग्रोवर और उनका परिवार शहर के दूसरे हिस्से में बस गए हैं।

## हिमाचल में सेना ने गिराया पाकिस्तान का रॉकेट

### चिंतपूर्णी मंदिर से 10 किमी दूर मिला मलबा; धमाके से हिले घर, जंगल में आग



ऊना, 10 मई (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में पाकिस्तान की ओर से की गई हमले की कोशिश को भारतीय एयर डिफेंस ने नाकाम कर दिया। बीती रात करीब 1:30 बजे चिंतपूर्णी के बेहड़ भटेड़ गांव में रॉकेट का एक निष्क्रिय हिस्सा गिरा। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। धमाके की आवाज सुन कर लोग घरों से बाहर निकले। जंगल में हल्की आग लगी थी। धमाके से आसपास के घर भी हिल गए। सुबह 50 किलो वजनी गोला (बम) सा खेतों में पड़ा मिला।

बता दें कि चिंतपूर्णी में माता का शक्तिपीठ भी है। जिस जगह रॉकेट का हिस्सा गिरा है, वह मंदिर से लगभग 10 किलोमीटर दूर है। ऊना प्रशासन पाकिस्तान के संभावित हमले को लेकर पहले ही अलर्ट है। रात को जिले में ब्लैक आउट रखा गया। हालांकि कुछ स्थानों पर सोलर लाइटें जल रही है। विधायक ने इनको रात को बंद करने के आदेश एसडीएम को दिए गए हैं।

**प्रत्यक्षदर्शी ने रात को ये देखा**

घटना के प्रत्यक्षदर्शी सर्वजीत ने बताया कि आसमान में रोशनी को देखते हुए उनके पालतू कुत्ते काफी देर से भोंक रहे थे। इसी दौरान एक जोरदार धमाका हुआ, इससे उनके घर से कुछ दूर जंगल में कुछ अवशेष आकर गिरे। इससे जंगल में आग लग गई। हालांकि बारिश के कारण आग चंद मिनटों में बुझ गई। सर्वजीत ने सबसे पहले इसकी सूचना तुरंत पंचायत प्रधान को दी। प्रधान ने पुलिस को सूचित किया। सर्वजीत ने कहा, धमाका इतना तेज था कि उनका घर भी हिल गया। सर्वजीत ने सुबह स्थानीय विधायक बबलू और प्रशासन के अधिकारियों को रॉकेट गिरने की घटना को बड़े विस्तार से बताया।

**पंचायत प्रधान बोले- 50-60 किलो का गोला पड़ा मिला**

भटेड़ गांव के पंचायत प्रधान हंसराज ने बताया कि ये लगभग रात के डेढ़ बजे घटना घटी। बड़ी जोर का एक धमाका हुआ तो हम भी अपने बिस्तर से उठ गए कि क्या हुआ है। क्योंकि हालात ही ऐसे हैं, मौके पर जागना पड़ता है। उसके बाद फिर स्थानीय निवासी सर्वजीत का फोन आया। उसने बताया कि यहां पर एक धमाका हुआ है। उसके बाद हमने तुरंत भरवाईं थाने वालों को फोन करके जानकारी दी। सर्वजीत ने सुबह देखा कि उसके खेत में एक लगभग पचास-साठ किलो का एक गोलानुमा चीज पड़ी थी।

## पाकिस्तानी गोलीबारी में हिमाचल का जवान शहीद



कांगड़ा, 10 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में भारतीय वायु सेना द्वारा की गई एयर स्ट्राइक के बाद से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। चार दिन से पाकिस्तान की ओर से लगातार ड्रोन, मिसाइल और रॉकेट से हमले किए जा रहे हैं। जम्मू के राजौरी में शुक्रवार की रात पाकिस्तान की ओर से की गई गोलीबारी में हिमाचल प्रदेश का जवान शहीद हो गया।

जानकारी के अनुसार, हिमाचल के कांगड़ा के शाहपुर निवासी सूबेदार मेजर पवन कुमार जम्मू- कश्मीर के राजौरी में तैनात थे। शुक्रवार की रात पाक ने अचानक फायर करना शुरू किया तो पवन कुमार अपने कुछ साथियों के साथ जवाबी फायरिंग करने लगे। इसी जवाबी कार्रवाई में पवन कुमार घायल हो गए। इसके बाद अस्पताल में उनकी मौत हो गई। सेना की ओर से परिजनों को इसकी सूचना दी गई है। डीसी कांगड़ा हेमराज बैरवा ने इसकी पुष्टि की है। आज रात या कल सुबह तक शहीद की पार्थिव देह उनके पैतृक गांव लाई जाएगी।

सूचना के अनुसार, पवन कुमार 25 पंजाब रेजिमेंट में तैनात थे। दो महीने बाद उनकी रिटायरमेंट होनी थी। वे इससे पहले ही वे शहीद हो गए। पवन कुमार अपने पीछे बेटा-बेटी, पत्नी और माता-पिता को छोड़कर गए हैं। बताया जा रहा है कि पिता गरज सिंह भी सेना से हवलदार पद से सेवानिवृत हुए थे। शाहपुर नगर पंचायत के वार्ड नंबर चार से पार्षद शुभम ने बताया कि सेना की ओर से आज सुबह 9 बजे परिजनों को पवन कुमार की शहादत की सूचना दी गई।

## 18 जिले हाई अलर्ट पर : सोमनाथ-द्वारका मंदिर समेत सभी पोर्ट की सुरक्षा बढ़ाई गई

### 15 मई तक ड्रोन और पटाखों पर बैन



अहमदाबाद, 10 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान ने लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को गुजरात के कच्छ में ड्रोन हमले की कोशिश की। भारतीय सेना के डिफेंस सिस्टम ने इसे इंटरसेप्ट किया और मार गिराया। पाकिस्तान के संभावित हमले को देखते हुए गुजरात के सीमावर्ती इलाकों के 18 जिले हाई अलर्ट पर हैं। भुज एयरपोर्ट सेना ने अपने कब्जे में ले लिया है। बनासकांठा, कच्छ और पाटण के सीमावर्ती इलाकों के गांवों में गुरुवार की रात ब्लैकआउट लागू कर दिया गया था। हालांकि, सुबह होते ही बिजली सप्लाई शुरू कर दी गई। अगले आदेश तक इन गांवों में रोजाना शाम के बाद ब्लैकआउट रहेगा।

**15 मई तक पटाखे और ड्रोन पर प्रतिबंध**

गुजरात सरकार ने शुक्रवार को राज्य भर में 15 मई तक सभी कार्यक्रमों में पटाखों और ड्रोन के इस्तेमाल पर बैन लगा दिया है। गुजरात के गृह मंत्री हर्ष संघवी ने X पर एक पोस्ट में लोगों से दिशा-निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया।

**हेल्थकर्मियों की छुट्टियां रद्द की गई**

मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में शुक्रवार दोपहर को गांधीनगर स्थित इमर्जेंसी ऑपरेशन सेंटर में बैठक हुई। सीएम ने विभिन्न विभागों के वरिष्ठ सचिवों और संबंधित जिलों के प्रशासनिक प्रमुखों, पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर जानकारी ली। राज्य में आपातकालीन स्थिति को देखते हुए सभी हेल्थकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं।

**सोमनाथ मंदिर में सुरक्षा बढ़ाई गई**

ज्योतिर्लिंग सोमनाथ, द्वारका मंदिर और शक्तिपीठ अंबाजी जैसे धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। सोमनाथ मंदिर को पहले से ही जेड प्लस सुरक्षा मिली हुई है। इसके तहत यहां तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था है। इसके साथ ही यहां बम और डॉग स्क्वॉड भी तैनात हैं।

**मछुआरों को वापस बुलाया गया**

तनावपूर्ण हालात के चलते अरब सागर में मछली पकड़ने गए सभी मछुआरों को वापस बुला लिया गया है। कच्छ के सीमावर्ती क्षेत्र नारायण सरोवर, जखाऊ और लखपत के समुद्री क्षेत्रों में मछुआरों की अन्य छोटी-मोटी गतिविधियों पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है।

**द्वारका के तटीय इलाके में सेना तैनात**

पाकिस्तान ने भारत से हुई हरेक जंग में द्वारका पर अटैक करने की कोशिश की है। इसी लिए द्वारका मंदिर से लगने वाले पूरे समुद्री इलाके को सेना ने अपनी सिक्योरिटी में ले लिया है।

द्वारका, ओखा और हजीरा पोर्ट पर भी सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट कर दिया गया है। मरीन पुलिस ने भी बीच पर गश्त शुरू कर दी है। तटरक्षक बलों को जहाजों और हेलीकॉप्टरों के साथ समुद्र के 12 मील के दायरे में तैनात किया गया है।

**गलत पोस्ट करने पर 4 के खिलाफ मामला दर्ज**

सोशल मीडिया पर फर्जी खबरें फैलाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। सोशल मीडिया पर सेना का मनोबल गिराने वाली पोस्ट लिखने वाले चार लोगों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी ने कहा कि नागरिकों को किसी भी अफवाह या फर्जी संदेश पर ध्यान नहीं देना चाहिए। गृह विभाग ऐसी पोस्ट डालने वालों पर कड़ी नजर रख रहा है।

## 'आतंकवाद के लिए इस्लाम का इस्तेमाल कर रहा है पाकिस्तान'

हैदराबाद, 10 मई (एजेंसियां)। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने शनिवार को पाकिस्तान पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इस्लाम का इस्तेमाल सिर्फ दिखावे के लिए करता है, असल में उसका मकसद आतंकवाद को बढ़ावा देना है और भारत में धार्मिक नफरत फैलाना है। ओवैसी ने साफ कहा कि पाकिस्तान की हरकतें धार्मिक नहीं बल्कि राजनीतिक और रणनीतिक फायदे के लिए होती हैं। ओवैसी ने कहा, 'पाकिस्तान का 'डीप स्टेट' यानी उसकी सेना और खुफिया एजेंसी आईएसआई, इस्लाम का मुखौटा पहनकर अपने गैरकानूनी कामों और आतंकवाद को छिपाती है।'

## 'अफगानिस्तान को लेकर झूठ फैला रहा पाकिस्तान'

### विदेश सचिव ने प्रोपेगैंडा का किया पर्दाफाश

नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)। प्रेस ब्रीफिंग के दौरान विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने पाकिस्तान के प्रोपेगैंड का पर्दाफाश करते हुए कहा कि, 'पाकिस्तान ने एक झूठा दावा किया है कि एक भारतीय मिसाइल ने अफगानिस्तान को निशाना बनाया है। यह पूरी तरह से झूठा और बेबुनियाद आरोप है। हम बस ये बताना चाहते हैं कि अफगानिस्तान के लोगों को ये बताने की जरूरत नहीं है कि कौन सा देश उनके देश पर बीते एक-डेढ़ साल से कई बार आम नागरिकों और बुनियादी ढांचे को निशाना बनाकर हमले कर रहा है।'

**पाकिस्तान ने क्या झूठ फैलाने की कोशिश की**

उल्लेखनीय है कि पाकिस्तानी सेना ने दावा किया कि 'भारतीय पंजाब पर हमलों के तुरंत बाद भारत ने अफगानिस्तान पर मिसाइल और ड्रोन से हमले किए, जो एक बड़े और खतरनाक प्लान का हिस्सा थे। पाकिस्तान की सेना ने झूठ फैलाते हुए कहा कि इस हमले का मकसद पूरे इलाके को अशांति की ओर धकेलना है।' पाकिस्तान ने ये भी दावा किया कि 'पाकिस्तान एयर फोर्स के पास भारत की हर मिसाइल का इलेक्ट्रॉनिक सिग्नेचर मौजूद है। मिसाइल किस जगह से दागी गई और उसका निशाना कहां था, ये सब रिकॉर्ड में है।' विदेश सचिव ने कहा कि 'पाकिस्तान झूठ और प्रोपेगैंडा फैला रहा है और यह पाकिस्तानी सरकारी एजेंसियों द्वारा फैलाया जा रहा है।

## बठिंडा में एयरफोर्स स्टेशन के नजदीक धमाका, पुलिस जांच में जुटी; रेड अलर्ट जारी



बठिंडा, 10 मई (एजेंसियां)। बठिंडा में शनिवार सुबह एयरफोर्स स्टेशन के नजदीक धमाका हुआ है। इसके बाद सेना की तरफ से पुलिस को सूचना दी गई।

पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। धमाके के बाद सेना ने स्टेशन के सभी गेट बंद कर दिए। इसके बाद डीसी की तरफ से जिले में रेड अलर्ट जारी कर दिया गया है। वहीं एयरफोर्स स्टेशन के बाहर रेड फ्लैग लगा दिया गया है।

**घरों के अंदर रहें लोग**

डीसी ने कहा कि सभी निवासियों से अनुरोध है कि वे अपने घरों/भवनों के अंदर रहें और आत्म सुरक्षा के उपाय करें। बिजली नहीं काटी जाएगी, लेकिन अन्य सभी उपाय लागू रहेंगे।

**वीरवार रात भी हुए थे हमले**

इससे पहले वीरवार की रात को बठिंडा में चार से अधिक धमाके हुए। गांव तुंगवाली में एक घर की खिड़कियों के शीशे एवं दरवाजे टूट गए। दूसरी तरफ गांवों में गिरे इन टुकड़ों को सेना के जवानों ने अपने कब्जे में ले लिया है। गांव तुंगवाली, बीड़ तालाब, बुर्ज महमा के अलावा शहर के नजदीक ग्रामीण क्षेत्रों के खेतों में गिरे बमनुमा चीजों के टुकड़े देखने पहुंचे ग्रामीणों ने कहा कि रात पौने 11 बजे के करीब जोरदार धमाके की आवाज सुनाई दी।

जिला प्रशासन ने मीडिया कर्मियों सहित सभी लोगों से किसी भी अज्ञात वस्तु या उसके टुकड़ों से दूर रहने की अपील की है। ऐसी वस्तुओं से लगभग 100 मीटर की स्पष्ट दूरी सुनिश्चित की जानी चाहिए।

जिला मजिस्ट्रेट के अनुसार सशस्त्र बलों और राज्य प्रशासन की संयुक्त टीमें विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर रही हैं। अनावश्यक अफवाहें फैलाने से सख्ती से बचना चाहिए।

निर्देशों का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## खबरे जरा हटके

### इंसान है या रबर! एयरपोर्ट पर पहुंचा लड़का, तोड़ने-मरोड़ने लगा शरीर, हरकतें देख डर गए लोग



लोग फेमस होने के लिए कुछ भी करने को तैयार होते हैं. अक्सर सोशल मीडिया पर वो अपनी अजीबोगरीब हरकतों के वीडियोज पोस्ट करते हैं. हाल ही में एक लड़के ने भी ऐसा ही वीडियो शेयर किया है जिसमें वो एक एयरपोर्ट पर है, जहां वो फ्लाइट पकड़ने गया है. पर वहां पर वो ऐसी हरकतें करने लगता है जिसे देखकर लोग डर जाते हैं. शख्स खुद को रबर की तरह इतना घुमा रहा है कि ऐसा लग रहा है जैसे वो हड्डियों और मांस से नहीं, बल्कि रबर से बना है.

इंस्टाग्राम यूजर आदित्य मालवीय मुंबई के रहने वाले हैं और एक डांसर हैं. उनका एक डांस ग्रुप है जो अमेरिकाज गॉट टैलेंट में भी शामिल हुआ था. उनकी बॉडी इतनी लचीली है कि उन्हें देखकर अक्सर लोग पूछ बैठते हैं कि वो इंसान हैं या रबर? कुछ महीनों पहले उन्होंने एक वीडियो पोस्ट किया था जो खूब वायरल हो रहा है. इस वीडियो में वो एक एयरपोर्ट में हैं. यहां वो अपने शरीर को ऐसे तोड़ने-मरोड़ने लगते हैं, कि उनकी हरकत देख लोग डर जाते हैं.

**लड़के ने शरीर को पूरी तरह घुमाया**

आप देख सकते हैं कि वो सबसे पहले एक्सकलेटर से उतरते दिख रहे हैं. इस बीच उन्होंने अपने ऊपरी शरीर को पीछे ही ओर घुमाया है और सिर को भी घुमाया हुआ है. उन्हें देखकर वहां पर मौजूद सुरक्षाकर्मी भी हैरान हो जाता है और जांच करने पहुंच जाता है. फिर वो पानी की बोतल निकालने के लिए जरूर से ज्यादा पीछे मुड़ जाते हैं. पर सबसे ज्यादा हैरानी तो तब होती है जब वो वेटिंग एरिया में बैठे रहते हैं और शरीर को पीछे की ओर घुमा लेते हैं. वहां से गुजर रहा एक शख्स उन्हें हैरानी से देखता रहता है. बगल में एक लड़की बैठी रहती है जो डरकर वहां से चली जाती है. प्लेन के अंदर जाने के लिए वो जिस तरह से चलते दिख रहे हैं, वो तो कुछ ज्यादा ही खतरनाक लग रहा है.


### 'पापी पेट का सवाल है!' बारिश से बर्बाद हुआ शादी का पंडाल, मगर मेहमानों ने खोज लिया खाना ठूंसने का जुगाड़



बहुत लोगों का मानना होता है कि शादी में गए और खाना नहीं खाया तो क्या खाक शादी में गए? पर शादी में अगर बारिश हो जाए, तो व्यवस्था के साथ लोगों का मूड भी खराब हो जाता है. एक तरफ लड़कीवाले इस बात से चिंतित होते हैं कि पंडाल बर्बाद हो गया, तैयारियां बर्बाद हो गईं, दूसरी तरफ मेहमान इस वजह से परेशान हो जाते हैं कि अगर खाने के स्टॉल खुले में लगे होंगे तो फिर भोजन करना भी मुश्किल हो जाएगा. हालांकि, कुछ लोग ऐसा जुगाड़ खोज लेते हैं कि सांप भी मर जाता है और लाठी भी नहीं टूटती. हाल ही में एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें शादी में काफी बारिश हो रही है, जिससे शादी का पंडाल बर्बाद हो जा रहा है, मगर लोग खाना खाने के लिए जुगाड़ निकालते नजर आ रहे हैं. उनके जुगाड़ को देख सोशल मीडिया पर लोगों का कहना है कि आखिर वो करें भी तो क्या, आखिर पापी पेट का सवाल है!

इंस्टाग्राम अकाउंट पर हाल ही में एक वीडियो पोस्ट किया गया है जिसमें एक शादी का दृश्य नजर आ रहा है. भारी बारिश से सब कुछ अस्त-व्यस्त हुआ नजर आ रहा है. पंडाल के कपड़े से रिसकर पानी नीचे गिर रहा है. शादी काफी छोटी जगह पर हो रही है, जिससे समझ आ रहा है कि ये किसी निम्न मध्यम वर्ग परिवार के घर की शादी होगी. ऐसे में ये देखकर दुख भी हो रहा है कि किसी की मेहनत और पैसे भी बारिश में बर्बाद हो रहे हैं. मगर इस बीच कुछ लोग खाना खाने का जुगाड़ खोजते नजर आ रहे हैं. लोगों ने सिर के ऊपर प्लास्टिक की कुर्सियां रख ली हैं जिससे वो न भीगें और साथ ही वो खाना भी खाते जा रहे हैं. कैमरा सामने आते ही एक शख्स मुस्कुराने भी लगता है.

### गरीबी की वजह से मालिक ने छोड़ा, बर्फीले तूफान में फंसा कुत्ता, जान की बाजी लगाकर बचाने पहुंची महिला



अक्सर लोग कहते हैं कि इस दुनिया से इंसानियत खत्म हो चुकी है, पर ये बात हर इंसान पर लागू नहीं होती. वो इसलिए क्योंकि आज भी दुनिया में ऐसे लोग हैं, जिनकी वजह से इस दुनिया में अच्छाई कायम है. अमेरिका की तारा बोरेली नाम की महिला भी उन्हीं लोगों में से हैं. उनकी कहानी आजकल सुर्खियों में है. उन्होंने एक बेघर कुत्ते की जान बचाने के लिए अपनी जान को खतरे में डाला और फिर कुत्ते को गोद ले लिया. न्यूज वेबसाइट से बात करते हुए तारा बोरेली ने बताया कि कैसे उन्होंने आंद्रे नाम के कुत्ते को बचाया.

हुआ यूं कि उन्होंने जनवरी में एक फेसबुक पोस्ट देखा, जिसमें एक बेघर कुत्ते के बारे में बताया गया था. कुत्ते को एटलांटा के पीडमॉन्ट पार्क में रस्सी से बांधा गया था और उसके कॉलर पर मालिक के द्वारा एक नोट लिखा लगा था. मालिक ने उसे वहां पर इस वजह से छोड़ा था, जिससे लोग उसे आसानी से खोज लें. उस वक्त बर्फबारी हो रही थी और मौसम विभाग ने लोगों को गाड़ियां चलाने से बचने को कहा था. मगर कुत्ते को देखकर तारा का दिल पसीज गया. आंद्रे, बॉक्स-पिटबुल प्रजाति का मिक्स ब्रीड का कुत्ता था. उसे एक कपल ने कुछ वक्त के लिए गोद ले लिया था मगर वो पर्मानेंटली उसे नहीं पाल सकते थे, इस वजह से उसकी फोटो को उन्होंने ही सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था. साथ में वो चिट्ठी चिपका दी थी. चिट्ठी में लिखा था- मेरा नाम आंद्रे है, मैं 5 साल का हूं, मेरा जन्म 14 जून 2020 को हुआ था. मेरे पिता बेघर हैं, इस वजह से मेरे पास रहने की कोई जगह नहीं है. मैं एक अच्छा कुत्ता हूं, मुझसे बिछड़ने में मेरे पिता का दिल टूट गया था, मगर उनकी मजबूरी थी. मुझे कोई शेल्टर नहीं लेगा. चिट्ठी के अंत में मालिक की ओर से लिखा था कि कृपया आंद्रे का ध्यान रखें.

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

रविवार, 11 मई, 2025 3

# मेरा हैदराबाद

सुविचार: सपने देखते हो तो उसे पूरा करो नींद से झागना होगा तब ही उस पर कार्य कर पाओगे ।

## सामंती शासन को वापस लाने के लिए लुटेरे एकजुट हो रहे हैं : भट्टी

### डिप्टी सीएम ने अश्वरावपेट में जनसभा को संबोधित किया



कोत्तागुडेम, 10 मई (स्वतंत्र वार्ता)। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि जनता की सरकार को बदनाम करने और सामंती शासन को वापस लाने के लिए लुटेरे एकजुट हो रहे हैं। शनिवार को भद्राद्री कोत्तागुडेम जिले के अश्वरावपेट में एक जनसभा में बोलते हुए उन्होंने लोगों से लुटेरों की बातों पर विश्वास न करने और उनसे दूर रहने तथा इंदिराम्मा शासन के तहत कल्याणकारी कार्यक्रमों को जारी रखने का आग्रह किया। यदि केसीआर, उनके परिवार और उनकी पार्टी ने राज्य की संपत्ति लूटी, तो क्या यह उचित था? और क्या जनता की सरकार द्वारा कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से राज्य की संपत्ति को चार करोड़ नागरिकों में बांटना गलत है। भट्टी ने बीआरएस नेताओं की आलोचना करते हुए कहा कि वे डेढ़ साल से अधिक समय से जमा किए गए बेहिसाब धन से बैठकें कर रहे हैं, जबकि वे अपने फार्महाउसों में आराम कर रहे हैं और सार्वजनिक रूप से बेतहाशा बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि दस साल तक शासन करने वालों ने लोगों का खून चूसा है। लोगों ने उस दमनकारी शासन से बचने के लिए इंदिराम्मा की सरकार को वोट दिया। उपमुख्यमंत्री ने पिछली सरकार पर 7 लाख करोड़ रुपये का कर्ज छोड़ने का आरोप लगाया। दस साल सत्ता में रहने के बावजूद वे डबल बेडरूम वाले घर, दलितों के लिए तीन एकड़ जमीन, हर परिवार को नौकरी या हर मंडल में केजी-से-पीजी शिक्षा जैसे वादों को पूरा करने में विफल रहे। उन्होंने सवाल किया कि भारी कर्ज होने के बावजूद केसीआर की सरकार ने नागार्जुन सागर या एसआरएसपी जैसी एक भी बड़ी इंडस्ट्री या सिंचाई परियोजना क्यों नहीं बनाई। भट्टी ने जोर देकर कहा कि रेवंत रेड्डी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार राज्य की बेहतरी के लिए लगातार काम कर रही है। हमने हर निर्वाचन क्षेत्र में 3,500 इंदिराम्मा घरों को मंजूरी दी है और 22,500 करोड़ रुपये की लागत से 4.5 लाख घर बना रहे हैं। क्या केसीआर इसे नहीं देख सकते? उन्होंने सवाल किया कि केसीआर सरकार ने दस साल में एक भी ग्रुप-1 परीक्षा क्यों नहीं आयोजित की। इसके विपरीत, सत्ता में आने के बाद, कांग्रेस सरकार ने लोक सेवा आयोग का पुनर्गठन किया और ग्रुप-1 परीक्षा सफलतापूर्वक आयोजित की। डेढ़ साल में, हमने 57,000 सरकारी नौकरियां भरी हैं और 30,000 और भरने की योजना है। क्या केसीआर इसे नहीं देख सकते? युवाओं को आर्थिक रूप से समर्थन देने के लिए, सरकार ने 9,000 करोड़ रुपये के साथ राजीव युवा विकासम स्वरोजगार योजना शुरू की, जिसका लक्ष्य 5 लाख बेरोजगार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि 2 जून को सरकार इस योजना के तहत स्वीकृति पत्र जारी करेगी। भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि आने वाले दिनों में कई और कल्याणकारी कार्यक्रम लागू किए जाएंगे।

## यूओएच में भारत का पहला बायोइनक्यूबेटर-एकीकृत फास्ट-ट्रैक रिसर्च सप्लाई सेंटर खुला

हैदराबाद, 10 मई (स्वतंत्र वार्ता)। वैज्ञानिक अनुसंधान समाधानों में वैश्विक अग्रणी थर्मो फिशर साइंटिफिक ने एस्पायर-बायोनेस्ट, हैदराबाद विश्वविद्यालय में बायोइनक्यूबेशन इकोसिस्टम के भीतर एकीकृत अपनी तरह के पहले सप्लाई चेन सेंटर का उद्घाटन किया। यह पहल थर्मो फिशर की भारत भर में उत्कृष्टता केंद्रों (सीओई) का समर्थन करने की व्यापक प्रतिबद्धता का हिस्सा है- एस्पायर-बायोनेस्ट इस सहयोग के लिए चुने गए चार प्रतिष्ठित केंद्रों में से एक है। एस्पायर-बायोनेस्ट उन्नत प्रयोगशाला अवसंरचना, विशेषज्ञ मार्गदर्शन और एक जीवंत नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र के माध्यम से शुरूआती चरण के बायोटेक स्टार्टअप का समर्थन करने में अग्रणी रहा है। इस सीओई के भीतर आपूर्ति केंद्र की स्थापना अनुसंधान एवं विकास में तेजी लाने, वर्कफ़्लो को सुव्यवस्थित करने और नवाचार का समर्थन करने की इसकी क्षमता को और बढ़ाती है। आपूर्ति केंद्र महत्वपूर्ण प्रयोगशाला अभिकर्मकों, उपभोग्य सामग्रियों और अनुसंधान आवश्यक वस्तुओं तक सीधी पहुंच प्रदान करता है- उसी दिन या अगले कार्य दिवस तक पहुंचाया जाता है। यह सुविधा इनक्यूबेटिंग स्टार्टअप्स, हैदराबाद विश्वविद्यालय के संकाय और टीआईएफआर, एनआईएबी, आईआईएल आदि जैसे आस-पास के संस्थानों के शोधकर्ताओं के लिए बहुत लाभकारी है। लंबे इंतजार के समय और लॉजिस्टिक देरी को खत्म करके, यह वैज्ञानिकों को प्रयोगात्मक गति बनाए रखने और तेजी से शोध परिणाम प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। यह विकास अनुसंधान दक्षता में सुधार और गहन उद्योग-अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक रणनीतिक कदम है। यह वैज्ञानिक उन्नति के लिए एक उत्तरदायी और सहायक वातावरण सुनिश्चित करता है। न केवल एस्पायर-बायोनेस्ट के भीतर, बल्कि हैदराबाद और उसके बाहर व्यापक अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र में भी। थर्मो फिशर साइंटिफिक और एस्पायर-बायोनेस्ट के बीच सहयोग दर्शाता है कि कैसे वैश्विक उद्योग के नेता और भारतीय नवाचार केंद्र सार्थक बुनियादी ढांचा बनाने के लिए एक साथ काम कर सकते हैं जो सीधे खोज की गति को तेज करता है। चूंकि भारत डीप-टेक और जीवन विज्ञान में अपनी क्षमताओं को लगातार बढ़ा रहा है, इसलिए वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी अनुसंधान और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के लिए ऐसी साझेदारियां आवश्यक हैं।

## महिला डॉक्टर 53 ग्राम कोकीन के साथ गिरफ्तार

हैदराबाद, 10 मई (स्वतंत्र वार्ता)। रायदुर्गम पुलिस ने शुक्रवार को शहर के एक प्रसिद्ध अस्पताल से जुड़ी डॉक्टर चिगुरुपति नम्रता को ड्रग्स रखने और उसका इस्तेमाल करने के आरोप में एक अन्य व्यक्ति के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने 53 ग्राम कोकीन, 10,000 रुपये नकद और दो मोबाइल फोन जब्त किए। रायदुर्गम इंस्पेक्टर सीएच वेंकन्ना के अनुसार, डॉक्टर ने हाल ही में मुंबई के एक व्यक्ति वंश धाकड़ को कोकीन का ऑर्डर दिया था। शुक्रवार को वंश ने एजेंट बालकृष्ण के माध्यम से नम्रता को 53 ग्राम कोकीन से भरा पार्सल भेजा। वेंकन्ना ने कहा कि विशेष सूचना पर हमने नम्रता को उस समय पकड़ा जब वह रैदुरम में बालकृष्ण से पार्सल ले रही थी। नम्रता, बालकृष्ण और वंश के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आगे की जांच कर रही है।

## हैदराबाद सबसे सुरक्षित और सबसे आकर्षक : रेवंत रेड्डी

### उद्घाटन समारोह ने विश्व को शांति और एकता का संदेश दिया

### हैदराबाद ने एक बार फिर खुद को देश का सबसे सुरक्षित शहर साबित किया







हैदराबाद, 10 मई (स्वतंत्र वार्ता)। भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे युद्ध के बीच शनिवार को हैदराबाद में आयोजित मिस वर्ल्ड 2025 का उद्घाटन समारोह बेहद भव्य और शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित किया गया। आयोजकों ने घोषणा की कि मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता विश्व शांति और एकता में भी योगदान देगी। तेलंगाना सरकार ने 110 देशों की सुंदरियों के साथ-साथ विदेशी मेहमानों के लिए उत्कृष्ट आतिथ्य और कड़े सुरक्षा प्रबंध किए। सम्पूर्ण विश्व ने उद्घाटन समारोह को दिलचस्पी से देखा। इस सौंदर्य कार्यक्रम को देश-विदेश में लाखों लोगों ने देखा।

विभिन्न देशों के एक हजार से अधिक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मीडिया प्रतिनिधियों ने इस कार्यक्रम को लाइव या ऑनलाइन कवर किया। इन समारोहों ने एक बार फिर दुनिया के सामने तेलंगाना की ब्रांड छवि को प्रदर्शित किया। हैदराबाद की सांस्कृतिक परम्पराओं, भौगोलिक और प्राकृतिक वातावरण ने विदेशी मेहमानों को बहुत प्रभावित किया है। कार्यक्रम में तेलंगाना की सांस्कृतिक परंपराओं के अलावा पश्चिमी देशों की संस्कृति पर भी प्रकाश डाला गया। हैदराबाद ने एक बार फिर देश में शांति और सुरक्षा के लिए सुरक्षित शहर के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। तेलंगाना में आईटी सेक्टर से लेकर सौंदर्य साम्राज्य तक सभी क्षेत्रों में निवेश के लिए सकारात्मक पहलू हैं। इन सभी अवसरों ने एक महीने तक चलने वाले मिस वर्ल्ड समारोह के माध्यम से दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है।

## नागरोटा हवाई अड्डे को पूरी तरह चालू होने की पीआईबी ने की पुष्टि

हैदराबाद, 10 मई (स्वतंत्र वार्ता)। पीआईबी ने शनिवार को एक पुराने वीडियो की तथ्य-जांच की, जिसे गलत तरीके से नागरोटा एयर बेस पर पाकिस्तानी हमले के फुटेज के रूप में साझा किया जा रहा था। व्यापक रूप से प्रसारित वीडियो में दावा किया गया था कि नागरोटा एयर बेस पर हमला हुआ था। एक्स पर पीआईबी की पोस्ट ने स्पष्ट किया, 'क्या आपने नगरोटा एयर बेस पर हमले के बारे में सुना है? एक पुराने और डिजिटल रूप से संशोधित वीडियो को नगरोटा एयर बेस पर पाकिस्तानी हमले के फुटेज के रूप में गलत तरीके से प्रसारित किया जा रहा है। इसका वर्तमान भारत-पाकिस्तान स्थिति से कोई संबंध नहीं है।' एक्स पर लिखा कि यह वीडियो मूल रूप से अक्टूबर 2024 में इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया गया था। इसका वर्तमान भारत-पाकिस्तान स्थिति से कोई संबंध नहीं है।' सतर्क रहें। शेयर करने से पहले हमेशा सत्यापित करें! X पर लिखा।

## एसीबी ने ठेकेदार से रिश्वत लेते सिंचाई के कार्यकारी अभियंता को किया गिरफ्तार

करीमनगर, 10 मई (स्वतंत्र वार्ता)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने एक ठेकेदार से रिश्वत लेने के आरोप में सिंचाई के कार्यकारी अभियंता अमरेंद्र रेड्डी को गिरफ्तार किया। एसीबी के अनुसार, राजन्ना-सिरसिल्ला जिले में सिंचाई डिवीजन-7 के ईई के रूप में कार्यरत अमरेंद्र रेड्डी ने एक ठेकेदार से 50 लाख रुपये के बिलों को मंजूरी देने के लिए 1 लाख रुपये की मांग की और 75,000 रुपये लेने की बात स्वीकार की।

ठेकेदार ने एसीबी से संपर्क किया, जिसने एक योजना बनाई और शुक्रवार रात को विद्यानगर में ईई को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। ठेकेदार से 60,000 रुपये लेने वाले अमरेंद्र रेड्डी ने एसीबी की छापेमारी की आशंका में अपने बेटे की शर्ट में लपेटकर रकम घर के पीछे खुले में फेंक दी। एसीबी ने ईई को हिरासत में लेकर घर में लगे सीसीटीवी की जांच की और पैसे बरामद किए। उसे शनिवार को करीमनगर एसीबी कोर्ट में पेश किया जाएगा। ठेकेदार, जिसने 8 करोड़ रुपये की लागत से अवनूर-अग्रहारम गांव के बीच चेक डैम का निर्माण किया था, ने 5 करोड़ रुपये के बिलों को मंजूरी देने के लिए पहले ही ईई को 4 लाख रुपये की रिश्वत दे दी थी।

## मिसेज इंडिया दिवा 2025 का खिताब लंदन की हैदराबादी प्रियंका संदुरी को मिला



हैदराबाद, 10 मई (स्वतंत्र वार्ता)। हाल ही में राजस्थान के उदयपुर में आयोजित सीजन छह के ग्रैंड फिनाले के दौरान हैदराबाद के बोइनपल्ली की प्रियंका संदुरी प्रतिष्ठित मिसेज इंडिया दिवा 2025 के खिताब की विजेता बनीं। देश भर में आयोजित इस सौंदर्य प्रतियोगिता में भारत के विभिन्न शहरों से 3,500 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 32 फाइनलिस्ट को फिनाले में भाग लेने के लिए चुना गया। प्रियंका ने रैंप वॉक, टैलेंट राउंड, राष्ट्रीय वेशभूषा, प्रश्नोत्तर सत्र सहित कई सेगमेंट में जजों को प्रभावित किया। उनके बेहतरीन प्रदर्शनों में एक देवी का पारंपरिक चित्रण शामिल था, जिसने दर्शकों और जजों दोनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने इस मंच का उपयोग महिलाओं के खिलाफ घरेलू हिंसा और दहेज उत्पीड़न जैसे ज्वलंत मुद्दों को उजागर करने वाले एक शक्तिशाली नाट्य अभिनय को प्रस्तुत करने के लिए भी किया। वर्तमान में लंदन में रहने वाली प्रियंका ने अपनी जीत के बाद जुबली हिल्स में आयोजित मीट एंड ग्रीट के दौरान मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने इस साल यह खिताब जीतने वाली तेलंगाना की एकमात्र महिला होने पर बहुत गर्व व्यक्त किया। फिनाले के जजों के पैनल में डॉ. यशवर्धन राणावत, डॉ. लोकेश्वरी राठौर, रीना तोशनीवाल और बिन्नी भट्ट (मिस अर्थ 2022) शामिल थे। कार्यक्रम में ईएफकेए पुरोहित और बॉलीवुड संगीत निर्देशक हर्षवर्धन श्रीवास्तव जैसे उल्लेखनीय अतिथि भी मौजूद थे और उन्होंने प्रियंका को खिताब से सम्मानित किया।

## सैनिकों के समर्थन में विशेष पूजा और रैलियां आयोजित करें : किशन रेड्डी



हैदराबाद, 10 मई (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने आज राज्य के लोगों से भारतीय सैनिकों के समर्थन में पूजा और रैलियां आयोजित करने का आह्वान किया। आतंकवाद को खत्म करने के उद्देश्य से बहादुरी से लड़ रहे भारतीय सैनिकों को शक्ति और साहस देने की इच्छा से उन्होंने हैदराबाद के बशीरबाग में कनकदुर्गा मंदिर में विशेष पूजा की।

इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि देश भर के सभी समाज को भारतीय सैनिकों के समर्थन में एकजुटता व्यक्त करने की जरूरत है, जो बिना अपनी जान की परवाह किए भारत की सुरक्षा के लिए लड़ रहे हैं। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा 26 निर्दोष नागरिकों की नृशंस हत्या की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान हमेशा से भारत में शांति भंग करने और देश की अखंडता को नुकसान पहुंचाने की साजिश करता रहा है। उन्होंने हैदराबाद के लुंबिनी पार्क, गोकुल चाट और दिलसुख नगर जैसे इलाकों में पिछले दिनों किए गए अत्याचारों को याद किया। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने बहादुरी से जवाब दिया और पाकिस्तान के अराजकतावादियों को सबक सिखाने के लिए पाकिस्तान में नौ आतंकवादी प्रशिक्षण शिविरों को नष्ट कर दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अभी भी निर्दोष नागरिकों पर हमला कर रहा है और इसके विपरीत, भारतीय सेना उन्हें सबक सिखाने के लिए निडर कदम उठा रही है। उन्होंने देश के 140 करोड़ लोगों से जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्र से ऊपर उठकर एकजुट होने और भारतीय सैनिकों के समर्थन में खड़े होने का आह्वान किया। केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी ने तेलुगु राज्यों के लोगों से विशेष अपील की। उन्होंने उनसे हर गांव, मंडल और जिले के मंदिरों में भारतीय सैनिकों की सुरक्षा के लिए विशेष पूजा करने को कहा। उन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने के लिए तैयार जवानों के समर्थन में हर गांव में रैलियां निकालने और उनमें अधिक आत्मविश्वास पैदा करने का आह्वान किया। उन्होंने देश की सुरक्षा और सैनिकों के मनोबल के लिए सामूहिक एकजुटता रैलियां निकालने का भी आह्वान किया। केंद्रीय मंत्री ने स्पष्ट किया कि यह देशभक्ति की भावना से जुड़ा है और कहा कि देश के लिए लड़ने वाले योद्धाओं को मानसिक शक्ति देने के लिए जनता का समर्थन बहुत महत्वपूर्ण है।


## CLASSIFIEDS

### 2 BEDROOM FLAT FOR SALE

IMMEDIATELY FOR SALE 2 BEDROOM WELL FULL FURNISHED FLAT 2 BED ROOM, HALL KICHEN, FLAT FOR SALE, 1312 SFT, NORTH FACING AT VISTA CASTLE, NJR & KLR NAGAR, MEDCHAL VILLAGE, HYDERABAD, NO LOAN, CLEAR PROPERTY

CONTACT: NALIN MEHTA

9347584510

**सावधान**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।


## हिरण का मांस रखने और बेचने के आरोप में तीन गिरफ्तार

हैदराबाद, 10 मई (स्वतंत्र वार्ता)। आयुक्त की टास्क फोर्स (पश्चिम) टीम ने शनिवार को हिरण का मांस रखने और बेचने के आरोप में तीन लोगों को पकड़ा।

तीनों हसन बकरान (50), हामिद बिन हकानी (53) और शेख अब्दुल रहमान बहय्या अल अमूदी (54) दोस्त हैं। पुलिस ने बताया कि बकरन ने महाराष्ट्र के मूल निवासी रिजवान से हिरण का मांस खरीदा था और उसे अपने दोस्तों हामिद और अमूदी को बेचा था।

सूचना मिलने पर पुलिस ने तीनों व्यक्तियों के घरों पर छापा मारा और मांस जब्त कर लिया। इन्हें आगे की कार्रवाई के लिए वन विभाग को सौंप दिया गया।

## ग्लोबल ग्रेस कैंसर रन 12 अक्टूबर को हैदराबाद में किया जाएगा



हैदराबाद, 10 मई (स्वतंत्र वार्ता)। वार्षिक क्वाम्बिएंट डेवलपर्स ग्लोबल ग्रेस कैंसर रन (जीजीसीआर)-2025 का 8वां संस्करण हैदराबाद में वापस आ गया है और 12 अक्टूबर, रविवार को गाचीबोवली स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।

हैदराबाद स्थित ग्रेस कैंसर फाउंडेशन द्वारा एवरनॉर्थ के सहयोग से आयोजित किया जा रहा कैंसर रन वर्चुअल मोड में भी उपलब्ध होगा। ग्रेस कैंसर फाउंडेशन के संस्थापक और वरिष्ठ रोबोटिक कैंसर सर्जन डॉ. चिन्नाबाबू सुंकवल्ली ने शुक्रवार को बताया कि इस वर्ष की दौड़ का विषय 'रन फॉर ग्रेस एंड स्क्रीन फॉर लाइफ' है। इसका उद्देश्य कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाना, निवारक उपाय के रूप में शारीरिक गतिविधि को बढ़ावा देना और वंचित लोगों के लिए मुफ्त कैंसर जांच की सुविधा उपलब्ध कराना है। कैंसर रन से प्राप्त होने वाली आय का उपयोग वंचित समुदायों के लिए मोबाइल कैंसर स्क्रीनिंग के लिए किया जाएगा। शुक्रवार को, पोस्टर अनावरण समारोह में डॉ. अलगू वर्सिनी, आईएएस, सचिव, तेलंगाना सोशल वेलफेयर रेजिडेंशियल एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस सोसाइटी (टीजीएसडब्ल्यूआरईआईएस); शिल्पा रेड्डी, उद्यमी, और फैशन डिजाइनर, डॉक्टर, धावक, स्वयंसेवक और अन्य सहित विभिन्न क्षेत्रों के सफल व्यक्ति मौजूद थे।

## मंचेरियल में लू लगने से बुजुर्ग की मौत

मंचेरियल, 10 मई (स्वतंत्र वार्ता)। कोटापल्ली मंडल केंद्र में शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा कार्ड पर अपना नाम पुनः दर्ज कराने के लिए मंडल परिषद विकास कार्यालय गए एक बुजुर्ग व्यक्ति की लू लगने से मौत हो गई। सुपका गांव के नल्लगुंटा मल्लैया (60) उस समय बेहोश हो गए जब वे कार्ड पर अपना नाम दर्ज करवाने के लिए कार्यालय गए थे, जो कुछ त्रुटियों के कारण हटा दिया गया था। उन्हें चेन्नूर शहर के एक अस्पताल में ले जाया गया। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने कहा कि मौत का कारण सनस्ट्रोक हो सकता है। उनके परिवार के सदस्यों ने बताया कि कुछ महीने पहले कार्ड से उनका नाम कट जाने के बाद से मलैया उदास थे। उन्होंने बताया कि वह अपना नाम फिर से दर्ज करवाने और खाद्य सुरक्षा योजना के तहत चावल पाने के लिए दर-दर भटक रहे थे।

उन्होंने सरकार से उनके आश्रितों को तत्काल राहत देने का आग्रह किया।

## धान खरीद की मांग को लेकर किसानों ने किया प्रदर्शन



निजामाबाद, 10 मई (स्वतंत्र वार्ता)। किसानों ने धान की खरीद में सरकार की विफलता को लेकर शनिवार को तुलजापुर गांव में सड़क पर विरोध प्रदर्शन किया। सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए किसान सड़क पर बैठ गए। किसानों ने आरोप लगाया कि अधिकारी धान की खरीद में अत्यधिक देरी कर रहे हैं और चावल मिलों तक स्टॉक पहुंचाने में भी देरी कर रहे हैं। उन्होंने मांग की कि अधिकारी चावल मिलों के प्रबंधन पर स्टॉक खाली करने और खरीद प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए दबाव डालें। स्थानीय पुलिस ने हस्तक्षेप किया और किसानों को समझाने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं माने और अपना विरोध जारी रखा। उन्होंने कहा कि जब तक चावल मिलों द्वारा उनका स्टॉक नहीं खरीदा जाता, तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

*'शिक्षा केवल अंकों तक सीमित नहीं होनी चाहिए'*

# इसे राष्ट्र की भावना से जोड़ना जरूरी : सीएम योगी

लखनऊ, 10 मई (एजेंसियां)। राजधानी लखनऊ में शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'शिक्षक धन्यवाद समारोह' के एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस मौके पर उन्होंने पहले आईसीएससीई बोर्ड के 10वीं-12 वीं के टॉपर्स, जेईई मेन टॉपर स्टूडेंट्स और फिर शिक्षकों को सम्मानित किया।



इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि शिक्षा केवल अच्छे अंकों तक सीमित नहीं होनी चाहिए। इसे नैतिक मूल्यों, संस्कारों और राष्ट्र प्रथम की भावना से भी जोड़ना चाहिए। हम अक्सर शिक्षा को अंकों तक ही सीमित कर देते हैं। जबकि इसका उद्देश्य जीवन निर्माण है। ऐसा जीवन जो देश के लिए उपयोगी हो। समाज के लिए प्रेरणा हो। शिक्षा को संस्कारों और राष्ट्रीय मूल्यों से जोड़ने पर ही विकसित भारत की नींव रखी जा सकती है।

**विकसित भारत में हर नागरिक सुरक्षित-समृद्ध और आत्मनिर्भर होगा**

सीएम ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'विकसित भारत' का जो संकल्प देशवासियों को दिया है, उसमें शिक्षा और शिक्षकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। शिक्षक ऐसी पीढ़ी को गढ़ने का काम कर रहे हैं, जो आने वाले समय में न केवल अकादमिक रूप से उत्कृष्ट होगी, बल्कि नैतिक दृष्टिकोण से भी मजबूत होगी। विकसित भारत वह होगा, जहां हर नागरिक सुरक्षित-समृद्ध और आत्मनिर्भर हो।

अपने संबोधन में सीएम योगी ने देश की वैदिक परंपराओं की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि हमारा वैदिक उद्घोष माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः रहा है। प्रधानमंत्री उसी भावना को 'नेशन फर्स्ट' के सिद्धांत में दोहरा रहे हैं। हमें भी इसी सिद्धांत के साथ जीवन के हर क्षेत्र में कार्य करना चाहिए। यह काम सिर्फ देश के नेतृत्व, सेना के जवानों और प्रशासनिक अफसरों का ही नहीं है। बल्कि, शिक्षकों का भी होना चाहिए।

**छात्रों में देशभक्ति और नैतिकता भी रोपें शिक्षक**

सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर चिंता व्यक्त करते हुए सीएम ने कहा कि जब युवाओं के भीतर राष्ट्र के प्रति श्रद्धा का अभाव होता है, तभी देशविरोधी विचार पनपते हैं। इसलिए, शिक्षकों का उत्तरदायित्व बनता है कि वह न केवल ज्ञान दें, बल्कि छात्रों में देशभक्ति और नैतिकता भी रोपें।

## मोटा कहने पर दो युवकों को गोली मारी

गोरखपुर, 10 मई (एजेंसियां)। गोरखपुर में हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां मोटा कहने पर दो युवकों को गोली मार दी गई। आरोपी एक दावत में गया था। वहां दोनों युवकों ने मोटका कहकर उसका मजाक उड़ाया। यह बात उसे इतनी बुरी लगी कि उसने दोनों को जान से मारने का प्लान बना डाला।

जैसे ही दोनों युवक दावत के बाद कार से निकले, आरोपी अपने दोस्त के साथ उनका पीछा करने लगा। 20 किलोमीटर दूर जाने के बाद आरोपी ने उनकी कार को ओवरटेक कर लिया। इसके बाद दोनों को कॉलर पकड़कर बाहर निकाला और उन पर फायरिंग कर दी। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए। घटना 2 मई की है। शुक्रवार को पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने गोली मारने की वजह बताई।

# राजद नेता बोले-यादव के हर घर में लाठी, इसे लेकर सीमा पर जाएंगे

### तेजप्रताप के बाद अनूठी बात

गया, 10 मई (एजेंसियां)। गया में राजद युवा के प्रदेश उपाध्यक्ष और बेलागंज से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी विश्वनाथ यादव ने देश की सुरक्षा को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि इस वक्त देश की सीमाओं पर हालात युद्ध जैसे हैं और भारतीय सेना बहादुरी से जवाब दे रही है।



उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर सेना के साथ मजबूती से खड़ा होना चाहिए। अगर देश को जरूरत पड़ी तो भारत का हर बच्चा, जवान, बुजुर्ग और महिला देश के लिए लड़ने और मरने को तैयार है। उन्होंने आगे कहा कि अगर समय आया तो हम घर के लाइसेंसी हथियार का इस्तेमाल भी देश की सुरक्षा के लिए करेंगे। यादव समाज की बात करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे समाज में हर घर में लाठी रखी जाती है, और जरूरत पड़ी तो उस पर भाला भी लगाया जाएगा। हमारे समाज के लोग शुरू से लड़ाकू और क्षत्रिय स्वभाव के रहे हैं।

**'तन, मन, धन और हथियार के साथ तैयार'**

उन्होंने कहा कि हम किसान भी हैं और हमारे समाज से ही सबसे ज्यादा सैनिक निकलते हैं। इसलिए यह वक्त जात-पात, धर्म या पार्टी की राजनीति करने का नहीं, बल्कि भारतीय बनकर एक साथ खड़े होने का है। अंत में उन्होंने कहा कि हम तन, मन, धन और हथियार (गन) से देश की रक्षा के लिए हर समय तैयार हैं। जहानाबाद सांसद सुरेंद्र प्रसाद यादव के पुत्र विश्वनाथ यादव बेलागंज विधानसभा के राजद पार्टी से पूर्व प्रत्याशी रहे है। कुछ दिन पहले तेज प्रताप यादव ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया था। उन्होंने लिखा कि अगर मेरी पायलट की ट्रेनिंग देश के काम आ सकती है, तो मैं हर वक्त देश की सेवा के लिए तैयार हूं। तेज प्रताप यादव ने बताया कि उन्होंने पायलट की ट्रेनिंग ली है और अगर देश की खातिर उनकी जान भी चली जाए, तो वे खुद को भाग्यशाली मानेंगे।

## चचेरे भाई का कत्ल कर मांगी पांच लाख की फिरौती, इंस्टाग्राम पर भेजा संदेश

### लाश संग ये घिनौना काम करता रहा कातिल

बिजनौर, 10 मई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के चांदपुर में पांच लाख की फिरौती के लिए सातवीं कक्षा के छात्र का अपहरण किया। छात्र पर ही परिवार वालों से पांच लाख रुपये मंगवाने का दबाव बनाया। छात्र के इनकार करने पर भेद खुलता देख छात्र की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने मृतक के चचेरे भाई समेत पांच आरोपियों को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर पूरे घटनाक्रम का खुलासा किया है। छात्र का शव बरामद होने के बाद पोस्टमार्टम कराया गया है। गांव हुसैनपुर कलां के रहने वाले दीपक कुमार का बेटा आयुष (14) मंगलवार की दोपहर घर से निकला। शाम तक नहीं लौटने पर परिवार वालों ने उसकी तलाश की। बुधवार को थाना शिवालाकलां में अपहरण का केस दर्ज कराया। लापता की तलाश में पुलिस जुटी हुई थी।

## लखीमपुर-खीरी में दो भाई और भतीजे की मौत

लखीमपुर, 10 मई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर-खीरी के पलिया क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। घटना शुक्रवार रात करीब 10 बजे की है। थाना सम्पूर्णानगर क्षेत्र के ग्राम त्रिकौलिया के दीपक (पुत्र बालकराम) उम्र 25, विशाल (पुत्र जमुना प्रसाद) उम्र 17 और निहाल (पुत्र ननकू) उम्र 13 बाइक से पलिया से अपने घर लौट रहे थे। ट्रैक्टर-ट्राली से हुई टक्कर ने एक ही परिवार के तीन लोगों की जिंदगियां छीन ली। फिलहाल, पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली और चालक को कब्जे में ले लिया है।

# भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच सीएम नीतीश कुमार पहुंचे सीमांचल

*बैठक में सेना के भी अधिकारी*

पूर्णिया, 10 मई (एजेंसियां)। भारत और पाकिस्तान में चल रहे तनाव के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार को पूर्णिया पहुंचे। पूर्णिया के समाहरणालय सभागार में सुरक्षा की दृष्टिकोण से उच्चस्तरीय बैठक की गई। सीएम नीतीश कुमार की इस उच्चस्तरीय बैठक में सेना के अधिकारी, बिहार के सभी सीमावर्ती जिलों के पुलिस एवं प्रशासनिक पदाधिकारी और रेलवे के अफसर शामिल हुए। इस बैठक में सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। भारत-पाक तनाव के चलते पहले से ही पूरे बिहार में हाई अलर्ट है और बॉर्डर वाले इलाकों में खास सतर्कता बरती जा रही है।





जानकारी के अनुसार, सीएम नीतीश की बैठक में प्रमुख रूप से 7 विषयों पर चर्चा हुई। सीमावर्ती जिलों में महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली गई। सीमा पर चौकसी, गश्ती और आवागमन पर निगरानी के साथ मादक पदार्थों, अवैध आग्नेयास्त्रों और मानव तस्करी की रोकथाम को लेकर भी चर्चा की गई। जिला स्तरीय नागरिक सुरक्षा व्यवस्था के साथ आपदा प्रबंधन के दृष्टिकोण से अग्निशमन और चिकित्सा व्यवस्था को अलर्ट रहने के लिए कहा गया। भारतीय सेना और केंद्रीय अर्ध सैनिक बलों के साथ समन्वय बनाकर काम करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में सीमा सुरक्षा बल सिलीगुड़ी और एसएसबी पटना के आईजी भी शामिल थे। दोनों अधिकारियों के साथ नेपाल और बंगाल सीमा से सटे राज्य के इलाके में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजामों को लेकर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की बैठक में सीमा सुरक्षा बल और सशस्त्र सीमा बल के पुलिस महानिरीक्षक, चुनापुर एयरबेस के स्टेशन कमांडर, कटिहार रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक के अलावा पूर्णिया और कोसी प्रमंडल के आयुक्त, पूर्णिया और सहरसा के पुलिस उपमहानिरीक्षक के अलावा पूर्णिया, कटिहार, अररिया, किशनगंज और सुपौल के डीएम और पुलिस अधीक्षक मौजूद थे। बता दें कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हेलीकॉप्टर से पूर्णिया कॉलेज के मैदान में उतरे। जहां से सड़क मार्ग से पूर्णिया समाहरणालय पहुंचे। जहां 45 मिनट तक अधिकारियों के साथ बैठक की गई। अधिकारियों के साथ बैठक के बाद मुख्यमंत्री हवाई मार्ग से पटना लौट गए।

## व्यवसायी के घर 50 लाख की चोरी मामले में सात आरोपी गिरफ्तार

### नकद समेत लाखों का गहना बरामद

समस्तीपुर, 10 मई (एजेंसियां)। समस्तीपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। नगर थाना अंतर्गत माड़वारी बाजार के व्यवसायी के घर में हुए चोरी के मामले में सात अपराधियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही पांच लाख नकद समेत 20 लाख का गहना भी बरामद किया है। एएसपी संजय पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि गत 26 अप्रैल को नगर थानान्तर्गत खान मार्केट के रवि कुमार गुप्ता के मकान में लाखों की चोरी हुई थी। चोरी की इस घटना के बाद संदिग्ध मजहर ईमाम उर्फ तौशीफ को नीम गली से गिरफ्तार किया गया। संजय पांडे ने बतलाया कि पूछताछ करने पर खान मार्केट स्थित रवि कुमार गुप्ता के मकान में अपने सहयोगी अपराधकर्मियों के साथ मिलकर लॉकर से आभूषण एवं नकद रुपये चोरी करने की बात स्वीकार की।

मजहर ईमाम उर्फ तौशीफ के स्वीकारोक्ति बयान एवं निशानदेही पर चोरी किए गए विभिन्न प्रकार के आभूषणों और नकद पांच लाख रुपये बरामद किया गया है। विशेष टीम द्वारा चोरी किए गए शेष सामानों की बरामदगी के लिए छापामारी की जा रही है। गिरफ्तार अपराधकर्मियों का अपराधिक पृष्ठभूमि रहा है, जिस संबंध में पता किया जा रहा है। घटना के उद्भेदन के लिए गठित विशेष टीम के सदस्यों को पुरस्कृत किया जाएगा।

# भारतीय सेना के जज्बे को सलाम, 72 घंटे में ही पाकिस्तान के सैकड़ों ड्रोन-मिसाइल कर दिए तबाह : राजीव रंजन

पटना, 10 मई (एजेंसियां)। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान की जवाबी कार्रवाई का जवाब भारत ने पाकिस्तान के तीन एयरबेस को टारगेट कर दिया है। भारत की इस कार्रवाई पर जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि पाकिस्तान लगातार नापाक हरकत कर रहा है और भारतीय सेना की ओर से उसे मुंहतोड़ जवाब दिया जा रहा है। 72 घंटे के भीतर भारत ने पाकिस्तान के सैकड़ों ड्रोन और मिसाइलों को नष्ट किया।



शनिवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि मैं भारतीय सेना के जज्बे को सलाम करता हूं। उन्होंने बहुत धैर्य के साथ पाकिस्तान की उकसावे वाली हरकतों का ऐसा जवाब दिया है कि महज 72 घंटे के अंदर पाकिस्तान में मौजूद कई आतंकी ठिकानों, उनके सैन्य प्रतिष्ठानों और पुलिस स्टेशनों को नष्ट कर दिया है। सैकड़ों ड्रोन और मिसाइलों को भारत ने मार गिराया है। उन्होंने पाकिस्तान को चेताया, पाकिस्तान अगर अभी भी नहीं संभला तो भारत सख्त कार्रवाई करेगा। पाकिस्तान लगातार भारतीय नागरिकों को निशाना बना रहा है। लेकिन, हमारी वायुसेना का राफेल गुरुर है। राफेल के होने से हमारी डिफेंस में अभूतपूर्व समृद्धि आई है। भारत के एयर डिफेंस में जो उपकरण इस्तेमाल किया जा रहा है वह पाकिस्तान के किसी भी हमले को मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि पीएम मोदी की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठकें हो रही हैं। सीसीएस की बैठक हो या फिर दूसरी बैठकें। खुफिया विभाग से लगातार पीएम मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह लगातार संवाद कर रहे हैं।

भारतीय सेना को खुली छूट दी गई है वह अपनी रणनीति के तहत पाकिस्तान की नापाक हरकत को मुंहतोड़ जवाब दें। बता दें कि पहलगाम आतंकी हमले का जवाब भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर से दिया। भारत ने पाकिस्तान को आगाह किया था कि अगर वह इसके जवाब में कोई भी हरकत करता है तो उसे मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। भारत की ओर पाकिस्तान से दागे गए सभी ड्रोन और मिसाइल को भारतीय सेना ने तबाह कर दिया है।

## प्रमोद मर्डर केस : सिर की हड्डियां टूटी-फट गया था भेजा

### पोस्टमार्टम में खूनी खेल उजागर, आरोपी की तलाश जारी

मुरादाबाद, 10 मई (एजेंसियां)। मुरादाबाद की परंपरा सोसायटी में केमिकल कारोबारी दया किशन रस्तोगी की मां प्रमोद रस्तोगी (75) की हत्या करने के बाद भागे नौकर सचिन सक्सेना को पुलिस की चार टीमें 24 घंटे बाद भी तलाश नहीं कर पाईं। नौकर मोबाइल इस्तेमाल नहीं करता है। जिस वजह से उसकी लोकेशन की तलाश में पुलिस को कोई मदद नहीं मिल पाई।

सिविल लाइंस क्षेत्र के रामगंगा विहार स्थित परंपरा सोसायटी निवासी कारोबारी दया किशन रस्तोगी पांच मई की सुबह अपनी पत्नी रेखा, बेटे ईशान के साथ पुणे में मेडिकल की पढ़ाई कर रही बेटी ज्योतिका से मिलने गए थे। दो मंजिला मकान में बुजुर्ग मां प्रमोद रस्तोगी की देखभाल के लिए कोतवाली क्षेत्र के चौमुखापुल निवासी नौकर सचिन सक्सेना और सिविल लाइंस के हिमगिरी हरथला निवासी नौकरानी अनीता को छोड़ कर गए थे। बृहस्पतिवार की दोपहर करीब करीब दो बजे नौकरानी मकान की ऊपरी मंजिल से साफ-सफाई करने के बाद नीचे आई तो उसने देखा कि नौकर सचिन ने कारोबारी की मां की हत्या कर दी है। उनके जेवर भी उतार लिए हैं। उसने आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया तो आरोपी मौके से भाग गया। इस मामले में पुलिस ने साईं गार्डन में रहने वाले प्रमोद रस्तोगी के छोटे बेटे डॉ. गौतम रस्तोगी की तहरीर पर सचिन के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस मामले में सिविल लाइंस थाने, एसओजी और सर्विलांस सेल समेत चार टीमें आरोपी की तलाश में लगाई गई हैं। चौबीस घंटे बीतने के बाद भी पुलिस किसी नतीजे पर नहीं सकी हैं।

भारत, पाकिस्तान को बहुत सही जवाब दे रहा

# यूपी पुलिस मुख्यालय पहुंचीं यूपीएससी टॉपर शक्ति दुबे

### कहा-सोशल मीडिया पर पूरा भरोसा न करें

लखनऊ, 10 मई (एजेंसियां)। यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा- 2024 की टॉपर शक्ति दुबे शनिवार को लखनऊ में पुलिस हेडक्वार्टर पहुंचीं। उन्होंने डीजीपी के साथ यूपी पुलिस और कुंभ में की गई व्यवस्था की तारीफ की। पाकिस्तान के साथ चल रहे टकराव को लेकर कहा कि भारत काफी समय से आतंकवाद से जूझ रहा है। भारत की ओर से ठोस और सटीक जवाब दिया जा रहा है। पाकिस्तान के खिलाफ भारत के रुख को लेकर कहा कि आतंकवाद के साथ कोई बातचीत नहीं हो सकती। भारत का स्टैंड बिल्कुल ठीक है। जब तक पाकिस्तान अपनी ओर से आतंकवाद को नहीं रोकता, तब मेरी उनके साथ किसी तरह का इंगेजमेंट सही नहीं।



**कहा-देश में महिलाएं काफी पावरफुल**

भारत-पाकिस्तान टकराव के बीच दो महिला अधिकारियों की ब्रीफिंग और महिला सशक्तीकरण के एक सवाल के जवाब में शक्ति ने कहा कि भारत काफी मजबूत स्थिति में है। इससे यही पता चलता है कि हमारे देश में केवल पुरुष ही नहीं, महिलाएं भी काफी पावरफुल हैं। सभी तरह की चुनौतियों का सामना करने को तैयार रहती हैं। मूलरूप से प्रयागराज की रहने वाली शक्ति दुबे ने अपनी सफलता के पीछे कड़ी मेहनत, सही रणनीति और धैर्य के साथ अपनी मां को श्रेय देना नहीं भूलीं। उन्होंने कहा कि पुलिस में नौकरी की वजह से पिता का अक्सर तबादला होता रहता था। एक स्थान से दूसरे और दूसरे से तीसरे स्थान पर जाना पड़ता था। ऐसे में मां ने मेरा पूरा साथ दिया। इसका नतीजा है कि इस मंजिल तक पहुंच सकी। एक सवाल के जवाब में शक्ति ने कहा कि एजुकेशन की स्टेबिलिटी मेंटेन करना अहम होता है। इसके लिए मेरी मां ने अहम भूमिका निभाई। शक्ति दुबे के पिता प्रयागराज में सब-इंस्पेक्टर हैं। शक्ति ने इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से बायोकेमिस्ट्री में स्नातक और बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी (बीएचयू) से पोस्टग्रेजुएशन किया है।

**यूपीएससी की तैयारी कर रहे छात्रों को दिए टिप्स**

लखनऊ पुलिस लाइन में रह रहे पुलिसवालों के बच्चे, जो यूपीएससी की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें शक्ति दुबे ने नसीहत दी।

## खपरैल के मकान में रहने वाले दिव्यांग के खाते में 97.24 लाख रुपये

### केंद्रीय एजेंसी के अलर्ट के बाद एफआईआर

बरेली, 10 मई (एजेंसियां)। बरेली में फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट इंडिया की रिपोर्ट के बाद नवाबगंज थाना पुलिस ने 97 लाख रुपये से ज्यादा के संदेहास्पद लेनदेन में एक दिव्यांग युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। युवक अपने खाते में हुए इस लेनदेन का जवाब नहीं दे पाया है, अधिकारी इसे हवाला धंधे से जोड़कर देख रहे हैं।

पुलिस ने बताया कि रत्नानंदपुर गांव निवासी पुनीत कुमार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। मकान खपरैल का है। पुनीत का बैंक खाता जन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड बरेली की रामपुर गार्डन शाखा में है। खाते में 15 जुलाई से 18 सितंबर 2024 तक करीब 97.24 लाख रुपये का लेनदेन किया गया। एफआईयू-इंडी (फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट इंडिया) की संदिग्ध ट्रांजेक्शन रिपोर्ट के आधार पर एसएसपी अनुराग आर्य ने पुलिस की जांच टीम गठित की।

जब मामले की पड़ताल की गई तो खाताधारक पुनीत फंसता चला गया। नवाबगंज थाने के दरोगा विजय सिंह ने स्थलीय जांच की तो पुनीत का बयान, घर के हालात व बैंक स्टेटमेंट मेल नहीं खा रहे थे। दरोगा ने जांच रिपोर्ट तैयार कर थाना प्रभारी राहुल सिंह को सौंप दी। राहुल सिंह ने पुनीत कुमार पर रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

# पाकिस्तान का जन्म हुआ है उसका जाना तय है भारत अनंतकाल से है : जीतन राम मांझी

गया, 10 मई (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले और फिर भारतीय सेना की ओर से ऑपरेशन सिंदूर को सफलता से अंजाम देने के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। पाकिस्तान लगातार उकसावे की कार्रवाई कर रहा है। इस बीच, केंद्रीय मंत्री और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रमुख जीतन राम मांझी ने कहा कि भारतीय सेना पाकिस्तान हमें लगातार उकसा रहा है।



उसकी उकसावे की कार्रवाई के बाद भी हमारी सेना संयम का परिचय दे रही है। गया में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि फिलहाल जो स्थिति है उसमें रिहायशी इलाकों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है, लेकिन अब पाकिस्तान से युद्ध का अंतिम वक्त आ गया है। हर बार पाकिस्तान नापाक हरकत करता है। सबसे पहले उसी ने शुरू किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान लगातार ड्रोन, मिसाइल का प्रयोग कर रहा है, अगर ऐसे कैंपों को भारत द्वारा ध्वस्त किया गया है तो यह सही है। भारतीय सेना बेहतर कदम उठा रही है। भारत को किसी भी दबाव में नहीं झुकना चाहिए। यह स्थिति 10 दिन चले या 15 दिन रहे, चलते रहना चाहिए। पाकिस्तान से झगड़े के तत्वों को ही मिटा देना चाहिए। इधर, पूर्व सांसद आनंद मोहन ने कहा कि पाकिस्तान कभी भी एक जिम्मेदार राष्ट्र के रूप में नहीं रहा है। यह एक उदंड देश के रूप में जाना जाता है। यह परिपक्व, जिम्मेदार राष्ट्र के रूप में नहीं रह सकता। पाकिस्तान में सबसे अधिक मुसलमानों की हत्या हुई। आखिर बांग्लादेश कैसे बना? उन्होंने दावा करते हुए कहा कि अगर भारत कूटनीतिक तौर पर चाहे तो पाकिस्तान के अभी चार टुकड़े हो जाएं।

पहलगाम में आतंकी घटना की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में शांति व्यवस्था कायम थी, पर्यटन बढ़ने लगा था, तब पर्यटकों पर आतंकियों ने हमला किया। जो जैसा किया है, वैसा उसे भरना होगा। उदंड देश को उसकी सजा मिलनी चाहिए। पूरा विश्व भारत के साथ है। जिसका जन्म होता है, उसका जाना तय है। पाकिस्तान की जन्मतिथि है, उसका जन्म हुआ है, उसका जाना तय है। भारत तो अनंतकाल से है।

## सहारनपुर में 8 साल की बच्ची की हत्या

### रेप की आशंका, घर के पीछे खून से लथपथ शव मिला; शाम से लापता थी

सहारनपुर, 10 मई (एजेंसियां)। सहारनपुर में 8 साल की बच्ची की हत्या कर दी गई। रेप की आशंका है। शव का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। बच्ची का शव खून से लथपथ मिला। उसके प्राइवेट पार्ट से खून बह रहा था। वारदात सदर थाना क्षेत्र की है। बच्ची शुक्रवार शाम से घर से लापता थी। शनिवार सुबह घर के पीछे उसका शव मिला। बच्ची की मां ने कहा-शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे बच्ची दरवाजे पर तरबूज खा रही थी। इसके बाद वह लापता हो गई। रातभर हम लोग ढूंढते रहे। शनिवार सुबह घर के पीछे बच्ची का शव मिला। बच्ची का गला घोंटा गया था। मुंह से झाग आ रही थी। उसके प्राइवेट पार्ट से भी खून बह रहा था।

## बस और हाईवा में भिड़ंत, तीन बारातियों की मौत

जहानाबाद, 10 मई (एजेंसियां)। पटना-गया राष्ट्रीय उच्च पथ 22 पर तेज रफ्तार से जा रही हाईवा और बराती से भरे बस में जोरदार टक्कर हो गई, जिससे बस में सवार तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये हैं। घायलों में लगभग आधा दर्जन लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने पटना रेफर कर दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के गांव के लोग घटनास्थल पर पहुंचे और बस में फंसे घायल यात्रियों को निकाल कर अस्पताल भेजने लगे। घटना की सूचना पुलिस को भी दी गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई और घटना में घायल लोगों को अस्पताल भेजी। घटना जहानाबाद के करौना थाना क्षेत्र के लोदीपुर गांव के समीप हुई है।

# भारतीय सेना की आंख बने इसरो के 7 सैटेलाइट

## पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों-आतंकी लॉन्च पैड की सटीक तस्वीरें दे रहे; फिर सेना तबाह कर रही



नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर सटीक हमला करने में इसरो की अहम भूमिका रही। इसरो के सैटेलाइट नेटवर्क के इनपुट के जरिए मिली मदद से भारतीय सेनाओं ने सैन्य राडार सिस्टम नष्ट करने और पाकिस्तान के ड्रोन व मिसाइल हमलों को निष्क्रिय करने की सफलता हासिल की।

इसरो का सैटेलाइट नेटवर्क भारतीय सेनाओं को आतंकियों के अड्डों की सटीक पहचान करने, हमले के लिए लक्ष्य तय करने से लेकर पाकिस्तान सेना के ठिकानों , हथियारों व टुकड़ियों के आवागमन, राडार स्टेशनों की जानकारी दे रहा है। साथ ही उनके इलेक्ट्रॉनिक गतिविधियों को ट्रैक करने जैसी हर संवेदनशील हरकत को पकड़ने और खुफिया जानकारी हासिल करने में खासा मददगार बन रहा है। इस समय इसरो के कम से कम 7 सैटेलाइट संवेदनशील व खुफिया जानकारी पा रही है।

**आतंकियों के लॉन्च पैड्स-पाक सैन्य ठिकानों की तस्वीरें मिल रहीं**

इसरो के 7 सर्विलांस उपग्रह से सेनाओं को मिल रहा सटीक इनपुट कार्टोसैट से 0.6 मीटर से 0.35 मीटर तक की हाई रिजॉल्यूशन इमेजरी मिल सकती है। इसके जरिए पाक के आतंकी लॉन्च पैड्स, सैन्य ठिकानों की सटीक लोकेशन और मूवमेंट की स्पष्ट तस्वीरें मिल पाईं। दिन की अच्छी रोशनी में इस सैटेलाइट से सीमावर्ती इलाकों में रियल टाइम तस्वीरें और वीडियो क्लिप्स तक हासिल की जा सकती हैं।

**7 सैटेलाइट की खूबियां**

**1. आरआईसैट-2बी (राडार इमेजिंग सैटेलाइट):** इससे बादल घिरे होने, रात के अंधेरे और धूलभरे मौसम निगरानी संभव है क्योंकि इसमें सिंथेटिक अपर्चर राडार आधारित निगरानी हो पाती है। भारतीय तटों से लगे इलाके में समुद्र में घुसने वाले किसी भी अवांछित जहाज को ट्रैक की क्षमता वाला सैटेलाइट, नौसेना के लिए उपलब्ध।

**2. आरआईसैट-2बीआर1:** सिंथेटिक अपर्चर राडार आधारित सैटेलाइट है। पाकिस्तान के छिपे हुए मूवमेंट की जानकारियों का पता चल सका और लक्ष्यों की पुष्टि हो सकी। महज 35 सेमी की दूरी पर स्थित दो ऑब्जेक्ट को पहचान लेने की क्षमता वाला खुफिया सैटेलाइट।

**3. कार्टोसैट-3:** इंडिया रिमोट सेंसिंग प्रोग्राम का हिस्सा, थर्मल इमेजिंग की क्षमता वाला सैटेलाइट, 25 सेमी की वस्तु की हाई रिजॉल्यूशन इमेज लेने वाले पैनक्रोमैटिक कैमरे से लैस। मिशन से जुड़ा।

**4. इमिसैट सैटेलाइट:** डीआरडीओ ने कौटिल्य प्रोजेक्ट के तहत 8 साल में विकसित किया, सीमापार दुश्मन के राडार के इलेक्ट्रॉनिक संकेतों को पकड़ने की क्षमता, 90 मिनट में धरती की एक परिक्रमा। इमिसैट से इलेक्ट्रॉनिक इंटेलिजेंस हासिल हो सका। इसके जरिए पाक के राडार स्टेशनों, संचार सिग्नल्स और इलेक्ट्रॉनिक गतिविधियों को ट्रैक किया जा सका। इससे यह भी पता लगाया जा सकता है कि कहां क्या सैन्य उपकरण सक्रिय किए जा रहे हैं। राडार सिस्टम को खत्म करने में इसकी अहम भूमिका रही।

**5. हायसिस सैटेलाइट:** हायसिस के जरिए हाइस्पैक्ट्रल इमेजिंग हासिल हो पा रही है यानी पाकिस्तान में किसी भी स्ट्रक्चरल बदलाव या सैनिक जमावड़े की पहचान कर पाना संभव हो पा रहा है। पाक के हथियारों और वाहनों की सामग्री के आधार पर भी पहचान करने की क्षमता है।

6. जीसैट-7 (जियो स्टेशनरी सैटेलाइट): नौ सेना और तट रक्षा बल के लिए संचार के लिए उपलब्ध, समूचे महासागर क्षेत्र में रियल टाइम कम्युनिकेशन की क्षमता, 60 जहाज और 75 एयरक्राफ्ट से एक साथ संचार में सक्षम, नौ सेना की सभी संपत्तियों को एक साथ जोड़ने की क्षमता। इसके जरिए सेना के कमांड व यूनिट्स के बीच सुरक्षित संचार सुनिश्चित करने में मदद ली जा रही है। इसे खासकर नौसेना समुद्री निगरानी में इस्तेमाल कर रही है। इस सैटेलाइट का इस्तेमाल वायुसेना और थलसेना अनमैंड एरियल व्हीकल यानी ड्रोन के संचालन और एयरबॉर्न अर्ली वार्निंग एंड कमांड सिस्टम में किया जा रहा है। पाक से आने वाले ऑब्जेक्ट को ट्रैक करने में मदद।

**7. जीसैट-7ए (एंगरी बर्ड):** इस सैटेलाइट की कुल क्षमता का 30 फीसदी भारतीय सेना और इंडियन एयरफोर्स के लिए उपलब्ध, इस उपग्रह ने वायु सेना की सभी संपत्तियों यानी फाइटर प्लेन, एयरबॉर्न अर्ली वॉर्निंग कंट्रोल सिस्टम व ड्रोन को एक-दूसरे और जमीनी स्टेशनों से जोड़ने की क्षमता जिससे वायुसेना को नेटवर्क-केंद्रित युद्ध क्षमता हासिल हुई।




## राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा की पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी

### 'रावलपिंडी में लहराएगा भारत का तिरंगा'

नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी के नेता और राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने हाल ही में सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तान को एक सख्त चेतावनी दी है। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि भारत कभी किसी को पहले नहीं छेड़ता, लेकिन अगर कोई भारत की तरफ आंख उठाकर देखे, तो उसे छोड़ा भी नहीं जाता।

राघव चड्ढा ने कहा, 'यह भारत का उसूल है-न हम किसी को पहले छेड़ते हैं, न ही बाद में किसी को छोड़ते हैं। हम 140 करोड़ लोग चट्टान की तरह अपनी सेना के साथ खड़े हैं। भारत शांति चाहता है, लेकिन सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेगा।' उन्होंने आगे कहा कि भारत की धरती महात्मा बुद्ध की भूमि है, लेकिन यह अर्जुन और भीम जैसे महावीर योद्धाओं की भी भूमि है। चड्ढा ने पाकिस्तान को चेताते हुए कहा कि अगर उसने भारत की संप्रभुता को चुनौती दी, तो परिणाम बेहद गंभीर होंगे। उन्होंने कहा, 'हमारी वायु रक्षा प्रणाली दुश्मन की मिसाइलों को मच्छर की तरह मसल रही है।

हमारे पास वह ताकत है जो किसी भी खतरे को मुंहतोड़ जवाब दे सकती है। भारत का हर नागरिक सेना के साथ खड़ा है। यह वक्त सिर्फ बातें करने का नहीं, बल्कि एकजुट होकर खड़े रहने का है।' गौरतलब है कि पहलगाम हमले के बाद से ही पाकिस्तान और भारत के बीच चल रही तनातनी के दौरान पक्ष विपक्ष सभी नेता खुलकर देश की सरकार के साथ और भारतीय सेना के साथ खड़े हुए हैं।

## पाकिस्तान के साथ तनाव के बीच शांति की पहल करे भारत : महबूबा मुफ्ती



श्रीनगर, 10 मई (एजेंसियां)। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव पर चिंता जताते हुए भारत से शांति की पहल करने का आह्वान किया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपने एक बयान में उन्होंने कहा कि भारत को अपनी सॉफ्ट पावर और उपमहाद्वीप में नेतृत्वकारी भूमिका का उपयोग कर तनाव कम करने के लिए पहला कदम उठाना चाहिए। महबूबा ने अपने बयान में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के उस बयान का जिक्र किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत-पाक तनाव के मामले में अमेरिका एक निश्चित बिंदु से आगे हस्तक्षेप नहीं करेगा।

हालांकि, स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख से संपर्क कर तनाव कम करने का आग्रह किया है। महबूबा ने इस घटनाक्रम का हवाला देते हुए कहा कि भारत को अब अंतरराष्ट्रीय समर्थन पर निर्भर रहने के बजाय अपनी ताकत और नेतृत्व क्षमता पर भरोसा करना चाहिए। पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, शुरू में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा था कि भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के मामले में अमेरिका एक निश्चित बिंदु से आगे हस्तक्षेप नहीं करेगा, लेकिन अब स्थिति की चिंताजनक गंभीरता को देखते हुए अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख से संपर्क किया है और तनाव कम करने का आग्रह किया है।

भारत दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र और अब एक उभरती हुई शक्ति/सबसे अधिक आबादी वाले देश के रूप में - जिसकी अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है और जो वैश्विक स्तर पर तीसरे स्थान पर है, उसे असंगत अंतरराष्ट्रीय समर्थन पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। इसके बजाय, भारत को उपमहाद्वीप में अपनी नेतृत्वकारी भूमिका को अपनाना चाहिए और तनाव कम करने के लिए पहला कदम उठाना चाहिए।

## एमपी बीजेपी की ऑफिशियल वेबसाइट हैक

### ओपन करने पर यू हैव बीन हैक्ड पीएफए साइबर फोर्स लिखा आया; 'ऑपरेशन बुनयान-अल-मरसूस' का जिक्र

इंदौर, 10 मई (एजेंसियां)। भारत-पाकिस्तान के बिगड़े हालात के बीच हैकर्स ने शनिवार को मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी की ऑफिशियल वेबसाइट को हैक कर लिया है। जानकारी के मुताबिक हैकर्स ने बीजेपी की राष्ट्रीय वेबसाइट को भी हैक करने की कोशिश की है। बीजेपी से जुड़े सूत्रों ने बताया कि पार्टी की एमपी की वेबसाइट पर सुबह कुछ यूजर्स ने जाकर देखा तो उस पर पाकिस्तान ऑपरेशन का नाम लिखा हुआ आ रहा था। हालांकि अभी वेबसाइट पर भारतीय जनता पार्टी और 404 लिखा हुआ आ रहा है। बीजेपी आईटी सेल को वेबसाइट हैक होने की जानकारी जैसे ही मिली, टीम ने इसे ठीक करने का काम शुरू कर दिया। बीजेपी प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने बताया कि सुबह वेबसाइट हैक होने की जानकारी मिली थी। टीम ने जानकारी मिलते ही इसे रिस्टोर कर लिया है। हालांकि अग्रवाल ने पार्टी की राष्ट्रीय वेबसाइट हैक होने की बात से इनकार किया।

**वेबसाइट पर 'ऑपरेशन बुनयान-अल-मरसूस' लिखा**

वेबसाइट के होमपेज पर यू हैव बीन हैक्ड पीएफए साइबर फोर्स लिखा हुआ नजर आ रहा था। हालांकि यह अभी तक साफ नहीं हुआ है कि वेबसाइट किसने हैक की है। हैक की गई वेबसाइट पर 'ऑपरेशन बुनयान-अल-मरसूस' का जिक्र प्रॉमिनेंटली दिखा। इस ऑपरेशन का नाम अरबी भाषा से लिया गया है, जिसका अर्थ है 'शीशे से बनी मजबूत दीवार'। इस ऑपरेशन के बारे में पाकिस्तान की तरफ से भी बयान सामने आया था। बीजेपी सूत्रों ने बताया कि हैकर्स ने एमपी के साथ ही बीजेपी की राष्ट्रीय वेबसाइट भी हैक करने की कोशिश की थी।

## आपातकालीन तैयारियों पर दिल्ली में बैठक

### सीएम रेखा ने सभी विभागों के प्रमुखों के साथ की चर्चा



नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)। भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहा तनाव अब चौथे दिन में पहुंच गया है। शनिवार को सरहद पर हालात और तनावपूर्ण हो गए हैं। पाकिस्तान लगातार उकसावे की कोशिश कर रहा है, जिसे भारत की मजबूत वायु रक्षा प्रणाली के जरिए लगातार नाकाम किया जा रहा है। देर रात पाकिस्तान ने 26 शहरों को निशाना बनाया। जवाब में भारत ने उसके हर नापाक मंसूबों पर पानी फेर दिया। भारत ने जवाबी कार्रवाई भी की। भारत के कई सीमावर्ती शहर अलर्ट पर हैं। वहीं, दिल्ली को भी हाई अलर्ट पर रखा गया है।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सचिवालय में सभी विभागों के प्रमुखों के साथ बैठक की अध्यक्षता की। यह बैठक दिल्ली में आपातकालीन तैयारियों पर है। तैयारियों पर चर्चा के लिए सभी विभागाध्यक्षों को बुलाया गया है।

**आतंकियों के ठिकाने तबाह होने से बौखलाया है पाकिस्तान**

पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को आतंकियों ने पर्यटकों पर हमला किया। धर्म पूछकर उन्हें गोली मारी। 6-7 मई की दरमियानी रात भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत 24 मिसाइलें आतंकियों के नौ ठिकानों को नष्ट कर दिया। इसके अगले दिन यानी 8 मई को पाकिस्तान ने नापाक हरकत की। सरहद पर तेजी से हालात बदले। पाकिस्तान जंग पर आमादा हो गया। गुरुवार को दोपहर 2:34 बजे यह खुलासा हुआ कि पाकिस्तान ने बौखलाहट में भारत के 15 शहरों में स्थित सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की, जिसे सेना ने नाकाम कर दिया। यही नहीं, पाकिस्तान के सबसे बड़े शहर लाहौर में उसे काफी नुकसान पहुंचा। भारत ने लाहौर में पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम पूरी तरह ध्वस्त कर दिया।

बता दें कि 9 मई की रात को पाकिस्तानी सेना ने भारतीय ठिकानों की ओर करीब 500 ड्रोन दागे, जिन्हें लद्दाख के सियाचिन बेस कैंप से लेकर गुजरात के कच्छ इलाके तक 24 जगहों पर देखा गया। इनमें से करीब 50 ड्रोन को एयर डिफेंस गन ने नष्ट कर दिया, जबकि करीब 20 को सॉफ्ट किल के जरिए मार गिराया गया। ज्यादातर ड्रोन हथियारों से लैस नहीं थे। ड्रोन में कैमरे लगे थे और संभवतः वे अपने ग्राउंड स्टेशनों पर फुटेज रिले कर रहे थे।

## पाकिस्तान ने स्वीकारा चीन निर्मित पीएल-15 मिसाइल से भारत पर किया हमला, किसी संघर्ष में पहली बार ऐसा हुआ

नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान ने भारत पर हमले के लिए चीन की लंबी दूरी की पीएल-15 मिसाइल का इस्तेमाल करने की बात स्वीकार की है। पाकिस्तानी वायुसेना ने शुक्रवार को कहा कि उसने बुधवार को भारत की ओर से पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी शिविरों को नष्ट करने के बाद चीनी पीएल-15 मिसाइल का इस्तेमाल किया था।

यह स्वीकारोक्ति किसी भी देश की ओर से पीएल-15 मिसाइल के किसी संघर्ष में पहली बार इस्तेमाल किए जाने की पुष्टि करता है। चीनी मिसाइल का इससे पहले किसी संघर्ष में इस्तेमाल नहीं हुआ है। पीएल-15 एक रडार निर्देशित, लंबी दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल है। इसकी अनुमानित मारक क्षमता 200 किलोमीटर से अधिक है और इसे दुश्मन के विमानों के लिए बड़ा खतरा माना जाता है। पाकिस्तान की स्वीकारोक्ति इस अटकल को भी पुख्ता करती है कि बृहस्पतिवार को हमले की कोशिश के बाद पंजाब के होशियारपुर और बठिंडा जिलों में बरामद मिसाइल का मलबा संभवतः पीएल-15 का ही था। भारत की मजबूत वायु रक्षा प्रणालियों ने मिसाइल को हवा में ही रोक दिया था। पीएल-15 को अपनी दृश्य-सीमा से परे की क्षमताओं के लिए जाना जाता है और इसे भारत के डीआरडीओ की विकसित एस्ट्रा हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल के बराबर माना जाता है। इसकी हाल ही में पाकिस्तान को चीन की ओर से आपूर्ति की गई थी। एक रक्ष विश्लेषक ने बताया कि पीएल-15 बहुत लंबी दूरी की चीनी मिसाइल है। इसे सार्वजनिक रूप से बहुत कम देखा गया है। संभवतः इसे पहली बार दागा गया है और हमारे वैज्ञानिक इसे बहुत बारीकी से देख रहे हैं, वे इसकी विशेषताओं की जांच कर रहे हैं।

## अफवाहों पर ध्यान न दें, केदारनाथ धाम के लिए हेली सेवाएं जारी : सीएम धामी



देहरादून, 10 मई (एजेंसियां)। उत्तराखंड की चारधाम यात्रा को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। केदारनाथ यात्रा के लिए देवभूमि आने वाले श्रद्धालुओं को हेली सेवाएं लगातार मिलती रहेंगी। इसकी जानकारी खुद उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए दी। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। इसके साथ ही सीएम धामी ने बताया कि अब तक 4 लाख से अधिक श्रद्धालु धामों के दर्शन कर चुके हैं। दरअसल, सोशल मीडिया पर ऐसी खबरें चलाई जा रही थीं, जिसमें दावा किया गया था कि उत्तराखंड सरकार ने भारत-पाकिस्तान तनाव को लेकर अगले आदेश तक हेली सेवाएं बंद कर दी हैं। हालांकि, इस दावे को लेकर राज्य सरकार की तरफ से बयान सामने आया है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, प्रिय श्रद्धालुगण, प्रदेश में चारधाम यात्रा निर्बाध रूप से संचालित है। अब तक 4 लाख से अधिक श्रद्धालु धामों के दर्शन कर चुके हैं। श्री केदारनाथ धाम के लिए हेली सेवाएं भी पूरी तरह से संचालित हैं। उन्होंने आगे लोगों से अपील करते हुए कहा, आपसे निवेदन है कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। प्रदेश सरकार आपके यात्रा अनुभव को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## 'मेरे लिए खुशी का दिन' : 'आकाश' के पाकिस्तानी मिसाइल को ढेर करने पर बोले पूर्व वैज्ञानिक



नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)। भारत में स्वदेशी रूप से विकसित आकाश मिसाइल प्रणाली ने पाकिस्तान के मिसाइलों और ड्रोन को बेअसर करने और भारत के शहरों की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आकाश प्रणाली - एक सतह से हवा में मार करने वाली प्रणाली जिसे एक साथ कई लक्ष्यों को निशाना बनाने के लिए डिजाइन किया गया है - को डीआरडीओ के पूर्व वैज्ञानिक डॉ. प्रहलाद रामाराव ने 15 वर्षों में विकसित किया था।

**'उम्मीद से बढ़कर काम कर रहा है आकाश'**

वहीं इस पर प्रतिक्रिया देते हुए डॉ. प्रहलाद रामाराव ने कहा कि 'यह मेरे जीवन का सबसे खुशी का दिन है... अपने द्वारा बनाए गए मिसाइल को दुश्मन के हवाई लक्ष्यों को इतनी सटीकता और खूबसूरती से मारते हुए देखना। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने देखा कि 'यह उम्मीद से बढ़कर काम कर रहा है...आने वाले लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से निशाना बना रहा है, तो उनकी आंखों में आंसू आ गए।'

**'शुरुआत में भारतीय सेना ने आकाश में नहीं दिखाई थी रुचि'**

78 वर्षीय डीआरडीओ के पूर्व डॉ. प्रहलाद रामाराव, उस वक्त आकाश कार्यक्रम के सबसे कम उम्र के परियोजना निदेशक थे, जब उन्हें भारत के 'मिसाइल मैन' और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने चुना था। उन्होंने उस पल को याद करते हुए कहा कि भारतीय सेना ने इस प्रणाली को हासिल करने में हिचकिचाहट दिखाई थी, जिसे उन्होंने और उनके सहयोगियों ने ड्रोन, मिसाइलों, हेलीकॉप्टरों और यहां तक कि संयुक्त राज्य अमेरिका में बने सुपरसोनिक एफ-16 लड़ाकू विमानों जैसे अत्यधिक गतिशील विमानों को रोकने के लिए डिजाइन किया था, जिन्हें पाकिस्तानी पायलट उड़ाते हैं।

**पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइल को 'आकाश' ने किया ढेर**

बता दें कि, देश में ही तैयार 'आकाश' सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल वायु रक्षा प्रणाली ने गुरुवार को भारतीय शहरों को निशाना बनाकर किए गए पाकिस्तानी ड्रोन हमलों को नकाम करने में अहम भूमिका निभाई है। 8 मई और 9 मई की दरम्यानी रात भारतीय सेना ने पश्चिमी सीमा और जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पाकिस्तान की ओर से किए गए कई ड्रोन हमलों को सफलतापूर्वक नाकाम किया और उनका जवाब दिया।

**'आकाश' हवाई खतरों से बचाने वाला स्वदेशी हथियार**

'आकाश' को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने तैयार किया। डीआरडीओ की ओर से विकसित 'आकाश' एक मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल रक्षा प्रणाली है। इसे डीआरडीओ और भारत डायनेमिक्स लिमिटेड की ओर से निर्मित मिसाइलों की तरफ से विकसित किया गया है। 'आकाश' की सबसे बड़ी खासियत यह भी है कि यह कहीं भी ले जाया जा सकता है। इसे एलओसी या अन्य सीमा पर ट्रक या टैंक जैसे वाहनों के जरिए लेकर जाया जा सकता है। इसका एडवांस वर्जन आकाश-NG 70 से 80 किमी तक मार कर सकता है। इसकी रफ्तार लगभग 2,500 किमी/घंटा है। यह 150 किमी दूर तक 64 लक्ष्यों को देख सकता है। यह एक साथ 12 मिसाइलों को दाग सकता है। मिसाइल में स्मार्ट गाइडेंस सिस्टम है, जिससे आखिरी पल में भी लक्ष्य को लॉक करने में मदद मिलती है।

**18,000 मीटर की ऊंचाई, 45 किमी दूरी तक निशाना**

'आकाश' बैटरी मिसाइल प्रणाली 18,000 मीटर की ऊंचाई पर 45 किलोमीटर दूर तक के विमानों को निशाना बना सकती है। इसमें लड़ाकू जेट, क्रूज मिसाइल और हवा से सतह पर मार करने वाली मिसाइलों के साथ-साथ बैलिस्टिक मिसाइलों जैसे हवाई लक्ष्यों को बेअसर करने की क्षमता है।

### आकाश की खासियत

- **वॉर हेड:** 60 किलोग्राम प्री-फ्रैगमेंटेड हाई एक्सप्लोसिव वॉर हेड
- **प्रणोदन:** सॉलिड बूस्टर और इंटीग्रल रॉकेट या रैमजेट सस्टेनर मोटर
- **ऑपरेशनल रेंज:** 45 किमी
- **अधिकतम गति:** मैक 2.5
- **गाइडेंस सिस्टम मिड कोर्स:** डेटालिंक के साथ कमांड मार्गदर्शन
- टर्मिनल: सक्रिय रडार होमिंग
- **लॉन्च प्लेटफॉर्म:** टी-72 या बीएमपी-2 चेसिस या हैवी मोबिलिटी ट्रक



# गुणों से भरपूर फलों का राजा आम



अतुल कुमार

आम को फलों का राजा माना गया .यह हमारा राष्ट्रीय फल है . सभी फलों में इसकी डिमांड अधिक होती है जो बडे माल ,बाज़ार और बंडियों ( ठेलों ) पर जम कर बिकता है . बोटैनिकल साइंटिस्टों के अनुसार इसे फलों का राजा कहना वाजिब है क्यों कि दुनिया भर में इसकी 1500 से अधिक प्रजातियां हैं जो अन्य फल की नहीं हैं .प्रायः आम की आवक गर्मियों में भारी मात्रा में होली के बाद होती है. सारे मार्केट आम की विविध वरायटियों से भर जाते हैं. इसका आना लोगों को आनंद की मिठास देता है . उत्सव प्रेमियों का पसंदीदा फल है पूरी के साथ इसके रस को ले कई आयोजन होते हैं जिसे रस पूरी भी कहा गया . कुछ स्थानों पर लोग पराठों के साथ इसके कांबो को टेस्टी मानते हैं . मैंगो शेक की बहार आ जाती है . इसके पके रूप के पहले कच्चे रूप में कैरी बाज़ार में आती है जिसके तरह तरह के अचार . चटनियां ,मुरब्बे , और पकवानो को लोग बडे चाव से बनाते खाते हैं . गुज़रे ज़माने में जिस दिन घर में अचार डलता उस दिन उत्सव का समां होता उसको बनाने की विधियों को ले कई प्रकार की चर्चाएं होतीं बनाने से ले उसकी देखभाल तक कई तौर तरीके अपनाये जाते क्यों कि इसे पूरे साल संभाल कर रखना होता है . अचार के मर्तबान अलग होते जिस पर कपडा बांध अलग सुरक्षित स्थान पर इस ताकीद के साथ रखा जाता कि कोई इसे छूएगा नहीं क्यों कि संसेटिव होता है खराब न हो जाए इसकी

सावधानियां बरती जातीं . बनने के बाद मित्रों , संबंधियों और शुभ चिंतकों के बीच बांटा जाता जिससे रिश्तों की बांडिंग बडती अब सब कुछ मार्केट के हवाले कर दिया गया है . अपनापन कहां से आयेगा सोचिये ?

गर्मी की धूप में कैरी के आबशोले या पना को गर्मी की काट माना गया जो गर्मियों में ठंडक देता है . पूरे सीज़न में लोगों के दिलों पर राज करता है क्यों कि पाकेट फ्रेंडली फ्रूट है . आम के टेस्ट को डिफरेंट वरायटियों में पाया गया चूस कर खाने वाले ,काट कर खाने वाले और रस के रूप में खाये जाने वाले जैसे तेलंगाना का " पेद्दा रसाल " जो आकार प्रकार में बडा होता है लेकिन रस से भरा होता है . किसी ने आम की खूबियों पर खूब कहा ." स्वाद में खट्टा मीठा आम /बात है इसमें कोई खास हर कोई इसे देख ललचाये / बिन खाये फिर रहा न जाये / गर्मी के मौसम में आता/ फिर दिलों को जीत कहलाता फलों का राजा //

जानकारों के अनुसार देश में इसकी 16 से अधिक वरायटियां मौजूद हैं जिनके स्वाद आकार प्रकार और महक अलग होती है. बडा दिलचस्प है किसी और फल को सूंघ कर नहीं लिया जाता लेकिन आम की महक को सूंघ खरीदा जाता है . इनके नाम भी बडे आकर्षक होते हैं जैसे " तोता परी " " हापुस " " रत्ना गिरि " " बैगन पल्ली " " चौसा " " रस परी "

" माल गोवा " " लंग़डा " " केसर " " हिमायत " "एल्फ्रेंसो " " बेनिशान " और " दशहरी " इत्यादि . आम तौर पर पीले रंग का होता है . इसके अलावा लाल ,हरा और नारंगी भी होता है . देश की संस्कृति और विरासत का अहम हिस्सा है . जिसके आदान प्रदान से रिलेशंस में सौहार्द्रता आती है .



 इतिहासकारों के अनुसार पांच हज़ार साल पुराना फल है . लज़ीज़ फल होने के साथ गुणी भी है . डाक्टरों के अनुसार विटामिन ए ,सी , ई और बी 6 ,विटामिन बी 4 और एंटेआक्सिडेंट का अच्छा स्रोत है . एक आम में 200 कैलोरी पाये जाते हैं जो शरीर को प्रचुर मात्रा में शक्ति तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रदान करते हैं .

इसका पेड आता देर से है लेकिन 300 सालों तक जीवित रहता है . इसके पेड के पत्ते बहुत शुभ माने गये हर शुभ अवसर पर द्वारों पर इसके पत्तों की माला लगायी जाती है . सकारात्मक शक्ति का पावर हाउस माना गया . आम का वैज्ञानिक नाम " मैंगी फेरा इंडिका " है . दुनिया में सबसे बडा आम का उत्पादक भारत है .अत; यहां का मूल निवासी है .बीज से उगता है और 35 फीट या उससे अधिक की छतरी के साथ 100 फीट या उससे अधिक बडता है . शास्त्रों के अनुसार आम का पेड देवताओं का घर है इसलिये हर त्यौहार पर इसके पत्ते प्रवेश द्वार पर लगाये जाते हैं .

पुराणों के अनुसार शिव और पार्वती कैलाश पर्वत पर निवास कर रहे थे अपने बच्चों गणेश और सुब्रमण्यम के साथ समय बिता रहे थे भगवान शिव ने दोनों बच्चों के बीच एक प्रतियोगिता आयोजित की और कहा " जो कोई भी दुनिया का पहले चक्कर लगायेगा और वापस आयेगा उसे आम का फल मिलेगा . सुब्रमण्यम अपने मोर के साथ दुनिया भर में घूमने निकल गये लेकिन गणेश ने अपने माता पिता के चारों ओर चक्कर लग़ाया और आम से पुरस्कृत हुए . सुब्रमण्यम परेशान हो गुस्से में चले गये . दूसरे प्रसंग के अनुसार अक्षय तृतिया के मंगल अवसर पर देवताओं को सबसे प्रिय आम को चढाने का विधान है जो शुभ ,समृद्धि और सकुशलता का द्योतक है . रोचक बात है कि जब जब तापमान बढता है तो आम का पेड प्राकृतिक शीतलता देता है . आम का चूर्ण भी बनाया जाता है जो पाचन का अच्छा स्रोत माना गया .

आंकडों के मुताबिक दुनिया में 50% आम का उत्पादन भारत में होता है .आम की फसल , कटाई , मार्केटिंग और अन्य गतिविधियों से 60 से 70 लाख लोगों को रोज़गार मिलता है .देश में इसका सबसे बडा उत्पादक राज्य उत्तर प्रदेश है कुल उत्पादन का 25% आम यहां पैदा होता है . मोटे अनुमान के अनुसार इसकी सालान आमदनी रु 500/ करोड से ऊपर है .इसके व्यापार से बडी मात्रा में विदेशी मुद्रा भी प्राप्त होती है इसको ले कहावत मशहूर है " आम के आम गुठलियों के दाम " अर्थात " दोहरा लाभ होना "आम तौर पर मीठा होता है यद्यपि गूदे का स्वाद और बनावट अलग अलग होती है .लेकिन स्वाद में लज़ीज़ मिठास से युक्त आनंद प्रद होता है .

# काव्य कुंज

## बच्चे



टी तारासिंह
हैदराबाद

बच्चे है जो सबके मन को भा जाते
होती है भोली सी सूरत, मुखडा लुभावना
करते है प्यारी - प्यारी तोतली बाते
होते है नटखट - शरारती ओर मासूम
फिर क्यो न लगे प्यारे - प्यारे
सुबह शाम बस मम्मी - पापा की तारीफ करते
उन्हे नही है खाने - पीने की फिक्र
वो तो दोस्तो मे ही खुश रहते
खेलने - कूदने -पढने मे मसरूफ रहते
फिक्र नही करते कल के आने की
आज जी लेते मस्त - मलंग होकर
छुट्टी के दिन बस सबको हसते - हसाते रहते
सबसे है जल्दी हिल - मिल जाते
करते है बढो को नमस्कार - आदर
बच्चे ही है कल के देश के भावी नागरिक
कोई बने डाक्टर- इंजिनियर तो कोई वकीलबाबु
करते है मम्मी- पापा, भाई - बहन से प्यार
साथ ही साथ राष्ट्र की, देश की सेवा करते ।।

## झूठ तो सभी बोलते हैं



डॉ डी डी देसाई

झूठ तो सभी बोलतेहै....
खाते– पीते, उठते– बैठते....।
न हहचक...न ही शरम...
हनिःसंकोच झरतेहैझूठ के नाद,
हनरंतर बहतेझरनेकी तरह।
झूठ की ममलावट इतनी हक...
पहवत्र नददयों की आड़ में...
कड़वाहट बह रही हैसंसार में।
ममठास का गला घोंट रहा हैझूठ,
न अपनेकी चचिंता न परायेकी हिक्र।
न पररणाम का डर न मंजिल का जिक्र।
बस मढ़तेही ाि रहेहैझूठ केपत्थर,
एक केऊपर एक...
मतलबी कीलों केहनमााण में।
और ाित भी रहेहैरण संग्राम।
मिाना झूठ का हैनिाब...
सच का गला दबोचा ाियेगा..
कतरा कतरा हनचोड़ा ाएगा।
झूठ का फं दा कसता ाएगा...
भगत, रा, सुखदेव की तरह।
वह ददन अब दूर नहीं...
सच पर शेषनाग का साया होगा।
पांचो फन झूठ का हिर उगलेंगे।
और वासुकी कु ण्ड मेंएक ददन...
सच की लाशेंतैरती ममलेंगी।

## साजिशें बिखरी पड़ी हैं



गीता अग्रवाल
हैदराबाद

इल्जामों के शहर में रहते हैं हम।
रोज इल्जामों को सहते हैं हम।।
सच्चाई जानते हैं फिर भी,
कुछ कहते हुए डरते हैं हम।
राहों में साजिशें बिखरी पड़ी हैं
संभल संभल कदम रखते हैं हम।
हमारी चुप्पी को भी मिलती सजा
डरपोक समझे जाते रहते हैं हम।
ताने बानो का असर होता कुछ यूँ
रात को चैन से न सोते, जगते हैं हम।
खाई जाती हैं कसमें, निभाने के लिए
टूटी कसमों के कहर सकते हैं हम।
गैर समझकर नजरअंदाज करते जिसे,
उसी से गहरे रिश्ते में बँधते हैं हम।
हमारे दर्द को कोई कैसे समझे,
स्वयं से ही दर्द छुपाए फिरते हैं हम।
दिल जलाने में मजा आता है जिनको,
'तितिक्षा' कलश भरते रहते हैं हम।

## मेरी प्यारी मां



रेणुका अग्रवाल
हैदराबाद

मां तो सिर्फ़ मां होती है।
जो बच्चों के लिए होती है।
ख़ुदा के बाद मां का दर्ज़ा है।
मां कब बच्चों से खफा होती है।
मां का मान रखो हमेशा।
मां पूरी करती सभी आशा।
घर में रहकर बच्चा बड़ा करती,
बच्चे को सिखाती मातृ भाषा।
ख़ुद रहे चार दिवारी में।
बेटा भेजे बड़ी सवारी में।
बच्चा विदेश से पढ़कर आता,
मां दुखी बच्चों की,
कारगुज़ारी में।
मां समान कोई नहीं अपना।
मां पूरा करती हरेक सपना।
बच्चा बड़ा करना ही चुनौती है।
मां सफ़ल हर नीति में है।
एक एक निवाला खिलाती।
पेट भरे बच्चों का।
तब मां भी खुश हो जाती।
मां को कोई लालच नहीं है।
मां जैसा कोई सच नहीं है।
रोज सुबह सवेरे जाग कर,
चौके में सब काम है करती।
खुदका कोई ख्याल नहीं है।
मां का कोई सवाल नहीं है।
जीवन झोंक दिया बच्चो पे,
मां का पूछे कोई हाल नहीं है।
बच्चा रोता मां संभालती।
बच्चे को है पुचकारती।
पिता रुपया कमाकर लाते,
देखभाल कर खर्च भी करती।
मां ख़ुदा की कीमती नेमत।
मां से रहती घर में बरकत।
कितने भी दोस्त बना लो,
मां से अच्छी न कोई सोहबत।
आज मां को कौन पूछता।
गरज निकली,बेटा भागता।
रुपया कमाने के लिए,
मां की ज़मीन ज़ायदाद बेचता।
वृद्धाश्रम में रोती मां अकेली।
उसकी जैसी होती कई सहेली।
सिक्के का एक पहलू न देखो,
मां याद करती खुद की हवेली।
कविता लिख देने से,
मां का सम्मान नहीं होता।
जिस तरह मां रोई थी,
आज मां की ख़ातिर,
कोई बेटी न बेटा रोता।
जिस मां ने तुमको गोद खिलाया।
उस मां को आज दुत्कारते हो।
जिस मां ने तुम्हारी पॉटी साफ़ की,
आज उसे तुम मारते हो।
मां वरदान है बच्चों के लिए।
कोख में नौ महीने रखा।
खून पिलाकर दुनिया में लाई।
आज उससे तुम घर छीनते हो।
मां है ऐसी ख़ुदा की रहमत।
मोहब्बत में जिसकी,
मिलती है जन्नत।
भूलो न मां को तुम,
मां थी तो तुम दुनिया में आए।
आज मां को जरूरत तुम्हारी।
तुम उसे आश्रम छोड़कर आए।
वृंदावन जाकर देखो,
आज अनाथ मांओं का घर है।
एक बेटे की,300 माएं,
आज जन्नत उसके दर है।

## आंख से आंसू छुपाया जा रहा



-बलविंदर सिंह,
गुरदासपुर

उस की सता को दबाया जा रहा।
शहर सारे को सजाया जा रहा।
उस का हंसना गगन को है छू रहा,
आंख से आंसू छुपाया जा रहा।
फिर गुलामी के मिले संकेत कुछ,
शहर का हिस्सा चुराया जा रहा।
पुलिस की तफ़तीश कितनी अच्छी है,
दोषियों को खुद बचाया जा रहा।
सिर्फ बेकारी का मुख्य आशय है,
मिट्टी में हीरा रूलाया जा रहा।
इक क्रान्ति के बुरे निर्देश हैं,
नीर अग्नि से बुझाया जा रहा।
कैसे निखरेंगी कला की कृतियां,
रिक्त पायल से नचाया जा रहा।
रिश्तों में सत्कार का महत्व नहीं,
बदतमीज़ी से बुलाया जा रहा।
चांद तारों की है सता रात में,
गगन में सुरज छुपाया जा रहा।
घर ग़रीबों के हैं तोड़े जा रहे,
फिर अमीरों को बसाया जा रहा।
किस तरह माचिस की तीली फूंकना,
बंदरों को भी है सिखाया जा रहा।
बालमा नगरी में फैला ज़हर है,
पाठ ऐसा ही पढ़ाया जा रहा।

## जीवन में रस घोले हिन्दी



सुनिल चौरसिया,
उत्तरप्रदेश

मन की गाँठें खोले हिन्दी।
जीवन में रस घोले हिन्दी ।।
मैं भी बोलूँ, तुम भी बोलो।
मन से जन-जन बोलें हिन्दी ।।
जीवन में रस घोले हिन्दी।
धरती बोले, अम्बर बोले ।
सरिता बोले, सागर बोले ।।
बूँद बोले, महासागर बोले।
पवन बोले, सुमन बोले।
झूम-झूम के 'सावन' बोले।
मन का ताला खोले हिन्दी।
जीवन में रस घोले हिन्दी।
माँ है हिन्दी, बहन है हिन्दी।
हमारी रहन-सहन है हिन्दी।।
रस से भी है मीठी हिन्दी।
फिर भी हमसे रूठी हिन्दी।।
हम गैरों को गले लगाते हैं।
अपनों को समझ न पाते हैं।।
हिन्दी माँ सब कुछ सहती है
और बच्चों से कहती है-
सीख सको तो सीखो, गाओ शत-शत भाषी गीत
लेकिन भूलकर भी मत भूलना हिन्दी और संस्कृत
जो अपनों को भूल जाता है उसे संसार भूल जाता है
जो अपनों को ठुकराता है वह शरण कहाँ पाता है?
भारत माँ का सुहाग है हिन्दी
चूड़ी, कंगन और है बिन्दी
हिन्दी में पढ़ो, हिन्दी में लिखो, हिन्दी में गाओ गीत।
'सावन'! समृद्ध भाषा निरेख मुस्कुराये संस्कृत ।।
तनोपवन में मन-मयूर, झूम-झूमकर बोले हिन्दी ।
जीवन में रस घोले हिन्दी ।
जीवन में रस घोले हिन्दी ।।


## वक्त



संजीव ठाकुर,
रायपुर

वक्त कभी रुकता नहीं संजीव।
बेवफाई मैं किसी से करता नहीं
सच्चा प्यार भी कभी मरता नहीं।
जो अपना सुरूरे मिजाज रखता है
वो अपनी हद से कभी गुजरता नहीं।
जाम पीकर देखिये सियासत का कभी
ता जिंदगी ये नशा कभी उतरता नहीं।
पैरों पर झुकती है उसी के दुनिया
जोखिम उठाने से कभी डरता नहीं।
बहाना पड़ता पसीना बेहद हर पल
बुरा वक्त यूं तो कभी संवरता नहीं ।
अजब-गजब मंजर देखे मैंने यहां
वक्त है कि ये कभी रुकता नहीं।
सिर मेरा ईश्वर के अलावा संजीव
किसी के सामने कभी झुकता नहीं।

## सिंदूर का बदला



संजुला सिंह
जमशेदपुर

आंख खोलकर देखो दरिंदों
दुर्दिन तेरा आ गया ,
बहुत हंसे थे उस दिन,
मातम,आज तेरे घर छा गया ।
कमजोर मान सिंदूर को मेरे
तुमने गोलियों से भून डाला,
आज वही सिंदूर की ताकत
तुम सबको नर्क में दे डाला ।
बचा नहीं कोई तेरे घर में
अंतिम संस्कार भी कर पाए,
फिरते थे बड़े लिए कलेजा
देख आज तुम (सब )थर्राए ।
अपनी ही करतूत के कारण
आज अपनी जान गंवा बैठे,
हल्के में समझे थे हमको
हमरी सिंदूर मिटा बैठे ??
कल तक उछल रहे थे तुम सब
आज कहां तुम गुम हो गए ,
जाकर छुपे चूहे के बील में
होंठ भी तेरे सिल से गए ।
समझाया था बहुत तुझे पर
बात समझ ना पाए तुम,
झूठे शेर की खाल पहन
हमसे टकराने आए थे तुम ?
देखो अपनी आंख खोल
क्या हश्र किया हमने तेरा,
तेरे ही घर में घुस कर तेरे
तेरी बुनियाद मिटा डाला ।
अभी तो थोड़ा किया है हमने
ज्यादा करना तो बाकी है,
नामो निशां मिटाएंगे तेरा
तब समझोगे हम क्या हैं ।
जो भी बचे हो निकलो घर से
आ जाओ मैदान में,
हम ललकार रहे हैं तुझ को
आओ ₹सिंदुर₹ के संग्राम में ।
₹सिंदूर₹ का पूरा लेंगे बदला
युद्ध के मैदान में'
आ जाओ तुम सुनो भेड़ियों
₹सिंदूर ₹के संग्राम में ।
कहीं भी छुप लो ढूंढ ही लेंगे
हम इतने बलशाली हैं,
चीरेंगे तेरा सीना हम
देश पे मिटने वाले हैं ।
वीर सपूत हैं देश के हम सब
तुम्हरे जैसे ना कायर हैं ,
करते हैं हम वार सामने
चाहे जितने हम घायल हैं ।
आज भी वार किया तेरे आगे
पीछे से ना किया कभी,
हमरी करनी देख जगत के
आनंदित हैं लोग सभी₹ ।।

## करारा सबक



पद्मजा श्रीवास्तव

सबक करारा मिल गया अब तो
दहशत फैलाने वालों को
मासूम निहत्थे लोगों की
निर्ममता से खून बहाने वालों को ।
नामों निशान मिट गया अब तो
आतंक फैलाने वालों का
जब – जब आँख दिखाएँगे
खून के आंसू रोएंगे ।
समझ में आया होगा अब तो
कैसा दर्द उठता है दिल में
परिवार का लाल बिछ्ड़ जाता है जब
बहन बेटियों का सुहाग उजड़ जाता है जब ।
समझ में आया अब जाकर
वर्षों से निर्दोषों का लहू बहाने वालों को
कुनबा साफ हो गया जब तो
मौत की दुआ माँग रहे अब
यह तो बस शुरुआत अभी है हद में रहना अपनी
अंत अभी बाकी है ।।।।

## सारे माँ-बाप तो करते हैं



मनीषा मंजरी
दरभंगा

आयी थी खुशियाँ,
जिस दरवाजे से होकर,
हाँ बैठी हूँ उसी दहलीज़ पर,
रुसवा अपनों से मैं होकर।
कदम उठते थे जिसके,
सिर्फ उँगलियाँ मेरी धड़कर,
देखा नहीं एक बार भी,
उसने मुझे पलटकर।
रातें होती नहीं थी जिसकी,
लोरियां मेरी सुनकर,
त्याग जाता है वो मुझको, दर्द में कराहता देखकर।
आँखें भर आतीं थी,
हर बार जिसके पालने को सजाकर,
वो कहता है, "रख सकता नहीं मैं तुझे,
कोने में यूँ बिठाकर।"
हो जाती थी मैं जिन्दा,
जिस हँसीं पर उम्र अपनी वारकर,
उसने हीं मृत्यु दे दी, उपेक्षा के सागर में मुझे डुबोकर।
जिसके सपने करती थी पुरे, क़र्ज़ के बोझ में दबकर,
फेर लीं उसने हीं नज़रें,
बिना काम की चीज़ मुझे समझकर।
सवाल मैंने भी किये थे, आंसू आँखों में अपनी भरकर,
"सारे माँ-बाप तो करते हैं ये,
क्या नया किया है तूने?" ये ज़बाब दिया उसने हंसकर।
आज बैठी हूँ इस दलान पर, अपना सबकुछ लुटाकर,
कभी सिमटी सी पहुंची थी, जहाँ मैं दुल्हन बनकर।

## वंदना



दर्शन सिंह
हैदराबाद

सोचा था कल बड़ी सुहावनी होगी भोर
हर आंगन में नाचेगा खुशियों का मोर
पर यह क्या ,
पौ अभी फटी न थी कि मच गया शोर
हुआ भास्कर अदीप्त,
थी इतनी विभीषिका घनघोर
बचाओ बचाओ के नारे गूंज रहे थे चारो ओर
हुई धरा रक्त रंजीत, ऐसा चल रहा था दौर
सुनहरे सपनों को कालिमा ने दिया झकझोर
असीम वेदना से ग्रस्त करवटें बदलता ₹ दर्शन₹ बतौर
वंदना करता हूं परमेश्वर बांधो सभी को एक ही डोर
न दीनहीन बने वतन अपना,इस पर करो जरा गौर
कहलाता मेरा देश एक दिन धीर वीर
क्यों कैसे हुआ आज वह फिर अधीर
हालांकि धारा 370,35 ए,तीन तलाक, वक्स बोर्ड सुधार प्रक्रिया
दीप्त हुई थी भारत की तस्वीर
लेकिन चंद मुट्ठी भर जयचंदों की साजिश
जिहादियों द्वारा
पुलवामा, पहलगाम, उड़ी अटैक,26/11मुंबई अटैक
नापाक हरकते की रघुवीर
सन 65,71, कारगिल जैसे वारों से घायल भी था दुश्मन का शरीर
फिर भी रह रह कर गीदड़ भभकी,बन बलबीर
माते! धैर्य रखो
साथ है हमारे
सवा लाख से एक लड़ाऊं
तभी गुरु गोबिंद सिंह नाम कहलाऊं,का आशीर्वाद
देखो महाराणा प्रताप, वीर शिवा जी,
भगत, राजगुरु, सुखदेव, सुभाष फूल बरसा रहे
होगी जीत हमारी, दिशदिंगत तारों वाली रात
पलक झपकते,
पुरे पाकिस्तान को जमींदोज कर देंगे
दुश्मन चाहे जिस कौने में भी
जीवित कब्र तले दबा देंगे
माते ! जिस्म में चुभे चाहे कितने भी तीर
तौड डालूंगा मैं दुनिया की हर ज़ंजीर
न कोई कसर छोडूंगा लगाने में कोई तदबीर
वंदना! स्वर्ग से भी सुंदर बने देश हमारा, ओ मेरे पीर।।

## हर एकऽ बोलो



सुरेश कश्यप

हर हर बोलो। हर एक बोलो।
दिल से बोलो। देश के लिए बोलो।
दुनिया को बोलो।जोर से बोलो।
जोश से बोलो। ख़ुशी से बोलो।
काश्मीर के लिए बोलो।
कन्याकुमारी से बोलो।
पूरब से बोलो।पश्चिम से बोलो।
दक्षिण से बोलो। उत्तर के लिए बोलो।
हर एक के लिए बोलो। हम सब एक हैं बोलो।
इकट्ठा हो कर बोलो। एकता के लिए बोलो।
ए वक्त के लिए बोलो। हर एक व्यक्ति बोलो।
अखंड भारत के लिए बोलो। विश्व गुरु के लिए बोलो।
भारत माता के लिए बोलो।
वन्दे मातरम बोलो।
वन्दे भारत बोलो। जै हिंद।

स्वतंत्र वार्ता
काव्य कुंज ब्लॉग
AGA, Publications, Ltd,
396, Lower Tankbund,
Hyderabad-500080

# पाकिस्तान टूटा तो राजस्थान जितनी जमीन बचेगी

## क्या है बीएलए जो बलूचिस्तान के लिए मरने-मारने को तैयार

6 मई 2025 को पाकिस्तानी सेना की टुकड़ी बलूचिस्तान में एक मिलिट्री ऑपरेशन पर थी। रास्ते में काफिले पर रिमोट कंट्रोल से आईईडी ब्लास्ट हुआ और 12 जवानों के परखच्चे उड़ गए। ये हमला बलूच लिबरेशन आर्मी, यानी पीएलए ने किया था। उसी रात भारत ने पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक कर दी। पाकिस्तानी मिलिट्री को उलझा देखकर बीएलए ने मौका ताडा और लगातार 4 दिनों से पाक सैनिकों पर दर्जनों अटैक कर चुका है। कुछ इलाकों पर कब्जा करके आजाद बलूचिस्तान का झंडा फहरा दिया है। बलूच लिबरेशन आर्मी क्या है, अलग बलूचिस्तान के लिए क्यों मचा है विद्रोह और क्या 1971 जंग की तरह पाकिस्तान फिर टूट सकता है; इसी की पडताल करती रिपोर्ट।

पाकिस्तान का कुल एरिया करीब 7.9 लाख वर्ग किमी है। इसमें बलूचिस्तान अलग हुआ, तो पाकिस्तान के पास सिर्फ 4.5 लाख वर्ग किमी बचेगा। भारत के सिर्फ एक राज्य राजस्थान का क्षेत्रफल ही करीब साढ़े तीन लाख वर्ग किमी है। 9 मई को बलूच विद्रोहियों ने क्वेटा के फैजाबाद इलाके में पाकिस्तानी सेना पर हमला किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक एक अलग हमले में इस्लामाबाद के सुरक्षा बलों को सिब्बी में एक सैन्य शिविर पर हैंड ग्रेनेड से निशाना बनाया गया। इससे पहले 8 मई को भी क्वेटा में बीएलए ने पाकिस्तानी सेना पर कम से कम चार हमले किए। बलूचिस्तान स्थित रेडियो ज़ुम्बेश के मुताबिक क्वेटा में लगातार विस्फोट और भीषण गोलीबारी हो रही है। 8 मई को बलूच लिबरेशन आर्मी के विद्रोहियों ने केच, मस्तंग और काची में 6 अलग-अलग हमलों में पाकिस्तानी सेना और उसके सहयोगियों को निशाना बनाया।

बलूच लेखक मीर यार बलूच ने एक्स पर लिखा- बलूच लोगों ने अपने झंडे फहराने और पाकिस्तानी झंडे उतारने शुरू कर दिए हैं। अब समय आ गया है कि दुनिया पाकिस्तान से अपने राजनयिक मिशन वापस ले और उन्हें नए उभरते देश बलूचिस्तान में स्थानांतरित कर दे। पाकिस्तान को अलविदा, बलूचिस्तान में आपका स्वागत है।

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री शाहिद खाकान अब्बासी ने भी पिछले दिनों कहा था कि पाकिस्तान की सरकार और सेना बलूचिस्तान प्रांत पर अपना नियंत्रण खो रही है। सीनियर अधिकारी और मंत्री बिना सुरक्षा गार्ड के अब बलूचिस्तान में नहीं घूम सकते।

बलूचिस्तान के लोग आजादी क्यों चाहते हैं तो इसकी कहानी शुरू होती है 1946 से। जब तय हो गया कि अंग्रेज भारत छोड़ रहे हैं। तब बलूचिस्तान पर कलात रियासत का शासन था। पाकिस्तान की तरह उन्होंने भी आजाद देश की मांग तेज कर दी और अंग्रेजों के सामने पक्ष रखने के लिए मोहम्मद अली जिन्ना को अपना सरकारी वकील बताया।

बलूचिस्तान नाम से एक नया देश बनाने के लिए 4 अगस्त 1947 को दिल्ली में एक बैठक बुलाई गई। इसमें कलात रियासत के मीर अहमद खान के साथ जिन्ना और जवाहर लाल नेहरू भी शामिल हुए। बैठक में जिन्ना ने कलात की आजादी की वकालत की और सुझाव दिया कि चार जिलों- कलात, खरान, लास बेला और मकरान को मिलाकर एक आजाद बलूचिस्तान बनाया जाए।

12 अगस्त 1947 को बलूचिस्तान एक अलग देश बन गया। हालांकि, इसमें एक पेंच ये था कि बलूचिस्तान की सुरक्षा पाकिस्तान के हवाले थी। आजादी घोषित करने के ठीक एक महीने बाद 12 सितंबर को ब्रिटेन ने प्रस्ताव पारित कर कहा कि बलूचिस्तान एक अलग देश बनने की हालत में नहीं है। वह अंतरराष्ट्रीय जिम्मेदारियां नहीं उठा सकता।

कलात के खान ने अक्टूबर 1947 में पाकिस्तान का दौरा किया। उन्हें उम्मीद थी कि जिन्ना उनकी मदद करेंगे, लेकिन जिन्ना ने बलूचिस्तान का पाकिस्तान में विलय करने की बात कही। कलात खान ने इनकार कर दिया। जिन्ना ने कई बलूच सरदारों को अपनी तरफ मिला लिया। 26 मार्च 1948 को पाकिस्तानी सेना बलूचिस्तान में घुस गई। अब खान के पास जिन्ना की शर्तें मानने के अलावा कोई विकल्प नहीं था, लेकिन इस कब्जे से बलूचिस्तान की एक बड़ी आबादी के मन में पाकिस्तान के लिए नफरत पैदा हो गई। बलूचिस्तान सिर्फ 227 दिनों तक ही आजाद देश बना रह सका।

बलूचिस्तान आज पाकिस्तान का सबसे बड़ा राज्य है और 44 फीसदी हिस्सा कवर करता है। इसके बावजूद यहां पूरे पाकिस्तान की महज 6% आबादी रहती है। बलूचिस्तान तेल, सोना, तांबा और अन्य खदानों से सम्पन्न है। इन संसाधनों का इस्तेमाल कर पाकिस्तान अपनी जरूरतें पूरी करता है। इसके बाद भी ये इलाका सबसे पिछड़ा है। यहां पाकिस्तानी सेना खूब अत्याचार करती है और यही वजह है कि बलूचिस्तान में पाकिस्तान के खिलाफ नफरत बढ़ती जा रही है। पिछले 15 साल में पाकिस्तानी सेना ने 5 हजार से ज्यादा बलूचों को गायब कर दिया है। इन्हें मार दिया गया है या फिर इन्हें ऐसी जगह कैद कर रखा है, जिसकी कोई खबर नहीं है।




बलूच रियासत के ही प्रिंस करीम खान ने बलूच राष्ट्रवादियों का एक दस्ता तैयार किया और 1948 में पाकिस्तान के खिलाफ पहला विद्रोह शुरू किया। पाकिस्तान ने 1948 के विद्रोह को कुचल दिया। करीम खान समेत कई लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। विद्रोह को तब भले ही दबा दिया गया, लेकिन ये कभी खत्म नहीं हुआ। बलूचिस्तान की आजादी के लिए शुरू हुए इस विद्रोह को नए नेता मिलते रहे। 1950, 1960 और 1970 के दशक में वे पाकिस्तान सरकार के लिए चुनौती बनते रहे। 2000 तक पाकिस्तान के खिलाफ चार बलूच विद्रोह हुए।

2005 की एक घटना से शुरू हुआ पांचवां विद्रोह आज तक जारी है। दरअसल, 2 जनवरी 2005 की रात बलूचिस्तान के सुई इलाके में एक महिला डॉक्टर शाजिया खालिद का पाकिस्तानी सेना के कैप्टन ने रेप कर दिया। उस वक्त जनरल मुशर्रफ की पाकिस्तानी हुकूमत ने उल्टे डॉक्टर पर इल्जाम लगा दिए। मजबूर होकर शाजिया और उनके पति पाकिस्तान छोड़कर ब्रिटेन चले गए। यह घटना बलूचिस्तान में हुई थी। तब बुगती जनजाति के मुखिया नवाब अकबर खान बुगती ने इसे अपने कबीले के संविधान का उल्लंघन बताया।

नवाब अकबर खान बुगती के नेतृत्व में 2005 में बलूच विद्रोहियों ने सरकार के खिलाफ विद्रोह किया। उन्होंने किसी भी कीमत पर बदला लेने की कसम खाई। बलूच विद्रोहियों ने सुई गैस फील्ड पर रॉकेटों से हमला कर दिया। कई सैनिक मारे गए। जवाब में मुशर्रफ ने मुकाबले के लिए 5000 और सैनिक भेज दिए। बमबारी करके बुगती और उनके साथियों पर मार गिराया।

बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) एक संगठन है जो पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत की स्वतंत्रता के लिए लड़ रहा है। इसकी स्थापना 2000 के दशक की शुरुआत में हुई और इसे कई देशों द्वारा आतंकी संगठन भी घोषित किया गया है। बीएलए का दावा है कि बलूचिस्तान के प्राकृतिक संसाधनों का शोषण हो रहा है और बलूच लोगों के अधिकार छीन लिए गए हैं। यह संगठन पाकिस्तानी सेना, सरकार और चीनी प्रोजेक्ट्स जैसे सीपीईसी को निशाना बनाता रहा है। बीएलए अपनी गुरिल्ला शैली के लिए जाना जाता है। यानी पहाड़ी इलाकों में छिपकर सेना पर हमला करना और तुरंत वापस लौट जाना। बीएलए में दो प्रमुख ब्रिगेड हैं...

**मजीद ब्रिगेडः** इसे कामीकाजे यूनिट भी कहा जाता है क्योंकि इसके सदस्य आत्मघाती हमलों के लिए तैयार रहते हैं।

**फतेह स्क्वॉडः** एक छोटी, लेकिन सटीक हमला करने वाली यूनिट। हालिया पाक आर्मी काफिला हमले में इसका नाम सामने आया। आजादी के बाद से भारत बलूचिस्तान के मुद्दे पर बोलने से बचता था। वह किसी देश के आंतरिक टकराव में दखल देते नहीं दिखना चाहता था।

2016 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त पर अपने भाषण में बलूचिस्तान में चल रहे संघर्ष का जिक्र किया था। बलूचिस्तान में चले रहे संघर्ष को पाकिस्तानी सरकार अक्सर भारत प्रायोजित बताती रहती है। उसका कहना है कि बलूचिस्तान से गिरफ्तार कुलभूषण जाधव भारत का भेजा जासूस था। हालांकि, इसके कोई सबूत आज तक सामने नहीं आ सके हैं।

पाक सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने हाल में एक बयान में कहा कि बलूचिस्तान में महज 1500 लोगों की वजह से अशांति फैली है और वो पाकिस्तान की लाखों की प्रोफेशनल फौज का कुछ नहीं बिगाड़ सकते। ब्रिटिश ह्यूमन राइट एक्टिविस्ट पीटर टैचेल का मानना है कि पाकिस्तान बलूचिस्तान की स्वतंत्रता में देरी कर सकता है, लेकिन इसे हमेशा के लिए रोका नहीं जा सकता। उन्होंने बलूच संघर्ष की तुलना वियतनाम के आंदोलन से की है। बलूच लेखक मीर यार का कहना है कि बलूचिस्तान अब आजादी से सिर्फ दो कदम दूर है। उन्होंने इसकी 1971 के बांग्लादेश की स्थिति से तुलना करते हुए कहा कि पाकिस्तान की सेना और खुफिया एजेंसियां इस वास्तविकता को स्वीकार नहीं कर रही हैं। पाकिस्तान के कई एक्सपर्ट्स का मानना है कि जनरल परवेज मुशर्रफ और बाद के हुक्मरानों ने बलूचिस्तान के मसले को मिस-हैंडल किया। उनकी बातें नहीं सुनी गईं। प्रशासनिक ज्यादती लाद दी गईं।

इसी का नतीजा था कि पहले बलूच लिबरेशन आर्मी, जो पहले गोरिल्ला वार तक सीमित थी, अब आत्मघाती हमले और प्रिसाइज अटैक करने लगी है। पहले जिस बीएलए का दायरा बलूचिस्तान के कुछ इलाकों तक सीमित था, अब वो पूरे पाकिस्तान में फैल गया है। ये पाकिस्तान के लिए चिंता का सबब है। कुछ इसी तर्ज पर 1971 में बांग्लादेश बना था। भारत-पाक के बीच 1971 का युद्ध बांग्लादेश लिबरेशन वॉर के रूप में शुरू हुआ था। बंटवारे के बाद पाकिस्तान पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में बंट गया था। पूर्वी हिस्से (आज का बांग्लादेश) को पश्चिम में बैठी केंद्र सरकार अपने तरीके से चला रही थी। उन पर भाषाई और सांस्कृतिक पांबदियां थोप दी गई थीं। इस कारण पूर्वी पाकिस्तान में विरोध प्रदर्शन होने लगे थे। इन पर रोक लगाने के लिए सरकार ने फौज को इनका दमन करने के आदेश दिए।

इस दौरान पूर्वी पाकिस्तानी अवामी लीग के बड़े नेता जैसे शेख मुजीबुर रहमान को गिरफ्तार कर लिया गया। जानकारी के मुताबिक, पाकिस्तानी सेना द्वारा लगभग दो लाख महिलाओं के साथ बलात्कार किया गया था। करीब 20 से 30 लाख लोग मारे गए थे। करीब 80 से एक करोड़ लोगों ने भागकर भारत में शरण ली थी। 13 दिनों तक चले युद्ध के बाद पाकिस्तानी सेना से 16 दिसंबर को हथियार डाल दिए।

# भारत-पाक लड़ाई में चीन का हो रहा असली 'टेस्ट'



## पाकिस्तान और भारत की लड़ाई में चीन को फायदा होता दिख रहा है

अरबों डॉलर के मार्केट पर है ड्रैगन की नजर भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। दोनों पड़ोसी देशों के बीच चल रह इस तनातनी पर एक और पड़ोसी देश की नजर है। यह देश है चीन। चीन ने अपनी सैन्य तकनीक को विकसित करने में बहुत पैसा लगाया है। लेकिन अब तक उसके हथियारों का कभी भी जंग के मैदान में परीक्षण नहीं हुआ है। भारत और पाकिस्तान के बीच का संघर्ष इसकी पहली बड़ी परीक्षा है। इसकी वजह यह है कि पाकिस्तान के बेड़े में 81 फीसदी हथियार चीन के हैं। साल 2023 में दुनिया में हथियारों की इंडस्ट्री का रेवेन्यू 632 अरब डॉलर पहुंच गया। जाहिर है कि चीन की नजर इस बाजार पर है। सिपरी के मुताबिक अमेरिका दुनिया में हथियारों का सबसे बड़ा एक्सपोर्टर बना हुआ है। 2020 से 2024 के दौरान दुनिया में हथियारों के सबसे बड़े सौदागर अमेरिका की हिस्सेदारी 41.7% रही। इसके बाद फ्रांस (10.9%), रूस (10.5%), चीन (5.8%), जर्मनी (5.6%), इटली (4.3%), यूके (3.7%) और स्पेन (2.7%) का नंबर है। चीन की नजर अब इस सेक्टर में नंबर 1 बनने की है। यही वजह है कि चीन की नजर भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव पर है। इससे दुनिया को यह देखने का मौका मिल सकता है कि चीन की आधुनिक सैन्य तकनीक पश्चिमी हथियारों के मुकाबले कैसा प्रदर्शन करती है।

### पाकिस्तान के बेड़े में चीनी हथियार

चीन एक सैन्य महाशक्ति बन रहा है। उसने पिछले चालीस साल में कोई बड़ी लड़ाई नहीं लड़ी है। लेकिन राष्ट्रपति शी जिनपिंग के नेतृत्व में चीन ने अपनी सेना को आधुनिक बनाने के लिए बहुत प्रयास किए हैं। उसने आधुनिक हथियार और तकनीक विकसित करने में बहुत पैसा लगाया है। चीन ने अपने सदाबहार दोस्त पाकिस्तान की सेना को भी आधुनिक बनाने में मदद की है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) के आंकड़ों के अनुसार पिछले पांच साल में चीन ने पाकिस्तान को 81% हथियार दिए हैं। इन हथियारों में आधुनिक लड़ाकू विमान, मिसाइल, रडार और हवाई रक्षा प्रणाली शामिल हैं। जानकारों की मानें तो ये हथियार पाकिस्तान और भारत के बीच किसी भी सैन्य संघर्ष में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कुछ पाकिस्तानी हथियार चीनी कंपनियों के साथ मिलकर बनाए गए हैं या चीनी तकनीक और विशेषज्ञता से बनाए गए हैं। पाकिस्तान की सेना चीन में बने जिन हथियारों का यूज कर रही है उनमें जे-10सी और जेएफ-17 फाइटर, एचक्यू-9 एडी सिस्टम, एसएच-15 हॉवित्जर और सीएच-4 ड्रोन शामिल हैं।

### चीन का निवेश

हाल के वर्षों में पाकिस्तान ने चीन के साथ अपने संबंध बढ़ाए हैं। वह चीन का 'सदाबहार रणनीतिक साझेदार' बन गया है और शी जिनपिंग की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव परियोजना में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सिपरी के आंकड़ों के अनुसार 2000 के दशक के अंत में अमेरिका और चीन दोनों ने पाकिस्तान को लगभग एक-तिहाई हथियार दिए थे। लेकिन पाकिस्तान ने हाल के वर्षों में अमेरिकी हथियार खरीदना बंद कर दिया है और अब वह सस्ते चीनी हथियारों से अपने शस्त्रागार को भर रहा है।

चीन अपनी सेना खासकर सैन्य तकनीक पर काफी पैसा खर्च कर रहा है। 2025 के लिए उसने $249 अरब का बजट रखा है जो पिछले साल के मुकाबले 7.2% अधिक है। लेकिन इसका अलावा भी वह पीपीपी मोड के जरिए सेना पर बहुत ज्यादा खर्च कर रहा है। चीन अपनी सैन्य क्षमताओं के आधुनिकीकरण और विस्तार के साथ-साथ साइबर वारफेयर और न्यूक्लियर आर्सेनल पर भी जोर दे रहा है। इसके पीछे उसकी मंशा अमेरिका के दबदबे को चुनौती देना है। चीन की विस्तारवादी नीति किसी से छिपी नहीं है। वह ताइवान को अपना हिस्सा मानता है। साथ ही भारत समेत सभी पड़ोसी देशों के साथ उसका विवाद चल रहा है।

### अमेरिका के साथ तनाव

अमेरिका के बाद दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी इकॉनमी वाला देश चीन पिछले कई दशक से दुनिया की फैक्ट्री बना हुआ है। उसने मैन्युफैक्चरिंग में गजब का काम किया है और वह दुनिया की सप्लाई चेन का अहम हिस्सा है। अमेरिका के साथ पिछले कुछ समय से उसका तनाव चल रहा है। अमेरिका चीन का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर है जबकि अमेरिका भी चीन के बड़े ट्रेडिंग पार्टनर्स में शामिल है। लेकिन चीन के साथ ट्रेडिंग में अमेरिका को भारी घाटा है। यही कारण है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने चीन पर 145% टैरिफ लगाया है। इसके जवाब में चीन ने भी अमेरिका पर 125% टैरिफ लगाया है। दोनों में से कोई देश झुकने को तैयार नहीं है।

चीन और अमेरिका के प्रतिनिधियों के बीच स्विट्जरलैंड में बैठक हो रही है। लेकिन दोनों पक्षों को इसमें तुरंत कोई हल निकलने की उम्मीद नहीं है। माना जा रहा है कि दोनों देशों के बीच समझौता होने में दो से तीन साल का समय लग सकता है। इस समय का इस्तेमाल चीन दुनिया को अपना सस्ता माल खपाने में कर सकता है। अमेरिका के मुकाबले चीन का सामान काफी सस्ता माना जाता है और यही वजह है कि दुनिया के बाजार चीनी माल से पटे पड़े हैं।

### चीन वर्सेज अमेरिका

अमेरिका के डिफेंस इक्विपमेंट दुनिया में सबसे महंगे माने जाते हैं। मसलन अमेरिका के एफ-22 रैप्टर की कीमत 143 मिलियन डॉलर है। वहीं चीन का चेंगदू जे-20 फाइटर 110 मिलियन डॉलर में मिल जाएगा है। इसे एफ-22 की टक्कर का माना जाता है। हालांकि चीन ने इसकी टेक्नोलॉजी अपने पास ही रखी है। यही वजह है कि जो देश राफेल, एफ-16 और यूरोफाइटर टाइफून जैसे महंगे फाइटर नहीं खरीद पाते वे चीन से सस्ते फाइटर खरीदते हैं।

पूरी दुनिया में चीन के सामान के बारे में कहा जाता है कि चले तो चांद तक, नहीं तो शाम तक। लेकिन चीन अब अपनी इस छवि को बदलना चाहता है। यही वजह है कि उसकी नजर भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे संघर्ष पर है।

अगर उसके रक्षा उत्पादों की विश्वसनीयता बढ़ती है तो इससे उसे दुनिया में उनका प्रचार करने का मौका मिलेगा। जेएफ-17 थंडर बनाने वाली कंपनी के शेयर पांच दिन में 50 फीसदी से अधिक चढ़े हैं। इससे पता चलता है कि भारत-पाकिस्तान की लड़ाई में चीन का क्या फायदा है।

# भारत सुनकर फ्लॉवर समझे थे क्या?

### फायर है इंडियाः हंसते-हंसते भारत मां के लालों ने पाकिस्तान को धो डाला

भारत सुनकर फ्लॉवर समझ रहा था पाकिस्तान, फायर है, वाइल्ड फायर. है इंडिया... फिल्म 'पुष्पा 2' के डायलॉग का लेटेस्ट वर्जन पाकिस्तान के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है। भारत से सीधी लड़ाई में पाकिस्तान एक दिन में ही लड़खड़ाकर गिर गया है। अब पाकिस्तान की हालत पर तरस खाएं या हंसे... भारतीय सैनिकों का मूड तो हंस-हंस कर पाकिस्तान की धज्जियां उड़ाने का है।

हर कोई ये ही सोच रहा है कि पाकिस्तान ने भारत से पंगा क्या सोचकर लिया है। अब पंगा ले ही लिया है तो पाकिस्तान की वॉट लगना भी तय है, ये भी सभी जानते हैं। पाकिस्तान से मुकाबला करने में पााकिस्तानी सेना की हालत एक दिन में ही पतली हो गई है। भारत की पिटाई के बाद पाकिस्तान पूरी दुनिया के आगे रो रहा है। लेकिन भारतीय सेना के लिए पाकिस्तान को धूल चटाना एक मजाक जैसा है। भारतीय सेना ने एक वीडियो जारी किया है, इस वीडियो में सेना के जवान हंसते-हंसते पाकिस्तान की चूड़ी टाइट करते दिखाई दे रहे हैं। भारतीय सेना के जवानों के चेहरे पर बिल्कुल भी तनाव नहीं दिख रहा है।

दरअसल जम्मू-कश्मीर और पंजाब में 8 और 9 मई की रात को पाकिस्तान ने ड्रोन से हमले करने की कोशिश की। इसके जवाब में भारतीय सेना ने आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया। सेना ने इन ठिकानों को पूरी तरह से तबाह कर दिया। ये ठिकाने एलओसी के पास थे और भारत में आतंकी हमलों की योजना बनाने के लिए इस्तेमाल किए जाते थे। भारतीय सेना के जवानों ने किस तरह पूरे जोश में एक्शन लिया इसका वीडियो शेयर किया गया है। ऑपरेशन सिंदूर पर विदेश मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। पाकिस्तान के साथ जारी तनाव पर सैन्य अधिकारियों ने कहा कि उधमपुर, पठानकोट, आदमपुर और भुज एयरबेस को नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा, पाकिस्तान ने मिसाइलें दागीं और अस्पताल तथा स्कूल को निशाना बनाया गया। विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने एयर फोर्स स्टेशन सिरसा और एयर फोर्स स्टेशन सूरतगढ़ के शनिवार सुबह की फोटो दिखाईं और कहा कि ये सुरक्षित हैं।

कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा, 'पाकिस्तानी सेना पश्चिमी सीमाओं पर लगातार हमले कर रही है, उसने भारत के सैन्य ठिकानों पर हमला करने के लिए ड्रोन, लंबी दूरी के हथियार, युद्धक हथियार और लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल किया है। भारत ने कई खतरों को नाकाम कर दिया, लेकिन पाकिस्तान ने 26 से अधिक स्थानों पर हवाई मार्ग से घुसपैठ करने की कोशिश की।'

कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया, 'पाकिस्तान की इन हरकतों के बाद तुरंत जवाबी हमले का एक्शन लिया गया। रफीकी, मुरीद, चकलाला, रहमयार खान पर पाक सैन्य ठिकानों पर सटीक हथियारों और लड़ाकू जेट से हमला किया गया। सियालकोट का एयरबेस भी टारगेट किया गया। कम से कम कोलेटरल डैमेज की क्षति हमने निश्चित की। पाकिस्तान ने नागरिक विमानों की आड़ लेकर अंतरराष्ट्रीय एयर रूट का गलत इस्तेमाल किया।'विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया, 'एक त्वरित और सुनियोजित प्रतिक्रिया में भारतीय सशस्त्र बलों ने केवल चिन्हित सैन्य लक्ष्यों पर सटीक हमला किया। पाकिस्तान ने भारतीय एस-400 प्रणाली को नष्ट करने, सूरत और सिरसा में हवाई अड्डों को नष्ट करने के दावों के साथ लगातार दुर्भावनापूर्ण गलत सूचना अभियान चलाने का प्रयास किया है। भारत पाकिस्तान द्वारा फैलाए जा रहे इन झूठे दावों को स्पष्ट रूप से खारिज करता है।'

विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने कहा, 'अंतर्राष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर श्रीनगर से नलिया तक 26 से अधिक स्थानों पर हवाई घुसपैठ और कई उत्पीड़नकारी हमले करने की कोशिश की गई। भारतीय सशस्त्र बलों ने इन खतरों और अधिकांश वेक्टरों को सफलतापूर्वक बेअसर कर दिया। हालांकि, उधमपुर, पठानकोट, आदमपुर और भुज में भारतीय वायु सेना स्टेशनों पर उपकरणों और कर्मियों को सीमित नुकसान हुआ। इसके बाद रात 1:40 बजे के बाद पंजाब के कई हवाई ठिकानों पर कई हाई-स्पीड मिसाइल हमले भी देखे गए।'

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने पाकिस्तान की हरकतों को तनाव बढ़ाने वाला बताया। उन्होंने कहा कि पिछले 2-3 प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि पाकिस्तानी गतिविधियां तनाव को बढ़ाने का काम कर रही हैं। वो हमें उकसाने का काम कर रही हैं। हमने जवाब में भारत ने रक्षात्मक रवैया अपनाया। इस सुबह दोबारा पाकिस्तान ने उकसाने वाला और तनाव बढ़ाने वाला एक्शन लिया। पाकिस्तान ने आदमपुर, सूरतपुर, एस-400, नगरोटा के गोलाबारूद सेंटर, ब्रह्मोस फैसिलिटी को तबाह करने का दावा किया। हम इसे खारिज करते हैं। कुपवाड़ा, बारामूला, पुंछ, राजौरी और अखनूर में तोप, मोर्टार से भीषण गोलाबारी जारी है।

विदेश सचिव मिसरी ने फेक न्यूज को लेकर भी आगाह किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के झूठे दावे साफ हो चुके हैं। पाकिस्तानी सरकारी एजेंसियां हमले और तबाही का दावा कर रही हैं। कह रहे हैं कि मिलिट्री फैसिलिटी तबाह की है, यह सब झूठ है। यह दावे किए गए हैं कि पावर, इन्फ्रास्ट्रक्चर सिस्टम पर बड़े हमले किए गए, यह सब झूठ है। पाकिस्तान लगातार नागरिकों और नागरिक इमारतों को निशाना बना रहा है। भारत में कम्युनल विवाद खड़ा करने की कोशिश कर रहा है। जम्मू-कश्मीर और पंजाब में सिविलियन मारे जा रहे हैं, इमारतें क्षतिग्रस्त हो रही हैं। जम्मू-कश्मीर में एक प्रशासनिक अधिकारी मारा जा रहा है। फिलहाल भारत के सैन्य ठिकाने सुरक्षित हैं।

# क्या परमाणु हमले की धमकी से सरेंडर कर गया आईएमएफ

### एक आतंकी देश को 24 बार राहत पैकेज देने का मतलब?

पहलगाम हमले में पाकिस्तान से आए आतंकियों ने किस तरह से बेगुनाहों का कत्ल किया, उससे पूरी दुनिया वाकिफ है। ऐसे समय में अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएएमएफ) जैसी संस्था से फिर से राहत पैकेज देने का प्रस्ताव पास करना चौंकाने वाला है। भारत ने तो वोटिंग से हटकर अपनी नाराजगी जाहिर कर दी, लेकिन सवाल है कि एक तरह से आंतकी राष्ट्र के रूप में स्थापित हो चुके पाकिस्तान को एक वैश्विक संस्था की ओर से ऐसे समय में बेलआउट देने की सोच के पीछे आखिर क्या मजबूरी हो सकती है। भारत की चिंता बेवजह नहीं है। वह देख रहा है कि कर्ज में डूबे पाकिस्तान ने आज तक राहत पैकेज के नाम पर मिले ऐसे फंड का कभी भी उचित उपयोग करने की मानसिकता नहीं दिखाई है। यही वजह है कि भारत ने इसपर यह कहकर आपत्ति जताई है कि इस, 'फंड का राज्य प्रायोजित सीमापार आतंकवाद के लिए दुरुपयोग की संभावना'है।

पाकिस्तान के आतंकवाद की स्पॉन्सरशिप को पुरस्कार !दरअसल, आईएमएफ के पक्ष में कोई देश या तो मतदान कर सकता है या इससे दूर रह सकता है। भारत विरोध में वोट नहीं डाल सकता था, इसलिए बाहर होना ही उसकी मजबूरी बन गई। आईएमएफ की बैठक पर एक बयान में भारत ने कहा, 'भारत ने बताया कि सीमा पार आतंकवाद के लगातार स्पॉन्सरशिप को पुरस्कृत करना, वैश्विक समुदाय को एक खतरनाक संदेश देता है, फंडिंग एजेंसियों और दाताओं की प्रतिष्ठा को जोखिम में डालता है और वैश्विक मूल्यों का मजाक उड़ाता है।

# गौतम बुद्ध की सीख -जब मन अशांत हो तो धैर्य नहीं छोड़ना चाहिए



कभी-कभी जीवन में हमें ऐसे मोड़ मिलते हैं, जहां रास्ता साफ दिखना बंद हो जाता है। समाधान जो पहले स्पष्ट था, वह धुंधला और उलझा हुआ लगता है। ऐसी स्थिति के लिए गौतम बुद्ध ने अपने शिष्य आनंद को एक घटना के माध्यम से धैर्य का महत्व समझाया था।

गौतम बुद्ध और आनंद एक दिन किसी जंगल से गुजर रहे थे। गर्मी और थकान से परेशान होकर बुद्ध को प्यास लगी। बुद्ध ने आनंद से कहा कि पास ही एक झरना है, वहां से पानी ले आएं। आनंद झरने के पास पहुंचे, लेकिन वहां की स्थिति कुछ और ही थी, एक बैलगाड़ी झरने से होकर निकली थी, जिससे पानी मटमैला और गंदा हो गया था। निराश होकर आनंद लौट आए और बुद्ध को बताया कि पानी पीने योग्य नहीं है। बुद्ध मुस्कुराए और बोले, "तुम वहां वापस जाओ और कुछ देर किनारे पर बैठ जाओ।" आनंद ने गुरु की बात मानी और झरने के पास जाकर शांत होकर बैठ गए। थोड़ी ही देर में गंदगी नीचे बैठने लगी और पानी साफ दिखने लगा। आनंद ने साफ पानी भरा और बुद्ध के पास लौट आए।

बुद्ध ने बड़े ही शांत स्वर में कहा, "जीवन में भी कई बार ऐसा होता है जब परिस्थितियां इतनी गड़बड़ हो जाती हैं कि हमें कुछ समझ नहीं आता। उस समय अगर हम भी परेशान हो जाएं और प्रतिक्रिया देने लगें तो चीजें और बिगड़ती हैं। लेकिन अगर हम शांत रहें, धैर्य रखें, तो समय के साथ परिस्थितियां साफ होने लगती हैं और हम सही निर्णय ले पाते हैं, सकारात्मक भाव के साथ आगे बढ़ते हैं।"

**मन जब अशांत होता है...**

यह कथा सिर्फ झरने की कहानी नहीं, बल्कि हमारे मन की स्थिति का प्रतीक है। जब जीवन में कोई परेशानी आती है, तो हमारा मन भी उस गंदे पानी की तरह अस्थिर हो जाता है। चिंता, डर और क्रोध का गुबार हमारे सोचने की शक्ति को धुंधला कर देता है। ऐसे में सबसे बड़ी आवश्यकता होती है – धैर्य की।

मेडिटेशन और आत्मनिरीक्षण की विधियां हमें यह सिखाती हैं कि विपरीत समय में प्रतिक्रिया देने की बजाय, अगर हम सिर्फ रुक जाएं, देखें, और धैर्य रखें, तो समाधान खुद-ब-खुद स्पष्ट हो जाता है।

**गौतम बुद्ध की सीख:**

धैर्य एक मानसिक शक्ति है, जो समय के साथ स्थिति को बेहतर बना सकती है। जिस तरह शांत जल में अपनी परछाई साफ दिखती है, वैसे ही शांत मन में समाधान स्वतः प्रकट होता है। बुरे समय में घबराने की बजाय ठहरना और खुद को संभालना ही बुद्धिमानी है।

बुद्ध की यह छोटी सी कथा हमें सिखाती है कि जीवन की सबसे कठिन परिस्थितियां भी धैर्य और शांति से हल की जा सकती हैं। क्योंकि जब मन बैठ जाता है, तब समाधान उभर आता है।

# सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा, पीपल को चढ़ाएं जल-दूध, पितरों के लिए करें धूप-ध्यान

सोमवार, 12 मई को वैशाख मास की पूर्णिमा है, इस तिथि पर भगवान बुद्ध की जयंती भी मनाई जाती है, इसलिए इसे बुद्ध पूर्णिमा भी कहते हैं। शुक्रवार को वैशाख खत्म होगा और शनिवार से ज्येष्ठ मास शुरू हो जाएगा। वैशाख पूर्णिमा पर पीपल की विशेष पूजा करने की परंपरा है। इस तिथि पर भगवान विष्णु ने कूर्म अवतार लिया था, इस दिन वैशाख मास के स्नान भी खत्म हो जाएंगे। जानिए वैशाख पूर्णिमा से जुड़ी कुछ खास परंपराएं...

**पूर्णिमा पर करें पीपल पूजन**

ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के अनुसार, वैशाख पूर्णिमा के दिन पीपल की पूजा का विशेष महत्व है। पीपल वृक्ष को भगवान विष्णु का प्रतीक माना गया है। श्रीकृष्ण ने गीता में कहा है, ₹वृक्षों में मैं पीपल हूं।₹ इस तिथि पर पीपल को जल, गाय का दूध, चंदन, अबीर-गुलाल, फूल अर्पित करें और धूप-दीप जलाकर आरती करें। ये पूजा सभी देवी-देवताओं की आराधना के समान पुण्य फल देती है।

**पितृ पूजन से मिलती है आत्मिक शांति**

पूर्णिमा की दोपहर पितृों के लिए किया गया धूप-ध्यान अत्यंत शुभ माना जाता है। गाय के गोबर से बने कंडे जलाकर, जब उनमें से धुआं बंद हो जाए तो गुड़ और घी की आहुति दें। हाथ में जल लेकर, अंगूठे की ओर से पितरों को अर्पण करें और उनका ध्यान करें। यह कर्म परिवार में सुख-शांति और पितृ दोष से मुक्ति दिलाता है।

**सूर्यास्त के बाद करें तुलसी पूजन**

शाम के समय तुलसी के समीप दीपक जलाना अत्यंत शुभ होता है। तुलसी देवी को विष्णु प्रिया कहा गया है, अतः इस दिन विष्णु जी की पूजा के साथ तुलसी पूजन भी करना चाहिए। भगवान विष्णु और महालक्ष्मी का अभिषेक इस शुभ तिथि पर भगवान विष्णु और देवी महालक्ष्मी का दक्षिणावर्ती शंख से केसर मिश्रित दूध द्वारा अभिषेक करें। इसके बाद शुद्ध जल से स्नान, फूलों से श्रृंगार, चंदन तिलक और तुलसी सहित मिठाई का भोग लगाएं। "ॐ नमो भगवते वासुदेवाय" मंत्र का जप इस दिन अत्यंत प्रभावशाली होता है।

**गुरु ग्रह और शिव पूजन**

इस दिन गुरु ग्रह की शांति के लिए शिवलिंग की पूजा करें। बिल्वपत्र, धतूरा और पीले फूल अर्पित करें। बेसन के लड्डू का भोग विशेष फलदायी माना गया है। यह पूजा ज्ञान, संतान सुख और करियर में सफलता प्रदान करती है।

पूर्णिमा पर दान-पुण्य करने का है विशेष महत्व वैशाख पूर्णिमा पर दान का विशेष महत्व बताया गया है। जरूरतमंदों को अन्न, धन, वस्त्र, छाता, जूते-चप्पल का दान करें। गौशाला में जाकर गायों को हरा चारा खिलाएं। इस दिन किया गया दान कई गुना फल देता है और जीवन में समृद्धि लाता है।

बुद्ध पूर्णिमा केवल एक धार्मिक दिन नहीं, बल्कि आत्मिक उन्नति, पितृ तृप्ति, दान-पुण्य और पर्यावरण पूजन का शुभ योग है। ये तिथि हमें जीवन में धैर्य, संयम, और श्रद्धा के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।

# चाहे कितना भी करीबी क्यों न हो, ये 7 बातें भूलकर भी न करें शेयर

**घर-परिवार की बातें**

कई लोग अपने घर की बातें दोस्तों, रिश्तेदारों या जान-पहचान वालों से साझा करते हैं। लेकिन यही बातें आगे चलकर पछतावे की वजह बनती हैं। घर की बातें बाहर बताने से घर के सदस्यों में आपसी मनमुटाव और विश्वास की कमी हो सकती है। पति-पत्नी के संबंधों की बातें भी कभी किसी को नहीं बतानी चाहिए। इससे आपकी कमजोरी सामने आती है और सुनने वाले मज़ा लेते हैं, न कि सहानुभूति दिखाते हैं।

**अपनी आमदनी की जानकारी**

लोग अक्सर आपकी कमाई जानना चाहते हैं। अगर आपने यह बता दिया कि आप कितना कमाते हैं, तो ज़रूरत के वक्त लोग सबसे पहले आपकी तरफ देखेंगे। पैसे न देने की स्थिति में मतभेद पैदा हो सकते हैं। और अगर आमदनी कम हो तो लोग आपका मजाक उड़ाएंगे। इसलिए अपनी आमदनी गुप्त रखना ही बुद्धिमानी है।

**अपने अतीत की गलतियां**

अपनी पुरानी गलतियों को लोगों से साझा न करें। इससे आपकी नकारात्मक छवि बनती है और लोग उसी नज़र से आपको देखते हैं। इसी तरह, अपनी भविष्य की योजनाएं भी किसी को न बताएं। अगर योजना सफल नहीं हुई, तो लोग मज़ाक बनाएंगे या जानबूझकर उसमें बाधा डालेंगे।

**अपने अपमान की बातें**

अगर आपको सार्वजनिक रूप से अपमान सहना पड़ा है, तो उसे प्रचारित न करें। अपमान का जवाब दें, लेकिन उसे बार-बार दोहराने से लोग आपका और मजाक उड़ाएंगे। दुनिया में सहानुभूति बहुत सीमित होती है, इसलिए अपनी बेइज्जती की बातें केवल खुद तक रखें।

**मन की बात**

हमारे मन में कई भावनाएं आती हैं, जैसे- ग़ुस्सा, निराशा, ईर्ष्या, या भय। लेकिन हर बात को व्यक्त करना ठीक नहीं। जो बातें आपके हित में हैं, वही कहें। मन की हर बात कह देने से लोग आपकी अच्छी बातों की अनदेखी करेंगे और केवल आपकी कमजोरी को याद रखेंगे।

**दान-पुण्य की बातें**

जो दान या पुण्य कार्य किया जाए, उसे गुप्त रखना चाहिए। अगर आपने दान कर दिया और उसका बखान किया, तो उसका फल नहीं मिलेगा। गुप्त दान ही सबसे श्रेष्ठ माना गया है।

**अपने दुख और राज की बातें**

दुख और राज की बातें दूसरों को बताने से वे आपकी कमजोरी का फायदा उठा सकते हैं। अगर कभी आपकी उनसे दुश्मनी हो गई, तो वे बातें सबको बता सकते हैं। तब आपको बहुत पीड़ा होगी और समाज में आपकी छवि खराब हो सकती है।

# नमक से हाथ धोने पर क्या होता है? 21 दिन का यह उपाय कारगर है या नहीं

नमक का वास्तु और ज्योतिष शास्त्र में जितना महत्व है, उतान ही चीन के फेंगशुई में भी महत्व है। नमक को नकारात्मकता को दूर करने में सक्षम माना जाता है। जब किसी बच्चे को नजर लगती है तो आपने देखा होता कि उसकी मां नजर उतारती है। बच्चे को बुरी नजर से बचाने के लिए नमक का टोटका करते हैं। क्या वाकई में नमक का टोटका लोगों को बुरी नजर से बचाता है? लोगों को आपने नमक से हाथ धोते या नमक वाले पानी से पोछा लगाते देखा होगा। नमक से हाथ धोने पर क्या होता है? आइए जानते हैं इसके बारे में।

**बैडलक को दूर करता है नमक**

नमक में नकारात्मक शक्तियों को दूर करने का गुण होता है। नमक के पानी का उपयोग करके अपने घर के वास्तु दोष को दूर कर सकते हैं। सफेद नमक का संबंध शुक्र और चंद्रमा से माना जाता है। सफेद नमक का उपाय आपके खराब शुक्र और कमजोर चंद्रमा को सही कर सकता है। इतना ही नहीं नमक का संबंध शनि ग्रह से भी होता है। सेंधा नमक का उपाय शनि दोष, साढ़ेसाती और ढैय्या में लाभकारी होता है।

**नमक के पानी से हाथ धोने के फायदे**

फेंगशुई के अनुसार, यदि आप बैडलक चल रहा है, किसी काम में सफलता नहीं मिल रही है, आपके काम को या आपको दूसरों की बुरी



नजर लग गई है तो आपको नमक के पानी से हाथ धोना चाहिए। नमक के पानी से हाथ धोने पर बैडलक खत्म हो जाता है। बुरी शक्तियों से रक्षा करता है और गुडलक लाता है। पुराने समय में नमक का उपयोग बुरी आत्माओं और दुर्भाग्य को दूर करने के लिए किया जाता था।

**नमक के पानी से हाथ धोने का तरीका**

सबसे पहले आप अपने रसोईघर में जाएं और डिब्बे में से दो या तीन चम्मच नमक निकाल लें। उसे अपनी हथेली के बीचोबीच रखें। फिर नल को इस तरह से खोलें कि उसका पानी धीमी गति से गिरे। अब आप उस पानी और नमक से अपनी दोनों हथेली को अच्छे से धोएं। धीमी गति से अपनी दोनों हथेली को आपस में रगड़ें ताकि नमक पानी के साथ अच्छे से घुल जाए और चारों ओर लग जाए। नमक से हाथ धोने के बाद अपनी हथेली को सूखा लें।

**21 दिन करें नमक का उपाय**

यदि आपको लगता है कि आपका गुडलक कहीं फंस सा गया है, वह आपको नहीं मिल रहा है। आपके जीवन की पॉजिटिव एनर्जी कहीं पर रुक गई है तो आपको नमक के पानी से अपना हाथ धोना चाहिए। यह उपाय 21 दिनों तक करके देखना चाहिए। इस उपाय को करने से लाभ होने की संभावना है।

ज्योतिष शास्त्र में नमक का उपाय धन प्राप्ति और वास्तु दोष को दूर करने के लिए किया जाता है। मानसिक शांति के लिए लोग नमक को अपने सिर से 7 बार वार करके बहते पानी में डाल देते हैं, इससे तनाव मिटता है। कांच के जार में नमक भरकर रखने से जीवन में सुख और शांति आति है।

# घर बैठे दूर करें पैसों की कमी, आज़माएं 5 रुपए के कलावे से जुड़े ये आसान और असरदार उपाय



हर इंसान की ज़िंदगी में ऐसा समय जरूर आता है जब पैसे की तंगी परेशान करने लगती है। कभी आमदनी कम होती है, तो कभी खर्चे बढ़ जाते हैं। कई बार मेहनत करने के बाद भी धन नहीं टिकता या अटक जाता है। ऐसे में कुछ लोग बैंक, कर्ज या निवेश के ज़रिए इस समस्या का हल ढूंढते हैं, तो कुछ लोग आध्यात्मिक और पारंपरिक उपायों का सहारा लेते हैं। अगर आप भी किसी ऐसे आसान उपाय की तलाश में हैं जो घर बैठे किया जा सके और ज्यादा खर्च भी न हो, तो 5 रुपए का कलावा आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। इस उपाय के बारे में अधिक जानकारी दे रहे हैं भोपाल निवासी ज्योतिषी एवं वास्तु सलाहकार पंडित हितेंद्र कुमार शर्मा।

कहा जाता है कि कलावा में ब्रह्मा, विष्णु और शिव का वास होता है और इसकी गांठों में मां लक्ष्मी, मां सरस्वती और मां पार्वती की कृपा रहती है। इसलिए अगर इसे सही तरीके से प्रयोग किया जाए तो घर की दरिद्रता खत्म हो सकती है।

**कलावा खरीदें:** सबसे पहले बाज़ार से 5 रुपए का कलावा लें। ध्यान रहे कि वह धागा साफ और बिना टूटे हो।

**पांच हिस्सों में बांटें:** उस कलावे को बराबर के 5 हिस्सों में काट लें या अलग कर लें। अब हर भाग को खास जगहों पर बांधना है।

**तुलसी के पौधे पर बांधें:** पहला हिस्सा घर में लगे तुलसी के पौधे की डंडी पर बांधें। इससे सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है।

**पीपल के पेड़ पर बांधें:** दूसरा हिस्सा किसी पीपल के पेड़ पर बांध दें। इसे सुबह के समय करें और मन में अपने उद्देश्य को दोहराएं।

**घर की पूर्व दिशा में लगाएं:** तीसरे हिस्से को घर की पूर्व दिशा में बांधें। अगर वहां कोई जगह न हो, तो इसे घर की तिजोरी में रखें।

**घर के मंदिर में बांधें:** चौथा हिस्सा घर के मंदिर में भगवान की मूर्ति या तस्वीर के पास बांधें।

7। रसोई में बांधें: अंतिम हिस्सा रसोई की खिड़की या जहां पानी रखा जाता है, वहां बांध दें।

**क्या होगा लाभ?**

इस उपाय को श्रद्धा से करने पर कहा जाता है कि धीरे-धीरे धन की तंगी खत्म होती है। रुका हुआ पैसा वापस मिल सकता है। कारोबार में सुधार होता है और आमदनी के नए रास्ते खुलते हैं। इस उपाय की सबसे बड़ी बात यह है कि यह न तो ज्यादा खर्चीला है और न ही समय लेने वाला।

अगर आप इसे शुक्रवार या किसी शुभ दिन से शुरू करें तो इसका असर और तेज़ी से देखने को मिल सकता है। ध्यान रखें कि उपाय करते वक्त मन में शांति और विश्वास होना बहुत ज़रूरी है।

**दूसरों के दुर्गुणों पर ध्यान नहीं देना चाहिए; दूसरों में जो श्रेष्ठ है, उसका अनुसरण करना चाहिए**

हमारा व्यक्तित्व भी कई प्रकार का होता है। जैसे बाहर का व्यक्तित्व, सूक्ष्म व्यक्तित्व और तीसरा व्यक्तित्व वह है, जिसमें हम अपनी वाणी, व्यवहार के साथ-साथ अपने संकल्प, भावनाओं के साथ जीते हैं। हमें अपने व्यक्तित्व को उजागर करना चाहिए। हम दूसरों के दुर्गुणों पर ध्यान न दें। दूसरों को जल्दी क्षमा कर दें। हम किसी का उपहास न करें, जिद न करें। दूसरों में जो श्रेष्ठ है, उसका अनुसरण करें।

# मूलांक 9 वालों के अंदर छिपी होती हैं ये खूबियां



अंक ज्योतिष के ज़रिए हम किसी व्यक्ति के जीवन की दिशा और स्वभाव को समझ सकते हैं। हर अंक किसी न किसी ग्रह से जुड़ा होता है और उसमें एक खास तरह की ऊर्जा या ताकत होती है। जिन लोगों का जन्म किसी भी महीने की 9, 18 या 27 तारीख को हुआ है, उनका मूलांक 9 होता है। मूलांक 9 का स्वामी ग्रह मंगल है। सभी मूलांकों में मूलांक 9 वाले लोग अपने अलग अंदाज़, ऊर्जा के लिए जाने जाते हैं।

**मूलांक 9 निकाला कैसे जाता है?**

उदाहरण के लिए, 18 को जन्म लेने वालों का मूलांक 1+8 = 9 होता है। इसी तरह 27 को जन्म लेने वालों का भी 2+7 = 9 यानी मूलांक 9 होता है। इस प्रकार 9, 18 और 27 तारीख को जन्म लेने वालों का मूलांक 9 माना जाता है।

**मूलांक 9 वालों का स्वभाव**

यह अंक बहुत ताकतवर माना जाता है, इसलिए इस मूलांक के लोग भी मजबूत, साहसी और आत्मविश्वासी होते हैं। यह अंक सौभाग्य, खुशहाली और सफलता लाता है। इनमें नेतृत्व की प्रवृत्ति होती है। ये लड़ने-भिड़ने में माहिर होते हैं और खेलकूद में सक्रिय भाग लेते हैं। इनमें ऊर्जा और स्टैमिना भरपूर होता है। पढ़ाई से अधिक इनका झुकाव खेलकूद या फिजिकल एक्टिविटी की ओर होता है। बाहर से सख्त दिखते हैं लेकिन अंदर से बहुत भावुक और सरल होते हैं। दूसरों की मदद करना इनकी फितरत होती है। ये मानवीय भावनाओं को बहुत अच्छे से समझते हैं। ये लोग आसानी से हार नहीं मानते।

# श्वेतांबर तेरापंथ के ग्याहरवें आचार्य हैं महाश्रमण जी



निर्मला बैद

आचार्य महाश्रमण (जन्म 13 मई 1962) जैन श्वेतांबर तेरापंथ के ग्याहरवें आचार्य हैं ।

आचार्य महाश्रमण जी, तेरापंथ संगठन के तहत काम करने वाली सभी गतिविधियों का नेतृत्व करते हैं, विशेष रूप से अणुव्रत, प्रेक्षा ध्यान, जीवन विज्ञान । सभी तेरापंथ उप-संगठन, विशेष रूप से जैन विश्व भारती,जैन श्वेतांबर तेरापंथी महासभा आदि आचार्य श्री महाश्रमण के मार्गदर्शन में काम कर रहे हैं ।

एक धार्मिक संगठन के आचार्य होने के बावजूद, उनके विचार उदार और धर्मनिरपेक्ष हैं । अहिंसा, नैतिक मूल्यों और सिद्धांतों को बढ़ावा देने में उनका दृढ़ विश्वास है ।

उनका जन्म सरदारशहर की पुण्यस्थली। वि. सं. 2019, वैशाख शुक्ला नवमी (13 मई 1962) के मंगल प्रभात में हुआ था। एक अनाम शिशु ने दूगड़ परिवार मे मातुश्री नेमादेवी की कुक्षि से जन्म लिया। व्यवहार जगत में 'मोहन' नाम से पहचान बनाई । पिताश्री झूमरमल जी का हृदयांगण खुशियों से भर गया । बालक मोहन बचपन से ही मेधावी, श्रमशील, कार्यनिष्ठ विद्यार्थी थे। उनकी विनम्रता, भद्रता, ऋजुता, मृदुता और पापभीरुता हृदय का छूने वाली थी । उस समय कौन जानता था कि वह बालक आगे चलकर तेरापंथ का ग्यारहवां अधिशास्ता बनेगा ।

**दीक्षा** जब बालक मोहन मात्र सात वर्ष की लघु अवस्था में थे तभी वे पितृ-वात्सल्य से वंचित हो गए परिवार में एक अपूरणीय क्षति हो गई किन्तु मातुश्री ने अपनी वत्सलता और स्नेह देकर कभी अपने लाडले को उस रिक्तता की अनुभूति नहीं होने दी । जीवन की क्षणभंगुरता ने बालक की दिशा और दशा—दोनों को बदल दिया । उनके मन में वैराग्य का अंकुर प्रस्फुटित हो गया।

ज्यों-ज्यों उसे सिंचन मिला वह पुष्पित, पल्लवित होता चला गया । अध्यात्म के प्रति रुचि बढ़ती गई । धीरे-धीरे उन्होंने उन अर्हताओं को अर्जित कर लिया, जो एक दीक्षित होने वाले साधक में होनी चाहिए। उन्होंने अपने मनोबल और शरीरबल को तोलकर दीक्षा लेने की भावना आचार्यश्री तुलसी के सामने रखी ।

उस समय आचार्यश्री दिल्ली में प्रवासित थे । आचार्यश्री ने उनका यथोचित परीक्षण कर सरदारशहर की पुण्य भूमि पर ही मुनिश्री सुमेरमलजी (लाडनूं) को दीक्षा देने की अनुमति प्रदान की ।



आचार्य महाश्रमण

वि.सं. 2031, वैशाख शुक्ला 14 (5 मई, 1974) रविवार के दिन बारह वर्ष की लघु अवस्था में वे दीक्षित हो गए।

मोहन से मुनि मुदित बन गए। बाह्य परिवेश बदलने के साथ-साथ उनका आन्तरिक परिवेश भी बदल गया । सारी प्रवृत्तियां संयममय हो गई ।

व्यवहार में बाहर जीना और निश्चय में भीतर में रहना उनका जीवनसूत्र बन गया। वे अपना अधिकाधिक समय स्वाध्याय, ध्यान, पाठ का कंठीकरण और उसके पुनरावर्तन में नियोजित करते थे। समय-समय पर उन्हें आचार्य तुलसी और युवाचार्य महाप्रज्ञ का सान्निध्य मिलता रहा । वि. सं. 2041, ज्येष्ठ कृष्णा अष्टमी को आचार्यश्री ने उन्हें अपनी व्यक्तिगत सेवा में नियुक्त कर लिया ।

इससे उन्हें ज्ञानार्जन, गुरुसेवा और गुरुकुलवास में रहने का सहज ही अवसर मिल गया । संस्कृत, प्राकृत, हिन्दी और अंग्रेजी भाषाओं में उनका अध्ययन चलता रहा ।

महाश्रमण प्रारम्भ से ही एक प्रशान्त मूर्ति के रूप में प्रसिद्ध थे । न अधिक बोलना और न अधिक देखना । आंखों की पलकें भी प्रायः निमीलित ही रहती थीं। उनकी निस्पृहता, निरभिमानता सबको लुभाने वाली थी । ज्यों-ज्यों उनकी अर्हताएं बढ़ रही थीं दायित्व की परिधि भी विस्तार पा रही थी। वि. सं. 2041, को जोधपुर प्रवास में वे एक उपदेष्टा के रूप में उभर कर सामने आए । आचार्य तुलसी ने उन्हें व्याख्यान से पूर्व प्रतिदिन उपदेश देने के कार्य में नियोजित किया

# मालविका मोहनन दक्षिण सिनेमा में बड़ा नाम



**फिल्म** 'बियांड द क्लाऊड्स' से हिन्दी फिल्मों में डेब्यू करने वाली मालविका मोहनन दक्षिण भारतीय सिनेमा का बड़ा नाम है। वह गत वर्ष बॉलीवुड फिल्म 'युधरा' में नजर आई, जिसमें उसके साथ सिद्धांत चतुर्वेदी था ।

फिल्म इंडस्ट्री में बॉडी शेमिंग को लेकर अक्सर बातचीत होती रहती । यह न सिर्फ बॉलीवुड, बल्कि साऊथ सिनेमा में भी खूब सुनने को मिलता है। हाल ही में मालविका ने इस मामले पर खुलकर बात की। मालविका ने साऊथ के लोगों के 'नाभि की अजीब पसंद या कहें कि जुनून' व सुडौल शरीर की पसंद का जिक्र किया और इस तरह की बातों पर अपनी असहजता भी बयां की।

मालविका ने बॉलीवुड और साऊथ फिल्म में अंतर और दोनों जगह महिलाओं व अभिनेत्रियों को लेकर सोच के बारे में बात करते हुए कहा, "हर इंडस्ट्री में महिलाओं के शरीर को लेकर अलग-अलग विचार हैं। अगर मैं थोड़ा वजन बढ़ा लेती हूं और काम के लिए मुंबई आती हूं, तो मेरा मैनेजर कहता है, 'तुमने थोड़ा वजन बढ़ा लिया है ? तुमने क्या एक्सरसाइज करना बंद कर दिया है ? ' वहीं अगर मैं फिट हूं और मेरे एब्स बने हों, फिर मैं चेन्नई में हूं, तो वे कहेंगे, ओह, तुमने अपना मोटापा कम कर लिया है, जब तुम्हारा मोटापा था तब तुम और भी सुंदर दिखती थी।

महिलाओं के शरीर पर इतनी बार टिप्पणी जाती है कि एक समय पर मैं भ्रमित हो जाती थी, क्या मुझे फिट होना चाहिए, क्या मुझे सुडौल होना चाहिए ? हालांकि, अब मैं उस मुकामपर पहुंच गई हूं जहां मैं कहती हूं, स्वस्थ रहो, फिट रहो।

उसने खुलासा किया कि शुरुआत में उसे पतले होने के चलते ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा क्योंकि साऊथ इंडियन दर्शकों को सुडौल महिलाएं पसंद थीं। उसने कहा, "मुझे पतली होने के लिए बहुत ट्रोल किया गया था। मेरे शरीर में मेरी 20 साल की उम्र के बीच में बदलाव आया। तभी मैं थोड़ी सुडौल हो गई। नाभि को लेकर उत्सुकता मालविका ने साऊथ फिल्म इंडस्ट्री में बॉडी रिवीलिंग और शरीर के कुछ अंगों को दिखाए जाने पर कहा, ₹मैं पहले भी बहुत हैरान हुआ करती थी, क्योंकि मैं मुंबई में पली-बढ़ी हूं। यह पूरी तरह से एक नई घटना थी कि नेवल (नाभि ) को लेकर इतना जुनून था। फिर आप सोशल मीडिया पर अभिनेत्रियों की तस्वीरें देखेंगे, जहां वे अपने शरीर को जूम करती हैं। नाभि का जुनून एक बहुत वास्तविक चीज है ।

महिलाओं के लिए असुरक्षित मालविका ने मुंबई लोकल ट्रेन में हुई एक भयावह घटना का खुलासा किया और कहा कि मुंबई महिलाओं के लिए उतना सुरक्षित नहीं है जितना माना जाता है। उसने बताया कि मायानगरी उन अनगिनत महिलाओं के लिए सुरक्षित नहीं है, जो हर दिन पब्लिक प्लेस पर निकलती हैं।

उसने कहा, "लोग अक्सर कहते हैं कि मुंबई महिलाओं के लिए सुरक्षित है, लेकिन मैं इस धारणा को सही करना चाहती हूं। आज मेरे पास अपनी कार और ड्राइवर इसलिए अगर कोई मुझसे पूछे कि क्या मुंबई सुरक्षित है, तो मैं हां कहूंगी लेकिन सभी महिलाएं इतनी भाग्यशाली नहीं हैं।

मालविका ने कॉलेज के दिनों की एक खौफनाक घटना को याद करते हुए बताया, "मुझे याद है कि एक बार मैं और मेरी दो करीबी सहेलियां लोकल ट्रेन से वापस आ रही थीं और मुझे लगता है कि रात के 9.30 बजे थे और हम फर्स्ट क्लास में थे, इसलिए कम्पार्टमैंट काफी खाली था। असल में हम तीनों के अलावा कोई और नहीं था। हम खिड़की की ग्रिल के पास बैठी थीं । स्टेशन पर खड़े एक आदमी ने जैसे ही हम तीनों लड़कियों को बैठे देखा, ग्रिल के बहुत करीब आ गया। अपना चेहरा ग्रिल पर चिपका दिया और बोला- एक चुम्मा देगी क्या ? हम तीनों ही दंग रह गईं। उस उम्र में, आपको यह भी नहीं पता होता कि ऐसी परिस्थितियों में कैसे जवाब दिया जाए? क्या होगा अगर वह ट्रेन के अंदर कूद गया ?

उसने कहा कि यह तो एक मामला है लेकिन सार्वजनिक परिवहन में सफर करने वाली हर महिला के पास इस तरह के उत्पीड़न और छेड़छाड़ की ढेरों कहानियां होंगी।"

# अमीषा पटेल को मिली थी 'संन्यास' लेने की सलाह



पहली ही फिल्म 'कहो न प्यार है से अमीषा पटेल रातों-रात स्टार बन गई थी। इसके बाद 2001 में आई 'गदर : एक प्रेम कथा' भी ब्लॉकबस्टर रही लेकिन उसकी इस सफलता के बाद भी उसे बॉलीवुड के सबसे चर्चित निर्देशकों में से एक संजय लीला भंसाली ने ऐसी सलाह दी थी, जिसने उसको हैरान कर दिया था ।

अमीषा ने संजय लीला भंसाली की इस सलाह के पीछे की वजह का खुलासा किया था । अमीषा ने यह किस्सा याद करते हुए बताया कि 'गदर : एक प्रेम कथा' देखने के बाद संजय ने उसकी परफॉर्मेंस की तारीफ करते हुए एक लैटर भेजा था।

वहीं जब संजय से अमीषा की मुलाकात हुई तो उसने उसे रिटायरमैंट लेने की सलाह दे दी। उसका कहना था कि अमीषा ने दो ही फिल्मों से इतना कुछ हासिल कर लिया है, जितना कई एक्टर सालों में अचीव नहीं कर पाते। उन दिनों अमीषा, संजय की बात पूरी तरह से नहीं समझ पाई थी क्योंकि वह इंडस्ट्री में अभी नई थी ।

दूसरी तरफ 'कहो न प्यार है' और 'गदर' जैसी फिल्मों के बाद भी एक समय पर अमीषा इंडस्ट्री से गायब होगई। उसने इसके बारे में बात की और साथ ही यह भी खुलासा किया कि एक बार उसने अपनी मैनेजर के चलते संजय लीला भंसाली के साथ काम करने का मौका खो दिया था ।

अमीषा ने अपने करियर के शुरुआती 3 साल तो कमाल की फिल्में कीं, लेकिन फिर 2003 में उसके करियर का बुरा दौर शुरू हुआ।

अभिनेत्री की कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर धड़ाम रहीं, जिन्होंने उसके करियर को बुरी तरह प्रभावित किया। वह'भूल भुलैया' का हिस्सा रही, लेकिन उसके रोल को ज्यादा अटैंशन नहीं मिला। क्या अमीषा उम्मीद से है। अमीषा सोशल मीडिया पर छाई रहती है । हाल ही में अमीषा ने ग्रीन मोनोकिनी में अपनी तस्वीरें शेयर कीं, लेकिन इन्होंने अमीषा की प्रैग्नेंसी की अफवाहें फैला दीं। कई यूजर्स ने उसके प्रैग्नेंट होने के कयास लगाए हैं। अमीषा अभी तक सिंगल है, इसके बावजूद फैन्स ने ऐसी अटकलें लगानी शुरू कर दी हैं । दरअसल, अमीषा की तस्वीरों ने नैटिजन्स को कंफ्यूज कर दिया । अमीषा ने दो वीडियो और एक तस्वीर पोस्ट की।

अमीषा ने ग्रीन मोनोकिनी को एक सफेद शर्ट के साथ पेयर किया और काले गॉगल्स तथा कैप के साथ अपनी लुक को कम्प्लीट किया।

अमीषा पटेल ने इस आऊटफिट में खूबसूरत पोज भी दिए लेकिन तस्वीरें वीडियो सोशल मीडिया पर आते ही नैटिजन्स यह सोचने लगे कि क्या अमीषा पटेल प्रैग्नेंट है।

## एक्सपेरिमेंट के लिए किए थे 'बोल्ड' शो : खुशी मुखर्जी



खुशी मुखर्जी जल्द ही सार्वजनिक स्वच्छता के गंभीर मुद्दे पर आधारित फिल्म 'मूत्र विसर्जन वर्जित है' में मुख्य भूमिका निभाती नजर आएगी, जो सार्वजनिक स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण विषय पर प्रकाश डालने वाली पहली फिल्म है । इस फिल्म में वह अरबाज खान के साथ दिखाई देगी।

अब तक के अपने करियर के उतार- चढ़ाव पर खुशी ने कहा, सबका अपना- अपना स्ट्रगल रहता है । मेरा भी काफी स्ट्रगल रहा है। मैं तो यह कहूंगी कि शून्य से दस तक पहुंचना इतना मुश्किल नहीं होता, लेकिन जब आप कोई एक गलत प्रोजैक्ट कर लेते हो, तो जरूर सब चौपट हो जाता है। हालांकि सही-गलत कुछ नहीं होता, लेकिन दर्शक उसको किस तरह से लेते हैं या वह काम आपको किस स्तर पर लेकर जाता है, सब इस पर निर्भर करता है ।

" फिर जब आपको वहां से रीस्टार्ट करना पड़ता है, वह आपके लिए ज्यादा मुश्किल होता है और मैं कहूंगी कि मेरा करियर तो काफी रोलर कोस्टर वाला ही रहा है। मैंने फिल्मों से स्टार्ट किया, फिर मैंने डेली सोप्स किए। हालांकि, मैंने जो टी.वी. इंडस्ट्री में काम किया है, वे सारे शोज हिट थे, लेकिन दर्शकों के हिसाब से मेरा ग्राफ डाऊनफॉल वाला था। फिर मैंने बोल्ड शोज किए, हालांकि यह एक्सपैरिमैंट के लिए किया था। लोगों को लगता था कि मैं सिर्फ क्यूट लुक्स वाले काम ही करती हूं, मैं ग्लैमरस चीजें नहीं कर सकती।

उस चक्कर में मैंने अपने आपको वह मौका दिया और मैं वह करने लगी लेकिन वह थोड़ा-सा उल्टा पड़ गया । मैं सबसे अधिक पैसे पाने वाली बोल्ड वैब सीरीज एक्ट्रैस भी हूं। खुशी ने फिल्म 'मूत्र विसर्जन वर्जित है' में अपने किरदार के बारे में बताया, इस फिल्म में एक्टिंग के अलावा मेरा एक विशेष डांस नंबर भी है। फिल्म में तीन मुख्य किरदार हैं और मैं उनमें से एक हूं। इसके अलावा, मैं एक और फिल्म में आइटम नंबर कर रही हूं, जो एक ज फिल्म है। यह पहली बार है किसी जब रीजनल फिल्म में दिनेश लाल यादव (निरहुआ), रवि किशन, खेसारी लाल और पवन सिंह जैसे इतने सारे बड़े सितारे एक साथ आ रहे हैं। इस फिल्म का नाम 'पटना से पाकिस्तान 2' है और इसमें मेरा गाना हिंदी में है।

# शिल्पा शेट्टी के 'हेल्थ टिप्स'



अपनी हेल्थ को लेकर सजग रहने वाली शिल्पा शैट्टी फैन्स के साथ हैल्थ से जुड़ी कोई भी जानकारी देने में जरा भी नहीं हिचकिचाती। अपनी फिल्मों के साथ ही अपनी फिटनेस और खूबसूरती से फैन्स के दिलों पर राज करने वाली शिल्पा ने सोशल मीडिया पर अपनी एक ऐसी तस्वीर शेयर की है, जिसे देखने के बाद फैन्स सोच में पड़ गए कि आखिर वह अपने पैरों को पानी में डालकर क्या कर रही है ?

खैर, शेयर की गई तस्वीर में इलैक्ट्रोलिसिस फुट बाथ करती शिल्पा हाथों में किताब लिए चेहरे पर आश्चर्य के भाव प्रकट करती नजर आ रही है, जिसे कैप्शन देते हुए उसने लिखा, "इलैक्ट्रोलिसिस फुट बाथ, डिटॉक्स ।

इशारा किधर है शिल्पा इन दिनों रियलिटी शो में छाई हुई है। 'इंडियन आइडल' के सैट से वायरल हुई एक क्लिप से रैपर बादशाह और एक्ट्रैस तारा सुतारिया में डेटिंग की अटकलें लग रही हैं। क्लिप में शिल्पा ने बादशाह से कहा, आपने तो दिन में भी तारे देखना शुरू कर दिया है या यूं कहें तारा !

यह इशारा कहीं तारा सुतारिया की तरफ तो नहीं था, इस बारे में चर्चा हो रही है । इस टिप्पणी पर बादशाह के चेहरे का रंग कुछ बदला तो शिल्पा ने फिर कहा, तुम लाल क्यों हो गए हो ?

# परफेक्ट है नायरा बनर्जी की बॉडी

टी.वी. शोज के साथ 'बिग बॉस -18' और साऊथ की कई फिल्मों में नजर आ चुकी नायरा बनर्जी ने एक बातचीत में साऊथ में अपने करियर के शुरूआती अनुभवों के बारे में खुलासे किए।

पढ़ाई के दौरान ही फिल्मों का ऑफर मिलने के बावजूद इंडस्ट्री में कोई गॉडफादर न होने के कारण उस वक्त फिल्मों से दूरी बनाने वाली आऊटसाइडर नायरा ने साऊथ इंडस्ट्री के बारे में बताया कि कास्टिंग डायरैक्टर वहां पर सब कुछ आपके मुंह पर ही बोल देते हैं।

पढ़ाई के साथ ही डांसर बनने का सपना देखने वाली नायरा ने बताया कि साऊथ के एक कास्टिंग डायरैक्टर ने उसके चेहरे और बॉडी को देखने के बाद उसे नसीहत देते हुए कहा था, तुम्हारा चेहरा और शरीर साऊथ इंडियन फिल्मों के लिए परफैक्ट है। नायरा ने आगे कहा, उन दिनों मैं इतनी पतली नहीं थी । ये लोग बोलते थे कि आपके फिगर के हिसाब से साऊथ की फिल्में हैं। मैंने कहा कि मैं यह नहीं करना चाहती। मैंने कभी साऊथ की कोई फिल्म नहीं देखी। तब एक कास्टिंग डायरैक्टर ने श्रीदेवी और दूसरी दिग्गज अभिनेत्रियों के नाम लिए और बताया कि साऊथ इंडियन फिल्में भी अच्छी होती हैं। नायरा अपने घर गई और माता-पिता के सामने यह बात रखी लेकिन उसके पिता ने साफ मना कर दिया।



# विजय ने सपोर्टिंग रोल से की थी शुरूआत, ऐसे बने सेल्फ मेड सुपरस्टार

आपको शाहिद कपूर की फिल्म 'कबीर सिंह' तो याद ही होगी। लेकिन क्या आपको ये पता है कि 'कबीर सिंह' साउथ की एक फिल्म का रीमेक थी, जिसका नाम था 'अर्जुन रेड्डी'। फिल्म 'अर्जुन रेड्डी' में प्रमुख भूमिका निभाई थी अभिनेता विजय देवरकोंडा ने। इस फिल्म ने विजय देवरकोंडा को पूरे देश में पहचान दिलाई। आज विजय देवरकोंडा अपना 36वां जन्मदिन मना रहे हैं। विजय ने अपने 14 साल के करियर में कई हिट फिल्में दी हैं, जिनमें अर्जुन रेड्डी के अलावा 'गीता गोविंदम', 'पेल्ली चूपुलु', 'महानति', 'टैक्सी वाला' और 'डियर कॉमरेड' जैसी फिल्में शामिल हैं।

तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री से अपने करियर की शुरूआत करने वाले विजय देवरकोंडा अब एक पैन इंडिया स्टार बन चुके हैं। विजय एक सेल्फ मेड स्टार हैं, जिन्होंने अपनी दम पर अपनी पहचान बनाई है। विजय एक्टर के साथ प्रोड्यूसर भी हैं। मौजूदा वक्त में विजय देवरकोंडा की गिनती तेलुगु सिनेमा के टॉप एक्टर्स में होती है। उनकी फिल्मों का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार रहता है। आज जन्मदिन के मौके पर जानते हैं विजय देवरकोंडा के संघर्ष के दिनों से लेकर तेलुगु के सबसे महंगे एक्टर बनने तक के सफर के बारे में।

### कॉलेज में थिएटर से की शुरूआत

9 मई 1989 को हैदराबाद में पैदा हुए विजय देवरकोंडा का पूरा नाम देवरकोंडा विजय साई है। हालांकि, फिल्मों में उन्होंने विजय देवरकोंडा के नाम से ही अपनी पहचान बनाई है। विजय के पिता गोवर्धन राव एक टीवी सीरियल डायरेक्टर थे। लेकिन सफलता न मिलने के कारण उन्होंने इंडस्ट्री छोड़ दी। विजय ने बी कॉम की पढ़ाई की है। उन्होंने कॉलेज के ही समय से थिएटर करना शुरू कर दिया था। उनके छोटे भाई आनंद देवरकोंडा भी तेलुगु फिल्मों के एक्टर हैं।

### सपोर्टिंग हीरो के तौर पर शुरु किया करियर

आज तेलुगु सिनेमा के टॉप एक्टर्स में शामिल विजय देवरकोंडा ने काफी संघर्ष किया है। उनका कहना है कि वो अपने संघर्ष के दिनों को कभी भी नहीं याद करना चाहते। विजय ने अपने करियर की शुरूआत बतौर सपोर्टिंग एक्टर की थी। उनकी पहली फिल्म साल 2011 में आई 'नुव्वीला' है। इसमें उनके साथ रवि बाबू और यामी गौतम नजर आए थे। इसके बाद 2012 में विजय 'लाइफ इज ब्यूटीफुल' में छोटे से रोल में नजर आए। 2015 में विजय नाग अश्विन की पहली निर्देशित फिल्म 'येवडे सुब्रामण्यम' में एक्टर नानी के साथ सपोर्टिंग किरदार में दिखाई दिए।

### 2017 में मिली लीड रोल में पहली फिल्म

विजय देवरकोंडा बतौर लीड एक्टर पहली बार फिल्म 'पेल्ली चूपुलु' में नजर आए। 2017 में आई इस रोमांटिक फिल्म को काफी पसंद किया गया और बॉक्स ऑफिस पर भी ये फिल्म सुपरहिट रही। इस फिल्म को तेलुगु की बेस्ट फिल्म का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला और साथ ही दो नेशनल अवॉर्ड भी मिले। इस फिल्म ने विजय देवरकोंडा को बतौर लीड एक्टर इंडस्ट्री में स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई। इसके बाद 2017 में विजय 'द्वारका' में नजर आए।



लग्जरी लाइफ जीते हैं विजय, प्राइवेट जेट से करते हैं सफर

### 'अर्जुन रेड्डी' ने बनाया स्टार से सुपरस्टार

विजय देवरकोंडा को अपने करियर की सबसे बड़ी सफलता मिली साल 2017 में आई फिल्म 'अर्जुन रेड्डी' से। इस फिल्म ने विजय को न सिर्फ तेलुगु सिनेमा बल्कि पूरे देश में काफी मशहूर कर दिया। एक गुस्सैल, शराबी और आशिक सर्जन डॉक्टर के किरदार में विजय देवरकोंडा ने अपनी एक्टिंग से हर किसी को प्रभावित किया।

इस फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स दोनों ने ही काफी पसंद किया। फिल्म के लिए विजय देवरकोंडा को बेस्ट एक्टर तेलुगु का फिल्मफेयर अवॉर्ड भी मिला। हालांकि, फिल्म को तारीफ के साथ-साथ अपने वॉयलेंस और महिलाओं के साथ गलत व्यवहार के लिए आलोचनाओं का भी सामना करना पड़ा।

### 'किंगडम' का बेसब्री से इंतजार कर रहे फैंस

अर्जुन रेड्डी की सफलता के बाद विजय देवरकोंडा के पास फिल्मों की लाइन लग गई। साल 2018 में उनकी एक के बाद एक कई फिल्में रिलीज हुईं। जिनमें 'ये मंत्रम वेसावे', 'गीता गोविंदम', 'महानति', 'नोटा' और 'टैक्सीवाला' शामिल हैं। इसमें से अधिकतर फिल्में बॉक्स ऑफिस पर हिट रहीं और विजय देवरकोंडा का स्टारडम बढ़ता गया। तेलुगु सिनेमा के दिग्गजों के बीच विजय ने अपनी दम पर अपनी अलग पहचान बनाई है और एक सेल्फमेड स्टार बने हैं।

अब विजय की फिल्मों का फैंस बेसब्री से इंतजार करते हैं। विजय देवरकोंडा आखिरी बार नाग अश्विन की फिल्म 'कल्की 2898 एडी' में अर्जुन की भूमिका में नजर आए थे। इन दिनों वो अपनी आगामी फिल्म 'किंगडम' को लेकर चर्चाओं में हैं, जिसका फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म 30 मई को रिलीज होना तय है, लेकिन अब ऐसी चर्चाएं हैं कि पोस्ट प्रोडक्शन में देरी की वजह से फिल्म की रिलीज को आगे बढ़ाया जा सकता है।

### बॉलीवुड में फीकी रही शुरूआत

तेलुगु सिनेमा में स्टार बन चुके विजय देवरकोंडा की बॉलीवुड में शुरूआत अच्छी नहीं रही। विजय ने साल 2022 में आई फिल्म 'लाइगर' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन द्वारा प्रोड्यूस इस फिल्म में अनन्या पांडे विजय के साथ प्रमुख किरदार में नजर आई थीं। एक स्ट्रीट फाइटर की कहानी दिखाती यह फिल्म दर्शकों को प्रभावित करने में फेल रही और बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी। फिल्म को क्रिटिक्स ने भी नहीं सराहा था।

### रश्मिका मंदाना के साथ रिलेशनशिप में हैं विजय !

फिल्मों के अलावा विजय देवरकोंडा अपनी लव लाइफ को लेकर भी अक्सर चर्चाओं में रहते हैं। उनका नाम पिछले लंबे वक्त से अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के साथ जोड़ा जा रहा है। रश्मिका और विजय ने एक साथ 'गीता गोविंदम' और 'डियर कॉमरेड' जैसी हिट फिल्मों में काम किया है। गीता गोविंदम में पहली बार एकसाथ नजर आने के बाद से ही दोनों के अफेयर की चर्चाएं हैं। अक्सर दोनों एकसाथ छुट्टियां बिताते और एयरपोर्ट पर भी साथ नजर आए हैं। हालांकि, दोनों ने कभी भी अपने रिश्ते की बात को स्वीकार नहीं किया है। बीच में खबरें यहां तक आई थीं कि विजय और रश्मिका जल्द ही शादी के बंधन में भी बंध सकते हैं।

विजय देवरकोंडा काफी लग्जरी लाइफस्टाइल जीते हैं। जिसको लेकर वो अक्सर चर्चाओं में भी रहते हैं। विजय देवरकोंडा हैदरबाद की जुबली हिल्स में स्थित एक आलीशान घर में रहते हैं, जिसकी कीमत 15 करोड़ रुपये बताई जाती है। यही नहीं, एक्टर के पास लग्जरी गाड़ियों का कलेक्शन भी है। इनमें रेंज रोवर, मर्सिडीज बेंज और ऑडी जैसी कारें शामिल हैं। विजय देवरकोंडा के पास अपना एक प्राइवेट जेट भी है।

### विजय देवरकोंडा की नेट वर्थ

मौजूदा वक्त में तेलुगु सिनेमा के सबसे महंगे एक्टर्स में शामिल विजय देवरकोंडा नेट वर्थ में भी काफी आगे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, विजय देवरकोंडा की नेट वर्थ लगभग 39 करोड़ रुपए है।



# मुकेश अंबानी एक स्थान फिसले

## गौतम अडानी टॉप 20 से बाहर, कितनी रह गई नेटवर्थ



नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान के साथ तनाव के बीच शुक्रवार को घरेलू बाजार में काफी गिरावट रही। सेंसेक्स 880 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ। इससे भारतीय अरबपतियों की नेटवर्थ में काफी गिरावट आई। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी और गौतम अडानी दुनिया के अमीरों की लिस्ट में एक-एक स्थान नीचे फिसल गए। इस लिस्ट में अंबानी 17वें और अडानी ग्रुप के चेयरमैन 21वें नंबर पर पहुंच गए। \इसके साथ ही अंबानी 100 अरब डॉलर क्लब और अडानी टॉप 20 से बाहर हो गए। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक अंबानी की नेटवर्थ में शुक्रवार को 1.69 अरब डॉलर की गिरावट आई और अब यह 99 अरब डॉलर रह गई है। इस साल उनकी नेटवर्थ में 8.4 अरब डॉलर की तेजी आई है। इसी तरह अडानी की नेटवर्थ में 90.3 करोड़ डॉलर की गिरावट देखी गई। अब उनकी नेटवर्थ 74.4 अरब डॉलर रह गई है। इस साल उनकी नेटवर्थ में 4.25 अरब डॉलर की गिरावट आई है।

**कौन-कौन है टॉप में**

इस बीच दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क की नेटवर्थ में शुक्रवार को 9.61 अरब डॉलर की तेजी आई।

इसके साथ ही उनकी नेटवर्थ 88.2 अरब डॉलर पहुंच गई है। हालांकि इस साल उन्होंने 88.2 अरब डॉलर गंवाए हैं। जेफ बेजोस (344 अरब डॉलर) दूसरे, मार्क जकरबर्ग (210 अरब डॉलर) तीसरे, लैरी एलिसन (174 अरब डॉलर) चौथे और बिल गेट्स (169 अरब डॉलर) पांचवें नंबर पर है।

वॉरेन बफे ($161 अरब) छठे, बर्नार्ड आरनॉल्ट ($155 अरब) सातवें, स्टीव बालमर ($152 अरब) आठवें, लैरी पेज ($140 अरब) नौवें और सर्गेई ब्रिन ($132 अरब) दसवें नंबर पर है।

# पाकिस्तान को कर्ज देना कितना खतरनाक

## भारत ने दुनिया के सामने कुछ ऐसे खोली पोल

नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)। भले ही आतंक के गढ़ पाकिस्तान को आईएमएफ से भीख मिल गई हो. लेकिन दुनिया के इस 'आतंकिस्तान' को कर्ज देना कितना खतरनाक है, उसकी एक तस्वीर भारत ने दुनिया के सामने रख दी है. पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच टेंशन अपने चरम पर है. दुनिया को पता है कि पाकिस्तान आतंकवाद का एक बड़ा पनाहगाह रहा है. इंटरनेशनल कंयूनिटी से जिस तरह की आर्थिक मदद पाकिस्तान को मिलती रही है, उसका उपयोग उसने पाकिस्तान की आवाम की भलाई के लिए नहीं बल्कि आकंतवाद को फलने फूलने में खर्च किया है. ऐसे में भारत ने आईएमएफ के सामने पाकिस्तान के कर्ज को अप्रूव करने पहले पाकिस्तान की सच्ची तस्वीर पेश करने की कोशिश की थी. आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर भारत ने आईएमएफ के मातहत पूरी दुनिया को कैसे समझाने का प्रयास किया कि पाकिस्तान को कर्ज देना कितना खतरनाक है? भारत ने शुक्रवार को आईएमएफ की कार्यकारी बोर्ड की बैठक में पाकिस्तान के लिए बेलआउट पैकेज और प्रोग्राम पर चिंता जाहिर की थी. भारत ने इस दौरान वोटिंग से भी परहेज किया. साथ ही कहा कि पाकिस्तान आईएमएफ से लंबे समय से कर्जदार रहा है. पाकिस्तान ने कभी भी आईएमएफ की शर्तों का पालन नहीं किया. जिसकी वजह से उसका ट्रैक रिकॉर्ड काफी खराब रहा है. भारत ने कहा कि लगातार वित्तीय सहायता के कारण पाकिस्तान पर बहुत अधिक कर्ज हो गया है, विडंबना यह है कि आईएमएफ के लिए यह 'बहुत बड़ा कर्जदार' है.भारत ने पाकिस्तान के ऐतिहासिक रिकॉर्ड को देखते हुए आईएमएफ की पहलों की प्रभावशीलता को लेकर संदेह व्यक्त किया. इसके अलावा, भारत ने संभावना जताई कि आईएमएफ से मिलने वाला पैकेज आतंकवाद को सपोर्ट करने में खर्च हो सकता है. 1989 से 35 वर्षों में, पाकिस्तान को 28 वर्षों में आईएमएफ से काफी कर्ज मिला है. बीते पांच साल की बात करें तो 4 आईएमएफ प्रोग्राम के तहत पैसे मिले हैं. भारत ने कहा कि यदि पिछले प्रोग्राम एक ठोस मैक्रो-इकोनॉमिक पॉलिसी वातावरण बनाने में सफल रहे होते, तो पाकिस्तान को एक और बेल-आउट प्रोग्राम की लिए फंड से संपर्क नहीं करना पड़ता. वित्त मंत्रालय की विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारत ने कहा कि इस तरह का ट्रैक रिकॉर्ड पाकिस्तान के मामले में आईएमएफ कार्यक्रम डिजाइनों की प्रभावशीलता या उनकी निगरानी या पाकिस्तान द्वारा उनके कार्यान्वयन पर सवाल उठाता है. पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की घोषणा के अनुसार, आईएमएफ ने चल रही विस्तारित निधि सुविधा के हिस्से के रूप में पाकिस्तान को तत्काल 1 बिलियन डॉलर के वितरण को मंजूरी दी. उनके कार्यालय से एक आधिकारिक संचार में कहा गया है कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने आईएमएफ द्वारा पाकिस्तान के लिए 1 बिलियन डॉलर की किस्त की मंजूरी और उसके खिलाफ भारत की मनमानी रणनीति की विफलता पर संतोष व्यक्त किया. इस बीच, भारत ने बताया कि आर्थिक मामलों में पाकिस्तान की सेना की पॉलिसी सुधार स्थिरता को काफी हद तक खतरे में डालती है. भारत ने कहा कि आम लोगों की चुनी हुई सरकार होने के बाद भी सेना राजनीतिक परिदृश्य और आर्थिक निर्णयों दोनों पर पर्याप्त प्रभाव रखती है. 2021 की एक संयुक्त राष्ट्र रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान में सेना सबसे बड़े कारोबारी समूह में से भी एक है.

# ट्रैवल कंपनियों ने कहा- तुर्किये-अजरबैजान की यात्रा से बचें

## बुकिंग बंद की, कैंसिलेशन फ्री किया; ईजमाईट्रिप बोला- ये दुश्मन के सपोर्टर, इन्हें मजबूत नहीं करेंगे

नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)। भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच देश की कई ऑनलाइन ट्रैवल बुकिंग कंपनियों ने अपने ग्राहकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। ईजमाईट्रिप ने कहा है कि तुर्किये और अजरबैजान की यात्रा करने से बचें या तभी जाएं जब बहुत जरूरी हो। क्योंकि दोनों देशों ने पहलगाम हमले और भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष में पाकिस्तान का सपोर्ट किया है। कंपनी के को-फाउंडर और प्रेसिडेंट निशांत पिट्टी ने एक्स पर लिखा, 'हालिया घटनाक्रम से मैं बहुत चिंतित हूं। यात्रियों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम अपने सभी ग्राहकों को सलाह देते हैं कि वे अत्यधिक सावधानी बरतें और संवेदनशील क्षेत्रों की यात्रा की योजना बनाने से पहले ऑफिशियल ट्रैवल एडवाइस से अपडेट रहें।' ट्रैवल एक मजबूत टूल है, इसका उपयोग उन लोगों को मजबूत बनाने के लिए न करें जो हमारे साथ खड़े नहीं हैं। पिछले साल 287,000 भारतीयों ने तुर्किये की यात्रा की और 243,000 लोग अजरबैजान गए। इन दोनों देशों की अर्थव्यवस्था में टूरिज्म का बड़ा योगदान है। टूरिज्म तुर्किये की जीडीपी में 12% का योगदान करता है 10% लोगों को रोजगार देता है। जबकि, अजरबैजान की जीडीपी में इसका योगदान 7.6% है और यह 10% रोजगार देता है। जब ये देश खुलेआम पाकिस्तान का समर्थन करते हैं, तो क्या हमें उनके पर्यटन और उनकी अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना चाहिए? विदेश में खर्च किया गया हर एक रुपया एक वोट है। आइए इसे वहां खर्च करें जहां हमारे मूल्यों का सम्मान हो।'एक अन्य ट्रैवल बुकिंग ब्रांड कॉक्स एंड किंग्स ने अजरबैजान, तुर्किये और उज्बेकिस्तान के लिए सभी नए बुकिंग ऑप्शन को अस्थायी रूप से हटा लिया है। कंपनी के डायरेक्टर करण अग्रवाल ने कहा कि यह फैसला देशहित और सिद्धांतों की रक्षा के लिए लिया गया है। जब तक जियो पॉलिटिकल स्थिति में स्पष्टता नहीं आती, यात्रियों को संयम बरतने की जरूरत है। ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी ट्रैवोमिंट ने इन दोनों देशों के लिए सभी ट्रैवल पैकेज की बुकिंग तत्काल सस्पेंड कर दी है। कंपनी के सीईओ आलोक के सिंह ने कहा कि हमने भारत में उठे तुर्किये और अजरबैजान के बहिष्कार के समर्थन में यह फैसला लिया है।इमरजेंसी के लिए फ्लाइट बुकिंग की फैसिलिटी उपलब्ध रहेगी। वहीं, मौजूदा बुकिंग कैंसिल करने पर कोई चार्ज नहीं लिया जाएगा। यानी जो भी यात्री अपनी बुकिंग कैंसिल करना चाहें फ्री में कर सकते हैं।

# अनिल अंबानी की फेवरेट कंपनी ने दिखाई पॉवर,सालों से था इस खुशी का इंतजार

नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)। मुकेश अंबानी के छोटे भाई अनिल अंबानी को बीते कई बरस से कई नाकामियों का सामना करना पड़ रहा था। कई हजार करोड़ रुपए का कर्ज, डूबती कंपनियां, निलाम होता कारोबार जैसे अनिल अंबानी की नियती बन चुका था। लेकिन जब से अनिल अंबानी के बेटों ने कारोबार को अपने हाथों में लिया है, तब से अनिल अंबानी और उनके ग्रुप के दिन भी बदले हैं। ऐसा लग रहा है कि अनिल अंबानी के अच्छे दिन धीरे-धीरे ही सही लौट रहे हैं। अब जो खबर सामने आई है वो और भी राहत की सांस देते वाली है। वास्तव में अनिल अंबानी की फेवरेट कंपनियों में से एक रिलायंस पॉवर दोबारा से मुनाफे की पटरी पर लौट आई है। कंपनियों को काफी समय के बाद मुनाफा हुआ है। साथ ही खर्च में भी कटौती देखने को मिली है। आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर रिलायंस पॉवर ने अपनी तिमाही नतीजों में किस तरह के आंकड़े पेश किए हैं।

**चौथी तिमाही में हुआ फायदा**

अनिल अंबानी की पॉवर सेक्टर की कंपनी रिलायंस पॉवर को वित्त वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में 126 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ है। वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में कंपनी को 397.26 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था। रिलायंस पॉवर ने शुक्रवार को कहा कि चौथी तिमाही में उसकी कुल आय 2,066 करोड़ रुपए रही, जो पिछले साल की समान तिमाही में 2,193.85 करोड़ रुपए थी। वहीं कंपनी के खर्च में भी गिरावट देखी गई है, जोकि कंपनी की सेहत के लिहाज से अच्छे संकेत हैं। चौथी तिमाही में कंपनी का कुल खर्च घटकर 1,998.49 करोड़ रुपए रह गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 2,615.15 करोड़ रुपए था।अगर बात पूरे वित्त वर्ष की करें तो अनिल अंबानी के लिए ये साल काफी खास रहा है। इस पूरी तिमाही में कंपनी को मुनाफा हुआ है। कंपनी की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 2,947.83 करोड़ रुपए रहा, जबकि 2023-24 में कंपनी को 2,068.38 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था। कंपनी ने 12 महीनों में मैच्योर रिपेमेंट समेत 5,338 करोड़ रुपए का लोन चुकाया है। कंपनी का लोन एवं इक्विटी रेश्यो पिछले वित्त वर्ष में घटकर 0.88 हो गया, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 1.61 था।



**कंपनी के शेयर में तेजी**

शुक्रवार को कंपनी के शेयरों में अच्छी तेजी देखने को मिली है। आंकड़ों को देखें तो शुक्रवार को रिलायंस पॉवर का शेयर करीब एक फीसदी की तेजी के साथ 38.65 रुपए पर बंद हुआ। कारोबारी सत्र के दौरान कंपनी का शेयर 38.85 रुपए के साथ दिन के हाई पर भी पहुंच गया था। वैसे कंपनी का शेयर 10 अक्टूबर 2024 को 54.25 रुपए के साथ 52 हफ्तों के हाई पर पहुंच गया था। ऐसे में कंपनी का शेयर मौजूदा समय में अपने पीक से 28.38 फीसदी गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है।

# डेढ़ अरब डॉलर का भुगतान करेगी गूगल

## यूजर्स डेटा बिना मंजूरी इस्तेमाल करने का आरोप





नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)। दिग्गज टेक कंपनी गूगल, अमेरिकी राज्य टेक्सास को 1.4 अरब डॉलर का भुगतान करेगी। यह भुगतान दावे के निपटारे के लिए किया जाएगा। दरअसल टेक्सास ने गूगल के खिलाफ यूजर्स की मंजूरी के बिना उनका डेटा इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दायर किया था। टेक्सास के स्टेट अटॉर्नी जनरल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अटॉर्नी जरनल केन पैक्सटन ने बताया कि यह समझौता टेक कंपनियों के लिए एक संदेश है कि हम हमारे अधिकारों और आजादी को बेचकर उन्हें पैसे नहीं कमाने देंगे। पैक्सटन ने कहा कि टेक्सास में, बड़ी तकनीकी कंपनियां कानून से ऊपर नहीं हैं। वर्षों तक गूगल ने लोगों की गतिविधियों, निजी सर्च और यहां तक कि उनके वॉइस प्रिंट्स और फेसियल ज्योमेट्री को भी अपने उत्पादों और सेवाओं के लिए इस्तेमाल किया। यह समझौता टेक्सास द्वारा गूगल के खिलाफ किए गए जियो-लोकेशन, गुप्त सर्च और बायोमीट्रिक डेटा से संबंधित कई दावों का निपटारा करता है। गूगल के प्रवक्ता जोस कास्टानेडा ने कहा कि यह समझौता पुराने दावों की एक श्रृंखला का निपटारा है, जिनमें से कुछ उत्पाद नीतियों से संबंधित हैं जिन्हें कंपनी पहले ही बदल चुकी है। कंपनी ने यह भी स्पष्ट किया कि समझौते के लिए किसी भी नए उत्पाद परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है।

पैक्सटन ने कहा कि 1.4 अरब डॉलर इस प्रकार के डेटा-गोपनीयता उल्लंघनों पर गूगल के साथ समझौते में किसी भी राज्य द्वारा जीती गई सबसे बड़ी राशि है।

# 12 बैंक और 1.78 लाख करोड़, एक साल में बन गया कमाई का सबसे बड़ा रिकॉर्ड

नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)। भारत और पाकिस्तान के टकराव के बीच एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है. वास्तव में बैंकों ने एक वित्त वर्ष में कमाई का बड़ा रिकॉर्ड कायम किया है. आज तक किसी एक वित्त वर्ष में बैंकों को इतना मुनाफा कभी नहीं हुआ है, जितना बीते वित्त वर्ष में हुआ. अगर बैंकों के प्रॉफिट को मिनट के हिसाब से कैलेकुलेट करें तो करीब 34 लाख रुपए नेट प्रॉफिट देखने को मिला है. जबकि उससे पहले के वित्त वर्ष में बैंकों को हरेक मिनट का प्रॉफिट करीब 27 लाख रुपए था. इसका मतलब है कि बैंकों के प्रति मिनट प्रॉफिट में करीब 7 लाख रुपए का इजाफा देखने को मिला है. आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर देश के सरकारी बैंकों के प्रॉफिट के आंकड़े किस तरह के देखने को मिले हैं. पिछले वित्त वर्ष (2024-25) में पब्लिक सेक्टर के बैंकों (पीएसबी) का कुल मुनाफा 26 फीसदी की सालाना वृद्धि के साथ 1.78 लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया. वित्त वर्ष 2023-24 में सभी 12 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का लाभ 1.41 लाख करोड़ रुपए रहा था. वित्त वर्ष 2024-25 में सभी पीएसबी का कुल लाभ लगभग 37,100 करोड़ रुपए बढ़ा. शेयर बाजारों पर प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष के दौरान अर्जित 1,78,364 करोड़ रुपए के कुल लाभ में से, देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई ने अकेले कुल कमाई में 40 फीसदी से अधिक का योगदान दिया. एसबीआई का मुनाफा पिछले वित्त वर्ष में 70,901 करोड़ रुपए का रहा, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 61,077 करोड़ रुपए की तुलना में 16 प्रतिशत अधिक है. प्रतिशत के लिहाज से, पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने सर्वाधिक 102 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 16,630 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जिसके बाद पंजाब एंड सिंध बैंक का शुद्ध लाभ 71 प्रतिशत बढ़कर 1,016 करोड़ रुपए हो गया. वर्ष 2024-25 के दौरान, सभी 12 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) का लाभ बढ़ा है. जिन बैंकों के शुद्ध लाभ में 40 प्रतिशत से अधिक की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई, उनमें सेंट्रल बैंक इंडिया का शुद्ध लाभ 48.4 प्रतिशत बढ़कर 3,785 करोड़ रुपए हो गया, जबकि यूको बैंक का शुद्ध लाभ 47.8 प्रतिशत बढ़कर 2,445 करोड़ रुपए और बैंक ऑफ इंडिया का शुद्ध लाभ 45.9 प्रतिशत बढ़कर 9,219 करोड़ रुपए हो गया. पिछले वित्त वर्ष में पुणे स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र का शुद्ध लाभ 36.1 प्रतिशत बढ़कर 5,520 करोड़ रुपए हो गया, जिसके बाद चेन्नई स्थित इंडियन बैंक का शुद्ध लाभ 35.4 प्रतिशत बढ़कर 10,918 करोड़ रुपए हो गया. पीएसबी ने वित्त वर्ष 2017-18 में 85,390 रुपए के रिकॉर्ड घाटे से उबरकर वित्त वर्ष 2025 में रिकॉर्ड लाभ कमाया है.पब्लिक सेक्टर के बैंकिंग उद्योग की इस क्रांतिकारी बदलाव की कहानी का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा की गई पहल और सुधारों को दिया जा सकता है, साथ ही पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली, उनकी उत्तराधिकारी निर्मला सीतारमण और वित्तीय सेवा सचिव राजीव कुमार और उनके उत्तराधिकारियों को भी इसका श्रेय दिया जा सकता है।

# आरबीआई का एसबीआई पर एक्शन, 1.72 करोड़ रुपये का लगाया जुर्माना

## निर्देशों का पालन नहीं करने पर कार्रवाई

मुंबई , 10 मई (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) पर 1.72 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना आरबीआई के कुछ निर्देशों का ठीक से पालन नहीं करने पर लगाया है। यह जुर्माना बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949 के तहत लगाया है। आरबीआई के बयान के अनुसार एसबीआई से आरबीआई के ऋण और अग्रिम वैधानिक व अन्य प्रतिबंध ग्राहक संरक्षण अनधिकृत, इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग लेनदेन में ग्राहकों की देयता को सीमित करना और बैंकों की तरफ से चालू खाते खोलना अनुशासन की आवश्यकता पर जारी किए गए कुछ निर्देशों का पालन नहीं करने पर जुर्माना लगाया है। दरअसल, आरबीआई ने 31 मार्च 2023 तक बैंक की वित्तीय स्थिति के बारे में पर्यवेक्षी मूल्यांकन वैधानिक निरीक्षण (आईएसई 2023) किया। इस दौरान पता चला कि एसबीआई आरबीआई के निर्देशों के पालन नहीं कर रही है। इसके बाद से एसबीआई को एक नोटिस जारी कर कारण बताने के लिए कहा गया है। इसके साथ ही यह भी कहा गया है कि निर्देशों का पालन नहीं करने पर आरबीआई आप पर क्यों जुर्माना न लगाए। इसके बाद एसबीआई ने आरबीआई के नोटिस का जवाब दिया फिर व्यक्तिगत सुनवाई के बाद से आरबीआई ने एसबीआई पर जुर्माना लगाया है। स्टेट बैंक पर यह आरोप था कि उसने एक संस्था (इकाई) को ब्रिज लोन यानी एक तरह का अस्थायी कर्ज दिया, जो केंद्र या राज्य सरकार से मिलने वाली सब्सिडी या भुगतान के बदले में दिया गया था। इसके साथ ही बैंक पर एक अन्य आरोप यह लगा था कि उसने विनियामक आवश्यकताओं के उल्लंघन करते हुए कुछ चालू खाते खोल रखे थे।

**रिजर्व बैंक ने क्या कहा?**

आरबीआई ने कहा कि यह कार्रवाई विनियामक अनुपालन में कमियों पर आधारित है। इसका उद्देश्य बैंक की तरफ से अपने ग्राहकों के साथ किए गए किसी भी लेनदेन या समझौते की वैधता पर सवाल उठाना नहीं है। इसके अलावा, मौद्रिक जुर्माना आरबीआई की तरफ से एसबीआई के खिलाफ शुरू की जाने वाली किसी भी अन्य कार्रवाई पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना लगाया गया है।

# एलआईसी के करोड़ों पॉलिसीहोल्डर्स के लिए गुड न्यूज

## अब घर बैठे-बैठे कर सकते हैं प्रीमियम का भुगतान

नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)। देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी एलआईसी के करोड़ों पॉलिसीहोल्डर्स के लिए अच्छी खबर है। अब वे घर बैठे-बैठे अपने मोबाइल से प्रीमियम का पेमेंट कर सकते हैं। एलआईसी एक नई सुविधा शुरू की है। इससे एलआईसी पॉलिसी के प्रीमियम का भुगतान व्हाट्सएप के जरिए किया जा सकेगा। एलआईसी ने इसके लिए एक 'व्हाट्सएप बॉट' सेवा शुरू की है।

इसका मतलब है कि आपको प्रीमियम भरने के लिए कहीं और जाने की जरूरत नहीं है। आप सब कुछ व्हाट्सएप पर ही कर सकते हैं। एलआईसी का कहना है कि यह विकल्प ग्राहकों को ऑनलाइन प्रीमियम भरने का एक और आसान तरीका देगा। जो ग्राहक पोर्टल पर रजिस्टर्ड हैं, वे व्हाट्सएप नंबर का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे वे अपनी पॉलिसी देख सकते हैं जिनका प्रीमियम भरना है। वे यूपीआई, नेट बैंकिंग या कार्ड से सीधे व्हाट्सएप बॉट में ही पेमेंट कर सकते हैं।

प्रीमियम भरने से लेकर रसीद पाने तक का पूरा काम व्हाट्सएप बॉट में ही हो जाएगा।कंपनी के सीईओ और एमडी सिद्धार्थ मोहंती ने कहा कि यह सुविधा एलआईसी के ग्राहकों के लिए बहुत आसान होगी। व्हाट्सएप के तेजी से बढ़ते इस्तेमाल को देखते हुए, यह एलआईसी प्रीमियम भरने का एक अच्छा तरीका होगा। आप कहीं से भी, कभी भी अपना प्रीमियम भर सकते हैं।

इससे एलआईसी की कार्यक्षमता और उत्पादकता बढ़ेगी। साथ ही, ग्राहकों को बेहतर सेवाएं मिलेंगी। एलआईसी के ग्राहक पोर्टल पर 2.2 करोड़ से ज्यादा रजिस्टर्ड पॉलिसीधारक हैं। हर दिन 3 लाख से ज्यादा ग्राहक ऑनलाइन सेवाओं का इस्तेमाल करते हैं।

# दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**





श्री सिद्धार्थी नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2082
शक संवत् -1947,सूर्य उत्तरायणे,ऋतु- ग्रीष्म
महावीर निर्वाण संवत् -2551
कलियुग अवधि-432000 सूर्योदय - 05-49
भोग्य कलि वर्ष-426874 सूर्यास्त. - 18-35
कलियुग संवत् -5126 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949126
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885126

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य- | मेष मे | मेष--- | 04-18 बजे |
| चंद्र- | मेष मे | वृष--- | 06-03 बजे |
| मंगल | कर्क मे | मिथुन.. | 08-03 बजे |
| बुध- | मेष मे | कर्क--- | 10-16 बजे |
| गुरु- | वृष मे | सिंह--- | 12-27 बजे |
| शुक्र- | मीन मे | कन्या-- | 14-34 बजे |
| शनि- | मीन मे | तुला---- | 16-40 बजे |
| राहु- | मीन मे | वृश्चिक-- | 18-49 बजे |
| केतु- | कन्या मे | धनु...... | 21-03 बजे |
| | | मकर... | 23-10 बजे |
| | | कुंभ.... | 01-00 बजे |
| | | मीन.... | 02-38 बजे |

दिशाशूल - पश्चिम - पान खाकर घर से निकले
तिथि- चतुर्दशी 20 -02 तक उपरान्त पूर्णिमा
मास - वैशाख शुक्ल , रविवार 11 May
नक्षत्र - स्वाति , सोमवार प्रातः 06-17 तक
योग - व्यतिपात 05-00 तक उप वरियान
करण- गर 06-46 तक वणिज
विशेष:-
व्रत -त्योहार - श्री नृसिंह जयन्ती

विशेषः- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल** 17:02 से 18:38 तक

पं महेशचन्द्र शर्मा मो. 9247132654, 9167555710

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उत्पात | 05:49 - 07:23 | अशुभ | शुभ | 18:35 - 20:02 | शुभ |
| चंचल | 07:23 - 08:59 | शुभ | अमृत | 20:02 - 21:25 | शुभ |
| लाभ | 08:59 - 10:36 | शुभ | चंचल | 21:25 - 22:49 | शुभ |
| अमृत. | .10:36 - 12:13 | शुभ | रोग. | 22:49 - 00:12 | अशुभ |
| काल | 12:13 - 13:49 | अशुभ | काल | 00:12 - 01:36 | अशुभ |
| शुभ | 13:49 - 15:25 | शुभ | लाभ | 01:36 - 02:59 | शुभ |
| रोग | 15:25 - 17:02 | अशुभ | उत्पात | 02:59 - 04:23 | अशुभ |
| उत्पात | 17:02 - 18:35 | अशुभ | शुभ. | 04:23 - 05:49 | शुभ |

# आपका राशिफल

**मेष** — चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,
आलस के कारण अपने दिन को बिगड़ने न दें । अपनी प्राक्रतिक रचनात्मक ऊर्जा को बाहर निकालें और फिर आपका दिन आराम से अच्छा जायेगा । आपको अपने स्वास्थ्य और अपने निजी जीवन में भी व्यवस्था को बहल करने की आवश्यकता है । विकर्षित करने वाली चीजों पर ध्यान ना दें और वही कार्य पूरी एकाग्रता से करें जो आपके लिए लाभकारी हों।

**वृष** — ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
आज आप अनुभव करेंगे कि आप सामान्य से कुछ अधिक बोल रहे हैं । आप पिछले कुछ समय से चालाकी भरा व्यवहार कर रहे हैं लेकिन आज आप इससे खुद ही परेशानी अनुभव करेंगे । आज आप वह सच्चाई नही उगलना चाहते जो शायद कईयों को अच्छी नही लगेगी । आज के लिए किसी एकान्त कार्यकलाप की योजना बनाएं।

**मिथुन** — का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
इस समय आपके जीवन में पुराने सम्बन्ध और संपर्क महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं । आपके ऊपर हर जगह बहुत अच्छा कार्य करने का काफी दबाव होगा लेकिन आपको यह समझने की जरुरत है कि ज्यादा दबाव आपके खुद के तय किये हुए बहुत ऊँचे मानकों के कारण है । ईमानदारी और एकाग्रता आपको बहुत आगे ले जायेगी,लेकिन अपने आदर्शों और यकीन पर कायम रहें ।

**कर्क** — ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
ग्रहों की स्थिति आपके पक्ष में है,दिन की शुरुआत अच्छी होगी ,विशेषत दोपहर से पहले । अपने ऑफिस सम्बन्धी कामों की योजना अगर हो सके तो दोपहर से पहले ही बनाएं,सफलता की सम्भावना अधिक है । शाम को या तो कुछ न करें या कोई हल्का – फुल्का काम करें । कोई अप्रत्याशित व्यक्ति आपसे मिलने आ सकता है ।

**सिंह** — मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
आप अपने विस्तृत होते हुए परिवेश के बारे में बहुत अच्छा अनुभव करेंगे लेकिन आपके परिजन इसी को लेकर निराश होंगे । जो आप करना चाहते हैं ,उसके लिए स्वयम को समर्पित कर दें । पर्दे के पीछे काम न करें,आप जो भी कर रहे हैं,उसके बारे में जानने दें । अपनी जीवन में आये किसी नए दोस्त से आपको काफी लगाव का अनुभव होगा ।

**कन्या** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
अपनी आँखें खुली रखें ,आज आपकी मुलाकात अपने सपनों के साथी से हो सकती है । प्रेम पाने की सम्भावना आज प्रबल है । हालाँकि अलग से अंदाज के कारण उसे पहचानना मुश्किल हो सकता है । आज आपको किसी अप्रत्याशित व्यक्ति से उपहार भी मिल सकता है । कुल मिलकर आज का दिन आपके लिए घटनाओं से भरा रहेगा ।

**तुला** — रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
आज कोई अप्रत्याशित और काफी दबाव वाला काम मिलेगा लेकिन आप चिंता ना करें,आप आसानी से ओइसे पूरा कर लेंगे और आपको सबकी प्रशंसा भी मिलेगी । ऐसा हो सकता है कि घर पर अचानक बहुत सारे मेहमान आ जाएँ या बॉस आपको अंतिम समय पर कोई महत्वपूर्ण काम सौंप दें ।

**वृश्चिक** — तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
बहुत से अच्छे मौके आपका इन्तजार कर रहे हैं लेकिन आपको उनके लिए पूरे तौर पर समर्पित कोशिशें करनी होंगी,जोकि इस समय आपके लिए कुछ मुश्किल लग रहा है । किसी ख़ास निजी समारोह के लिए इन मौकों को रोके रखना आपके लिए सही है । आप साधारणतया बहुत अच्छे हैं और इसीलिए आपके दोस्त आपसे लगाव रखते हैं ।

**धनु** — ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
आपके परिवारवालों को नजदीकी संबंधियों से होने वाली परेशानी के कारण आपको भी प्रतिबंधों का सामना करना होगा । ये लम्बे समय तक नही रहेंगे लेकिन आपको काफी प्रभावित करेंगे,इसीलिए इनके प्रभाव से बचने की कोशिश करें । आज आप कोई घरेलू उपयोग का उपकरण खरीदेंगे ,या घर की नियमित साफ़-सफाई के चलते कम उपयोगी सामान को बेच देंगें ।

**मकर** — भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
आप अपने गुस्से के कारण तुरंत प्रतिक्रिया देने के मूड में हैं । लेकिन आपके लिए सुझाव यह है कि अपने दिमाग को शांत रखकर गंभीरता से सोचें । आपके पास अच्छी संचार-कुशलता है और इसे अपने लाभ के लिए इस्तेमाल करें । तनाव घटाने के लिए,किसी साहसिक यात्रा पर जा सकते हैं लेकिन शारीरिक आनंद के चक्कर में न पड़ें ।

**कुंभ** — गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
घर पर पवित्रता का वातावरण बना रहेगा और चिंताएं नही रहेंगी । इसीलिए अपने परिवार के साथ रहें और खुशियाँ बाँटें । आपको जीवन में निराशा से दो दो हाथ करने का नया तरीका निकलना होगा ,जो आपके भीतर कई कारणों से भरी हुई है । आपकी भीतरी शक्ति समाधान तलाशने में मदद करेगी ।

**मीन** — दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
ऐसी स्थितियां आ सकती हैं जो आपको बिना सोचे काम करने के लिए उकसायें । यह सही समय है जब आपको सब कुछ अपने नियंत्रण में रखकर युद्ध स्तर पर काम करना है । अपने बच्चों या छोटे बहन भाइयों के लिए सुरक्षात्मक रवैया अपनाएँ । आप बहुत अच्छी तरह सामाजिक गतिविधियों में शामिल होंगे और यहां आपका बहुत अच्छा स्वागत होगा ।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

# पाकिस्तान के हमले से बचाता है चार परतों वाला सिस्टम

## भारत का एयर डिफेंस सिस्टम कैसे करता है काम, एस-400 से लेकर इग्ला-एस तक जानिए पूरी जानकारी

इस्लामाबाद, 10 मई (एक्सक्लूसिव डेस्क)। 7 मई की रात भारत ने पाकिस्तान और पीओके में स्थित 9 आतंकी ठिकानों पर सटीक स्ट्राइक की। इसके बाद पाकिस्तान लगातार भारत पर ड्रोन और मिसाइल अटैक कर रहा है, लेकिन टारगेट तक पहुंचने से पहले ही ज्यादातर नष्ट हो जा रहे हैं।

आखिर कैसे होती है भारत के आसमान की सुरक्षा, भारत का एयर डिफेंस सिस्टम क्या है और कैसे काम करता है, 8 मई को ऑपरेशन सिंदूर की प्रेस ब्रीफिंग में कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि हमारे इंटीग्रेटेड काउंटर यूएएस जीआरआईडी और एयर डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान के मिसाइल और ड्रोन अटैक को नाकाम कर दिया।

भारत पर हवाई हमला करने वाले वेपन की निगरानी, उसको नष्ट करने के लिए कमांड और फिर हवाई हथियार का इस्तेमाल करना होता है। इसके लिए एक बड़ा इंटीग्रेटेड नेटवर्क है, जिसे भारत का इंटीग्रेटेड एयर कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम (आईएसीसीएस) कहा जाता है।

इस नेटवर्क के कई हिस्से हैं, जैसे- रडार, दुश्मन के हथियारों के सिग्नल पकड़ने वाली इंटेलिजेंस डिवाइस, इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल सेंसर, दुश्मन के रेडियो सिग्नल जाम करने वाले जैमर, हाई एनर्जी लेजर सिस्टम, ग्राउंड कंट्रोल स्टेशन और कई तरह के एयर डिफेंस सिस्टम।

**आईएसीसीएस का पूरा नेटवर्क 3 स्टेप में काम करता है-**

**1. खतरे को पहचानना:** भारत के पास सेना और सिविल यूज के कई रडार हैं। सबसे




पहला काम इन्हीं रडार का होता है। इनसे निकलने वाली रेडियो वेव्स हवाई खतरे, ड्रोन या मिसाइल से टकराने के बाद वापस रडार को इसकी डिटेल्स देती हैं। इसी तरह इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल सेंसर भी ड्रोन या मिसाइल जैसे ऑब्जेक्ट को ट्रैक करके उसकी स्पीड, उसका ट्रैक और दूसरे फीचर्स को डिटेक्ट करता है। कई बार सिग्नल इंटेलिजेंस डिवाइस और जैमर ड्रोन के सिग्नल रोककर उसका कमांड और कंट्रोल खत्म कर देते हैं।

**2. हमले का हथियार तय करना:** दुश्मन के हवाई हथियार की पूरी पहचान होने के बाद जिस इलाके में वह हथियार टारगेट किया गया है, उस इलाके की सेना की कमान तय करती है कि खतरा कितना बड़ा है और उसके खिलाफ कौन सा हथियार इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

**3. हवाई खतरे को नष्ट करना:** किसी भी हवाई खतरे के बारे में सबसे जरूरी दो बातें हैं- खतरा कितनी दूर है और कितनी ऊंचाई पर है। एयर डिफेंस का एक ही टारगेट होता है- किसी भी आसमानी खतरे को ज्यादा से ज्यादा दूरी और जमीन से ज्यादा से ज्यादा ऊंचाई पर ही खत्म कर देना।

ज्यादा दूरी और ऊंचाई से आने वाली खतरनाक बैलिस्टिक मिसाइल्स को इंटरसेप्टर मिसाइल लॉन्च करके उड़ा दिया जाता है। अक्सर ये विस्फोट इतनी ऊंचाई पर होता है कि जमीन पर आने से पहले ही गोला-बारूद भाप बन जाता है।

अगर दुश्मन की मिसाइल या ड्रोन बेहद नजदीक या जमीन से कम ऊंचाई तक आ गए हैं तो फिर शॉर्ट रेंज एंटी मिसाइल सिस्टम, रॉकेट, गन फायर या टैंक में लगी हुई गन खतरे को नष्ट करती है।

सिर्फ इस बात का ध्यान यह रखना होता है कि हथियार अपने टारगेट पर हिट न कर पाए। इस पूरी आसमानी लड़ाई के लिए भारत के पास 4 लेयर में काम करने वाले हथियार हैं- लॉन्ग रेंज इंटरसेप्शन, इंटरमीडिएट रेंज इंटरसेप्शन, शॉर्ट रेंज इंटरसेप्शन और पॉइंट डिफेंस सिस्टम। इन सभी को विस्तार से समझते हैं-

**सबसे बाहरी लेयर: लॉन्ग रेंज इंटरसेप्शन**

यह भारत के एयर डिफेंस की सबसे बाहरी लेयर है। इसके लिए भारत ने डीआरडीओ की मदद से 'बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस प्रोग्राम' बनाया है। ये लेयर हजारों किमी दूर से आने वाली बैलिस्टिक मिसाइल्स से निपटती है। इसके लिए सोर्डफिश लॉन्ग रेंज ट्रैकिंग रडार दुश्मन की



मिसाइल को बहुत पहले ही डिटेक्ट कर लेते हैं। इसके बाद कमांड सेंटर मिसाइल की लोकेशन और रास्ते को ट्रैक करता है। दरअसल, बैलिस्टिक मिसाइल दो तरह से अपने टारगेट तक पहुंचती हैं।

**पहला तरीका है-** पृथ्वी के वायुमंडल से बाहर चले जाना और वापस आकर टारगेट हिट करना और दूसरा है- पृथ्वी के वायुमंडल में ट्रैवल करते हुए ही अपने टारगेट तक पहुंचना। इसी बेसिस पर भारत ने न्यूक्लियर अटैक में सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल्स को खत्म करने के लिए दो हथियार काम करते हैं-

**पृथ्वी एयर डिफेंस (पीएडी):** इसे 'प्रद्युम्न मिसाइल इन्सेप्टर' भी कहा जाता है। असल में ये 6 हजार किमी प्रति घंटा से ज्यादा की स्पीड से हमला करने वाली एक एंटी-बैलिस्टिक मिसाइल है। ये एक्सो-एटमॉस्फियरिक यानी पृथ्वी के वायुमंडल के बाहर से आने वाली बैलिस्टिक मिसाइल्स को टारगेट करती है। प्रद्युम्न मिसाइल 5 हजार किलोमीटर दूर से आ रही बैलिस्टिक मिसाइल्स को 200 से 2000 किमी दूर और हवा में 50 से 80 किमी की ऊंचाई पर खत्म कर सकती है।

**एडवांस्ड एयर डिफेंस (एएडी):** इसे 'अश्विन मिसाइल इंटरसेप्टर' भी कहते हैं। 5500 किमी प्रति घंटा की स्पीड से हमला करने वाली ये एंटी-बैलिस्टिक मिसाइल, एंडो-एटमॉस्फियरिक यानी पृथ्वी के वायुमंडल के अंदर ही ट्रैवल करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल्स को रोकती है। यह 150 से 200 किमी दूर तक और 15 से 30 किमी की ऊंचाई पर मिसाइल्स को नष्ट कर सकती है।

**दूसरी लेयर: इंटरमीडिएट रेंज इंटरसेप्शन**

ये भारत के एयर डिफेंस सिस्टम की दूसरी लेयर है। इसकी रेंज 70 से 400 किमी तक है। इस रेंज में आने वाले ड्रोन, जेट्स और किसी भी और टारगेट को खत्म किया जा सकता है। इस लेयर के तहत दो तरह के हथियार काम करते हैं-

**एस-400 ट्रायम्फ:** ये रूस से लिया गया एयर डिफेंस सिस्टम है। इसमें 92एन6ई इलेक्ट्रॉनिकली स्टीयर्ड फेज्ड ऐरो रडार लगा हुआ है जो करीब 600 किलोमीटर की दूरी के टारगेट्स को डिटेक्ट कर सकता है। इससे एक साथ कुल 160 ऑब्जेक्ट्स को ट्रैक किया जा सकता है। यह 400 किमी की दूरी और 30 किमी की ऊंचाई तक के टारगेट पर अटैक कर सकता है। भारत के पास अभी रूस से मिले तीन एस-400 ट्रायम्फ सिस्टम हैं। 2 नए सिस्टम अगले साल आ जाएंगे।

**बराक-8:** बराक-8 मिड रेंज सर्फेस टु एयर मिसाइल है जिसे इजराइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज (आईएआई) और भारत के डीआरडीओ ने मिलकर बनाया है। इसे सेकेंड लेयर के एयर डिफेंस में एस-400 का पूरक माना जाता है, क्योंकि एस-400 हर जगह हर समय तैनात नहीं किया जा सकता, ऐसे में बराक-8 मिसाइल काम आती है। इसे खास तौर पर भारतीय नेवी के जहाजों पर तैनात किया गया है। जहां से ये 100 किमी से आधा किमी दूरी और 16 किमी ऊंचाई तक के टारगेट को नष्ट कर सकती है। करीब 2500 किमी प्रति घंटा की स्पीड से हमला करने वाली ये मिसाइल अपने साथ 70 किलो विस्फोटक ले जा सकती है।

**तीसरी लेयर: शॉर्ट रेंज इंटरसेप्शन**

ये भारत के एयर डिफेंस की तीसरी लेयर है। इसके तहत 15 से 70 किमी दूर के टारगेट्स को तबाह किया जा सकता है। इसके तहत कम ऊंचाई पर उड़ने वाले जेट्स और ड्रोन्स को निशाना बनाया जा सकता है। इसके तहत 3 प्रमुख हथियार हैं-

**आकाश मिसाइल सिस्टम:** डीआरडीओ की बनाई गई आकाश मिसाइल 30 से 45 किमी दूर और आसमान में 18 किमी ऊंचाई तक के टारगेट को खत्म कर सकती है। इसमें राजेंद्र 3डी फेज एरे रडार लगा होता है। इसके चलते आकाश 64 टारगेट्स को एक साथ ट्रैक कर सकता है और एक समय में 12 मिसाइल लॉन्च कर सकता है।

**स्पाइडर:** स्पाइडर इजराइल का शॉर्ट एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल सिस्टम है। इसमें 20 किमी रेंज तक हमला करने वाली पाइथन-5 और 50 किमी रेंज वाली डर्बी जैसी मिसाइल्स का इस्तेमाल करके 15 से 35 किमी दूर तक के टारगेट्स को हिट किया जा सकता है।

**क्यूआरएसएएम:** क्विक रिएक्शन सर्फेस टु एयर मिसाइल सिस्टम को डीआरडीओ ने बनाया है। ये 3 से 30 किमी रेंज और 30 मीटर से 6 किमी ऊंचाई तक के टारगेट्स को खत्म कर सकता है। मोबाइल व्हीकल लॉन्चर से हमले करने वाले इस सिस्टम को बहुत कम समय में एक जगह से दूसरी जगह ले जाया जा सकता है।

**चौथी लेयर: पॉइंट डिफेंस सिस्टम**

ये भारतीय एयर डिफेंस की सबसे आखिरी लेयर है। जो महज कुछ किमी के नजदीक के खतरों को टारगेट कर सकती है। ये तब काम करती हैं जब टारगेट बहुत नजदीक आ जाता है।

**इसके तहत चार प्रमुख हथियार आते हैं-**

एसआरएसएएम: शॉर्ट रेंज सर्फेस टु एयर मिसाइल। ये 25 किमी के अंदर की रेंज में काम करती हैं।

एल-70 गन: ये एंटी-एयरक्राफ्ट गन है जो 5 से 7 किमी की रेंज में काम करती है। 8 मई की शाम पाकिस्तान के भेजे ड्रोन को इसी गन से उड़ाया गया।

जडएसयू-23 शिल्का: ये सोवियत संघ के समय की पुरानी गन है जो ड्रोन और बेहद कम ऊंचाई पर उड़ने वाले लो-फ्लाइंग टारगेट्स को खत्म कर सकती है।

एमएएनपीएडीएस: इसके तहत इग्ला-एस जैसी गन्स हैं, जिन्हें सेना के जवान अपने कंधे पर रखकर फायर कर सकते हैं।

इसके अलावा भारत के पास सोवियत के समय के कुछ हथियार जैसे- एस-125 पेचोरा एयर डिफेंस सिस्टम, 2के 12 कब, 9के33 ओसा-एके, 9के35 स्ट्रेला-10 वगैरह भी हैं, जो नजदीकी टारगेट पर सटीक हमला कर सकते हैं।

# भारत-पाक तनाव, रायपुर-बिलासपुर स्टेशन पर अलर्ट

## सीसीटीवी कैमरों से निगरानी, ट्रेनों की तलाशी, पुलिसकर्मियों की छुट्टियां कैंसिल, हाईकोर्ट ने भी समर वेकेशन किया पोस्टपोन

बिलासपुर\रायपुर, 10 मई (एजेंसियां)। भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए भारतीय रेलवे ने देशभर के स्टेशनों पर सतर्कता बढ़ा दी है। बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन समेत जोन में आरपीएफ अलर्ट मोड पर है। रायपुर में भी ट्रेनों और स्टेशनों की सुरक्षा व्यवस्था को सख्त किया गया है। सीसीटीवी कैमरों से संदिग्धों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

वहीं डॉग स्क्वायड की मदद से जांच अभियान भी तेज़ी से चलाया जा रहा है। यात्रियों को माइक से लगातार सतर्क किया जा रहा है, ताकि किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत सूचना मिल सके। वहीं, प्लेटफार्म के साथ ही ट्रेनों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

इसके साथ ही पुलिस विभाग भी हाई अलर्ट पर है।



पुलिसकर्मियों को सिर्फ इमरजेंसी में ही छुट्टियां मिलेंगी। पुलिस मुख्यालय ने आदेश जारी किया है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने समर वेकेशन पोस्टपोन कर दिया है।

रायपुर रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने फ्रंटलाइन स्टाफ को सजग रहने के लिए आगाह किया। साथ ही यात्रियों से भी अपील की है कि वह किसी भी तरह की संदिग्ध स्थिति का शक होने पर तुरंत ट्रेन स्टेशन पर मौजूद रेलवे अधिकारियों और स्टाफ को सूचना दें।

रेलवे के अलर्ट जारी करने के बाद जोनल मुख्यालय के साथ ही सभी रेलवे स्टेशनों के प्लेटफार्म पर चौकसी बढ़ गई है। आरपीएफ के जवान सीसीटीवी कैमरों से संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं। वहीं ट्रेनों व यार्ड में डॉग स्क्वायड टीम के साथ सघन जांच की जा रही है। बिलासपुर जोनल मुख्यालय में दो दिन पहले पांच बड़े हूटर बजा कर यह संदेश दिया गया कि शहडोल स्टेशन यार्ड से सूचना प्रसारित की गई। बताया गया कि कोच में बम विस्फोट हुआ है। आग लग गई है। मदद करो। जैसे ही यह खबर मिली, अचानक आपदा क्षेत्र में तब्दील हो गया। यह कोई असली घटना नहीं, बल्कि एक मॉकड्रिल था। इसका मकसद था आपदा की घड़ी में रेलवे, एनडीआरएफ और स्थानीय एजेंसियों की तैयारियों की हकीकत को परखना था।

## कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

### देशी पिस्तौल और कारतूस के साथ पकड़ा, 6 मामलों में वांछित

पलामू, 10 मई (एजेंसियां)। पलामू पुलिस ने शुक्रवार रात टीओपी-2 क्षेत्र के कान्दू मुहल्ले से एक कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार किया है। रात 2:30 बजे पकड़े गए अपराधी की पहचान नितेश शर्मा उर्फ राहुल शर्मा के रूप में हुई है।

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी वारदात की योजना बना रहे हैं। सहायक अवर निरीक्षक राकेश कुमार के नेतृत्व में टाइगर मोबाइल दल ने सर्च ऑपरेशन चलाया। गोरह मंदिर जाने वाली गली में छिपे 3-4 लोगों को देखा गया। पुलिस को देखकर सभी भागने लगे। टीम ने नितेश शर्मा को पकड़ लिया। तलाशी में नितेश के पास से एक देशी पिस्तौल, एक जिंदा कारतूस और एक चाकू बरामद हुआ।

# नशीली टेबलेट बेचते नाबालिग समेत 2 गिरफ्तार

## बैग में भरकर ले जाने के दौरान पुलिस ने घेरा, एनडीपीएस एक्ट में एक्शन

रायपुर, 10 मई (एजेंसियां)। राजधानी रायपुर में नशीली टेबलेट बेचते एक नाबालिग के साथ युवक गिरफ्तार हुआ है। आरोपी बैग में टेबलेट भरकर बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे थे, इस बात की भनक पुलिस को लग गई। मामला पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने आरोपियों को घेराबंदी करके पकड़ लिया। आरोपियों के पास से टेबलेट जब्त कर ली गई है और उन्हें एनडीपीएस एक्ट में जेल भेजा गया है।

रायपुर एसएसपी डॉ लाल उम्मेद सिंह निर्देश पर पुलिस नशे के खिलाफ अभियान चला रही है। जिसमें अवैध प्रतिबंधित मादक पदार्थ समेत सूखे नशे को रोकने लिए प्रयास किया जा रहा है। 6 मई को क्राइम ब्रांच और पुलिस को सूचना मिली कि



भाठागांव स्थित आछी तालाब पास कुछ व्यक्ति प्रतिबंधित नशीली टेबलेट रखें है जिसे बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे हैं।

पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर उन्हें घेर लिया। इनमें से एक नाबालिग और दूसरा आरोपी मोहम्मद तबरेज निवासी नुआपाड़ा उड़ीसा का है। आरोपी के कब्जे से 1060 नग प्रतिबंधित नशीली टेबलेट निट्राजपैम मिली है। टेबलेट से जुड़े कोई भी वैध दस्तावेज व्यक्ति के पास नहीं थे। इस मामले में पुलिस एनडीपीएस एक्ट के तहत एक्शन ले रही है।

# ग्रामीण पुलिसिंग को मिली नई ताकत

धनबाद, 10 मई (एजेंसियां)। धनबाद जिले में 231 नए चौकीदारों ने 60 दिवसीय प्रशिक्षण पूरा कर लिया है। शनिवार को धनबाद पुलिस लाइन में पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान चौकीदारों ने अनुशासन और प्रशिक्षण का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में डीसी माधवी मिश्रा और एसएसपी एचपी जनार्दन मौजूद थे।

परेड में 8 प्लाटून ने हिस्सा लिया। डीसी और एसएसपी ने परेड का निरीक्षण किया। चौकीदारों ने मार्चपास्ट कर अपनी ट्रेनिंग का परिचय दिया। डीसी ने सभी नवचयनित चौकीदारों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। डीसी माधवी मिश्रा ने कहा कि चौकीदार अब जिले के विभिन्न अंचलों में सेवाएं देंगे। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस बल की कमी को पूरा करने में चौकीदारों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। ये स्थानीय स्तर पर संपर्क बनाकर संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पुलिस तक पहुंचाएंगे। एसएसपी एचपी जनार्दन ने बताया कि चौकीदारों को बीट के आधार पर ड्यूटी दी जाएगी। इससे पुलिस की पहुंच और निगरानी व्यवस्था मजबूत होगी। चौकीदारों को स्थानीय भाषा और क्षेत्र की अच्छी जानकारी होती है। वे पुलिस और जनता के बीच सेतु का काम करेंगे। पुलिस विभाग के अनुसार चौकीदारों की मदद से संदिग्ध व्यक्तियों और गतिविधियों की पहचान आसान होगी।

# भारत-पाक तनाव के बीच केंद्र का अलर्ट

## सीएम साय बोले—हर स्थिति से निपटने को तैयार हैं बघेल ने कहा–भारत सरकार को हर परिस्थिति में समर्थन

रायपुर, 10 मई (एजेंसियां)। भारत-पाकिस्तान के बीच लगातार बढ़ते तनाव को देखते हुए केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अलर्ट मोड पर डाल दिया है। जिसे लेकर सीएम साय ने कहा कि, हम हर परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार है। जबकि भूपेश बघेल का कहना है कि देश की सुरक्षा के मसले पर सब एकजुट हैं।

गृह मंत्रालय ने सख्त गाइडलाइंस जारी करते हुए कहा है कि, जरूरत पड़ने पर राज्य नागरिक सुरक्षा नियम 1968 के तहत इमरजेंसी पावर का इस्तेमाल कर सकते हैं।

छत्तीसगढ़ सरकार ने भी केंद्र के निर्देशों के मुताबिक काम शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव



साय ने कहा कि, दुर्ग जिले में मॉकड्रिल केंद्र के निर्देशों के अनुसार ही किया गया। आगे भी केंद्र सरकार से जो भी निर्देश मिलेंगे, राज्य उनका पालन करेगा। हम हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं।

पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि, आतंकवादियों के सफाए के लिए भारतीय सेना लगातार प्रयास कर रही है और सफलतापूर्वक 9 ठिकानों का सफाया किया है। पाकिस्तान जो मिसाइलें रिहाइशी और धार्मिक इलाकों में गिराए जा रहे हैं, सेना उसे रोकने का काम सफलतापूर्वक कर रही है। इसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है।

कांग्रेस पार्टी ने सभी राज्यों में तिरंगा यात्रा निकाली, इसके लिए मैं धन्यवाद देता हूं। जिस तरह से कांग्रेस पार्टी और पूरी इंडिया अलायंस ने एकजुटता का प्रदर्शन किया है। और भारत सरकार को हर परिस्थिति में समर्थन देने का फैसला किया है।

# शराबी ड्राइवर ने 2 बच्चों समेत 4 को रौंदा

सूरजपुर, 10 मई (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में शराब के नशे में धुत चालक ने कार घर के बाहर खेल रहे बच्चों पर चढ़ा दी। साथ ही 2 महिलाओं को भी रौंद दिया। हादसे में ढाई साल और तीन साल के दो मासूम बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। घायल महिलाओं को अंबिकापुर रेफर किया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

इधर धमतरी जिले के मगरलोड थाना क्षेत्र में बाइक सवार नहर में जा गिरा। हादसे में 35 साल के युवक ने दम तोड़ दिया। युवक शादी समारोह में शामिल होने आया हुआ था।

सूरजपुर हादसे की बात करें तो मामला विश्रामपुर थाना क्षेत्र के करमपुर गांव का है। घटना शुक्रवार शाम 7 बजे की है। जानकारी के मुताबिक आरोपी ड्राइवर रामजीत करमपुर गांव के बरपारा का रहने वाला है। वह शराब के नशे में धुत होकर अर्टिगा कार लेकर आ रहा था। गांव में ही सड़क किनारे ही परिवार रहता है। परिवार की महिलाएं आंगन में बैठी हुई थीं। बच्चे खेल रहे थे, इसी दौरान आरोपी ड्राइवर रामजीत ने बच्चों को कुचल दिया और इसके बाद महिलाओं को भी टक्कर मार दी।

मासूम बच्चे और बच्ची ने मौके पर दम तोड़ दिया। घायल महिलाओं को विश्रामपुर स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

# भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव, झारखंड में अलर्ट

## एयरपोर्ट में विजिटर्स की इंट्री बंद, डॉक्टरों की छुट्टियां कैंसल, जिलों के एसपी को मिले टास्क

रांची, 10 मई (एजेंसियां)। भारत-पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण हालात को देखते हुए झारखंड में अलर्ट जारी किया गया है। राज्य के सभी सार्वजनिक स्थलों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए हर स्तर पर तैयारियां की गई हैं। कहीं से कोई अनहोनी न हो जाए इसे देखते हुए रांची एयरपोर्ट में विजिटर्स की इंट्री बंद कर दी गई है।

रेलवे स्टेशन में भी सुरक्षाबलों की संख्या बढ़ाई गई है। प्रदेश के डॉक्टरों की छुट्टियां कैंसिल कर दी गई हैं। रिम्स में बेड भी सुरक्षित रखे गए हैं। इमरजेंसी की स्थिति से निपटने के लिए रिम्स में डॉक्टरों की विशेष टीम का गठन किया गया है।

इतना ही नहीं, सुरक्षा को लेकर पुलिस हाई अलर्ट पर है। सभी थानेदारों को पूरी रात पेट्रोलिंग करने को कहा गया है। चौक-चौराहे पर संदिग्ध लोगों पर विशेष नजर रखा जा रहा है। सीनियर अधिकारी पूरी सुरक्षा व्यवस्था की मॉनिटरिंग खुद कर रहे हैं। वहीं लगातार पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे हैं।

थानेदारों को पीसीआर और पेट्रोलिंग गाड़ी को भी लगातार भ्रमणशील रहने का निर्देश दिया गया है। राजधानी के सभी थानों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि कहीं भी कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखे तो उसका गहनता से सत्यापन करें। रांची के रेलवे स्टेशनों और एयरपोर्ट पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। होमगार्ड के जवान एयरपोर्ट परिसर में आने वाली सभी गाड़ियों की सघन चेकिंग कर रहे हैं। एयरपोर्ट पर सुरक्षा के लिए स्निफर डॉग की भी मदद ली जा रही है।

# ऑपरेशन सिंदूर पर जमशेदपुर की महिलाओं का जोश

## लगाए देशभक्ति नारे, कहा- सेना और पीएम ने पाकिस्तान को सिंदूर की कीमत समझा दी

जमशेदपुर, 10 मई (एजेंसियां)। जमशेदपुर में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर महिलाओं ने अपना समर्थन दिखाया है। शहर की महिलाएं शनिवार को हाथों में सिंदूर की डिब्बियां लेकर सड़कों पर उतरीं। उन्होंने भारत माता की जय और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन में नारे लगाए।

महिलाओं ने हिंदुस्तान जिंदाबाद, प्रधानमंत्री जिंदाबाद



और भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाए। साथ ही पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारों के जरिए पड़ोसी देश को कड़ा संदेश दिया। प्रदर्शन में शामिल महिलाओं का कहना है कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की हर महिला के सम्मान का प्रतीक है। उनके अनुसार प्रधानमंत्री ने इस अभियान से पाकिस्तान को सिंदूर की कीमत समझा दी है।

# पाकिस्तान में मुनीर के फैसलों पर कमांडर सवाल उठा रहे

## अपने बचाव में पोस्टर लगवा रहे सेनाध्यक्ष जनरल पर परिवार को फायदा पहुंचाने के आरोप

इस्लामाबाद, 10 मई (एजेंसियां)। भारत से जारी तनाव के बीच पाकिस्तान अब अपने ही घर में सेना, संसद और राजनीतिक मोर्चे पर घिर गया है। पाकिस्तान में सबसे बड़ा संकट उसकी ही फौज के भीतर पल रहा है। सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के नेतृत्व को लेकर कोर कमांडरों में असंतोष इतना गहरा है कि उन्होंने खुले तौर पर फैसलों पर सवाल खड़े किए हैं। कोर कमांडरो में यह भावना गहराती जा रही है कि मुनीर की नीतियों ने न सिर्फ सेना की साख गिराई है, बल्कि पाक को बार-बार संकट में डाला है। वे मौजूदा स्थिति के लिए मुनीर को ही जिम्मेदार मानते हैं।

मुनीर को सार्वजनिक समर्थन दिखाने के लिए इस्लामाबाद में अपने पोस्टर लगवाने पड़े। ऐसे दृश्य पाक में पहले कभी नहीं देखे गए थे। मुनीर पर सेना प्रमुख बनते ही परिवार को फायदा पहुंचाने का भी आरोप है।

मुनीर को अपने धार्मिक विचारों पर अडिग रहने और विरोध न सहने वाला माना जाता है। पाक के कुछ वरिष्ठ अधिकारी बताते हैं कि मुनीर बहस होने पर कमरे से बाहर चला जाता था। वह खुद को शक्तिशाली नेता के रूप में स्थापित करना चाहता है।

पाकिस्तान अंदरूनी टकराव की आग में भी जल रहा है। खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान जैसे सीमावर्ती सूबों ने जंग से खुद को अलग कर लिया है। इन इलाकों में आम धारणा है कि यह पाक की नहीं, बल्कि पंजाबी सेना की लड़ाई है।

**खैबर पख्तूनख्वा :** इस प्रांत के लोग मानते हैं कि दशकों से पाकिस्तानी सेना आतंकियों को पालती रही। अब जब उस नीति का खामियाजा पूरा देश भुगत रहा है, तब फौज पलटी मार रही है। आम लोगों का कहना है कि आतंकवादी नीति से अब दूरी बनाना दिखावे के सिवा कुछ नहीं है।

**बलूचिस्तान:** बलोच राष्ट्रवादियों ने भी कह दिया है कि पाक सरकार और फौज ने कभी बलूचिस्तान को अपना हिस्सा माना ही नहीं। प्राकृतिक संसाधनों में हिस्सेदारी तो दूर, हमें नागरिक तक नहीं समझा गया। फौज की लड़ाई से हमारा कोई लेना-देना नहीं है।



### पत्नी के रिश्तेदार को देश का गृहमंत्री बनाया

जनरल असीम मुनीर पर आरोप हैं कि उन्होंने मोहसिन नकवी को अहम पद दिलाए। वह मुनीर की पत्नी इरम असीम का रिश्तेदार है। मोहसिन नकवी के पास फिलहाल दो पद हैं। उसके पास पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) का अध्यक्ष और देश के गृहमंत्री की जिम्मेदारी है। इन दोनों जिम्मेदारियों के लिए मोहसिन के पास ना तो कोई विशेषज्ञता है, ना ही कोई अनुभव। सैयद बाबर अली शाह जनरल मुनीर का मामा है। वह 2023 की शुरुआत से ही इस्लामाबाद की सत्ता के अघोषित केंद्र बन चुका है। सरकारी नियुक्तियों से लेकर प्रमोशन और पुरस्कारों तक में उसकी भूमिका दिखती है। फेडरल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एफआईए) के पूर्व डीजी अहमद इसहाक जहांगीर की नियुक्ति में भी उसका दखल बताया जा रहा है।

मुनीर की ममेरी बहन हाजरा सुहैल साल 2022 में स्कॉलरशिप मैनेजर थी। पाकिस्तान एजुकेशन एंडोमेंट फंड में काम कर रही थी। यह संस्था शिक्षा मंत्रालय के अधीन है।

जनवरी 2023 में शिक्षा मंत्रालय ने नए सीईओ की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की। प्रधानमंत्री कार्यालय से प्रक्रिया रोकने का आदेश आया। साफ कहा गया कि नाम जनरल हेडक्वार्टर से आएगा। तत्कालीन शिक्षा मंत्री राणा तनवीर हुसैन ने आपत्ति जताई, पर पीछे हटना पड़ा। हाजरा को सीधे सीईओ नहीं बनाया जा सकता था। इसलिए अगस्त 2023 में उसे अचानक जनरल मैनेजर बनाकर पूरी कमान सौंप दी गई। इसके लिए सीईओ का पद खाली रखा गया।

# यूक्रेन 30 दिवसीय युद्ध विराम के लिए तैयार

कीव, 10 मई (एजेंसियां)। रूस और यूक्रेन के बीच चल रही जंग थमने के आसार हैं। यूक्रेन और उसके सहयोगी 30 दिवसीय पूर्ण और बिना शर्त युद्ध विराम के लिए तैयार हो गए हैं। यूक्रेन के विदेश मंत्री ने बताया कि यह युद्ध विराम सोमवार से शुरू होगा। यूक्रेनी विदेश मंत्री आंद्रेई सिबिहा ने शनिवार को कहा कि यूक्रेन और उसके सहयोगी सोमवार से कम से कम 30 दिनों के लिए रूस के साथ पूर्ण, बिना शर्त युद्ध विराम के लिए तैयार हैं। शनिवार को चार देशों फ्रांस, ब्रिटेन, जर्मनी और पोलैंड के नेता यूक्रेन पहुंचे थे। इसमें फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज, पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर शामिल रहे। सभी ने राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से मुलाकात कर रूस पर दबाव बढ़ाने और युद्ध रोकने की कोशिशों पर चर्चा की। जेलेंस्की से मुलाकात से पहले नेताओं ने संयुक्त बयान में कहा था कि हम अमेरिका के साथ मिलकर रूस से 30 दिन के पूर्ण और बिना शर्त युद्धविराम की अपील करते हैं ताकि एक न्यायपूर्ण और स्थायी शांति की दिशा में बातचीत हो सके।

# तुर्की के पास ड्रोन लेने पहुंचा पाकिस्तान ?

## भारतीय सेना ने सैकड़ों कर दिए तबाह खलीफा एर्दोगन कर रहे भारत के खिलाफ मदद



इस्लामाबाद, 10 मई (एजेंसियां)। भारत पिछली दो रातों से पश्चिमी सीमा पर सैन्य और नागरिक ढांचे पर किए जा रहे पाकिस्तानी ड्रोन हमले को नाकाम कर रहा है। भारत ने सैकड़ों की संख्या में पाकिस्तान से दागे गए ड्रोन को मार गिराया है। भारत के खिलाफ हमले में इस्तेमाल किए गए ये ड्रोन पाकिस्तान को उसके दोस्त तुर्की ने दिए थे। गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया था कि प्रारंभिक रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि ड्रोन तुर्की निर्मित असीमगार्ड सोंगर मॉडल है। इस बीच जानकारी मिली है कि भारत के हाथों पिटने के बाद पाकिस्तान और ड्रोन के लिए तुर्की के पास पहुंचा है।

फ्लाइट के डेटा से पता चलता है कि पाकिस्तानी एयरफोर्स के भारी लिफ्टर जहाज ने शुक्रवार को इस्तांबुल के पास टेकिरदाग हवाई अड्डे पर लैंडिंग की थी। कई घंटे तक वहां रहने के बाद यह जहाज वापस पाकिस्तान चला गया था। पाकिस्तानी एयरफोर्स के जहाज के यहां पहुंचना इसलिए भी खास है, क्योंकि इस एयरपोर्ट के पास तुर्की के बायकर ड्रोन का निर्माण केंद्र है। माना जा रहा है कि पाकिस्तानी जहाज ड्रोन की नई खेप लेने पहुंचा था।

पहलगाम हमले के बाद से भी तुर्की ने ऐसे कई काम किए हैं, जिससे उसके ऊपर शक बढ़ता है। भारत-पाकिस्तान में तनाव के बीच 2 मई को कराची बंदरगाह पर तुर्की का एडा क्लास एंटी सबमरीन जहाज ने डॉक किया था। इसके कुछ दिन पहले 27 अप्रैल को कराची हवाई अड्डे पर तुर्की के सी-130 हरक्यूलिस सैन्य परिवहन विमान ने लैंडिंग की थी। रिपोर्ट बताती हैं कि तुर्की ने हथियारों की खेप पहंचाई थी। हालांकि, तुर्की ने ठहराव को नियमित बताया और हथियार ले जाने की खबरों का खंडन किया।

तुर्की और पाकिस्तान की दोस्ती कोई छिपी नहीं है। तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगन कश्मीर पर भी जहर उगलते रहे हैं। पहलगाम हमले के बाद तुर्की अकेला पश्चिमी देश है, जो पाकिस्तान के साथ खड़ा हुआ है। यहां तक खाड़ी के प्रमुख मुस्लिम देशों ने भी पाकिस्तान को समर्थन देने से परहेज किया है।

# कम खर्च, ज्यादा हव्वा, पाकिस्तान ने भारत में क्यों भेजा बिना हथियार वाले सस्ते 500 ड्रोन का झुंड



इस्लामाबाद, 10 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान और भारत में तनाव के बीच एक अहम बदलाव देखने को मिला है। ये बदलाव पाकिस्तान की ओर से ड्रोन का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल है।

पाकिस्तान ने 8-9 मई की रात को भारत के हवाई क्षेत्र में करीब 500 सस्ते ड्रोन का झुंड भेजा। ये ड्रोन लद्दाख के लेह से लेकर गुजरात में सर क्रीक तक रणनीतिक जगहों पर देखे गए। इनमें से ज्यादातर ड्रोन में हथियार नहीं थे और उन्हें भारतीय सेना ने आसानी से बेअसर कर दिया। ये भारत-पाक संघर्ष में पहले नहीं देखा गया है। पाक सेना ने ऐसा एक खास मकसद के तहत किया है।

भारतशक्ति की रिपोर्ट के मुताबिक, एक्सपर्ट्स का मानना है कि पाकिस्तान के सस्ते ड्रोन से हमले का मकसद कोई बड़ा नुकसान करने की बजाय भारत की वायु रक्षा प्रणाली को परखने, रडार कवरेज और प्रतिक्रिया के समय का पता लगाने की रणनीति थी। एक बड़े सैन्य अधिकारी ने भारतशक्ति को बताया कि यह तरीका रूस ने भी यूक्रेन में ईरानी शाहेद ड्रोन का इस्तेमाल करके अपनाया है।

# भारत-पाकिस्तान जंग पर गिद्ध की तरह नजर गड़ाए बैठा है ड्रैगन

## भारत के हमलों की जमीन से आसमान तक यूं जासूसी कर रहा चीन

इस्लामाबाद/बीजिंग, 10 मई (एजेंसियां)। पहलगाम आतंकी हमला करवाकर पाकिस्तान सोच रहा था कि वो बचकर निकल जाएगा, लेकिन भारत ने जो कहर बरपाया है, उसने आतंकियों को पालने वाले इस देश की कमर तोड़ दी है। भारत ने पाकिस्तान के तीन एयरबेस को तबाह कर दिया है, जिसे पाकिस्तान ने खुद कबूल किया है। लेकिन पाकिस्तान पर होने वाले भारतीय टारगेट पर चीन गिद्ध की नजर गड़ाए बैठा है। चीन भी भारत का दुश्मन ही है और इस बार भी चीन पाकिस्तान का साथ दे रहा है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने खुद कबूल है कि सैन्य कार्रवाई के दौरान चीन के राजदूत सुबह 4 बजे तक अपनी टीम के साथ उनके दफ्तर में मौजूद थे। यानि आप समझ सकते हैं कि चीन और पाकिस्तान के बीच कैसा गठजोड़ है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) भारत-पाकिस्तान के इस संघर्ष से जुड़ी हर जानकारी, चाहे वो भारतीय ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल का इस्तेमाल हो, एयर डिफेंस सिस्टम की तैनाती हो, या फिर भारतीय नौसेना की गतिशीलता हो, उसे बारीकी से रिकॉर्ड कर रही है।

समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने एक्सपर्ट्स और डिप्लोमेट्स के हवाले से कहा है कि चीन इस संघर्ष को एक रियल टाइम वॉर लैब की तरह देख रहा है, जहां से वो भारत के रणनीतिक हथियारों के ऑपरेशन, कमांड-एंड-कंट्रोल नेटवर्क और मिसाइल लॉन्च पैटर्न की जानकारी निकालने की कोशिश कर रहा है।

चीन की सबसे ज्यादा दिलचस्पी भारतीय ब्रह्मोस क्रूज



मिसाइलों को लेकर है, जिसे भारत और रूस ने मिलकर बनाया है। ब्रह्मोस मिसाइल को ट्रैक करने की क्षमता चीन के पास नहीं है। ब्रह्मोस मिसाइल का इस्तेमाल अभी तक भारत ने सिर्फ टेस्ट के दौरान किया है। ये एक महाविनाशक मिसाइल है और अभी भी भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ इस मिसाइल का इस्तेमाल नहीं किया है। लेकिन अगर भारत इस मिसाइल का इस्तेमाल करता है तो चीन के लिए ब्रह्मोस के असर को देखने का दुर्लभ मौका होगा।

चीन का सर्विलांस सिर्फ दोनों देशों के बीच चल रहे मौजूदा संघर्ष तक सीमित नहीं है, बल्कि उसने पिछले कुछ सालों में हिंद महासागर में भी अपनी जासूसी को काफी तेज कर दिया है। स्पेस ट्रैकिंग शिप, ओसियनोग्राफिक रिसर्च शिप और यहां तक की मछली पकड़ने वाले जहाजों के जरिए भी जासूसी करने की कोशिश कर रहा है।

# जमशेदपुर में 407 वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, मौत

जमशेदपुर, 10 मई (एजेंसियां)। जमशेदपुर के कपाली ओपी क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। डोभो-कांदरबेड़ा मुख्य सड़क पर रुगड़ी के पास एक 407 वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार 22 वर्षीय नरेश सिंह सरदार की मौत हो गई।

नरेश चांडिल के डालग्राम गांव का रहने वाला था। वह एक प्राइवेट कंपनी में काम करता था। घटना के समय वह अपने बड़े भाई संतोष सिंह सरदार से मिलकर लौट रहा था। संतोष का बिष्टुपुर स्थित स्टील सिटी अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसे के बाद पुलिस ने घायल नरेश को एमजीएम अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। नरेश अविवाहित था। दुर्घटना के बाद 407 वाहन का चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस वाहन और चालक की तलाश कर रही है।

# रायगढ़ के घोघरा डैम में 42 जंगली हाथियों का नहाते हुए वीडियो वायरल

## ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह

रायगढ़, 10 मई (एजेंसियां)। रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल के छाल रेंज अंतर्गत सिंघीझाप परिसर में घोघरा डैम में जंगली हाथियों के नहाने का एक वीडियो सामने आया है। जंगली हाथियों की बड़ी संख्या को देखते हुए वन विभाग और हाथी मित्र दल के सदस्यों ने ग्रामीणों को तेंदुपत्ता तोड़ने जंगल जाने के दौरान सावधानी बरतने की सलाह दी है।

# अफगानिस्तान पर कौन हमला करता रहा है ये सबको पता है

## भारत ने पाकिस्तानियों के प्रोपेगेंडा की बखिया उधेड़ी

नई दिल्ली/इस्लामाबाद, 10 मई (एजेंसियां)। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने पाकिस्तान के उन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है, जिसमें पाकिस्तानी अफवाह फैला रहे हैं कि भारत ने अफगानिस्तान में हमले किए हैं। विक्रम मिसरी ने कहा है कि अफगानिस्तान पर भारतीय हमले की बात कर पाकिस्तान अफवाह फैला रहा है और हम सब जानते हैं कि पिछले एक डेढ़ साल से अफगानिस्तान पर कौन हमले कर रहा है। आपको बता दें कि पाकिस्तान की तरफ से लगातार अफवाह फैलाई जा रही थी कि भारत ने अफगानिस्तान के अंदर में एयरस्ट्राइक किए हैं, जिसे अब भारत ने सिरे से खारिज कर दिया है।

इसके अलावा शनिवार को नई दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में पाकिस्तान की हरकतों को उकसाने वाली और उग्र कार्रवाई के तौर पर देखा जा रहा है। कर्नल सोफिया कुरैशी ने ब्रीफिंग के दौरान आगे कहा, कि पाकिस्तान ने पंजाब में एयरबेस पर हमला करने की कोशिश की। कर्नल कुरैशी ने यह भी कहा कि पाकिस्तानी सेना अपने सैनिकों को सीमावर्ती इलाकों में भेजती हुई देखी गई है। उनकी बात ये काफी परेशान करने वाली है क्योंकि इससे एक पूर्ण पैमाने का युद्ध छिड़ने का खतरा बन सकता है। इसके अलावा कुरैशी ने शनिवार सुबह ये भी कहा कि सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने के अलावा पाकिस्तान ने श्रीनगर, अवंतीपुरा और उधमपुर में चिकित्सा सुविधाओं को भी निशाना बनाया है। आपको बता दें कि पाकिस्तान की तरफ से जमकर अफवाहें फैलाई जा रही हैं। जिनमें खुद पाकिस्तान के विदेश मंत्री और रक्षा मंत्री शामिल हैं। जिसको लेकर भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि पाकिस्तान के भारत के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाने के दावे 'पूरी तरह से झूठे' हैं। उन्होंने दोहराया कि भारत इस बात पर अभी भी जोर देता है कि अगर पाकिस्तान की सेना टकराव बढ़ाना बंद करे तो भारत जवाबी कार्रवाई को आगे नहीं बढ़ाएगा। मिसरी ने धार्मिक स्थल पर मिसाइल दागे जाने के पाकिस्तान के दावों को भी खारिज किया और इसे 'हास्यास्पद' बताया। विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने भी कहा कि पाकिस्तान ने दुर्भावनापूर्ण गलत सूचना अभियान चलाने की कोशिश की।

# सीएम विष्णुदेव साय ने किया देश के पहले हाइड्रोजन ईंधन चलित ट्रक का शुभारंभ



रायपुर, 10 मई (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने आज शनिवार को सीएम हाउस रायपुर से भारत के पहले हाइड्रोजन ईंधन चलित ट्रक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने अडानी समूह की प्रमुख कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज के स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा देने के लिए देश के पहले हाइड्रोजन ईंधन सेल ट्रक को हरी झंडी दिखाकर गतव्य के लिये रवाना किया।

इस ट्रक का इस्तेमाल गारे पेल्मा थर्ड ब्लॉक से राज्य के बिजली संयंत्र तक कोयले के परिवहन के लिए किया जाएगा। स्मार्ट तकनीक से लैस ये ट्रक 200 किलोमीटर की दूरी तक 40 टन तक का माल ले जा सकते हैं। हाइड्रोजन से चलने वाले ये ट्रक धीरे-धीरे कंपनी के लॉजिस्टिक्स संचालन में इस्तेमाल होने वाले डीजल वाहनों की जगह ले लेंगे।

# आतंकवाद के खिलाफ शक्तिशाली प्रतीक है 'ऑपरेशन सिंदूर'

## पूरा छत्तीसगढ़ पीएम मोदी और सेना के साथ

रायपुर, 10 मई (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरणसिंह देव ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सैन्य बलों के ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि यह आतंकवाद के खिलाफ हमारे दृढ़ संकल्प का शक्तिशाली प्रतीक है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, भारतीय सेना के अधिकारियों, जवानों और प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह देश की जनाकांक्षाओं की मुखर अभिव्यक्ति है। इससे भारत सरकार व सेना की आतंकवाद को समूल खत्म करने की प्रतिबद्धता विश्व मंच पर देश की प्रतिष्ठा को बढ़ा रही है। भारत आतंकवाद को जड़ से खत्म करने



के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ देश में उपजा गम और गुस्सा नए जज्बे के रूप में दिखा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने वादे को निभाया है। पूरा छत्तीसगढ़ उनके साथ है। सेना के जवान इसी तरह आगे बढ़कर बदला लेते रहें, जिससे ऐसी घटना दोबारा न घटे। देव ने पहलगाम आतंकवादी हमले में त्वरित न्याय दिलाने वाले देश के बहादुर सैनिकों को सलाम करते हुए कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ संकल्प का एक शक्तिशाली प्रतीक है।

सिंहदेव ने कहा कि सैनिकों का साहस हमारी संप्रभुता की रक्षा करता है और हर भारतीय माँ की गरिमा को बनाए रखता है, जो गर्व और स्वतंत्रता के साथ सिंदूर लगाती हैं। ऑपरेशन का नाम सिंदूर देकर महिलाओं का सम्मान बढ़ाने वाले प्रधानमंत्री मोदी ने सिन्दूर मिटाकर पहलगाम के नरसंहार पर अट्टहास करने वाले आतंकी नरपिशाचों और पाकिस्तान को यह दिखा दिया कि वह चुप बैठने वालों में से नहीं है।

# नेवार्क शहर के मेयर रिहा

## इमीग्रेशन डिटेंशन सेंटर में विरोध प्रदर्शन करने के आरोप में हुए थे गिरफ्तार

नेवार्क, 10 मई (एजेंसियां)। अमेरिका के न्यू जर्सी राज्य के शहर नेवार्क के मेयर रास बराका को रिहा कर दिया गया है। रास बराका को एक नए संघीय इमीग्रेशन सेंटर में विरोध प्रदर्शन करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया, कुछ घंटे हिरासत में रखने के बाद उन्हें छोड़ दिया गया। रास बराका पर इमीग्रेशन डिटेंशन सेंटर में तांका-झांकी करने और चेतावनी को अनसुना करने का भी आरोप लगा है। शाम करीब 8 बजे हिरासत से छूटने के बाद रास बराका ने कहा कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है। नेवार्क में डेलाने हाल फैसिलिटी का निर्माण किया जा रहा है, जहां अवैध अप्रवासियों को रखने की योजना है। नेवार्क मेयर पर आरोप है कि उन्होंने चेतावनी को नजरअंदाज कर डिटेंशन सेंटर में जबरन घुसने की कोशिश की। मेयर ने रिहा किए जाने के बाद कहा कि उनका अप्रवासियों और समुदाय के सभी लोगों को पूरा समर्थन है।

बराका ने कहा कि 'हम आपके साथ हैं, चाहे आप किसी भी मूल या राष्ट्रीयता के लोग हों, कोई भी भाषा बोलते हों, हम लोगों को बंटने नहीं देंगे।' बराका एक डेमोक्रेट नेता हैं, जो ट्रंप प्रशासन के खिलाफ काफी मुखर रहे हैं। नेवार्क में बनाया जा रहा डिटेंशन सेंटर 1000 बेड की क्षमता का सेंटर है। बराका का कहना है कि इस डिटेंशन सेंटर को बनाने के लिए परमिट नहीं लिया गया।

# भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच अमेरिका का फैसला

## अमेरिकी उच्चायुक्त ने स्टाफ की आवाजाही रोकी

न्यूयॉर्क, 10 मई (एजेंसियां)। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के चलते पाकिस्तान में अमेरिकी मिशन ने अपने सभी कर्मचारियों की आवाजाही पर रोक लगा दी है। पाकिस्तान की सेना ने भी देश के सभी नागरिकों को घरों में रहने की सलाह दी है जब तक कि नया आदेश न आए। अमेरिकी दूतावास और कांसुलेट्स ने शुक्रवार को एक 'सुरक्षा चेतावनी' जारी कर कहा कि पाकिस्तान आर्मी ने 10 मई को देश के सभी नागरिकों से कहा है कि वे अगले आदेश तक घरों से बाहर न निकलें। इसी के चलते अमेरिका ने पाकिस्तान में अपने स्टाफ की आवाजाही पूरी तरह रोक दी है और दोपहर बाद हालात की समीक्षा करेगा।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने



अपने नागरिकों को पहले से जारी 'यात्रा न करने' की चेतावनी दोहराई है, खासकर भारत-पाक सीमा और नियंत्रण रेखा (एलओसी) के नजदीक के इलाकों में, जहां आतंकवाद और संघर्ष का खतरा ज्यादा है।

इसके अलावा मंत्रालय ने पूरे पाकिस्तान के लिए भी यात्रा पर पुनर्विचार करने की सलाह दी है। दूतावास ने कहा, 'अगर अमेरिकी नागरिक खुद को किसी संघर्ष वाले इलाके में पाते हैं, तो वे सुरक्षित तरीके से वहां से निकलने की कोशिश करें।

अगर निकलना संभव न हो, तो वहीं सुरक्षित स्थान पर रहें।' चेतावनी में यह भी कहा गया कि पाकिस्तान से आने-जाने वाली फ्लाइट्स की स्थिति अभी अस्थिर है, इसलिए अमेरिकी नागरिकों को अपने एयरलाइन से उड़ानों की स्थिति की जांच करते रहनी चाहिए।

भारत और पाकिस्तान के बीच मौजूदा तनाव उस समय और बढ़ गया जब भारतीय सेना ने बुधवार को पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी ठिकानों पर सटीक हमले किए।

यह हमले 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में किए गए थे, जिसमें सीमा पार से जुड़े सुराग मिले थे। जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान ने गुरुवार और शुक्रवार की रात भारत के अलग-अलग हिस्सों में, जम्मू-कश्मीर से लेकर गुजरात तक, 26 जगहों पर ड्रोन्स के जरिए हमले किए।

# अलकायदा से जुड़े थे आईएसपीआर चीफ अहमद शरीफ चौधरी के पिता

## प्रतिबंधित परमाणु वैज्ञानिक भी रहे

इस्लामाबाद, 10 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों के खिलाफ भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। पाकिस्तान की सेना उकसावे की कार्रवाई कर रही है। भारतीय क्षेत्र में घुसकर ड्रोन और मिसाइल से हमले की हिमाकत करने वाली पाकिस्तानी सेना के अधिकारियों का इतिहास भी दागदार रहा है। ऐसे ही एक अधिकारी रहे हैं, सुल्तान बशीरुद्दीन महमूद। अमृतसर में पैदा हुए सुल्तान बशीरुद्दीन के बारे में चर्चा इसलिए हो रही है क्योंकि वे पाकिस्तानी सेना के वर्तमान प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी के पिता हैं। पड़ोसी देश के शीर्ष सैन्य अधिकारियों पर अमूमन तख्ता पलट और सरकार पर दबाव बनाने के आरोप लगते रहे हैं, लेकिन इस मामले में महमूद की चर्चा इसलिए हो रही है क्योंकि उनके तार आतंकी संगठन अलकायदा से जुड़े रहे हैं। न केवल अलकायदा से संबंध, बल्कि परमाणु हथियारों से जुड़ी अहम जानकारी को गलत हाथों में पहुंचाने के आरोपों को लेकर भी महमूद विवादों में रहे। परमाणु वैज्ञानिक महमूद पर पाकिस्तानी सरकार ने प्रतिबंध भी लगाए। भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में स्थित नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था।



# 15 मई तक बंद रहेंगे 4 एयरपोर्ट, उड़ानें रहेंगी रद्द



जयपुर, 10 मई (एजेंसियां)। भारत पाकिस्तान तनाव के बीच राजस्थान के लिए बड़ी खबर। केंद्र सरकार के आदेशानुसार, राजस्थान के 4 एयरपोर्ट अब 15 मई तक बंद रहेंगे। इस बीच सभी उड़ानें रद्द रहेंगी। इसी के साथ ही देश के 20 हवाई अड्डों को भी बंद कर दिया गया है। इससे पहले यह सभी एयरपोर्ट 10 मई तक के लिए बंद किए गए थे। एयरलाइनों ने कहा कि 15 मई तक हवाई अड्डों के अस्थाई रूप से बंद होने के कारण उनकी उड़ाने रद्द कर दी गईं हैं।

केंद्र सरकार के अनुसार राजस्थान के किशनगढ़, जैसलमेर, जोधपुर और बीकानेर के हवाई अड्डे 15 मई तक बंद रहेंगे। नया आदेश का इंतजार रहेगा।

पंजाब में अमृतसर, लुधियाना, पटियाला, बठिंडा, हलावारा और पठानकोट। हिमाचल प्रदेश में भुंतर, शिमला, कांगड़ा गग्गल। केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़।जम्मू कश्मीर में श्रीनगर और जम्मू। लद्दाख में लेह। गुजरात में मुंद्रा, जामनगर, हिरासर, पोरबंदर, केशोद, कंडाला, भुज।

भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के साथ ही देश के 24 हवाई अड्डों के बंद होने से रोजाना घरेलू हवाई यातायात का कम से कम 11 फीसदी प्रभावित हुआ है। इंडस्ट्री के अनुसार, डेली एवरेज फ्लाइट्स अप्रेल में 3,265 से घटकर 8 मई तक 2,907 रह गईं। फ्लाइटरडार 24 डेटा के अनुसार, 9-10 मई को करीब 670 एयरलाइन रूट प्रभावित होंगे। इसमें बंद किए गए 24 हवाई अड्डों पर 334 इनकमिंग और 336 आउटगोइंग फ्लाइट्स शामिल हैं। श्रीनगर, चंडीगढ़, अमृतसर, जम्मू और लेह के हवाई अड्डे सबसे अधिक प्रभावित रूट हैं। अन्य प्रभावित हवाई अड्डों में पटियाला, भुंतर, पठानकोट, बीकानेर, जैसलमेर, मुंद्रा, केशोद और राजकोट शामिल हैं।

# पाकिस्तान ने राजस्थान के सूरतगढ़ एयरफोर्स स्टेशन को लेकर फैलाया झूठ

## कर्नल सोफिया ने जारी की असली तस्वीर

जयपुर, 10 मई (एजेंसियां)। भारत-पाक जंग के हालातों के बीच विदेश मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय ने शनिवार सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस की। जिसमें कर्नल सोफिया कुरैशी ने राजस्थान के सूरतगढ़ (श्रीगंगानगर) एयरफोर्स स्टेशन को पाकिस्तान के नुकसान पहुंचाने के दावे को गलत बताया गया है। साथ ही प्रेस वार्ता के दौरान एयरफोर्स स्टेशन के सामान्य हालात की फोटो भी दिखाई। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान लगातार भारत पर मिसाइल अटैक कर रहा है। पाकिस्तान सेना ने लड़ाकू विमान, ड्रोन और मिसाइल का इस्तेमाल किया। नियंत्रण रेखा पर भी भारी गोलाबारी की।

साथ ही विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि पाकिस्तानी सरकारी एजेंसियां हमले और तबाही का दावा कर रहे हैं, ये सब दावे झूठे साबित हो चुके हैं। पाकिस्तान कह रहा है कि मिलिट्री फैसिलिटी तबाह की हैं। यह सब झूठ है। यह दावे किए गए हैं कि पावर, इन्फ्रास्ट्रक्चर सिस्टम पर बड़े हमले किए गए, यह सब झूठ है।




**पाक का झूठा दावा**

गौरतलब है कि पाकिस्तान ने भारत के 10 ठिकानों पर बड़े हमले करने का झूठा दावा किया था। इसमें राजस्थान का सूरतगढ़ एयरफील्ड समेत पंजाब में ब्रह्मोस मिसाइल स्टोरेज फैसेलिटी, उरी सप्लाई डिपो, आदमपुर में S-400 सिस्टम, देहरंग्यारी में आर्टिलरी पोजिशन और पठानकोट एयरफील्ड शामिल हैं।

**5 जिलों में अलर्ट जारी**

वहीं, जोधपुर, चूरू, बाड़मेर, हनुमानगढ़, बीकानेर (सिर्फ नाल एरिया में) जिले में अलर्ट जारी किया गया है। ड्रोन हमलों को देखते हुए जिला कलेक्टरों ने लोगों से घर में ही रहने की अपील की है। जोधपुर, जैसलमेर, बाड़मेर में पुलिस ने मुख्य बाजारों को बंद करवा दिया है। वहीं, जिला कलेक्टर टीना डाबी ने बाड़मेर जिले के आस-पास ग्रामीणों से बाड़मेर की यात्रा नहीं करने की अपील की है।

# 'कोई घर से बाहर नहीं निकले', कलेक्टर ने सुबह-सुबह जारी किए निर्देश




बाड़मेर, 10 मई (एजेंसियां)। राजस्थान की पश्चिमी सरहद बाड़मेर पर पाकिस्तान लगातार ड्रोन अटैक कर रहा है। शनिवार अलसुबह भी धमाकों की आवाज सुनी गई है। जिसे देखते हुए प्रशासन ने सुबह 6 बजे हाई अलर्ट जारी कर दिया है। साथ ही लोगों से घरों से नहीं निकलने की अपील जारी की है। इससे पहले बाड़मेर के उत्तरलाई वायुसेना स्टेशन पर करीब पाकिस्तान की ओर से ड्रोन हमला किया गया। उत्तरलाई को पाकिस्तान ने दूसरी बार टारगेट किया है। दो दिन पहले टारगेट ड्रोन को पाक की सरहद में ही ध्वस्त कर दिया गया था। इस बार भी हमले नाकाम कर दिए गए है।

बाड़मेर में रेड अलर्ट जारी कर दिया गया था। जिसमें प्रशासन की ओर से घरों से बाहर नहीं आने की अपील की थी। इससे पूरे शहर में सन्नाटा पसरा था। साथ ही किसी भी तरह का पैनिक नहीं करने को कहा। प्रशासन ने अस्पताल की पूरी टीमों व नागरिक सुरक्षा को भी सचेत कर दिया गया है।

**ऐसे हैं हालात...**

बाड़मेर में रेडअलर्ट और ब्लैकआउट के चलते कहीं पर भी रोशनी नजर नहीं आ रही थी। घरों के आगे लगे बिजली के मीटर पर हरी लाइटें भी आज दिख रही थी। सन्नाटा और पूरी शांति पसरी थी। कहीं पर भी कोई हरकत नहीं। अस्पताल के आस-पास पूरी रात खुली रहने वाली दुकानें और चहल-पहल कहीं नहीं दिखी। यहां पुलिसकर्मी भी टॉर्च लेकर बैठे हैं,लेकिन वे टॉर्च तब ही ऑन करते हैं। जब किसी को आते देखकर टोकना हों। कलेक्ट्रेट के भीतर भी ऐसा ही काला सन्नाटा था। अंदर अफसर, कर्मचारी जिनकी ड्यूटी है, वे जमा थे।

# 'हाई रेड अलर्ट' के बाद विधायक रविंद्र सिंह भाटी का वीडियो वायरल



बाड़मेर, 10 मई (एजेंसियां)। राजस्थान के बाड़मेर जिले में हाई रेड अलर्ट के बाद शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह बाड़मेर की जनता से एक अपील करते नज़र आ रहे हैं।

दरअसल ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। दोनों देशों के बीच जंग वाले हालात बने हुए हैं, जिसके बाद से ही राजस्थान के सीमावर्ती इलाकों में रेड अलर्ट जारी कर दिया गया है। ऐसे में बाड़मेर में हाई रेड अलर्ट जारी कर दिया गया है और लोगों को घरों में रहने के निर्देश दिए गए हैं और बाज़ार बंद करवाकर सामूहिक कार्यक्रमों पर बैन लगा दिया गया है। इस पर ही विधायक ने सोशल मीडिया पर वीडियो बनाकर सुरक्षित रहने की अपील की है।

**ये बोले रविंद्र सिंह भाटी**

मैं रविंद्र सिंह भाटी, बाड़मेर के तमाम लोगों से निवेदन करना चाहता हूं कि 'प्रशासन द्वारा अभी हाई रेड अलर्ट जारी किया गया है, ऐसे में सब घर पर रहें। व्यापारी और दुकानदार भाई, हेवी रेड अलर्ट तक प्रतिष्ठान को मंगल रखकर घरवालों के साथ रहें। साथ ही जो डिसर्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन और राजस्थान सरकार की तरफ से निर्देश आ रहे हैं, उनकी पूर्ण रूप से पालना करें। अगर कोई व्यक्ति निर्देशों की पालना नहीं कर रहा है, तो उनसे भी निवेदन है कि कृपया इसकी पालना करें। साथ ही यह आर्मी का बड़ा मूवमेंट है, ऐसे में उनकी किसी भी गतिविधियों को सोशल मीडिया पर अपलोड न करें, जिससे कि अपनी सूचना बाहर तक जाए।'

**इन 6 जिलों में अलर्ट**

राजस्थान के सीमावर्ती जिले बाड़मेर, जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर, श्रीगंगानगर और फलोदी जिले में अलर्ट जारी कर दिया गया है, जिसके बाद से ही लोगों को घरों में रहने की अपील की जा रही है।

# चिकित्सा स्टाफ की छुट्टियां रद्द

## सभी व्यवस्थाएं अलर्ट मोड पर

अलवर, 10 मई (एजेंसियां)। भारत-पाक के बीच उपजे तनाव के बीच सभी चिकित्सा व्यवस्था अलर्ट मोड पर हैं। सरकार की ओर से आदेश जारी कर सभी चिकित्सकों एवं मेडिकल स्टाफ की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। छुट्टियों पर चल रहे चिकित्सकों को वापस बुलाया जा रहा है।

इसके अलावा इमरजेंसी किट्स की संख्या बढ़ाने सहित सभी जरूरी इंतजाम किए गए हैं। अस्पताल में चिकित्सकों की एक 5 सदस्यीय कमेटी का भी गठन किया गया है। जो व्यवस्थाओं में जरूरी बदलाव के साथ आवश्यक सामान की खरीद की सिफारिश करेगी।

**इमरजेंसी और ट्रॉमा में स्टाफ बढ़ाया**

आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए अस्पताल में दवाओं का बफर स्टॉक रखा जा रहा है। साथ ही इमरजेंसी और ट्रॉमा में अतिरिक्त स्टाफ की व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा एबुंलेंस ड्राइवर, गार्ड व वार्ड ब्वॉय की संख्या भी बढ़ाई गई है। अलवर जिला अस्पताल के पीएमओ डॉ. सुनील चौहान ने बताया कि अस्पताल के 5 ऑक्सीजन प्लांट, वेंटिलेटर, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर व जनरेटर सहित पानी व बिजली से जुड़ी संबंधी व्यवस्थाओं को और भी मजबूत किया गया है।

# जयपुर मेट्रो में बम की धमकी, एजेंसियां अलर्ट

## ई-मेल में किया गया 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र



जयपुर, 10 मई (एजेंसियां)। जयपुर मेट्रो को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी दी गई, जिससे सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया है। मेट्रो प्रशासन और पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए मानसरोवर से बड़ी चौपड़ तक सभी स्टेशनों पर सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। मेट्रो की मेल आईडी पर भेजे गए ईमेल में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद मेट्रो स्टेशन और ट्रेन को उड़ाने की बात कही गई है।

डीसीपी मेट्रो सुशील कुमार ने बताया कि दोपहर बाद एक धमकी भरा मेल मिला था, जिसके तुरंत बाद सभी मेट्रो स्टेशनों की सुरक्षा बढ़ा दी गई। उन्होंने कहा कि फिलहाल जयपुर मेट्रो का संचालन सामान्य रूप से जारी है, लेकिन एहतियात के तौर पर सभी स्टेशनों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सुरक्षा बलों के साथ बम निरोधक दस्ते को भी अलर्ट कर दिया गया है।

यह पहली बार नहीं है जब जयपुर को इस तरह की धमकी मिली हो। एक दिन पहले 8 मई को भी एसएमएस स्टेडियम को उड़ाने की धमकी दी गई थी। खेल परिषद के अध्यक्ष नीरज के पवन ने बताया कि सुबह 9:13 बजे स्टेडियम की ईमेल आईडी पर एक मेल आया, जिसमें 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए स्टेडियम को उड़ाने की बात कही गई थी। स्टेडियम परिसर और आसपास के इलाकों में सघन सर्च ऑपरेशन चलाया गया, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

इसके पहले, 3 अप्रैल को जयपुर के जिला कलेक्ट्रेट को भी बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी।

उस वक्त बम स्क्वॉड और इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम को बुलाकर करीब 200 कमरों की गहन जांच की गई थी, लेकिन वहां भी कुछ नहीं मिला था। लगातार मिल रही इस तरह की धमकियों ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंताएं बढ़ा दी हैं।

# 5 बांधों की बढ़ाई सुरक्षा, सबसे ज्यादा फोकस पर राणा प्रताप सागर बांध

जयपुर, 10 मई (एजेंसियां)। विदेश सचिव विक्रम मिसरी के बांधों की सुरक्षा को लेकर दिए गए बयान के बाद राजस्थान के बांधों की सुरक्षा बढ़ाना शुरू कर दिया है। इसमें मुख्य रूप से 15 बड़े बांध व कैनाल को चिन्हित किया गया है, जहां अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जा रही है। विशेष रूप से राणा प्रताप सागर बांध है, जिसके नजदीक परमाणु बिजलीघर भी है। इसी से जवाहर सागर बांध और कोटा बैराज जुड़ा हुआ है।

**इन 15 बांधों की बढ़ाई सुरक्षा**

राणा प्रताप सागर, कोटा बैराज, जवाहर सागर बांध, जवाई, बीसलपुर, गलवा, टोरडी सागर, माही, सोम कमलाअंबा, जाखम, जयसमंद, राजसमंद, मेजा, पार्वती,



छापरवाडा बांध। इसके अलावा इंदिरा गांधी नहर और गंग कैनाल सिस्टम।

**सीसीटीवी कैमरों से 24 घंटे निगरानी- मंत्री**

पन्द्रह बांध चिन्हित करके वहां सुरक्षा बढ़ाई जा रही है। स्थानीय पुलिस की भी नियमित गश्त होगी। सीसीटीवी कैमरों से चौबीस घंटे निगरानी करने के लिए निर्देशित कर दिया है।

# साइबर ठगों ने गेमिंग ऐप के जरिए की 400 करोड़ की धोखाधड़ी



भरतपुर, 10 मई (एजेंसियां)। रेंज कार्यालय भरतपुर की टीम ने करीब 400 करोड़ से अधिक की साइबर ठगी करने वाली गैंग का खुलासा कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की है। पुलिस महानिरीक्षक भरतपुर रेंज राहुल प्रकाश ने बताया कि मामले में पुलिस ने आरोपी रविंद्र सिंह पुत्र त्रिलोकी नाथ सिंह (54), निवासी बलिया, उप्र तथा दिनेश सिंह पुत्र दीनानाथ (49) और उसकी पत्नी कुमकुम को गिरफ्तार किया है। महानिदेशक पुलिस साइबर क्राइम हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि साइबर थाना धौलपुर पर पीड़ित हरीसिंह द्वारा हेल्पलाइन नंबर 1930 पर फिनो पेमेंट बैंक के खाते के विरुद्ध साइबर फ्रॉड की शिकायत दर्ज करवाई गई थी। रेंज साइबर वॉर रूम की टीम द्वारा प्रतिदिन 1930 की शिकायतों का विश्लेषण किया जाता है।

डीजी प्रियदर्शी ने बताया कि जब उक्त शिकायत का विश्लेषण किया गया तो अत्यंत चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि जिस बैंक खाते के विरुद्ध शिकायत दर्ज की गई थी, उसी खाते के विरुद्ध 1930 पर उस समय करीब 3000 शिकायतें दर्ज थीं, जो अब बढ़कर 4000 से भी अधिक हो गई हैं। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए साइबर थाना धौलपुर में शिकायत के आधार पर त्वरित रूप से मामला दर्ज करने के निर्देश दिए गए। प्रकरण की व्यापकता को देखते हुए एसपी कच्छावा द्वारा अनुसंधान अपने पर्यवेक्षण में रखकर रेंज कार्यालय के इंस्पेक्टर महेन्द्र सिंह को सौंपा गया, सहयोग के लिए एएसआई दिनेश कुमार एवं हेड कांस्टेबल जितेन्द्र सिंह की टीम गठित की गई।

डीजी प्रियदर्शी ने बताया कि फिनो पेमेंट बैंक के जिस खाते के विरुद्ध 4000 से अधिक साइबर फ्रॉड की शिकायतें दर्ज पाई गई हैं, उसकी जांच में पता चला कि धौलपुर के परिवादी के 35 लाख रुपये जिन चार कंपनियों के खातों में ट्रांसफर किए गए, उनमें रूकनेक इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड, सेल्वा कृष्णा आईटी सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड, एसकेआरसी इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड और नित्यश्री मेन पॉवर एंड कॉन्ट्रैक्ट वर्क्स शामिल हैं। अनुसंधान अधिकारी द्वारा अनुसंधान के दौरान उक्त चारों कंपनियों के बैंक खातों को तत्काल प्रभाव से डेबिट फ्रीज करवाया गया, जिसमें वर्तमान में लगभग 4 करोड़ रुपये की राशि डेबिट फ्रीज की गई है।

# गैंगस्टर शिवराज सिंह फिर तीन दिन के रिमांड पर

## परेड के दौरान हाड़ौती में दी खून बहाने की धमकी



कोटा, 10 मई (एजेंसियां)। राजस्थान के कोटा जिले में मंदिर की जमीन के सौदे को लेकर पुजारी को धमकाने के बाद रिमांड अवधि खत्म होने के बाद कख्यार गैंगस्टर शिवराज सिंह और उसके साथियों को कड़ी सुरक्षा के बीच कोर्ट में पेश किया गया। कुन्हाड़ी थाना पुलिस की तरफ से सभी बदमाशों का पांच दिन का पुलिस रिमांड मांगा है, जिसके बाद कोर्ट ने तीन दिन के पुलिस रिमांड के आदेश दिए हैं। आज कोर्ट में फिर से पेशी के दौरान कोर्ट के अंदर इंटेलिजेंस चप्पे-चप्पे पर तैनात रही। ऐसे में जब तक गैंगस्टर को वापस कोर्ट से नहीं ले जाया गया। तब तक पुलिस की सांसें भी फूलती रहीं और पूरा कॉरीडोर बनाकर ही सभी बदमाशों को कोर्ट में पेश किया गया। शहर पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन बताया कि इसके पहले लिए गए रिमांड के दौरान पूछताछ में कई अहम जानकारी पुलिस को मिली। पुलिस ने बदमाशों के पास से आधुनिक गन, 20 कारतूस, और एक बैवले एन्ड स्काड रिवाल्वर, 50 कारतूस बरामद किए हैं। इसके अलावा वारदात में इस्तेमाल यूपी नंबर की एक फाच्र्यूनर के अलावा रंगदारी में वसूले हुए 7 लाख रुपये से अधिक राशि बरामद की गई है।

वहीं, गैंगस्टर शिवराज के खिलाफ कोटा शहर, ग्रामीण, अजमेर, भीलवाड़ा सहित कई जिलों में 18 से अधिक अपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, जिसमें हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, डकैती के मामले में शामिल है। शिवराज से पुछताछ के दौरान एक दर्जन से अधिक अवैध रंगदारी, अवैध रूप से धमकाकर जमीनों, प्लाटों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर अवैध कब्जा करना सामने आया है।

बता दें कि इसके पहले कोर्ट पेशी के दौरान वापस आते समय गैंगस्टर शिवराज सिंह ने झूठे मामले में फंसाने की बात कही थी और कोटा के उद्योगपति दिपक राजवंशी और उसक आकाओं का नाम लिया था। उसके बाद जब पुलिस गैंगस्टर की परेड निकाल रही थी, तब उसने एक बार फिर अपना गुस्सा जाहिर करते हुए हाड़ौती में खून बहाने की धमकी दी थी। चिल्ला-चिल्लाकर कहा था एक बार फिर हाड़ौती में खून बहेगा।

# गेहूं, चना, सरसों की कीमतों में अचानक उछाल

अलवर, 10 मई (एजेंसियां)। भारत और पाक के बीच चल रहे तनाव के बाद न केवल आमजन बल्कि व्यापारी भी माल का स्टॉक कर रहा है। इस वजह से गेहूं, चना और सरसों के दामों में अचानक उछाल आया है। गेहूं में 100, चना में 200 और सरसों में 300 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। गेहूं के दाम 2400 से बढ़कर 2500, सरसों के दाम 6 हजार से बढ़कर 6300 और चने के दाम 5400 से बढ़कर 5600 रुपए प्रति क्विंटल पहुंच गए हैं। व्यापारियों की मानें तो आटा मिल मालिकों की ओर से गेहूं की डिमांड आने की वजह से गेहूं के दाम बढ़े हैं। अगर इसी तरह स्टॉक होता रहा तो दाम और बढ़ेंगे। इसी तरह तेल मिल और बेसन मिल मालिकों ने भी बम्पर खरीद की है, इस वजह से दाम बढ़ रहे हैं। जबकि केंद्र व राज्य सरकार बार-बार अपील कर चुकी है कि खाद्यान्न या अन्य चीजों की कोई कमी नहीं है, इसलिए स्टॉक नहीं करें।कृषि उपज मंडी परिसर में एफसीआई ने 2 हजार गेहूं के कट्टों की खरीद की। हालांकि किसान कैश पेमेंट के फेर में व्यापारी को ही अपना गेहूं बेच रहे हैं। इससे उन्हें 50 से 100 रुपए क्विंटल का घाटा हो रहा है।

# फलौदी के पूर्व सैनिक बोले- जरूरत पड़ी तो फिर से सीमा पर उतर जाएंगे

जोधपुर, 10 मई (एजेंसियां)। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के कारण फलौदी क्षेत्र में हाई अलर्ट घोषित किया गया है। यहां पूरे इलाके में गाड़ियों की आवाजाही बंद कर दी गई है। पुलिस और प्रशासन ने लोगों से कहा है कि वे अपने घरों में ही रहें। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के कारण फलौदी क्षेत्र में हाई अलर्ट घोषित किया गया है। यहां पूरे इलाके में गाड़ियों की आवाजाही बंद कर दी गई है। पुलिस और प्रशासन ने लोगों से कहा है कि वे अपने घरों में ही रहें। बताया जा रहा है कि पाकिस्तान की तरफ से 7 मई से लगातार ड्रोन और मिसाइल हमले हो रहे हैं, जिससे यह सीमावर्ती इलाका खतरे में आ गया है।

फलौदी क्षेत्र के सभी पूर्व सैनिकों ने प्रशासन से मिलकर मदद का भरोसा दिलाया है। पूर्व सैनिक कल्याण बोर्ड की अपील पर बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक अपने-अपने पंचायत समिति मुख्यालय पहुंचे। वहां उन्होंने एसडीएम और तहसीलदार से मुलाकात की।

# डिलीवरी बॉय से लूटी 35 हजार की घड़ी

## पुलिस ने एक बाल अपचारी समेत तीन को हिरासत में लिया

अलवर, 10 मई (एजेंसियां)। अलवर के सदर थाना क्षेत्र में फ्लिपकार्ट के डिलीवरी बॉय से 35 हजार रुपये की कीमती घड़ी लूटने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया गया है। आरोपी शुभम शर्मा ने शुभम नाम से फर्जी ऑर्डर बुक करवाया था। उसने पहले डिलीवरी के लिए डिलीवरी बॉय को शिवाजी पार्क बुलाया लेकिन सही पता न मिलने का बहाना बनाकर उसे टेल्को चौराहा बुला लिया। जैसे ही डिलीवरी बॉय वहां पहुंचा तो पहले से वहां खड़ी स्विफ्ट कार में बैठे बदमाशों ने उससे डिलीवरी पैकेट छीन लिया और मौके से फरार हो गए। पैकेट में फ्लिपकार्ट से मंगवाई गई लगभग 35 हजार रुपये की घड़ी थी। पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी शुभम शर्मा पुत्र रोहताश (22 वर्ष), लक्ष्य पुत्र जसवंत (19 वर्ष) दोनों निवासी शिवाजी पार्क, आयुष पुत्र घनश्याम (22 वर्ष) निवासी स्कीम 10 और एक बाल अपचारी को पकड़ा है।

# सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट डालने वाला गिरफ्तार

जालौर, 10 मई (एजेंसियां)। जिले में भारत-पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण हालातों के मद्देनजर सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट फैलाने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इसी कड़ी में सख्त कार्रवाई करते हुए भीनमाल पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने फेसबुक पर भीनमाल के संबंध में एक भ्रामक पोस्ट वायरल की थी, इसके बाद पुलिस ने आरोपी विक्रम चौधरी निवासी नवापुरा को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार एसपी ज्ञानचंद्र यादव के निर्देशन में थानाधिकारी रामेश्वर भाटी के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई की, जिसमें फेसबुक पर भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव को लेकर की गई पोस्ट पूरी तरह तथ्यहीन और भ्रामक पाई गई। जांच के बाद वायरलकर्ता विक्रम चौधरी को बीएनएसएस 2023 की धारा 126 व 170 के तहत गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने आमजन से अपील की है कि अफवाहें न फैलाएं और प्रशासन के निर्देशों का पालन करें। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि कोई किसी भी प्रकार की भ्रामक सामग्री पोस्ट करता है तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# तेलंगाना सरकार सीतारामा और सीताम्मा सागर परियोजनाओं को तेजी से पूरा करेगी : उत्तम कुमार रेड्डी

## उपमुख्यमंत्री भट्टी, मंत्री पोंगुलेटी और तुम्माला ने जलसौधा में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में भाग लिया



हैदराबाद, 10 मई (स्वतंत्र वार्ता)। सिंचाई और नागरिक आपूर्ति मंत्री कैप्टन एन उत्तम कुमार रेड्डी ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस सरकार सीतारामा लिफ्ट सिंचाई परियोजना (एसआरएलआईपी) और सीताम्मा सागर बहुउद्देश्यीय परियोजना (एसएसएमपीपी) को तेजी से पूरा करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, क्योंकि दोनों परियोजनाएं दक्षिणी तेलंगाना में सिंचाई और विकास के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हैं। मंत्री ने हैदराबाद के जला सौधा में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क, मंत्री तुम्माला नागेश्वर राव और पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी और सिंचाई विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। स्थानीय चिंताओं को प्रस्तुत करने के लिए येलंडू के पूर्व विधायक गुम्माडी नरसैया को भी बैठक में विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। अधिकारियों को संबोधित करते हुए उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा कि लंबे समय से लंबित इन सिंचाई परियोजनाओं के पूरा होने से सरकार खम्मम, भद्राद्री कोत्तागुडेम और महबूबाबाद जिलों में फैली करीब 7.80 लाख एकड़ जमीन को सिंचाई के लिए पानी मुहैया करा सकेगी। उन्होंने याद दिलाया कि पिछली सरकार के कार्यकाल में सीताराम परियोजना के लिए पानी का आवंटन नहीं किया गया था। हालांकि, मौजूदा कांग्रेस सरकार ने महज 16 महीने के कार्यकाल में ही केंद्र और केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) को परियोजना के लिए गोदावरी नदी का 67 टीएमसी पानी आवंटित करने के लिए राजी कर लिया। इंजीनियरों ने कार्यों की स्थिति और लंबित मुद्दों पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि एसआरएलआईपी की मुख्य नहर का 97 फीसदी काम पूरा हो चुका है और तीन बड़े पंप हाउस पहले ही सफल वेट रन से गुजर चुके हैं। चौथा पंप हाउस निर्माणाधीन है और जल्द ही पूरा होने की उम्मीद है। पलेयर लिंक नहर, सत्तुपल्ली ट्रंक नहर और एनकूर लिंक नहर का काम प्रगति के विभिन्न चरणों में है, लेकिन अभी भी कुछ अड़चनें बाकी हैं, खास तौर पर भूमि अधिग्रहण, वन मंजूरी और सुरंगों के पास संरचनाओं से संबंधित। मंत्री ने देरी पर कड़ा संज्ञान लिया और अधिकारियों को मामले को तत्परता से निपटाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा, यह काम का मौसम है। बाधाओं के बावजूद, आपको पूरी गति से आगे बढ़ना चाहिए। हम और देरी बर्दाश्त नहीं कर सकते। उन्होंने निर्देश दिया कि परियोजना के सभी खंडों में भूमि अधिग्रहण में तेजी लाई जानी चाहिए और प्रतिपूरक वनरोपण से संबंधित मुद्दों को बिना किसी देरी के हल किया जाना चाहिए। उत्तम कुमार रेड्डी ने वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे रोजाना साइट पर शारीरिक रूप से उपस्थित होकर भूमि और वन मंजूरी से संबंधित सभी मुद्दों की निगरानी करें। उन्होंने इंजीनियरिंग अधिकारियों से भूमि अधिग्रहण में कुल लागत, प्रगति और बाधाओं के बारे में व्यक्तिगत रूप से जानकारी देने को भी कहा। उन्होंने कहा, मैं भूमि अधिग्रहण पर पूरी तस्वीर चाहता हूं- ऊपर से नीचे तक। आप मुझे आंकड़े, प्रक्रिया और योजना बताएं, और मैं इस पर आगे विचार करूंगा। मंत्री ने ठेकेदारों और हितधारकों को प्राथमिकता भुगतान को उचित ठहराने के लिए एक नोट भी मांगा, ताकि मामले को उचित चैनलों के माध्यम से वित्त विभाग के समक्ष रखा जा सके। उन्होंने नियमित अनुवर्ती कार्रवाई के महत्व पर जोर दिया और कहा कि सुधारों का आकलन करने के लिए ठीक एक महीने में एक और समीक्षा की जाएगी। सीताम्मा सागर परियोजना के बारे में बोलते हुए, मंत्री ने कहा कि सरकार लंबित पर्यावरण और वन मंजूरी हासिल करने के लिए कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि कुछ काम पहले बिना मंजूरी के किए गए थे, और राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने तब से 53.41 करोड़ रुपये का जुर्माना जारी किया है। उन्होंने कहा, हम जुर्माना रद्द करने के लिए एक कानूनी रणनीति तैयार कर रहे हैं। उन्होंने दोहराया कि सीताम्मा सागर परियोजना में एक जलविद्युत घटक भी शामिल होगा और सरकार ने टीजीजीईएनसीओ को 282.8 मेगावाट की योजना सौंपी है, जो प्रक्रिया में है। उन्होंने अधिकारियों को पलेयर के पास सुरंग और नहर के कामों की बारीकी से निगरानी करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान लाइन डायग्राम की समीक्षा की गई और मंत्री ने इंजीनियरों से पूछा कि पानी का प्रवाह किन बिंदुओं पर बाधित हो रहा है। उन्हें बताया गया कि लगभग 80-90 एकड़ वन भूमि और कई डाउनस्ट्रीम घटकों को शामिल करने वाली सुरंग का काम अभी पूरा होना बाकी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन रुकावटों को दूर करने के लिए सभी एजेंसियों को समन्वय में काम करना चाहिए। उत्तम कुमार रेड्डी ने येलंडू को पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए गुम्माडी नरसैया द्वारा की गई अपील पर भी सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। उन्होंने निर्देश दिया कि एक तकनीकी टीम प्रस्ताव का अध्ययन करे और अपने आकलन के साथ उनसे मिले। उन्होंने कहा, आइए जांच करें कि क्या मौजूदा डिजाइन में बदलाव किए बिना एक लिंक नहर उद्देश्य को पूरा कर सकती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार दोनों परियोजनाओं को समयबद्ध और कुशल तरीके से पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्प है। उन्होंने कहा, यह सरकार इन परियोजनाओं को लोगों तक पहुंचाने के लिए जो भी आवश्यक होगा, वह करेगी।

# पाकिस्तान ने 3 घंटे के बाद ही सीजफायर तोड़ा

## जम्मू-कश्मीर में फायरिंग, गोलाबारी, ड्रोन अटैक गुजरात, राजस्थान, पंजाब में ब्लैकआउट

नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)। भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार शाम 5 बजे सीजफायर लागू हो गया। इसके 3 घंटे बाद ही पाकिस्तान ने सीजफायर का उल्लंघन कर दिया।

रात 8 बजे से पाकिस्तान की तरफ से जम्मू-कश्मीर के अखनूर, पुंछ, नौशेरा, श्रीनगर, आरएसपुरा, सांबा, उधमपुर में फायरिंग की जा रही है। राजौरी में शेलिंग (तोप और मोर्टार) की गई। उधमपुर में ड्रोन से हमला हुआ। फायरिंग के बाद से जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, पंजाब और गुजरात के बॉर्डर वाले जिलों में ब्लैकआउट कर दिया गया है। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा- ये कैसा सीजफायर है। श्रीनगर में धमाकों की आवाज सुनाई दे रही है।

**जम्मू-कश्मीर, राजस्थान-पंजाब में फिर ब्लैकआउट :**

सीजफायर के ऐलान के बाद जम्मू-कश्मीर, राजस्थान और पंजाब के बॉर्डर वाले जिलों में ब्लैकआउट रद्द कर दिया था। लेकिन, पाकिस्तान की ओर से जम्मू-कश्मीर में फायरिंग के बाद फिर से ब्लैकआउट कर दिया गया है। बॉर्डर वाले जिलों की बिजली काट दी गई है। लोगों को घर से न निकलने की एडवाइजरी जारी की गई है।

## भाकपा विधायक ने जवान मुरली नाइक को श्रद्धांजलि दी

हैदराबाद, 10 मई (स्वतंत्र वार्ता)। भाकपा के राज्य सचिव और पार्टी विधायक कुनामनेनी संबाशिव राव ने आज जम्मू-कश्मीर में 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत शहीद हुए जवान मुरली नाइक को श्रद्धांजलि दी और उन्हें एक बहादुर व्यक्ति बताया, जिसने पूरे तेलुगु समुदाय को गौरवान्वित किया। उन्होंने कहा कि जवान ने देश की रक्षा में अदम्य साहस और बहादुरी दिखाई, पांच आतंकवादी बंदूकधारियों को मार गिराया और वीरतापूर्वक शहीद हुए। उन्होंने मुरली नाइक के माता-पिता के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

उन्होंने भारतीय सेना को बधाई दी, जो पाकिस्तानी आतंकवादी शिविरों पर नकेल कस रही है। कुनामनेनी ने कहा कि पूरा भारत एकजुट है और सेना और भारत सरकार के साथ खड़ा है जो इस युद्ध को लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि देशभक्ति सभी दलों, क्षेत्रों और धर्मों में फैल गई है और कहा कि लोग विविधता में एकता के आदर्श वाक्य को जी रहे हैं, जिसने एक बार फिर दुनिया के सामने भारत की समावेशिता को प्रदर्शित किया है।

# आपराधिक जालसाजी और आपराधिक साजिश के आरोप में छह गिरफ्तार

हैदराबाद, 10 मई (स्वतंत्र वार्ता)। आईडीबीआई बैंक, सत्तुपल्ली के पूर्व बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट चेट्टीपोगु सुरेश को सीआईडी ने बीते 3 मई 2021 में गिरफ्तार किया गया। इसी मामले से जुड़े पांच और आरोपियों को सीआईडी ने 9 मई, 2025 को गिरफ्तार किया। यह मामला एक लोक सेवक यानी भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, सत्तुपल्ली शाखा, खम्मम जिले के पूर्व प्रबंधक द्वारा बैंक एजेंट यानी बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट, डीएसटी, उनके सहयोगियों और उधारकर्ताओं के साथ मिलीभगत करके जाली राजस्व दस्तावेज जमा करके आपराधिक विश्वासघात, धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साजिश का है। आरोपियों ने बैंक के नियमों और विनियमों का उल्लंघन करके 2.86 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत करने के लिए आईडीबीआई बैंक को बेईमानी से धोखा दिया। आईडीबीआई बैंक लिमिटेड के उप महाप्रबंधक पीएच हाशिम, क्षेत्रीय प्रमुख (द्वितीय) ने शिकायत दर्ज कराई कि सत्तुपल्ली आईडीबीआई के पूर्व शाखा प्रमुख नल्लागोपुला रमेश ने बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट चेट्टीपोगु सुरेश और उनके सहयोगियों थाती चंद्र राव, मेरुगु शिव कृष्ण के साथ मिलीभगत कर किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 279 उधारकर्ताओं/किसानों को 2.61 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत किया और 13 मार्च 2015 से सितंबर 2016 के बीच माइक्रो लोन योजना के तहत 26 व्यक्तियों को 0.25 करोड़ रुपये भी स्वीकृत किए। केसीसी ऋणों के संबंध में वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए किए गए आंतरिक ऑडिट के दौरान, ऑडिटर को चेट्टीपोगु सुरेश और तत्कालीन शाखा प्रमुख एन रमेश के बीच कुछ प्रक्रियात्मक खामियां और वित्तीय लेनदेन मिले हैं। विभिन्न खामियों को देखते हुए, बैंक ने राजस्व अधिकारियों से संपर्क किया है और उन्होंने पुष्टि की है कि बैंक को प्रस्तुत पट्टादार पासबुक नकली हैं और उनके रिकॉर्ड से मेल नहीं खाती हैं। पूर्व शाखा प्रमुख एन रमेश, बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट चेट्टीपोगु सुरेश और उनके दो सहयोगियों थाटी चंद्र राव और मेरुगु शिव कृष्ण ने ऋण उधारकर्ताओं के साथ मिलीभगत की और जाली दस्तावेज जमा करके बैंक को धोखा दिया और सार्वजनिक धन का दुरूपयोग किया। इस पर 03/2021, यू/एसईसी. 406, 409, 420, 468, 471, 477(ए), 120(बी) आईपीसी के तहत सीआईडी पीएस, हैदराबाद में मामला दर्ज किया गया और इसकी जांच की गई। बैंक मैनेजर नल्लागोपुला रमेश और बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट चेट्टीपोगु सुरेश को सीआईडी ने गिरफ्तार कर लिया और पहले ही न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। बीते 9 मई, 2025 को भदाद्री कोत्तागुडेम जिले के दम्मापेटा मंडल के मुस्तिबंडा गांव के बोब्बिली वेंगल राव, भद्राद्री कोत्तागुडेम जिले के दम्मापेटा मंडल के मुस्तिबंडा गांव के बोब्बिली जगनाथम, भद्राद्री कोत्तागुडेम जिले के दम्मापेटा मंडल के वेंकटाद्रि गुडेम के येलिके हरिबाबू, भद्राद्रि कोत्तागुडेम जिले के दम्मापेटा मंडल के मंडलपल्ली गांव के मुदागंडला राजशेखर उर्फ राजू और सथुपल्ली गांव और मंडल खम्मम जिले के पिन्नेबोयाना कोंडा बाबू को सीआईडी, टीम ने गिरफ्तार किया और न्यायिक रिमांड के लिए मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया। सभी आरोपी ऋण प्रसंस्करण के लिए उपयोग किए जाने वाले जाली/फर्जी दस्तावेज और मुहरें तैयार करने में सहायक थे। जांच शिखा गोयल, आईपीएस, महानिदेशक, सीआईडी, टीजी, हैदराबाद के निर्देशों के तहत जे. रामू, इंस्पेक्टर, सीआईडी, आरओ करीमनगर और उनकी टीम द्वारा की गई थी।

# राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षाओं पर मंडरा रही है अनिश्चितता

हैदराबाद, 10 मई (स्वतंत्र वार्ता)। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के कारण उत्तर भारतीय राज्यों जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान में शैक्षणिक संस्थान बंद होने से देश भर में विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षाओं के आयोजन पर अनिश्चितता बनी हुई है। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए), जो 13 मई से कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (यूजी) 2025 आयोजित कर रही है, ने अभी तक भाग लेने वाले केंद्रीय विश्वविद्यालयों द्वारा पेश किए जाने वाले स्नातक कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी नहीं किए हैं।

एनटीए ने 7 मई को सीयूईटी यूजी के लिए परीक्षा अग्रिम शहर सूचना पर्ची जारी की, परीक्षा से चार दिन पहले एडमिट कार्ड जारी करने का कार्यक्रम बनाया। हालांकि, एजेंसी ने शनिवार तक पहली परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी नहीं किए। इसके अलावा, संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) एडवांस्ड 2025 पर भी अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे हैं। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा 18 मई को होनी है। पंजीकरण और शुल्क का भुगतान क्रमशः 2 और 5 मई को संपन्न हो गया तथा प्रवेश पत्र 11 मई को जारी किये जायेंगे। देश जिस स्थिति का सामना कर रहा है, उसे देखते हुए यह देखना बाकी है कि परीक्षा का आयोजन करने वाला आईआईटी-कानपुर प्रवेश पत्र जारी करेगा या परीक्षा को स्थगित कर देगा।

## सीबीआई ने 70 लाख रुपये की रिश्वत मामले में आयकर आयुक्त समेत 4 अन्य को किया गिरफ्तार

हैदराबाद, 10 मई (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शनिवार को हैदराबाद के आयकर आयुक्त (छूट) सहित पांच लोगों और चार अन्य को 70 लाख रुपये की रिश्वत मांगने और स्वीकार करने के आरोप में गिरफ्तार किया। यह रिश्वत आयुक्त द्वारा एक निजी पार्टी के पक्ष में अपील पर निर्णय देने के लिए मांगी गई थी।

सीबीआई की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, शुक्रवार को सीबीआई ने आयकर आयुक्त, (छूट), हैदराबाद, जीवन लाल लाविडिया, जो आयकर आयुक्त (अपील इकाई-8) और (अपील इकाई-7), प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त कार्यालय का अतिरिक्त प्रभार भी संभाल रहे हैं, और 14 अन्य व्यक्तियों और संस्थाओं के खिलाफ मामला दर्ज किया है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि आयकर आयुक्त हैदराबाद बिचौलियों के साथ मिलीभगत करके निजी पक्षों के पक्ष में अपील तय करने में अवैध पक्षपात करने के लिए अनुचित रिश्वत प्राप्त करने की भ्रष्ट और अवैध गतिविधियों में लिप्त थे, जिनकी अपील निर्णय के लिए उनके पास लंबित थी।

सीबीआई ने जाल बिछाया और आरोपी आयुक्त की ओर से मुम्बई में एक निजी पार्टी से 70 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए एक आरोपी बिचौलिए को पकड़ लिया। परिणामस्वरूप, आरोपी आयकर आयुक्त और उसके सहयोगियों को भी हैदराबाद से गिरफ्तार कर लिया गया। मुंबई, हैदराबाद, खम्मम, विशाखापट्टनम और नई दिल्ली में 18 स्थानों पर सीबीआई द्वारा तलाशी ली जा रही है, जिसमें 70 लाख रुपये की रिश्वत राशि के अलावा 69 लाख रुपये की नकदी सहित विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज/सामग्री बरामद की गई है। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि तलाशी अभी भी जारी है।

मुम्बई में गिरफ्तार किए गए आरोपियों को मुम्बई स्थित सीबीआई मामलों के विशेष न्यायाधीश की अदालत के समक्ष पेश किया जा रहा है, जबकि आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों को आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में सक्षम न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## बुद्ध पूर्णिमा और रवींद्रनाथ टैगोर जयंती पर बहु-धर्म समारोह आयोजित

हैदराबाद, 10 मई (स्वतंत्र वार्ता)। बुद्ध पूर्णिमा और रवींद्रनाथ टैगोर जयंती के अवसर पर शनिवार को कोवा पीस नेटवर्क द्वारा विभिन्न धर्मों के लिए समारोह आयोजित किए गए। सेंट मारिया हाई स्कूल, जंगममेट में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों को सम्मानित किया गया और 10वीं और 12वीं कक्षा के बाद करियर विकल्पों पर प्रस्तुतियां दी गईं। बहु-धर्मीय कार्यक्रम में भाग लेते हुए, बौद्ध भिक्षु ताशी चोएड्रुप ने भगवान बुद्ध द्वारा सिखाए गए चार आर्य सत्यों के बारे में विस्तार से बताया, जबकि अपना वतन की संघमित्रा मलिक ने रवींद्रनाथ टैगोर की कविता और दर्शन की व्याख्या की। कार्यक्रम में विभिन्न धर्मों के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इसके बाद शिक्षाविद् और जेन जेड मेंटर सैयद जाफर हुसैन कादरी ने 10वीं और 12वीं कक्षा के बाद करियर पर प्रस्तुति दी। इस अवसर पर जंगममेट के इलाकों के करीब 55 छात्रों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने 2024-25 में 10वीं और 12वीं कक्षा पास की है।

## रीजेंसी कॉलेज को 'टीसीए कलिनरी लीग 2.0' का घोषित किया गया चैंपियन

हैदराबाद, 10 मई (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना शेफ एसोसिएशन (टीसीए) ने टीसीए पाककला लीग 2.0 का समापन किया, जो एक प्रतिष्ठित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता थी, जिसमें नवाचार, क्षेत्रीय व्यंजनों और पाक कला का जश्न मनाने के लिए तेलंगाना भर से उभरते शेफ एक साथ आए थे। राज्य भर में चार अलग-अलग स्थानों पर कुल पांच अनूठी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। वारंगल- ग्लोबल कॉलेज: मिलेट मेनिया, निजामाबाद- इन्फिनिटी कॉलेज: तेलंगाना फूड चैलेंज, करीमनगर - केआईएमएस कॉलेज: बिरयानी बनाम पुलाव, हैदराबाद - आईआईएचएमसीए: द आर्ट ऑफ प्लेट और हैदराबाद - रीजेंसी कॉलेज: नियो तेलंगाना।

## सुदर्शन होमम और कवचम आयोजित

हैदराबाद, 10 मई (स्वतंत्र वार्ता)। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और उप्पल के पूर्व विधायक एनवीएसएस प्रभाकर ने आतंकी मॉड्यूल को खत्म करने की कामना एवं ऑपरेशन सिंदूर की समग्र सफलता के लिए सुदर्शन होमम, नरसिंह होमम और कवचम का आयोजन किया। दुष्ट शिक्षा और सिस्ट रक्षण के लिए हवन किया गया, आतंकवादियों और राष्ट्र विरोधियों से लड़ने के लिए पुजारियों द्वारा भारतीय सेना को दिव्य आशीर्वाद दिया गया। वैदिक विद्वानों और ऋत्विकों ने भजन गाए। रामंतापुर में उक्त हवन 4 घंटे तक चला।

## मानसिक अशांति से ही शारीरिक स्वास्थ्य में समस्या उत्पन्न होती है : बीके अंजलि




हैदराबाद, 10 मई (स्वतंत्र वार्ता)। हिमायत नगर इनर नेचर हीलिंग सेंटर का उद्घाटन अतिरिक्त डीसीपी ट्रैफिक, हैदराबाद, रामदास तेजावत, ब्रह्माकुमारीज़ हिमायत नगर के प्रभारी राजयोगिनी बीके अंजलि ने किया। इस अवसर पर एम एन राव ने कहा कि उक्त क्लिनिक ब्रह्माकुमारीज़ के संयुक्त नेतृत्व में संचालित होने वाले इस सेंटर के माध्यम से क्लिनिक आने वाले मरीजों को निःशुल्क राजयोग ध्यान और अन्य आध्यात्मिक प्रशिक्षण कक्षाएं सिखाई जाएंगी। इसके अलावा, आध्यात्मिक चेतना से संबंधित साहित्य भी यहां सभी के लिए उपलब्ध होगा।

अतिरिक्त डीसीपी ट्रैफिक, रामदासु तेजावत ने कहा कि पतंजलि, चाणक्य, विवेकानंद जैसे महान बुद्धिजीवियों ने ध्यान के महत्व को बताया है। राजयोग ध्यान से एकाग्रता बढ़ती है और स्वास्थ्य में भी सुधार होता है। उन्होंने कहा कि ध्यान से एकाग्रता बढ़ने के कारण मनुष्य की कार्य क्षमता भी अधिक प्रभावी हो जाती है। इस तरह की सेवा देने के लिए डॉ.एम एन राव की बहुत सराहना की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजयोगिनी बीके अंजलि ने कहा कि राजयोग अभ्यास से जो लाभ उन्हें मिला, उसे दूसरों तक पहुंचाने के इस कार्य को उन्होंने पुण्य का कार्य बताया। उन्होंने कहा कि जब हम मानसिक अशांति के साथ होते हैं, तब ही शारीरिक स्वास्थ्य में समस्या उत्पन्न होती है। इसलिए ध्यान और दवाइयों के साथ स्वास्थ्य में सुधार होता है, और उन्होंने सभी से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की।

डॉ. राव ने कहा कि हम जानबूझकर या अनजाने में अपनी जीवनशैली में कई गलत आदतें अपनाते हैं, जिससे हम रोगों को आमंत्रित करते हैं। इसका एक प्रमुख कारण मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य का सही न होना है। इसे सुधारने के लिए राजयोग एक बेहतरीन तरीका है, और इस सेवा को सभी तक पहुंचाने के उद्देश्य से आज इस इनर नेचर हीलिंग सेंटर की शुरूत की गई है। कार्यक्रम में अस्पताल के स्टाफ, मरीजों और ब्रह्माकुमारी सदस्यगण उपस्थित थे।

## पूर्ववर्ती करीमनगर में कई स्थानों पर हुई बेमौसम बारिश

करीमनगर, 10 मई (स्वतंत्र वार्ता)। शनिवार शाम को पूर्ववर्ती करीमनगर जिले के कई स्थानों पर बेमौसम बारिश के साथ तेज हवाएं चलीं। पेड्डापल्ली शहर और आसपास के इलाकों में भारी बारिश हुई। क्रय केंद्रों में रखा धान बारिश के पानी में भीग गया। तेज हवाओं के कारण जहां आम जमीन पर गिर गए, वहीं पेड़ और बिजली के खंभे भी क्षतिग्रस्त हो गए।

# निर्मल में सिगरेट के रूप में बेचा जा रहा है गांजा

निर्मल, 10 मई (स्वतंत्र वार्ता)। जिला मुख्यालय में सिगरेट के रूप में गांजा बेचा जा रहा है। हाल ही में, गांजा को ओडेट-कैस्केडेक-बोलोरे (ओसीबी) नामक कागज में लपेटा जाता है, जो रिपब्लिक टोबैको द्वारा निर्मित सिगरेट रोलिंग पेपर का एक ब्रांड है। गांजा सिगरेट की कीमत 50 से 100 रुपये प्रति यूनिट के बीच है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इन्हें पान की दुकानों और किराने की दुकानों पर गुप्त रूप से बेचा जा रहा है।

कुछ दिन पहले पुलिस ने पान की दुकानों और किराना दुकानों पर अचानक छापेमारी की और बड़ी मात्रा में ओसीबी पेपर बरामद किए। इन पेपरों की बरामदगी ने पुलिस अधिकारियों को चौंका दिया है, उन्होंने बताया कि गांजा अब तक चॉकलेट और पाउडर के रूप में बेचा जाता था, लेकिन अब सिगरेट के रूप में भी बेचा जा रहा है।

पुलिस को संदेह है कि गांजा सिगरेट को ब्रांडेड सिगरेट वाले डिब्बों में पैक किया जा रहा था। ओसीबी के कागजात हैदराबाद से कुछ अधिकृत तंबाकू उत्पादों की आड़ में लाए जा रहे हैं। तस्कर एजेंटों के माध्यम से स्कूल और कॉलेज के छात्रों सहित शहर के युवाओं को निशाना बना रहे हैं।

वे पान की दुकानों और एनटीआर मिनी स्टेडियम, महालक्ष्मीवाड़ा, सोफीनगर और शहर के कई अन्य हिस्सों के पास की दुकानों पर इस पदार्थ को बेचने के लिए विशेष कोड का इस्तेमाल कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि यह खतरा धीरे-धीरे भैंसा और खानपुर कस्बों में फैल रहा है, जिससे माता-पिता और पुलिस भी चिंतित हैं।

पूछे जाने पर निर्मल एसपी डॉ. जानकी शर्मिला ने कहा कि इस खतरे के पीछे के मास्टरमाइंड को पकड़ने के लिए टीमें बनाई गई हैं। उन्होंने कहा कि गांजा सिगरेट की बिक्री पर लगाम लगाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि व्यापारियों, ट्रांसपोर्टरों और कूरियर सेवाओं पर भी नजर रखी जा रही है। संदिग्ध व्यापारियों को नोटिस दिए जाएंगे।

इसी तरह, पुलिस गांजा की लत में फंसे युवाओं के परिजनों को परामर्श दे रही है। उन्हें धूम्रपान के कारण स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों और उनके कृत्य के कानूनी परिणामों के बारे में समझाया जा रहा है। आदतन अपराधियों के खिलाफ मामले भी दर्ज किए गए हैं।

## तेलंगाना कर्मचारी, शिक्षक संगठनों के पूर्व नेताओं ने की सीएम रेवंत की टिप्पणी की निंदा

हैदराबाद, 10 मई (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना आंदोलन और कर्मचारियों और शिक्षकों के अधिकारों के लिए लड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले विभिन्न संगठनों के राज्य स्तरीय नेताओं ने शनिवार को मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी की टिप्पणी की कड़ी निंदा की, उनके अनुसार इससे सरकारी कर्मचारियों के आत्मसम्मान को ठेस पहुंची है।

शनिवार को आयोजित एक बैठक में, विभिन्न कर्मचारी और शिक्षक संगठनों के प्रमुख लोगों ने मुख्यमंत्री की टिप्पणियों पर अपना असंतोष व्यक्त किया, जिसका दावा है कि उनका उद्देश्य तेलंगाना के लोगों और उसके कर्मचारियों के बीच विभाजन पैदा करना था।

नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि दशकों से कर्मचारी और शिक्षक तेलंगाना के अधिकारों की लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं, और उनके बीच दरार पैदा करने के प्रयास अस्वीकार्य हैं।

कर्मचारियों, शिक्षकों और पेंशनभोगियों के हितों की रक्षा के लिए अपनी सामूहिक जिम्मेदारी को स्वीकार करते हुए, पूर्व नेताओं ने उनकी चिंताओं को दूर करने के लिए प्रयासों को एकजुट करने के लिए एक समन्वय समिति बनाने का फैसला किया। उन्होंने कर्मचारी अधिकारों की सुरक्षा के लिए एक व्यापक कार्य योजना को लागू करने के लिए सभी संबंधित संघों के साथ समन्वय करने का संकल्प लिया। बैठक में पूर्व मंत्री वी. श्रीनिवास गौड़, पूर्व एमएलसी पतुरी सुधाकर रेड्डी, पूर्व कर्मचारी जेएसी अध्यक्ष जी. देवीप्रसाद राव, पूर्व टीएनजीओ अध्यक्ष करम रविंदर रेड्डी, पूर्व राज्य कर्मचारी संघ अध्यक्ष सी. विट्ठल और तेलंगाना भर के कर्मचारी और शिक्षक संगठनों के कई अन्य पूर्व प्रमुखों सहित कई प्रमुख हस्तियों ने भाग लिया। नेताओं ने कर्मचारियों और शिक्षकों के सम्मान और कल्याण की रक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई तथा मुख्यमंत्री की टिप्पणियों के जवाब में निर्णायक कार्रवाई करने की शपथ ली।

## आईसीएफएआई बिजनेस स्कूल को एएसीएसबी से पुनः मिली मान्यता

हैदराबाद, 10 मई (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद स्थित आईसीएफएआई बिजनेस स्कूल (आईबीएस) को एएसीएसबी (एसोसिएशन टू एडवांस कॉलेजिएट स्कूल्स ऑफ बिजनेस इंटरनेशनल) से पुनः मान्यता प्राप्त हुई है। एएसीएसबी के 68 से अधिक देशों और क्षेत्रों में 1,051 मान्यता प्राप्त संस्थान हैं। भारत में केवल 24 स्कूल एएसीएसबी द्वारा मान्यता प्राप्त हैं।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर आईबीएस के निदेशक प्रो. केएस वेणु गोपाल राव ने कहा कि सहकर्मी समीक्षा टीम की सकारात्मक सिफारिश और एएसीएसबी निदेशक मंडल द्वारा अनुसमर्थन के बाद स्कूल को छह साल की अवधि के लिए एएसीएसबी मान्यता का सफलतापूर्वक विस्तार प्राप्त हुआ है। एएसीएसबी सहकर्मी समीक्षा टीम, जिसने आईबीएस हैदराबाद का दौरा किया, ने नौ अलग-अलग मानकों पर स्कूल का मूल्यांकन किया और मार्च 2020 में प्रारंभिक मान्यता प्रदान की। प्रोफेसर राव ने कहा कि मान्यता विस्तार अकादमिक प्रक्रियाओं की मजबूती, गुणवत्ता प्रबंधन कार्यक्रम प्रदान करने की प्रतिबद्धता और पाठ्यक्रम, संकाय अनुसंधान और सामुदायिक सहभागिता में स्थिरता सिद्धांतों को एकीकृत करके सामाजिक प्रभाव को बढ़ाने का स्पष्ट संकेत है।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# विराट कोहली ने टेस्ट से संन्यास लेने की इच्छा जताई

## बीसीसीआई ने दोबारा विचार करने को कहा; 123 टेस्ट में जड़े हैं 30 शतक

मुंबई, 10 मई (एजेंसियां)। भारतीय दिग्गज क्रिकेटर विराट कोहली को लेकर चौंकाने वाली खबर सामने आ रही है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि विराट कोहलीटेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेना चाहते हैं। उन्होंने बीसीसीआई के सामने यह इच्छा जाहिर की है कि उन्हें टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेना है।

मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि कोहली ने महीनों के चिंतन के बाद यह फैसला लिया। इसके बाद से बीसीसीआई ने उनसे पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। कोहली टेस्ट रिटायरमेंट की योजना पर अड़े हैं। कोहली की रेड-बॉल क्रिकेट से संन्यास लेने की इच्छा अचानक नहीं है। वह दिसंबर 2024 में बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के बाद से इस बारे में सोच रहे हैं। उस सीरीज के पहले टेस्ट में नाबाद शतक बनाने के बावजूद कोहली पांच मैचों में केवल 190 रन ही बना सके।

कोहली के हालिया टेस्ट फॉर्म में गिरावट देखी गई है। पिछले पांच वर्षों में, उन्होंने केवल तीन




शतकों के साथ 37 टेस्ट मैचों में 1,990 रन बनाए हैं। यह उनके पहले के प्रदर्शन से उल्लेखनीय गिरावट है। मानसिक दबाव ने भारी असर डाला कोहली ने हाल ही में दबाव में खेलने के मानसिक तनाव के बारे में बात की थी।

मार्च में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा, ₹एक बार जब आप ऊर्जा और बाहरी निराशा को झेलना शुरू कर देते हैं, तो आप खुद पर और अधिक बोझ डालना शुरू कर देते हैं... और फिर आप चीजों के बारे में सोचना शुरू कर देते हैं, जैसे 'मेरे पास इस दौरे पर दो या तीन दिन बचे हैं, मुझे अब प्रभाव डालने की जरूरत है'। और आप और अधिक हताश होने लगते हैं। यह कुछ ऐसा है जो मैंने निश्चित रूप से ऑस्ट्रेलिया में भी अनुभव किया है।₹

हाल के संघर्षों के बावजूद, कोहली भारत के सबसे सफल टेस्ट बल्लेबाजों में से एक हैं। 123 मैचों में, उन्होंने 46.85 की औसत से 9,230 रन बनाए हैं। रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया कोहली के संभावित बाहर होने के बाद एक और बड़ा संन्यास हो सकता है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने बुधवार को सोशल मीडिया के जरिए टेस्ट क्रिकेट से अपने संन्यास की आधिकारिक घोषणा की। इंस्टाग्राम पर रोहित ने कहा, ₹सभी को नमस्कार, मैं यह साझा करना चाहूंगा कि मैं टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले रहा हूं। अपने देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। इतने सालों में मिले प्यार और समर्थन के लिए आपका शुक्रिया। मैं वनडे फॉर्मेट में भारत का प्रतिनिधित्व करना जारी रखूंगा।₹

बीसीसीआई ने बाद में रोहित के टेस्ट से संन्यास की पुष्टि की और कहा कि वह भारत के लिए एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेलना जारी रखेंगे।

दो वरिष्ठ खिलाड़ियों के टेस्ट प्रारूप से हटने के साथ, भारतीय टीम को इंग्लैंड दौरे से पहले महत्वपूर्ण निर्णयों का सामना करना पड़ रहा है। बीसीसीआई अभी भी कोहली को रोकने की कोशिश कर रहा है, लेकिन अभी तक उनके रुख में कोई बदलाव नहीं आया है।

# फर्स्ट नीरज चोपड़ा क्लासिक जेवलिन थ्रो' टूर्नामेंट कैंसिल

## बढ़ते भारत-पाक तनाव को देखकर लिया फैसला; बेंगलुरु में 24 मई को होना था

बेंगलुरु, 10 मई (एजेंसियां)। भारत और पाकिस्तान के बीच हालातों में सुधार होता नहीं दिख रहा है. भारत सरकार के बार-बार मना करने के बावजूद पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है और भारत पर लगातार ड्रोन-मिसाइल से हमले कर रहा है. जहां एक तरफ भारतीय सेना इनका बखूबी जवाब दे रही है, वहीं इस बढ़ते तनाव का असर बाकी क्षेत्रों में भी दिख रहा है. मौजूदा हालात के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने आईपीएल 2025 को तुरंत प्रभाव से रोक दिया है. वहीं इसके बाद अब इसी महीने भारत में होने जा रहा एक इंटरनेशनल जैवलिन थ्रो इवेंट टाल दिया गया है.

गुरुवार 8 मई की शाम भारत पर पाकिस्तान की ओर से ड्रोन और मिसाइल अटैक किए गए. इसके बाद ही बीसीसीआई ने एक मैच को तुरंत रद्द किया और फिर पूरे टूर्नामेंट को ही एक हफ्ते के लिए स्थगित कर दिया. जानकारी के मुताबिक, भारतीय बोर्ड इस मामले में सरकार की सलाह के आधार पर ही कदम उठाने जा रहा है. मगर सिर्फ आईपीएल ही नहीं,




अब नीरज चोपड़ा क्लासिक टूर्नामेंट भी फिलहाल स्थगित कर दिया गया है.

**24 मई से शुरू होना था टूर्नामेंट**

पूर्व ओलंपिक चैंपियन और दो बार के मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा के नाम पर पहली बार शुरू किया जा रहा ये टूर्नामेंट 24 मई से शुरू होना था. बेंगलुरु में होने वाले इस जैवलिन थ्रो टूर्नामेंट को चोपड़ा के अलावा जेएसडब्लयू ग्रुप और एफआई की ओर से आयोजित किया जा रहा था, जिसमें वर्ल्ड एथलेटिक्स भी अहम भूमिका निभा रहा था. मगर भारत-पाकिस्तान के बीच बिगड़ती स्थिति को देखते हुए आयोजकों ने इसे फिलहाल स्थगित करने का फैसला किया है.

सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी देते हुए नीरज चोपड़ा ने बताया, "मौजूदा हालात को देखते हुए, पहली बार आयोजित किया जा रहा नीरज चोपड़ा क्लासिक अगले नोटिस तक स्थगित कर दिया गया है. ये फैसला काफी सोच-विचार कर एथलीट्स की सुरक्षा और कुशलता को ध्यान में रखते हुए लिया गया है." बयान में भारतीय सेना को भी धन्यवाद दिया गया और कहा गया कि सबकी दुआएं सेना के साथ हैं, जो इस वक्त देश की सुरक्षा में लगी हैं.

**अरशद नदीम को बुलाने पर मचा था बवाल**

इस टूर्नामेंट में दुनियाभर के कई बड़े जैवलिन थ्रोअर हिस्सा लेने वाले थे. यहां तक कि नीरज ने पाकिस्तान के जैवलिन थ्रोअर और मौजूदा ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम को भी आमंत्रित किया था.

हालांकि नीरज के इनवाइट करने के एक दिन बाद ही 22 अप्रैल को पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादियों ने 26 पर्यटकों की हत्या कर दी थी. इसको लेकर नीरज की जमकर आलोचना हुई थी और कई लोगों ने उन्हें निशाना बनाया था. मगर नीरज ने इस पर सफाई पेश की थी और बताया था कि अरशद इस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेगा.

# पाकिस्तान सुपर लीग पोस्टपोन: यूएई ने होस्ट करने से इनकार किया था

## कहा- तनाव के बीच मंजूरी नहीं दे सकते

आबू धाबी, 10 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान को एक और बड़ा झटका लगने वाला है. अमीरात क्रिकेट बोर्ड पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को पाकिस्तान सुपर लीग 2025 के ओयाजन की मंजूरी देने से इनकार कर सकता है. भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव\ के बीस पीसीबी ने पीएसएल के बाकी बचे मैच दुबई में कराने की घोषणा की थी.

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को एक और बड़ा झटका लग सकता है. भारत के साथ जारी तनाव के बीच पीसीबी पाकिस्तान सुपर लीग 2025 के बचे हुए मुकाबले संयुक्त अरब अमीरात में कराने का मन बना रहा था, लेकिन अब ऐसी खबर आई है कि यूएई इसके लिए मना करने वाला है. अमीरात क्रिकेट बोर्ड भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते सीमा तनाव के बीच होने वाले नतीजों को लेकर



चिंतित है. पीसीबी ने घोषणा की है कि चल रहे पाकिस्तान सुपर लीग के शेष मैचों को संयुक्त अरब अमीरात में स्थानांतरित कर दिया गया है.

पाकिस्तान बोर्ड ने कहा कि टूर्नामेंट के आखिरी आठ मैच, जो पहले रावलपिंडी, मुल्तान और लाहौर में निर्धारित थे, अब यूएई में आयोजित किए जाएंगे. हालांकि, अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) में इस घटनाक्रम से जुड़े एक सूत्र ने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि बोर्ड द्वारा पीएसएल के शेष मैचों की मेजबानी को यूएई में मंजूरी दिए जाने की संभावना नहीं है, क्योंकि भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव से सुरक्षा संबंधी चिंताएं उत्पन्न हो सकती हैं.

**इस वजह से ना कह देगा ईसीबी**

सूत्र ने समाचार एजेंसी एएनआई से कहा, 'यूएई में विविधतापूर्ण दक्षिण एशियाई आबादी है जो क्रिकेट का आनंद लेती है. ऐसी तनावपूर्ण परिस्थितियों के बीच पीएसएल जैसे टूर्नामेंट की मेजबानी सद्भाव को बिगाड़ सकती है, सुरक्षा जोखिम पैदा कर सकती है और समुदायों के बीच अनावश्यक तनाव पैदा कर सकती है.' हाल के घटनाक्रमों ने अमीरात क्रिकेट बोर्ड इस बात से सावधान रहना चाहता है कि उसका नाम पाकिस्तान के साथ न जोड़ा जाए. पीएसएल को मंजूरी देने से ऐसी अवधारणा बन सकती है.

**बीसीसीआई के साथ ईसीबी का रिश्ता है मजबूत**

अमीरात क्रिकेट बोर्ड ने हाल के वर्षों में बीसीसीआई के साथ मजबूत संबंध बनाए हैं, जिसने आईसीसी टी20 विश्व कप 2021 के 'भारत' संस्करण, आईपीएल के संस्करणों और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दौरान भारत के मैचों की मेजबानी की है. दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद का मुख्यालय भी है और आईसीसी अध्यक्ष जय शाह के एसीसी में कार्यकाल के दौरान एशियाई क्रिकेट परिषद के कई कार्यक्रमों की मेजबानी की है. 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के सीधे जवाब में भारतीय सशस्त्र बलों ने बुधवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया, जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर में 9 आतंकवादी शिविरों पर सटीक हमले किए गए.

# यूएई स्पर्धा में भारत के मोहम्मद अफसल का जलवा, 800 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)। एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता मोहम्मद अफसल ने यूएई एथलेटिक्स ग्रां प्री प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रहते हुए सात साल पुराना 800 मीटर राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। 29 वर्षीय अफसल ने 2018 में जिनसन जॉनसन द्वारा बनाए गए 1:45.65 सेकंड के पहले के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ते हुए एक मिनट और 45.61 सेकंड का समय लिया।

अफसल कीनिया के निकोलस किपलागट से पीछे रहे जिन्होंने विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर कांस्य-स्तरीय प्रतियोगिता में 1:45.38 सेकंड का समय लिया। अफसल ने 2023 हांग्झोउ एशियाई खेलों में 1:48.43 सेकंड के समय के साथ 800 मीटर में




रजत पदक जीता था।

राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक अनिमेष कुजूर ने 200 मीटर की दौड़ 20.45 सेकंड में जीत ली। उन्होंने 2025 फेडरेशन कप के दौरान 20.40 सेकंड का समय लेकर अमलान बोरगोहेन का तीन साल पहले बनाया गया 20.52 सेकंड का पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया था। बोरगोहेन 21.08 सेकंड के समय के साथ पांचवें स्थान पर रहे।

# टी20आई-टेस्ट के बाद वनडे से कब संन्यास लेंगे रोहित शर्मा? कोच ने किया बड़ा खुलासा

मुंबई, 10 मई (एजेंसियां)। इंग्लैंड दौरे से पहले रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेकर सबको चौंका दिया. इससे पहले टी20 का वर्ल्ड कप जिताने के बाद रोहित ने टी20I से संन्यास ले लिया था. अब टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट लेने के बाद उनका फोकस केवल वनडे क्रिकेट है. इस दौरान अटकलें लगाई जा रही हैं कि क्या वह वनडे से भी रिटायरमेंट लेंगे, लेकिन उनके बचपन के कोच ने इसको लेकर एक चौंकाने वाला बयान दे दिया है. चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद ही अटकलें लगाई जा रही थी कि रोहित शर्मा वनडे से संन्यास ले लेंगे, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया. अब रोहित के कोच दिनेश लाड ने हिटमैन के फ्यूचर को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है.

**क्या है रोहित का सपना?**

टीम इंडिया के वनडे के कप्तान रोहित शर्मा अभी वनडे में खेलते रहेंगे. उनका सपना 2027




का वनडे वर्ल्ड कप जीतना है. यह खुलासा उनके कोच दिनेश लाड ने किया है. रोहित के कोच ने कहा, "हिटमैन का टारगेट वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप था, लेकिन दुर्भाग्य से टीम इंडिया उसमें क्वालीफाई नहीं कर पाई. अब 2027 में वर्ल्ड कप है. रोहित इसे जीतना चाहते हैं. मैं भी चाहता हूं कि वह 2027 में वर्ल्ड कप जीते और फिर संन्यास लें". बता दें कि वनडे वर्ल्ड कप 2027 में अक्टूबर और नवंबर में दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेला जाना है. दिनेश लाड ने कहा,"रोहित का टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेना अपने वनडे करियर को लंबा खींचने के लिए एक रणनीतिक फैसला है".

**जल्दबाजी में नहीं लिया फैसला**

इस दिग्गज बल्लेबाज के कोच ने कहा, "रोहित ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला जल्दबाजी में नहीं लिया. वह टी20 वर्ल्ड कप के बाद टी20 नहीं खेलना चाहते थे. लेकिन टेस्ट और वनडे में खेलने का फैसला उनका था. रोहित इस बारे में अच्छी तरह से सोचा होगा कि उनके लिए सबसे अच्छा क्या है". इंग्लैंड दौरे को लेकर दिनेश लाड ने कहा, " टेस्ट से संन्यास लेने के फैसले का इंग्लैंड के आगामी दौरे से कोई लेना-देना नहीं है. रोहित की सोच युवाओं को मौका देना होगा, जैसा उन्होंने पिछले साल टी20 वर्ल्ड कप के बाद किया था".

**यादगार पल को किया साझा**

रोहित के कोच ने अपने यादगार पल को साझा करते हुए बताया, "जब वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने डेब्यू मैच में रोहित ने शतकीय पारी खेली थी, वह मेरे जीवन का सबसे यादगार पल था. रोहित शर्मा ने 2013 में कोलकाता के ईडन गार्डंस मैदान में वेस्टइंडीज के खिलाफ 177 रन बनाए थे. कोच ने कहा, "वेस्टइंडीज के खिलाफ यह रोहित का पहला टेस्ट शतक था. यह हम दोनों की पसंदीदा टेस्ट पारी है".

# भारतीय तीरंदाजों ने चीन में जमाई धाक

## वर्ल्ड कप स्टेज-2 में जीता गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज

शंघाई, 10 मई (एजेंसियां)। भारत ने शंघाई में तीरंदाजी वर्ल्ड कप स्टेज-2 में शानदार प्रदर्शन करते हुए शनिवार को कम्पाउंड पुरुष टीम स्पर्धा में गोल्ड, महिला टीम स्पर्धा में सिल्वर और मिश्रित टीम स्पर्धा में ब्रॉन्ज सहित तीन मेडल जीते। अभिषेक वर्मा, ओजस देवताले और ऋषभ यादव की पुरुष टीम ने फाइनल में मैक्सिको को 232-228 से हराया। भारतीय तिकड़ी ने धैर्य के साथ दबाव वाली परिस्थितियों में अचूक निशाना साध कर शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत ने पहले गेम में 59 अंक के साथ दो अंकों की बढ़त हासिल की। मैक्सिको ने हालांकि दूसरे गेम में 58 अंक बनाकर वापसी की। इस गेम में भारतीय तीरंदाज 56 अंक ही जुटा सके जिससे स्कोर 115-115 से बराबर हो गया।




भारतीय तिकड़ी ने तीसरे गेम में एक बार फिर से एक अंक की बढ़त कायम कर ली। भारत के 58 अंक के मुकबाले मैक्सिको के तीनों तीरंदाज 57 अंक ही बना सकें। भारतीय तिकड़ी ने अंतिम गेम में अपना धैर्य बनाए रखा और 60 में से 59 अंक हासिल किया। मैक्सिको दबाव में केवल 56 अंक ही जुटा सका।

**भारतीय टीम कम्पाउंड फाइनल में हारी**

ज्योति सुरेखा वेन्नम, मधुरा धामनगांवकर और चिकिथा तानिपार्थी की टीम महिलाओं के कम्पाउंड फाइनल में मैक्सिको की मजबूत चुनौती से पार पाने में नाकाम रही और मुकाबला 221-234 से गंवा बैठी। फाइनल मुकाबले में भारतीय तीरंदाज मैक्सिको को कड़ी टक्कर देने में नाकाम रहे लेकिन इस तिकड़ी ने पूरे टूर्नामेंट में अपनी प्रतिभा से प्रभावित कर पोडियम पर स्थान सुनिश्चित किया। वर्मा और मधुरा की भारतीय मिश्रित टीम ने तीसरे स्थान के प्लेऑफ में मलेशिया को हराकर ब्रॉन्ज मेडल जीतने के साथ मेडल टेबल में भारत की स्थिति मजबूत की।

**3 साल बाद वर्ल्ड कप टीम में वापसी**

24 साल की मधुरा ने इससे पहले कभी वर्ल्ड कप मेडल नहीं जीता था। वह तीन साल के बाद वर्ल्ड कप की टीम में वापसी कर रही है। वह इससे पहले मेडेलिन में 2022 तीरंदाजी वर्ल्ड कप चरण चार में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी है। कम्पाउंड तीरंदाजी स्पर्धा लॉस एंजिल्स 2028 में अपना ओलंपिक पदार्पण करने जा रही है। इसमें मिश्रित टीम वर्ग में एकमात्र स्पर्धा होगी। ऐसे में भारत तीरंदाजी में अपना पहला ओलंपिक मेडल जीतने की कोशिश करेगा। इस तरह के प्रदर्शन से टीम का हौसला काफी बढ़ेगा।

# ताइपे ओपन 2025 बैडमिंटन: आयुष शेट्टी और उन्नति हुड्डा ने सेमीफाइनल में बनाई जगह

ताइपे, 10 मई (एजेंसियां)। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी और उन्नति हुड्डा ने ताइपे ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपने-अपने क्वार्टरफाइनल मैचों में जीत दर्ज कर अगले राउंड में जगह पक्की की।

वर्तमान में विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में 44वें स्थान पर मौजूद आयुष शेट्टी ने कनाडा के वर्ल्ड नंबर 31 ब्रायन यांग को 16-21, 21-19, 21-14 से हराया। यह मुकाबला 1 घंटा और 11 मिनट तक चला।

20 वर्षीय भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने पहले गेम में शुरुआत में 5-2 से बढ़त बनाई। लेकिन कनाडाई खिलाड़ी ने आयुष को कड़ी टक्कर दी और पहला गेम 21-16 से जीत लिया।

दूसरे गेम में दोनों खिलाड़ियों ने



मैच में अपनी पकड़ बनाने की पूरी कोशिश की। इस गेम में ब्रायन ने शुरुआत में बढ़त बनाई। लेकिन आयुष ने स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद आयुष ने मैच में वापसी की और बढ़त को बनाए रखा और आखिर में जीत दर्ज की।

मैच में लय हासिल करते हुए निर्णायक गेम में भी आयुष ने बढ़त बरकरार रखी और ब्रायन को गेम में आगे निकलने नहीं दिया। इस गेम को आयुष ने 21-14 से जीत कर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

वहीं, महिला एकल के क्वार्टरफाइनल मैच में वर्ल्ड नंबर 53 उन्नति हुड्डा का मुकाबला विश्व रैंकिंग में 65वें स्थान पर काबिज चीनी ताइपे की हंग यी-टिंग से हुआ। भारतीय शटलर ने 52 मिनट तक चले मुकाबले में 21-8, 19-21, 21-19 से जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई।

उन्नति ने इस मैच में शुरू से ही अपनी पकड़ मजबूत रखी और पहले गेम में 21-8 से आसान जीत दर्ज की, लेकिन चीनी ताइपे की खिलाड़ी ने वापसी करते हुए दूसरे गेम को 21-19 से अपने नाम किया।

तीसरे गेम में दोनों खिलाड़ियों ने सेमीफाइनल में जगह बनाने की पूरी कोशिश करते हुए एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी और आखिर में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने 21-19 से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल का टिकट हासिल किया।

सेमीफाइनल में उन्नति हुड्डा का सामना जापान की टोमोका मियाजाकी से होगा।

# जल्द शुरू होगा आईपीएल, 4 शहरों में खेले जा सकते हैं मैच

नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)। भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच बीसीसीआई ने 9 मई को आईपीएल 2025 को एक सप्ताह के लिए स्थगित करने का फैसल किया था। इसके बाद से फैंस के मन में सवाल उठ रहा है कि अब आईपीएल फिर से शुरू होगा या नहीं? भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड आईपीएल 2025 को फिर से शुरू करने के लिए 4 शहरों के नामों पर विचार कर रहा है।




**इन 4 शहरों को लेकर हो रहा विचार**

ऐसे मामलों में एक सप्ताह का समय बहुत लंबा होता है। बोर्ड आकस्मिक योजना बना रहा है। लेकिन शुरुआती संकेत यह हैं कि अगर लीग अगले सप्ताह फिर से शुरू होती है तो बीसीसीआई कोलकाता, चेन्नई, हैदराबाद और बेंगलुरु जैसे शहरों में आईपीएल के बाकी मैच आयोजित करने पर विचार कर रहा है। अगर सीमा पर हालात सामान्य होते हैं, तो बोर्ड मूल स्थानों को भी बरकरार रख सकता है।"

आईपीएल द्वारा मैचों को स्थगित करते हुए विज्ञप्ति में कहा गया था कि "भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मौजूदा आईपीएल 2025 के शेष मैचों को तत्काल प्रभाव से एक सप्ताह के लिए स्थगित करने का फैसला किया है।

संबंधित अधिकारियों और हितधारकों के परामर्श से स्थिति का व्यापक मूल्यांकन करने के बाद टूर्नामेंट के नए कार्यक्रम और आयोजन स्थलों के बारे में आगे की जानकारी उचित समय पर दी जाएगी।"

**आईपीएल 2025 में बचे 16 मैच**

आईपीएल 2025 में अभी 16 मैचों का खेल बाकी है। जिसमें से 12 लीग मैच और 4 नॉकआउट मुकाबले हैं। आईपीएल 2025 का फाइनल 25 मई को खेला जाना था।

# निजी जूनियर कॉलेजों के खिलाफ जनहित याचिका पर सुनवाई

हैदराबाद, 10 मई (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सुरेपल्ली नंदा और न्यायमूर्ति जे श्रीनिवास राव की अवकाश पीठ ने 7 मई को ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान कक्षाएं संचालित करने से संबंधित दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने वाले निजी जूनियर कॉलेजों के खिलाफ जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई की और मामले को अगले बुधवार के लिए स्थगित कर दिया। अवकाश पीठ ने तेलंगाना के निजी जूनियर कॉलेजों के खिलाफ जनहित याचिका पर लंच मोशन के रूप में सुनवाई की, जिसमें गर्मी की छुट्टियों के दौरान शारीरिक और ऑनलाइन कक्षाएं आयोजित करने के खिलाफ तेलंगाना बोर्ड ऑफ इंटरमीडिएट एजुकेशन (टीजी बीआईई) द्वारा घोषित निर्धारित शैक्षणिक कैलेंडर का उल्लंघन किया गया था।

जनहित याचिका अधिवक्ता और जनहितैषी व्यक्ति बंदेला क्रांति कुमार द्वारा दायर की गई थी, जिसका प्रतिनिधित्व उनके वकील सीआर सुकुमार ने किया था, जिसमें निजी इंटरमीडिएट कॉलेजों को टीजी बीआईई द्वारा जारी वार्षिक शैक्षणिक कैलेंडर में घोषित छुट्टियों के दौरान कक्षाएं, भौतिक या आभासी, आयोजित नहीं करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ता ने निजी जूनियर कॉलेजों को रविवार, सार्वजनिक अवकाश और



ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान अवैध रूप से कक्षाएं संचालित करने से रोकने के लिए उच्च न्यायालय से निर्देश देने की मांग की। अवकाशकालीन अदालत की पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील और तेलंगाना सरकार के वकील की दलीलें सुनीं, जिन्होंने अपना जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा था।

महाधिवक्ता कार्यालय की ओर से विशेष सरकारी वकील ने अदालत को बताया कि राज्य में कोई भी निजी जूनियर कॉलेज ग्रीष्मावकाश के दौरान शैक्षणिक कक्षाएं संचालित नहीं कर रहा है। हालांकि, उन्होंने कहा कि इंटरमीडिएट बोर्ड का ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान ट्यूशन और कोचिंग कक्षाएं चलाने वाले निजी शिक्षण संस्थानों पर नियंत्रण नहीं होगा। याचिकाकर्ता के वकील ने अवकाशकालीन अदालत की पीठ के समक्ष प्रस्तुत किया कि इंटरमीडिएट बोर्ड ने शैक्षणिक कैलेंडर के माध्यम से छुट्टियों का प्रावधान किया है, ताकि छात्रों को समग्र विकास सुनिश्चित हो सके, उनका मानसिक स्वास्थ्य सुरक्षित रहे और कठिन शैक्षणिक सत्रों के बीच उन्हें तरोताजा होने का अवसर मिले।

याचिकाकर्ता के वकील ने पीठ के ध्यान में यह भी लाया कि गर्मी के दौरान अदालतों में भी छुट्टियां होती हैं, जिसका मुख्य उद्देश्य बेहतर मानसिक स्वास्थ्य और प्रभावी कामकाज सुनिश्चित करना होता है। याचिकाकर्ता के वकील ने तेलंगाना इंटरमीडिएट बोर्ड द्वारा मार्च 2023 में किए गए एक अध्ययन का हवाला देते हुए अदालत को बताया कि बिना किसी अनिवार्य अवकाश के अत्यधिक शैक्षणिक सत्र से छात्रों में भारी तनाव, मानसिक स्वास्थ्य संबंधी बीमारियां, थकान, चिंता, अवसाद और यहां तक कि आत्महत्या की प्रवृत्ति भी पैदा होती है। याचिकाकर्ता के वकील ने तर्क दिया कि अधिकारी, जो नियमित निरीक्षण के माध्यम से निजी इंटरमीडिएट कॉलेजों के कामकाज की सख्त निगरानी करने के लिए बाध्य हैं, मूकदर्शक बने हुए हैं और निजी कॉलेजों को छात्रों का शोषण करने की खुली छूट दे रहे हैं।

याचिकाकर्ता ने अपनी जनहित याचिका के माध्यम से अदालत से अनुरोध किया है कि वह प्रतिवादियों को एक शिकायत निवारण तंत्र स्थापित करने का निर्देश दे, जिसमें एक गोपनीय हेल्पलाइन और ऑनलाइन शिकायत पोर्टल शामिल हो, ताकि छात्र उल्लंघनों को अधिकारियों के ध्यान में ला सकें और त्वरित कार्रवाई कर सकें। याचिकाकर्ता के वकील, जिन्होंने छात्रों के समग्र विकास और बेहतर भविष्य के लिए तर्क दिया, ने प्रस्तुत किया कि याचिकाकर्ता को तेलंगाना भर के निजी इंटरमीडिएट कॉलेजों द्वारा किए गए घोर उल्लंघन पर छात्रों से कई अपीलें प्राप्त हुई हैं। अवकाश पीठ ने प्रतिवादियों द्वारा दायर किए जाने वाले तर्क पर विचार किए बिना कोई भी अंतरिम आदेश सुनाने से इनकार कर दिया और मामले की अगली सुनवाई अगले बुधवार को तय कर दी।

## मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता का पुनर्निर्धारण करने का किया आग्रह

### वैश्विक तनाव के मद्देनजर कविता की मांग



हैदराबाद, 10 मई (स्वतंत्र वार्ता)। दुनिया भर की निगाहें राज्य में प्रतिष्ठित मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता की शुरूआत पर टिकी हैं, वहीं बीआरएस एमएलसी के कविता ने वैश्विक संकटों के बीच इस आयोजन के समय को लेकर चिंता जताई है। राज्य की छवि और आर्थिक संभावनाओं के लिए इस आयोजन के महत्व को स्वीकार करते हुए कविता ने सरकार से आग्रह किया है कि वह इस आयोजन को पुनर्निर्धारित करने पर विचार करे ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि देश अशांत समय के दौरान गैर-गंभीर न दिखे।

कविता ने कहा कि मिस वर्ल्ड पेजेंट तेलंगाना सरकार द्वारा राज्य में आयोजित किया जा रहा है, और पूरी दुनिया इसे देखने जा रही है। चल रहे युद्ध जैसे हालातों के बीच, हमारी छवि अच्छी नहीं होगी, और अगर यह जारी रहता तो हम एक गैर-गंभीर राष्ट्र के रूप में सामने आएंगे। हम कार्यक्रम को रद्द करने की मांग नहीं कर रहे हैं, लेकिन मैं कार्यक्रम को फिर से शेड्यूल करने का अनुरोध करती हूं, जैसे आईपीएल को फिर से शेड्यूल किया गया था।

# तेलंगाना सरकार ने सीमावर्ती क्षेत्रों में फंसे नागरिकों को सहायता प्रदान की

नई दिल्ली, 10 मई (स्वतंत्र वार्ता)। सीमावर्ती क्षेत्रों में मौजूदा स्थिति को देखते हुए, तेलंगाना सरकार ने वर्तमान में फंसे हुए या प्रभावित क्षेत्रों से लौट रहे तेलंगाना के नागरिकों की सहायता के लिए त्वरित और व्यापक उपाय किए हैं। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के निर्देशन में नई दिल्ली में तेलंगाना भवन को समन्वय और राहत के लिए नोडल केंद्र बनाया गया है। तेलंगाना भवन में कई उपाय किए गए हैं। संकट कॉल प्राप्त करने और बचाव और सहायता प्रयासों का समन्वय करने के लिए एक समर्पित 24x7 नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है और यह पूरी तरह से चालू है। अब तक, लगभग 30 संकट कॉल प्राप्त हुए हैं। सीमावर्ती राज्यों से लौटने वाले सभी तेलंगाना नागरिकों को मुफ्त भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। तेलंगाना भवन में मुफ्त आवास सुविधाओं की व्यवस्था की गई है और जहां भी आवश्यक हो, बाहर भी आवास की व्यवस्था की जा रही है। तत्काल स्वास्थ्य जांच और देखभाल प्रदान करने के लिए तेलंगाना भवन में एक चिकित्सा शिविर स्थापित किया गया है। सुरक्षित आगे की यात्रा के लिए तेलंगाना भवन से हवाई अड्डों और रेलवे स्टेशनों तक परिवहन सहायता प्रदान की जा रही है।



सीमावर्ती जिलों के जिला प्रशासनों के साथ घनिष्ठ संपर्क बनाए रखा जा रहा है, जहां से संकट की कॉल प्राप्त हो रही हैं। जिला अधिकारियों के समन्वय में तेलंगाना निवासियों को सुरक्षित क्षेत्रों में ले जाने में सहायता प्रदान की जा रही है। तेलंगाना भवन भारत सरकार के साथ भी निरंतर समन्वय में है, जो जमीनी स्थिति और सुरक्षा प्रोटोकॉल के बारे में नवीनतम अपडेट और निर्देश प्राप्त कर रहा है। अब तक, जम्मू और कश्मीर से 8 व्यक्ति सुरक्षित रूप से तेलंगाना भवन पहुंच चुके है और उनकी देखभाल की जा रही है। तेलंगाना में उनके संबंधित गृहनगरों में उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए व्यवस्थाएं चल रही हैं। रेजिडेंट कमिश्नर ने आधी रात को व्यक्तिगत रूप से व्यवस्थाओं की निगरानी और समीक्षा की, सभी फंसे हुए नागरिकों को प्राप्त करने और आवश्यक देखभाल और सहायता प्रदान करने की तैयारी सुनिश्चित की। तेलंगाना सरकार अपने लोगों की सुरक्षा और भलाई के लिए प्रतिबद्ध है और स्थिति की बारीकी से निगरानी करना जारी रखेगी। गौरतलब तलब है कि सीमावर्ती राज्यों में रह रहे और फंसे हुए तेलंगाना के लोगों को समय पर सहायता, सूचना और सेवाएं प्रदान करना है। निर्बाध सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए यह नियंत्रण कक्ष 24 घंटे संचालित होता है। जानकारी के लिए लैंडलाइन : 011-23380556, वंदना, निजी सचिव एवं संपर्क प्रमुख, रेजिडेंट कमिश्नर, 9871999044, हैदर अली नकवी, रेजिडेंट कमिश्नर के निजी सहायक, 997138750, जी. रक्षित नायक, संपर्क अधिकारी 9643723157, सीएच. चक्रवर्ती, जनसंपर्क अधिकारी 994935127, दिल्ली स्थित तेलंगाना भवन के रेजिडेंट कमिश्नर डॉ. गौरव उप्पल ने बताया कि इन नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है।

## हैदराबाद में पटाखे फोड़ने पर प्रतिबंध

हैदराबाद, 10 मई (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद शहर में पटाखे जलाने पर प्रतिबंध है। चाहे कोई भी आयोजन हो- चाहे वह शादी हो, त्यौहार हो, स्टोर खोलना हो या कोई अन्य उत्सव हो- लोगों को किसी भी स्थान पर पटाखे फोड़ने की अनुमति नहीं है। पूरे भारत में हाई अलर्ट की स्थिति और हैदराबाद और सिकंदराबाद के जुड़वां शहरों में चल रही सुरक्षा तैयारियों के मद्देनजर, शहर के पुलिस आयुक्त सीवी आनंद ने आदेश जारी किए हैं, जिसमें कहा गया है कि सार्वजनिक स्थानों पर पटाखे फोड़ना या आतिशबाजी करना सख्त वर्जित है, खासकर सैन्य छावनी क्षेत्रों में और उसके आसपास। आदेश में कहा गया है कि मौजूदा सुरक्षा माहौल के मद्देनजर, पटाखों की अचानक आवाज को आसानी से संकट, विस्फोट या यहां तक कि आतंकवाद से संबंधित गतिविधि के संकेत के रूप में समझा जा सकता है। इससे संभावित रूप से घबराहट, सार्वजनिक व्यवस्था में व्यवधान और सुरक्षा बलों पर अनावश्यक दबाव बढ़ सकता है। देश भर में हाल ही में हुई आतंकवादी गतिविधियों के मद्देनजर सुरक्षा उपायों और निरंतर सतर्कता को देखते हुए, इस तरह की कार्रवाइयां सार्वजनिक सुरक्षा को खतरे में डाल सकती हैं और किसी भी आपातकालीन स्थिति में प्रतिक्रिया को जटिल बना सकती हैं। लोगों से किसी भी सार्वजनिक स्थान, सभा या कार्यक्रम में पटाखे फोड़ने से परहेज करने का पुरजोर आग्रह किया जाता है, क्योंकि इससे सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ सकती हैं और गलतफहमी पैदा हो सकती है। पुलिस आयुक्त ने कहा कि सभी निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सार्वजनिक सहयोग आवश्यक है।इस निर्देश का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति पर संबंधित कानूनों के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सीवी आनंद ने कहा कि यह तत्काल प्रभाव से लागू होगा और आगे के आदेशों तक जारी रहेगा।

## तेज रफ्तार कार ने एक अन्य कार को मारी टक्कर, 3 लोगों की जलकर मौत

हैदराबाद, 10 मई (स्वतंत्र वार्ता)। शनिवार तड़के अब्दुल्लापुरमेट में एक तेज रफ्तार कार एक अन्य कार से टकरा जाने से तीन लोगों की जलकर मौत हो गई। यह घटना शहर के बाहरी इलाके अब्दुल्लापुरमेट के पेद्दाअंबरपेट में उस समय घटी जब तेज रफ्तार टाटा कर्व ने सड़क पर खड़ी बोलेरो कार को टक्कर मार दी। टक्कर के तुरंत बाद एक कार में आग लग गई और दूसरी कार में भी फैल गई। कार में सवार तीन लोग फंस गए और जलकर मर गए। सूचना मिलने पर अब्दुल्लापुरमेट पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए उस्मानिया जनरल अस्पताल भेज दिया।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर मिसाइल हमले के वीडियो पर पीआईबी ने दी सफाई

हैदराबाद, 10 मई (स्वतंत्र वार्ता)। पीआईबीफैक्टचेक ने शनिवार को एक्स अकाउंट के जरिए इस दावे का खंडन किया कि एक पुराने वीडियो को नई दिल्ली हवाई अड्डे पर मिसाइल हमले के फुटेज के रूप में गलत तरीके से शेयर किया जा रहा है। पीआईबी फैक्ट चेक यूनिट ने कहा कि यह वीडियो अगस्त 2024 में यमन के अदन में एक गैस स्टेशन पर हुए विस्फोट को दिखाता है। इसका भारत-पाकिस्तान के मौजूदा हालात से कोई संबंध नहीं है। यह दावा पूरी तरह से फर्जी है। पीआईबी फैक्ट चेक ने लोगों से सतर्क रहने और कुछ भी साझा करने से पहले उसकी पुष्टि करने का आग्रह किया है।

## बीएचईएल ने की सुरक्षा उपायों की घोषणा

हैदराबाद, 10 मई (स्वतंत्र वार्ता)। भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड टाउनशिप ने भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के मद्देनजर कुछ सुरक्षा उपायों की घोषणा की है। नौ गेटों में से, भेल टाउनशिप प्रशासन ने सार्वजनिक सुरक्षा कारणों से चार गेट बंद कर दिए हैं- श्रीनिवास थिएटर गेट, एमएसी सोसाइटी रोड गेट, एमआईजी (बुधवार बाजार) गेट और सीआईएसएफ बैरक गेट। एचआईजी (सुंदरवनम पार्क) गेट खुला रहेगा जबकि मुख्य चेक पोस्ट गेट रात 11.30 बजे से सुबह 5.30 बजे के बीच बंद रहेगा। शेष तीन गेट सुबह 8.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे के बीच और फिर शाम 5.30 बजे से सुबह 5.30 बजे तक बंद रखे जाएंगे।

# आदिलाबाद में जंगली सूअर ने 60 वर्षीय चरवाहे को मार डाला

आदिलाबाद, 10 मई (स्वतंत्र वार्ता)। शुक्रवार शाम को इंदरवेल्ली मंडल के धोडांडा गांव के अंतर्गत चिलातिगुडा गांव में एक जंगली सूअर ने एक चरवाहे को घायल कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वन अधिकारियों ने बताया कि मादवी बोज्जू (60) पर शाम करीब 6 बजे जंगल में मवेशी चराते समय सूअर ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी तत्काल मौत हो गई। कुछ अन्य पशुपालकों ने उनके शव को देखा और उनके परिवार के सदस्यों को सूचित किया।

बोज्जू के परिवार में उनकी पत्नी और दो बेटे हैं। उनकी पत्नी तुलसीबाई की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि चरवाहे के परिजनों को शीघ्र मुआवजा देने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। इससे पहले, 14 दिसंबर को बाजारहाथनूर मंडल के डेडरा गांव में जंगल के किनारे स्थित उनके मवेशी शेड में तेंदुए ने हमला कर दिया था, जिसमें गांव की भीमा बाई मामूली रूप से



घायल हो गई थीं। 29 नवंबर को, कुमराम भीम आसिफाबाद जिले के कागजनगर मंडल के इसगांव गांव में कपास की फसल काटते समय मोरले लक्ष्मी (21) को एक बाघ ने मार डाला। उसी बाघ पर 30 नवंबर को सिरपुर (टी) मंडल के डुब्बागुडेम गांव में राउथु सुरेश पर हमला करने का संदेह है।

महाराष्ट्र में अपने झुंड से बिछड़ने के बाद प्राणहिता नदी पार कर तेलंगाना के जंगलों की ओर पहुंचे एक जंगली हाथी ने 3 और 4 अप्रैल को चिंतलमनेपल्ली मंडल के बुरेपल्ली गांव के अल्लूरी शंकर (50) और पेंचिकलपेट मंडल के कोंडापल्ली गांव के करू पोषम (65) को कुचल कर मार डाला था।

## हरीश राव ने भारतीय सैनिकों के साथ व्यक्त की एकजुटता



हैदराबाद, 10 मई (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय सैनिकों के बलिदान को स्वीकार करते हुए, बीआरएस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री टी हरीश राव ने शनिवार को कहा कि सीमाएं केवल भौगोलिक सीमाएं नहीं हैं। वे हमारे देश की सुरक्षा और भविष्य का प्रतिनिधित्व करती हैं। हमारे सैनिक उनकी रक्षा के लिए लड़ते हैं, और उनके साथ खड़े रहना हमारी ज़िम्मेदारी है। देश के सुरक्षा बलों के प्रति समर्थन जताते हुए हरीश राव ने सुररम के मल्ला रेड्डी हेल्थ सिटी में भारतीय सैनिकों के लिए एक एकजुटता कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर बोलते हुए राव ने राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के महत्व पर जोर दिया और इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए आयोजकों की प्रशंसा की।

उन्होंने आतंकवादी गतिविधियों की निंदा की, मुंबई ताज होटल पर हमले जैसे पिछले हमलों और पाकिस्तान से उत्पन्न आतंकवाद के वैश्विक नतीजों का हवाला दिया। राव ने जोर देकर कहा कि धैर्य की एक सीमा होती है और भारत को अपने नागरिकों की सुरक्षा को सबसे ऊपर रखना चाहिए। उन्होंने आग्रह किया कि सालों से हम देखते और सहते आए हैं। लेकिन अब देश की सुरक्षा हमारी प्राथमिक चिंता है। हर युवा पुरुष और महिला को ऐसे समय में बलिदान देने के लिए तैयार रहना चाहिए। इस कार्यक्रम में सैनिकों की सहायता में स्वास्थ्य सेवा की भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया, जिसमें मल्ला रेड्डी स्वास्थ्य विश्वविद्यालय ने जब भी आवश्यक हो चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने का संकल्प लिया। राव ने सशस्त्र बलों की सहायता के लिए रक्तदान अभियान सहित नागरिक योगदान के महत्व को दोहराया। उन्होंने जोर देकर कहा कि हम भले ही युद्ध के मैदान में न हों, लेकिन यह सुनिश्चित करना कि हमारे सैनिकों को आवश्यक चिकित्सा देखभाल और सहायता मिले, हर नागरिक का कर्तव्य है। हमारे सैनिकों के परिवारों की सुरक्षा करना भी हमारी जिम्मेदारी है।

# गेटेड समुदायों में बढ़ा दी गई सुरक्षा

## निवासियों को एक परामर्श जारी कर उनसे सहयोग करने अपील

हैदराबाद, 10 मई (स्वतंत्र वार्ता)। भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव और गृह मंत्रालय द्वारा जारी सामान्य सुरक्षा अलर्ट के मद्देनजर गेटेड समुदायों और आवासीय कॉलोनियों में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। सामुदायिक परिसरों के सुरक्षा प्रबंधकों ने निवासियों को एक परामर्श जारी कर उनसे सहयोग करने तथा सभी निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन करने की अपील की है। स्थानीय समुदाय के व्हाट्सएप ग्रुपों में निवासियों को दिशा-निर्देशों के बारे में जानकारी देने वाले संदेश प्राप्त हुए। पता चला है कि शहर और उपनगरों के लगभग सभी आवासीय परिसरों में निवासी सलाह का ईमानदारी से पालन कर रहे हैं।

एक उच्च श्रेणी के गेटेड समुदाय की सुरक्षा टीम द्वारा जारी संदेश में कहा गया है कि भारत की सीमाओं पर मौजूदा स्थिति को




देखते हुए और हैदराबाद क्षेत्र में संभावित सुरक्षा चिंताओं को ध्यान में रखते हुए, हम अपने समुदाय की सुरक्षा के लिए उन्नत सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू कर रहे हैं। हम आपसे निम्नलिखित दिशा-निर्देशों के साथ पूर्ण सहयोग का अनुरोध करते हैं, जो तुरंत प्रभावी होंगे। सुरक्षा उपायों में आगंतुकों, गैर-निवासियों और विक्रेताओं के वाहनों की जांच करना, विक्रेता और डिलीवरी की जांच करना, तथा गश्त और सीसीटीवी निगरानी बढ़ाना शामिल है। सुरक्षा प्रबंधकों ने लोगों से कहा कि वे लावारिस वस्तुओं या किसी भी संदिग्ध गतिविधि के बारे में तुरंत रिपोर्ट करें।

साइबराबाद में कार्यरत एक इंस्पेक्टर ने बताया कि वर्तमान परिदृश्य में आंतरिक खतरों और आतंकी हमलों की संभावनाओं को देखते हुए हमने निवासियों को सतर्क रहने को कहा है। इंस्पेक्टर ने कहा कि कॉलोनी एसोसिएशन और गेटेड समुदायों के सुरक्षा प्रबंधकों को सतर्क रहने और सुरक्षा उपाय बढ़ाने के लिए कहा गया है। यह सलाह केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा सभी राज्यों को भेजी गई सलाह के मद्देनजर दी गई है। हैदराबाद, साइबराबाद और राचकोंडा के त्रि-आयुक्तालयों में पुलिस की दृश्यता बढ़ाने और जनता में विश्वास की भावना पैदा करने के लिए पुलिस विभिन्न इलाकों में पैदल गश्त कर रही है।

## सैनिकों के माता-पिता को किया गया सम्मानित



नलगोंडा, 10 मई (स्वतंत्र वार्ता)। नलगोंडा जिले के त्रिपुरारम गांव के निवासियों ने शनिवार को पारंपरिक 'पादपूजा' समारोह में उनके माता-पिता का सम्मान करके भारतीय सैनिकों के अटूट समर्पण को विशेष श्रद्धांजलि दी। यह कार्यक्रम न केवल सैनिकों द्वारा बल्कि उनके परिवारों द्वारा दिए गए बलिदान के सम्मान में आयोजित किया गया था। देश भर में महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत कई जवानों के माता-पिता को इस अनुष्ठान के माध्यम से सम्मानित किया गया। इनमें नागरी श्रीधर (पुणे बटालियन में सेवारत) के माता-पिता नागरी रामकृष्णम्मा और मल्लैया, पदीशाला महेश (सीआरपीएफ, जम्मू और कश्मीर) के माता-पिता पदीशला वेंकम्मा और चिन्ना मटैय्या और बोड्डू अंजनेयुलु (एओसी, असम) के माता-पिता बोड्डू सलामम्मा और पर्वतालू शामिल थे। कृतज्ञता और सम्मान प्रकट करते हुए उनके पैर औपचारिक रूप से धोए गए।

## निरंजन ने राष्ट्रीय रक्षा कोष में अपना एक महीने का वेतन दान करने की घोषणा की

हैदराबाद, 10 मई (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जी. निरंजन ने आतंकवाद को खत्म करने के लिए हमारी सेना के प्रयासों का समर्थन करने के लिए राष्ट्रीय रक्षा कोष में अपना एक महीने का वेतन देने की घोषणा की। शनिवार को यहां एक बयान में उन्होंने कहा कि पहलगाम की घटना के बाद, जिसमें निर्दोष लोगों को उनके परिवारों के सामने बेरहमी से मार दिया गया था, पूरा देश सदमे में था और उनकी आंखों में आंसू थे तथा सेना से आतंकवादियों को खत्म करने की कामना की। सेना ने इस देश के लोगों की भावनाओं का सम्मान किया तथा "ऑपरेशन सिंदूर" के नाम से आतंकवादियों के खिलाफ अपना अभियान शुरू किया। निरंजन ने कहा कि प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह राष्ट्रीय रक्षा कोष में तथा अन्य सभी माध्यमों से योगदान देकर भारतीय सेना के समर्थन में खड़ा हो।

# हाई अलर्ट : भारत-पाक समाचार के नाम पर फ़िशिंग लिंक और एपीके फ़ाइलों से सावधान रहें

## हैदराबाद पुलिस ने नागरिकों को दी सलाह

हैदराबाद, 10 मई (स्वतंत्र वार्ता)। बढ़ते भारत-पाक संघर्षों के मद्देनजर, साइबर हमलों का जोखिम बढ़ गया है, खास तौर पर राज्य प्रायोजित उन्नत लगातार खतरनाक खतरे जो भारतीय सरकारी एजेंसियों, सैन्य कर्मियों और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने के लिए जाने जाते हैं। हैदराबाद सिटी पुलिस ने कहा कि यह समूह संवेदनशील जानकारी तक अनधिकृत पहुंच प्राप्त करने के लिए फ़िशिंग ईमेल, फर्जी लॉगिन पेज और दुर्भावनापूर्ण अनुलग्नक जैसी परिष्कृत रणनीति का उपयोग करता है। इन खतरों के बारे में राज्य के सभी सरकारी विभागों को पहले ही सलाह जारी की जा चुकी है। जनहित और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, हैदराबाद पुलिस की साइबर अपराध शाखा ने भारत-पाक संघर्ष के संबंध में व्हाट्सएप, ई-मेल और सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म के जरिए तेजी से फैल रही दुर्भावनापूर्ण सामग्री के बारे में हाल ही में लोगों को सचेत किया है। इस सामग्री में भ्रामक वीडियो, चित्र, '.exe/.apk' फाइलें और फिशिंग लिंक शामिल हैं, जो चल रहे भारत-पाक संघर्ष से संबंधित समाचार या अपडेट के रूप में प्रच्छन्न हैं। धमकी देने वाले अभिनेता मैलवेयर, फर्जी समाचार और साइबर घोटालों के साथ अनजान व्यक्तियों को लक्षित करने के लिए स्थिति के आसपास बढ़े हुए सार्वजनिक हित और तनाव का फायदा उठा रहे हैं। ये साइबर अपराधी विशेष अपडेट, संघर्ष से संबंधित दृश्य या लीक हुए फुटेज के बहाने दुर्भावनापूर्ण सामग्री प्रसारित कर रहे हैं, इनमें से कई सामग्री मैलवेयर, स्पाइवेयर या फिशिंग वेबसाइटों के लिंक ले जा रही हैं। यह सामग्री लिंक या यहां तक कि अज्ञात नंबरों से भेजी गई तस्वीरों के रूप में हो सकती है या व्हाट्सएप/टेलीग्राम/अन्य सोशल मीडिया समूहों में अग्रेषित की जा सकती है। पुलिस ने बताया कि जनता के लिए सलाह: व्हाट्सएप और सोशल मीडिया के लिए: कभी भी अनजान वीडियो या इमेज फाइलों को न खोलें, भले ही किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा अग्रेषित किया गया हो जिस पर आप भरोसा करते हों। ऐसे संदेशों/फ़ाइलों को कभी भी किसी को या किसी समूह को अग्रेषित न करें। मैसेजिंग ऐप के ज़रिए भेजी गई एपीके फ़ाइलों को इंस्टॉल करने से बचें। केवल गूगल प्ले स्टोर या आधिकारिक ऐप स्टोर से ऐप इंस्टॉल करें। विवादित अपडेट या संवेदनशील फ़ुटेज दिखाने का दावा करने वाले फ़ॉरवर्ड किए गए लिंक पर क्लिक न करें। भड़काऊ या असत्यापित सामग्री साझा करने वाले संदिग्ध व्हाटसएप समूहों से बाहर निकलें, रिपोर्ट करें और उन्हें हटाएं। व्हाटसएप में बेहतर सुरक्षा सेटअप : व्हाटसएप सेटिंग में- संग्रहण और डेटा- फ़ोटो, ऑडियो, वीडियो और दस्तावेज़ जैसे सभी के लिए मीडिया ऑटो डाउनलोड अक्षम करें। अकाउंट हैक होने से बचने के लिए व्हाटसएप अकाउंट सेटिंग में 2 स्टेप वेरिफिकेशन सक्षम करें। किसी भी दुर्भावनापूर्ण संदेश या समूह गतिविधि की सीधे व्हाटसएप पर रिपोर्ट करें या cybercrime.gov.in पर रिपोर्ट करें। ओटीपी को किसी के साथ साझा नहीं किया जाना चाहिए। अनचाहे ईमेल में अटैचमेंट डाउनलोड करने या लिंक पर क्लिक करने से बचें। ईमेल पते को ध्यान से जांचें। फ़िशिंग ईमेल अक्सर वैध संगठनों की नकल करते हैं।

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.